दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :267
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 30 जुलाई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## न्यूज डायरी

### बारामूला जिले के सोपोर इलाके में रहस्यमय विस्फोट चार लोगों की मौत



**बारामूला,(हि.स.)।** बारामूला जिले के सोपोर इलाके में सोमवार को हुए रहस्यमय विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट बारामुल्ला जिले के सोपोर कस्बे में शेर कॉलोनी में एक स्क्रैप डीलर की दुकान के अंदर हुआ।अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब कुछ लोग ट्रक से स्क्रैप उतार रहे थे। उन्होंने बताया कि शेर कॉलोनी के निवासी नजीर अहमद नादरू (40), आजिम अशरफ मीर (20), आदिल राशिद भट (23) और मोहम्मद अजहर (25) की मौत हो गई। इनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। विस्फोट की सही प्रकृति और कारण का तुरंत पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस तथा फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

### सीबीआई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सीबीआई ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा के समक्ष सोमवार को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसके पहले ईडी भी केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। केजरीवाल को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के मामले में अंतरिम जमानत दी है। वो सीबीआई के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने 21 मार्च को देर शाम को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।इसके बाद केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को गिरफ्तार किया था। ईडी के मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट अंतरिम जमानत दे चुका है। केजरीवाल ने सीबीआई गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर हाईकोर्ट ने 17 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।हाई कोर्ट ने 26 जुलाई को अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में अपने वकील से हफ्ते में दो अतिरिक्त मुलाकात करने की इजाजत दे दी थी। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि निष्पक्ष ट्रायल और प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व के मौलिक अधिकार को ध्यान में रखते हुए जेल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दो अतिरिक्त मुलाकात की इजाजत दी गई है।

## पेरिस ओलंपिक 2024



### हरमनप्रीत सिंह के गोल से भारत और अर्जेंटीना का मैच ड्रॉ, 58वें मिनट में बची भारतीय टीम की लाज



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** भारत और अर्जेंटीना के बीच हॉकी का मुकाबला खेला गया। जहां फुल टाइम के बाद दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबर रहा। भारत ने 58वें मिनट में गोलकर स्कोर बराबर किया। आखिरी मिनट में भारत को एक मौका मिला, लेकिन अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने उसे सफल नहीं होने दिया। हॉकी के इतिहास में भारत ने अर्जेंटीना से दूसरी बार ड्रॉ खेला है। इससे पहले उसने 2004 में अर्जेंटीना से ड्रॉ खेला था।बता दें कि, 58वें मिनट में हरमप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में 2 मिनट रहते हुए गोल कर टीम को जीत दिलाई थी। इस बार अपनी टीम को हारने से बचा लिया। पूल बी में भारत का तीसरा मुकाबला मंगलवार 30 जुलाई को शाम 4.45 बजे से आयरलैंड के खिलाफ होगा। भारत ने पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-2 के अंतर से रोमांचक जीत हासिल की थी।

# आईएएस कोचिंग हादसाः पांच और गिरफ्तार

**● स्टूडेंट्स ने कहा, जब रहेंगे ही नही जिंदा तो कौन देखेगा सपना**




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** ओल्ड राजेन्द्र नगर स्थित राव कोचिंग सेंटर हादसे मामले में पुलिस ने पांच और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मध्य जिले के डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में हुई घटना के मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार किए गए लोगों में बेसमेंट का मालिक और एक व्यक्ति शामिल है, जिसने तेज रफ्तार में थार गाड़ी चलाई थी, जिससे इमारत के गेट को नुकसान पहुंचा था। पुलिस अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है।सोमवार को एमसीडी ने राजेंद्र नगर में अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवाया। इस बीच एलजी वीके सक्सेना भी मौके पर पहुंचे। एलजी के पहुंचते ही छात्रों ने मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। नारेबाजी के बीच एलजी वापस लौट गए। इसके साथ ही राजेंद्र नगर हादसे मामले में करोल बाग जोन के वर्क्स विभाग में कार्यरत असिस्टेंट इंजीनियर विश्राम मिश्रा के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। इसके चलते करोल बाग जोन डीसी की ओर से उनको फिलहाल तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। इससे संबंधित सूचना एडिशनल कमिश्नर करोल बाग जोन को भी भेज दी गई है।

शनिवार रात से लेकर अभी तक सैकड़ों की संख्या में कोचिंग कर रहे छात्रा इकट्ठा होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों ने पुलिस व दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आज सुबह डीयू व जेएनयू से भी भारी संख्या में हाथों में तख्ती लेकर स्टूडेंट राजेन्द्र नगर पहुंचे।राजेंद्र नगर कोचिंग इंस्टिट्यूट में हुए हादसे के बाद बाहर लगातार छात्र विरोध कर रहे हैं।

पुलिस ने बिल्डिंग को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया है और स्टूडेंट जो धरने पर बैठे हुए हैं, उनको लगातार समझाने की कोशिश कर रही है। स्टूडेंट का आरोप है कि जब तक उन्हें यह कंफर्म नहीं हो जाएगा की डेथ कितनी हुई है और मृतक के परिवार वालों को सही मुआवजा नहीं मिला, तब तक वह धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। इनका आरोप है कि एमसीडी को क्या पहले पता नहीं था कि इस तरह की दिक्कतें यहां हो रही हैं। बेसमेंट में इस तरह से सब कुछ चल रहा है।जब हादसा हो जाता है, जब जान चली जाती है तब वह जगते हैं। ÷जब हम ही नहीं रहेंगे जिंदा तो सपना कौन देखेगा÷ तीन-तीन लेयर का बेसमेंट बना हुआ है, जहां पर बच्चों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह भी पता चला है की 26 जून को एमसीडी में एक स्टूडेंट ने इसको लेकर शिकायत भी की थी कि उन्हें किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी एमसीडी एक महीने बाद भी नहीं जागी।उल्लेखनीय है कि एमसीडी ने इस मामले में 13 कोचिंग सेंटर के बेसमेंट को सील कर दिया है और लगातार आगे भी छानबीन कर रही है।

### दिल्ली के कोचिंग स्टडी सर्कल केस में तीस हजारी कोर्ट ने दो आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर के राव कोचिंग स्टडी सर्कल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में गिरफ्तार कोचिंग के मालिक समेत दो आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दोनों को दिल्ली पुलिस ने देरात को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया।तीस हजारी कोर्ट ने कोचिंग के मालिक अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने दोनों को 28 जुलाई को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इन दोनों के अलावा बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम की देखरेख करनेवाले निगमकर्मियों और दूसरे आरोपितों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 106 (1), 115(2), 3(5) के तहत केस दर्ज किया है।

### छात्रों की मौत के बाद दिल्ली सरकार का कोई भी मंत्री व अधिकारी उनके परिजनों से नहीं मिला - स्वाति मालीवाल



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी (आआपा) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोमवार को राज्यसभा में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के तीन उम्मीदवारों की मौत पर चर्चा के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करने का नोटिस दिया और पीड़ितों के परिवारों के लिए %न्याय और मुआवजे% की मांग की।मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, %%मैंने पटेल नगर और राजेंद्र नगर में यूपीएससी के चार अभ्यर्थियों की मौत के लिए न्याय और मुआवजे के प्रासंगिक मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत राज्यसभा के कामकाज को स्थगित करने के लिए आज नोटिस दिया है। छात्रों की आवाज अनसुनी नहीं की जाएगी।

## अफजाल अंसारी को राहत, गैंगस्टर के तहत मिली सजा रद्द



**प्रयागराज, (हि.स.)।** गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। कृष्णानंद हत्याकांड मामले में गैंगस्टर के तहत मिली सजा को रद्द कर दिया है।हाईकोर्ट ने अफजाल अंसारी की अपील स्वीकार कर ली है। साथ ही गैंगस्टर मामले में विशेष कोर्ट की ओर से सुनाई गई चार साल की सजा रद्द हो गई है। अब अफजाल की संसद सदस्यता बरकरार रहेगी। यह फैसला न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाया।अफजाल अंसारी को गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने कृष्णानंद हत्याकांड के बाद गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ अफजाल अंसारी ने सजा को रद्द करने और राज्य सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे ने सजा बढ़ाने की अपील हाइकोर्ट में दाखिल की थी। इसके पहले अफजाल की अपील हाइकोर्ट ने खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।सुप्रीम कोर्ट ने सजा को निलम्बित करते हुए फिर से सुनवाई के लिए मामले को हाइकोर्ट वापस भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई सुनवाई के बाद अदालत ने चार जुलाई को फैसला सुरक्षित किया था। अफजाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी, दयाशंकर मिश्रा और उपेंद्र उपाध्याय ने बहस करते हुए तर्क दिया था कि कृष्णानंद राय हत्याकांड के कारण शुरू हुए गैंगस्टर की कार्रवाई अवैधानिक है, क्योंकि अफजाल अंसारी कृष्णानंद राय हत्याकांड से बरी हो चुके हैं।

# संसद में राहुल ने बजट पर सरकार को घेरा

**▶▶ सरकार के बजट में गरीबों, किसानों के लिए कुछ नहींः राहुल गांधी**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार देश की जनता को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में घेर रही है। केन्द्र सरकार के बजट में गरीबों, किसानों और मध्यवर्ग के लिए कुछ नहीं है।लोकसभा में बजट चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुरुक्षेत्र में कौरवों द्वारा चक्रव्यूह में घेरकर मारे गए अभिमन्यु का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले अभिमन्यु को चक्रव्यूह में 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। 21वीं सदी में एक और चक्रव्यूह तैयार किया गया है। वही हिन्दुस्तान के साथ किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने इस बजट में अब तक का शिक्षा में सबसे कम बजट आवंटित किया है। बजट में अग्निवीरों के लिए कुछ नहीं है। बजट में मध्यम वर्ग को कुछ नहीं दिया है बल्कि उन पर दोहरा वार किया गया है।

इस बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडेक्सेशन और कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर मध्यम वर्ग के लोगों पर ही प्रहार किया है।राहुल गांधी ने अपने भाषण में वादा किया कि आईएनडीआई गठबंधन की सरकार आने पर किसानों से कानूनी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने इस बात को उठाया कि 20 अफसरों ने देश का बजट बनाने का काम किया है। इन 20 अफसरों में से सिर्फ एक अल्पसंख्यक और एक ओबीसी है।राहुल गांधी के भाषण के अंत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर टिप्पणी की है। अगर अध्यक्ष अनुमति दें तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने के लिए तैयार हैं। अग्निवीर एक गंभीर मुद्दा है।


वहीं राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने दावा किया था कि शहीद अग्निवीर को मुआवजा मिला है लेकिन वे बताना चाहते हैं कि उन्हें मुआवजा नहीं बल्कि बीमा मिला है।राहुल के भाषण के दौरान कई बार अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें नियम प्रक्रिया को पढ़ने और उसके तहत आचरण करने की सलाह दी। उन्होंने राहुल गांधी के दो उद्योगपतियों के नाम लिए जाने पर आपत्ति जताई। राहुल गांधी ने मीडिया का विषय उठाया तो अध्यक्ष ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर मिलने की सलाह दी। राहुल के किसानों को उनसे मिलने संसद में नहीं आने देने का मुद्दा उठाने पर अध्यक्ष ने कहा कि वे असत्य न बोलें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सदन के भीतर सदस्यों के अलावा कोई मीडिया को बाइट नहीं दे सकता और उनकी मौजूदगी में ऐसे हुआ। इस पर राहुल ने कहा कि वे इससे अनभिज्ञ थे।

### कोचिंग सेंटर हादसे का मामला संसद में उठा

नई दिल्ली(हि.स.)। दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के डूबने से मौत होने का मुद्दा सांसद बांसुरी स्वराज ने सोमवार को लोकसभा में उठाया और गृह मंत्रालय से जांच समिति के गठन की मांग की।बांसुरी स्वराज ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की नाकामी और असफल सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे छात्र-छात्राएं आईएएस परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली आए थे, लेकिन दुख की बात है कि दिल्ली सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण उन छात्रों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि एक दशक से आम आदमी पार्टी दिल्ली में सत्ता भोग रही है लेकिन दिल्ली के लोगों के लिए काम नहीं कर रही है। पिछले दो सालों से एमसीडी आम आदमी पार्टी के अधीन है और दिल्ली जल बोर्ड भी उनके अधीन है। उन्होंने गृह मंत्रालय से मामले की जांच के लिए एक समिति बनाने का अनुरोध किया।भाजपा नेता बांसुरी ने आरोप लगाया कि ये दिल्ली सरकार की आपराधिक लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है और पिछले दो वर्षों से नगर निगम पर भी उन्हीं का शासन है फिर भी जल निकासी की प्रणाली में कोई सुधार नहीं किया गया।

# कोरोना से लाखों मौतों के लिए एलोपैथ जिम्मेदार

**● बाबा रामदेव को तीन दिन के भीतर सोशल मीडिया से बयान हटाने का निर्देश**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव को अपना वह बयान हटाने का निर्देश दिया है, जिसमें बाबा रामदेव ने दावा किया था कि एलोपैथ कोरोना में लाखों लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार थी और पतंजलि का कोरोनिल उसका इलाज है।एम्स ऋषिकेश के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने दायर याचिका में कहा था कि बाबा रामदेव ने सार्वजनिक रूप से डॉक्टरों के अलावा विज्ञान को चुनौती दी है। उनके बयान से लोगों का नुकसान हो रहा है। वे मेडिकल साइंस को चुनौती दे रहे हैं। याचिका में कहा गया था कि कि बाबा रामदेव काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उनकी काफी लोगों तक पहुंच है।

उनके बयान अपने प्रशंसकों को प्रभावित करते हैं।जस्टिस अनूप जयराम भांभानी की बेंच ने बाबा रामदेव को निर्देश दिया कि वो सोशल मीडिया पर अपने बयान तीन दिनों के अंदर हटाएं। कोर्ट ने कहा कि अगर बाबा रामदेव तीन दिनों के अंदर अपना बयान नहीं हटाते हैं तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उन बयानों को हटा दें। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बाबा रामदेव के बयान से आयुर्वेद जैसी प्रतिष्ठित चिकित्सा पद्धति की छवि भी खराब होगी। आयुर्वेद काफी पुरानी और प्रतिष्ठित चिकित्सा पद्धति है।दरअसल, याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अखिल सिब्बल ने कहा था कि 4 अगस्त, 2022 को बाबा रामदेव ने हरिद्वार में बयान दिया था कि कोरोना से सुरक्षा की वैक्सीन लेने के बावजूद अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन तीसरी बार कोरोना संक्रमित हो गए। रामदेव ने कहा था कि बाइडन का कोरोना संक्रमित होना ये बताता है कि ये मेडिकल साइंस की असफलता है, जो दुनिया में तबाही मचा रही है।कोर्ट ने बाबा रामदेव की कोरोनिल दवाई को लेकर दिए गए स्पष्टीकरण पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि इस स्पष्टीकरण में ऐसा लगता है जैसे बाबा रामदेव अपनी पीठ थपथपा रहे हों। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि बाबा रामदेव के स्पष्टीकरण में दो चीजें स्पष्ट हैं। पहला कि एलोपैथिक डॉक्टरों के पास इलाज नहीं है और कोरोनिल उसका इलाज है। कोर्ट ने कहा था कि आप ऐसा नहीं कह सकते हैं कि कोरोनिल एक पूरक इलाज है।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक कदम, शुरू हुई विशेष लोक अदालत



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या कम करने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली विशेष लोक अदालत शुरू की है। लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगेगी। लोक अदालत हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद आयोजित की जाएगी और मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीश, एक वरिष्ठ वकील और एक एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड होंगे। इस मौके पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस पूरे हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की 7 बेंचों द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आज हमारा अनुभव यह था कि यह एक ज़बरदस्त सफलता थी। लोक अदालत जिसमें बार, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का सहयोग है और उच्च न्यायालयों, राज्य सरकारों और बीमा कंपनियों द्वारा व्यापक जमीनी काम किया गया है। सीजेआई ने आगे कहा कि विचार यह है कि छोटे-छोटे मामले निपटाए जाएं। लोगों को पता ही नहीं चलता कि सुप्रीम कोर्ट में छोटे-छोटे मामले कैसे आते हैं। इसलिए हमने सेवा विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, चेक अनादरण मामले से जुड़े मामलों को चुना। उन्होंने आगे कहा कि न्यायाधीशों के साथ लोक अदालत पैनल के हिस्से के रूप में बार सदस्यों की उपस्थिति ने पूरे समाज में सही संदेश भेजा है कि हम न्याय करने के अपने प्रयासों में एकजुट हैं, खासकर इन छोटे मामलों में शामिल नागरिकों को। मुझे उम्मीद है कि यह लोक अदालत अब भविष्य में उच्चतम न्यायालय में संस्थागत हो जायेगी। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे एक मामला याद है जिसमें पति ने तलाक की कार्यवाही पटियाला हाउस कोर्ट में दायर की थी और उसकी पत्नी ने भरण-पोषण की कार्यवाही दायर की थी और बच्चों की कस्टडी के लिए याचिका दायर की थी। प्री-लोक अदालत की बैठक में दोनों एक साथ आए और दोनों ने फैसला किया कि वे साथ रहेंगे। इसलिए जब वे दोनों लोक अदालत के सामने आए, तो मैंने उनसे पूछा, उन्होंने कहा कि उन्होंने खुशी-खुशी साथ रहने का फैसला किया है। पत्नी ने कहा कि मुझे भरण-पोषण नहीं चाहिए क्योंकि हम बहुत खुशी से साथ रह रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पिछड़े वर्गों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण के आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पटना हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार में पिछड़े वर्गों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण को रद्द कर दिया गया था। बिहार सरकार ने आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के सरकार के फैसले को रद्द करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। पटना हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने 20 जून को बिहार विधानसभा द्वारा 2023 में पारित संशोधनों को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि वे संविधान की शक्तियों से परे हैं और संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता खंड का उल्लंघन करते हैं।पिछले महीने पटना हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में राज्य द्वारा निर्धारित 65 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को रद्द कर दिया था। उच्च न्यायालय ने मार्च में राज्य में सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में पिछड़े, अत्यंत पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## सरकार सदन में जनता से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा के लिये तैयार - मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र में सरकार विधायकों द्वारा राज्य के विकास और लोगों की समस्याओं पर उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा के लिए तैयार है।मुख्यमंत्री ने सत्र शुरू होने से पहले विधानभवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि राज्य का बजट फरवरी में पारित हो चुका है और मानसून सत्र में प्रदेश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार सदन में अनुपूरक मांगें पेश करेगी।उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश देश में उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी जगह बना चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले सात वर्षों में राज्य ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं।सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्ष से सहयोग मांगते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के विकास के लिए वह सभी का सहयोग चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि विपक्षी सदस्य सदन में रचनात्मक मुद्दे उठाएंगे और राज्य के विकास और लोगों की समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे।सरकार उनके मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा, सदन को ऐसी चर्चाओं का मंच बनना चाहिए और सरकार इसका जवाब देने के लिए वहां मौजूद रहेगी।

मैं सभी सदस्यों से सत्र में रचनात्मक योगदान के लिए अपील करता हूं और उन सभी का स्वागत करता हूं।सरकार सदन में रचनात्मक चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में जब शिवभक्त कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं तब जनप्रतिनिधि अपने मुद्दे उठाने के लिए यहां मौजूद हैं।

# सावन मास के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सावन मास के दूसरे सोमवार पर प्रयागराज के सभी शिवालयों में भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु शिवालयों में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए लंबी कतार में खड़े रहे। शिवालयों में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किये गये।

श्रावण का पवित्र महीना भगवान भोले शंकर का विशेष माना जाता है। इस महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। श्रावण मास को लेकर यमुना तट पर स्थित प्राचीन और पौराणिक मनकामेश्वर महादेव मंदिर, फफामऊ में पाण्डेश्वर नाथ महादेव, कमौरी नाथ, मनकेश्वर महादेव सहित तमाम शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

भगवान शंकर को गंगाजल, बेलपत्र, दूध.और आदि, भस्म आदि से उनका अभिषेक किया। मनकामेश्वर महादेव मंदिर में पूरे सावन विशेष आयोजन भी किया गया है।

लोगों की आस्था और विश्वास है कि मनकामेश्वर मंदिर में आने और पूजा अर्चना करने से उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

वहीं सावन के दूसरे सोमवार के मौके पर दशाश्वमेध घाट पर भी बड़ी संख्या में कावड़िए गंगा जल भरकर बाबा विश्वनाथ की नगरी को रवाना हुए। खासतौर पर श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार, प्रदोष और नाग पंचमी को शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

विश्व प्रसिद्ध प्राचीन और पौराणिक मनकामेश्वर महादेव मंदिर में प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे और बैरीकेटिंग लगाई गयी है। खास बात यह रही कि मनकामेश्वर मंदिर में सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ अतिरिक्त फोर्स भी लगाई गई। वहीं पूरे मंदिर परिसर की सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है।

# नहरों में पानी न आने पर प्रमुख से की शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** फूलपुर उत्तरी क्षेत्र के दर्जनों लोग सोमवार दोपहर क्षेत्र पंचायत प्रमुख फूलपुर वीरेन्द्र सिंह पटेल से मिले और फूलपुर उत्तरी क्षेत्र की नहरों में बंधी लगी होने की शिकायत की।

बता दें कि लतीफपुर माईनर सौरहां माईनर कुसेहटा माईनर से फूलपुर के उत्तरी क्षेत्र की सिंचाई होती है। परंतु किसानों का आरोप था कि माईनरों को दबंग किसानों ने मजबूती से बांध रखा है और अपने धान के खेतों में जबरदस्त जल भराव कर लिया है। प्रमुख फूलपुर ने नहर विभाग के ए.ई बसंत लाल को कर्रा करते हुए अविलम्ब बंधी तोड़वा कर टेल की आखिरी छोर तक पानी पहुंचाने को कहा। ए.ई बसंत लाल ने बताया कि फिलहाल रोस्टर के अनुसार 10 दिन तक पानी इधर बंद कर दिया गया है। अब पानी आते ही मैं स्वयं पेट्रोलिंग करूंगा और कोशिश करूंगा कि अधिकांश किसानों को लाभ मिले।

# हजारों प्रतिभागियों ने घेरा शिक्षा सेवा चयन आयोग कार्यालय




> 97000 शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन जारी करने की मांग, उपसचिव 15 दिन में फैसला लेने का दिया आश्वासन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** डीएलएड के करीब 10 हजार कैंडिडेट्स ने सोमवार को प्रयागराज में शिक्षा सेवा चयन आयोग का घेराव किया। हाथों में तख्तियां लिए पहुंचे कैंडिडेट्स ने 97000 शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों के गुस्से को देखते हुए चयन आयोग के उप सचिव शिवजी मालवीय और नवल किशोर कैंडिडेट्स के बीच आए। उन्होंने आश्वासन दिया कि 15 दिन के अंदर भर्ती कैलेंडर जारी किए जाने का प्रयास होगा।


घेराव कर रहे छात्रों ने बताया कि सरकार ने 69000 शिक्षक भर्ती में रामशरण मौर्य बनाम राज्य सरकार में हलफनामा लगाया था कि ये भर्ती पूरी करने के बाद भी 51,112 पद अभी भी खाली हैं। ये पद आगे भरेंगे। इसके बाद डेटा है कि हर साल 12 से 15 हजार शिक्षक रिटायर हो रहे हैं। 5-6 साल से प्राथमिक शिक्षक भर्ती नहीं आई। इसी को जोड़कर हम लोग कम से कम 97000 प्राथमिक शिक्षक भर्ती की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ गई है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, यूपी में 1.40 लाख शिक्षक पद खाली हैं। इसके बावजूद प्रदेश सरकार की ओर से भर्ती नहीं निकाली जा रही है।

प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि यदि सरकार भर्ती नोटिफिकेशन जारी नहीं करती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। विशाल यादव ने कहा- आज हम 10 हजार लोग जुटे हैं। जल्द 10 लाख लोग जुटेंगे।

# प्रयागराज जंक्शन के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से भुगतान सुविधा का शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में रेलवे यात्रा के अनुभव को सुखद बनाने के क्रम में प्रयागराज मण्डल द्वारा आसान टिकट वितरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। भारतीय रेलवे में रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर, जेटीबीएस, एटीवीएम एवं यूटीएस ऐप के माध्यम से यात्रियों को टिकट वितरण किया जाता है। काउंटरों पर यात्रियों को लाइन लगाए बिना टिकट उपलब्ध कराने के माध्यमों में एटीवीएम एवं यूटीएस ऐप एक सरल और आसान विकल्प के तौर पर लोकप्रिय हो रहा है। एटीवीएम से रेलवे टिकट फैसिलिटेटर द्वारा, स्वतः रेलवे द्वारा



जारी स्मार्ट कार्ड, क्यूआर कोड से भुगतान करके ले सकते हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हिमांशु शुक्ला के निर्देशानुसार स्टेशन निदेशक वी.के. द्विवेदी के सुपरविजन में प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के एक आनारक्षित टिकट काउंटर पर 27 जुलाई व अरक्षित टिकट काउंटर पर 28 जुलाई से क्यूआर डिस्प्ले डिवाइस को प्रारम्भ कर दिया गया है। इस सुविधा के शुरू होने से यात्री यूपीआई ऐप के माध्यम से भुगतान कर रेलवे टिकट खरीद पाएंगे। आसान टिकट वितरण में यूपीआई ऐप के माध्यम से भुगतान यात्री सुविधाओं के विकास अहम रोल अदा करेगा। प्रयागराज मंडल के सभी स्टेशनों पर वर्ष 2024 में सभी स्टेशनों पर क्यूआर डिस्प्ले डिवाइस से भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी।

# दम तोड़ रहे पारम्परिक उद्योगों की संजीवनी बनी ओडीओपी वित्त सहायता योजना

## प्रयागराज में योजना का शत- प्रतिशत लक्ष्य हुआ हासिल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के पारम्परिक उद्योगों को पुनर्जीवित करने का सतत प्रयास कर रही है।

एक जनपद एक उत्पाद योजना इसी का हिस्सा है जिसमें जहां स्थानीय स्तर पर कारीगरों को रोजगार मिल रहा है तो वहीं उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग भी हो रही है।

योजना से प्रयागराज के ओडीओपी मूंज से जुड़े स्थानीय कारीगरों की जिंदगी बढ़कर रही है। यूपी के प्रत्येक जिले के स्थानीय नागरिकों के पास कोई न कोई एक उत्पाद को तैयार करने का ऐसा हुनर है जिसकी शोहरत प्रदेश ही नहीं, सुदूर देशों तक फैली हुई है। लेकिन पूंजी और मार्केट के अभाव में अभी तक इससे जुड़े लोगों की जिंदगी नहीं बदल रही थी ।

प्रयागराज जनपद में मूंज को ओडीओपी का दर्जा हासिल है जिसके उत्पादन में जनपद के हजारों परिवार जुड़े हुए हैं ।

इनके लिए एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषित योजना संबल प्रदान कर रही। उपायुक्त उद्योग शरद टंडन बताते हैं कि इस योजना में जिले को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 38 लाभार्थियों के लिए ₹110 लाख के वित्तीय सहयोग का लक्ष्य मिला था।

योजना में 78 लाभार्थियों के आवेदन बैंक के पास भेजे गए जिसमें बैंक की तरफ से 32 आवेदन की स्वीकृति के साथ ₹144.25 लाख की स्वीकृति दी गई। इस तरह बैंक से सौ फीसदी से अधिक की सहयोग की स्वीकृति मिली है।

> योजना से जिले में ओडीओपी योजना से जुड़े कारीगरों को दी गई ₹110 लाख की वित्तीय सहायता

वर्ष के अंत में 24 लाभार्थियों को 88.25 लाख की मार्जिन मनी अवमुक्त कर दी गई है।

मौजूदा वित्तीय वर्ष में इस योजना में ₹119 लाख का लक्ष्य मिला है जिसके सापेक्ष 14 जुलाई तक ₹28.75 लाख की मार्जिन मनी भी लाभार्थियों को जारी की जा चुकी है।

### रेलवे प्लेटफार्म करेंगे उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार मूंज से बने उत्पादों के उत्पादन के लिए एक तरफ आर्थिक सहयोग दे रही है तो वहीं दूसरी तरफ इनकी मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए भी कदम उठा रही है। जनपद के फाफामऊ, प्रयाग और फूलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में इनके स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल पर मूंज के उत्पाद रखे जाएंगे ताकि इससे मूंज उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग दोनों हो। ये स्टॉल स्थानीय कारीगर, छोटे लघु उद्योग चलाने वाले लोगों के साथ स्वयं सहायता समूहों को दिए जा रहे हैं।

# थरवई थाने में किसान पंचायत आज

**फूलपुर ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा आज मंगलवार को थाना थरवई में किसान पंचायत लगाई जाएगी बता दें कि विगत 26 जुलाई को सहसों ब्लॉक में लगाई गई किसान पंचायत ने महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा से कुछ लोग द्वारा अभद्रता की गई परंतु उलटे 29 जुलाई को जे.ई.आर.ई.एस द्वारा थरवई थाने में महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा तथा कुछ किसानों के खिलाफ पेश बंदी के चलते एफ.आई.आर दर्ज कर दी जिसके चलते किसानों में नाराजगी व्याप्त है इसलिए 30 जुलाई को थाना थरवई पर किसान पंचायत लगाई जाएगी अनवर अली फारुकी फूलपुर तहसील अध्यक्ष हरगोविंद यादव तथा विधि सलाहकार अशोक कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहेंगे उक्त सूचना अशोक कुमार मिश्रा द्वारा प्राप्त हुई।

# दो दिवसीय "रामायण" बाल रंग उत्सव आज से रानी रेवती देवी में

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन, प्रयागराज तथा रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय ÷रामायण÷ बाल रंग उत्सव दिनांक 30 एवं 31 जुलाई 2024 को प्रातः 9:00 बजे से 1:00 बजे तक विद्यालय प्रांगण में आयोजित है।

कार्यक्रम के समन्वयक मनोज गुप्ता ने बताया कि उक्त आयोजन में 30 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे से रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता एवं 31 जुलाई को रामायण पर आधारित झांकी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह के साथ-साथ नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा एवं समस्त भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में 30 जुलाई को 11:00 बजे से प्रयागराज की प्रसिद्ध गायिका डॉक्टर अंकिता चतुर्वेदी का भजन गायन एवं 31 जुलाई को प्रयागराज की प्रसिद्ध नृत्यांगना दीपशिखा एवं सखियों के लोक नृत्य का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल (अश्र प्राश्र) करेंगे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रविंद्र कुशवाहा पूर्व कार्यकारिणी सदस्य राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश रहेंगे।

# प्रकृति संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी-अंकिता खेरा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रकृति पर ही हमारा जीवन निहित है। हमारी पृथ्वी प्रकृति के मूल अवयव जल, जंगल, पहाड़, वायु और सूर्य की किरणों के संयोजन पर टिकी है। इसे सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस प्राकृतिक मूल्यों को संजोने और दुनिया को इसके प्रति सचेत करने का एक गम्भीर प्रयास है।सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार मेजारोड में सोमवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया गया। योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाने में उत्साह दिखाया है। छात्रों को हमारी प्रकृति माँ पृथ्वी को संरक्षित करने के तरीके के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

प्रधानाचार्या अंकिता खेरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 28 जुलाई को हमारे ग्रह की सुरक्षा के लिए दुनिया भर के लोग प्रकृति संरक्षण को प्राथमिकता देते हैं। यह दिन हमारे ग्रह के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्वपूर्ण महत्व की याद दिलाता है।उन्होने कहा कि धरती माँ हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रकृति की देखभाल करना हमारा मूल कर्तव्य है। इसके अलावा छात्रों को प्रकृति संरक्षण के लिए, किए गए उनके प्रयास को सराहा गया और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# कलारत्नम फाउंडेशन की अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी ने छुए सफलता के उच्च सोपान

**प्रयागराज।** कलारत्नम फाउंडेशन ऑफ आर्ट सोसायटी एवं संस्कार भारती बरेली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच देशों की अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में द्वितीय दिवस भी सैंकड़ों दर्शकों ने यामिनी आर्ट गैलरी बरेली में प्रदर्शनी का रसास्वादन किया। विदित हो कि कल राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्रा ने इस अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था।



प्रदर्शनी में शामिल वरिष्ठ प्रसिद्ध चित्रकारों में राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य व गेस्ट ऑफ ऑनर रवीन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ कलाकार जगदीश पांडेय, डॉ.अनुपम कुमारी, उस्ची एटल सुट्ज (जर्मनी), टुडेन म्यूटाईन (मॉरीसश), वियारा पेंचेवा (बुलगारिया), इवाना गुटवाल्डोवा (चेक गणराज्य), कंचन मिस्त्री, शंकर सोनावने, जयदीप घोष, रीता सिंह तोमर, कृतिकृष्णा पंडा, रूपाली गुप्ता, अरुणा जैतपाल, श्रेया गट्टानी, डॉ. ग्रेसी पपुकुट्टी के चित्रों को देख दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए, और राखी अनुराग तिवारी, नेहा पाल, प्रकृति शर्मा, दिव्या बंसल, बिंदू पटेल, आयुष्मान बेहरा, रजनी, प्रिणि शर्मा, प्रिया सक्सेना, सुरेंद्र कुमार, दीप शिखा सक्सेना, अनुराग जॉली, सुकेंद्र सिंह, डॉक्टर अनिला रंजन सुधा मिश्रा, हरी मोहन सिंह, एन उषा एलंगोवन, अंजली पाण्डेया, मंजीत धनकर आदि की कलाकृतियों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य सिरीश मेहरोत्रा सपत्नीक एवं भारत में जन्मे कनाडा के मूल निवासी वरिष्ठ चित्रकार डॉ.आदर्श गोस्वामी, स्नेहा सक्सेना, अरुन कुमार, गौरव गुप्ता ऐडवोकेट, पिंकी गुप्ता, संस्था के अध्यक्ष एवं संयोजक कुलदीप वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एरोबिक फिटनेस स्टूडियो, मशीन लेस फिटनेस जिम का शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** हमेशा स्वस्थ एंव फिट दिखने के लिए यदि आप एलिप्टिकल या ट्रेडमिल जैसे विशेष कार्डियो उपकरणों का उपयोग करना पसंद करते हैं, तो आप व्यायाम करने के लिए एरोबिक जिम जाना चुन सकते हैं। लोगो में एरोबिक जिम की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए ÷एरोबिक फिटनेस स्टूडियो, मशीन लेस फिटनेस जिम÷ का उद्घाटन डी ब्लॉक मार्केट, रेड रोज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास किया गया। इस मौके पर तमाम क्षेत्र के लोग उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। एरोबिक फिटनेस स्टूडियो जिम के अली अब्बास ने जानकारी देते हुए कहा आज के समय में लोगो में बीमारियां एंव स्वस्थ फिटनेस की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है ऐसे में खुद को स्वस्थ एंव फिट रखने के लिए एरोबिक जिम सबसे कारगर विकल्प है यह एक ऐसा जिम है जिसमें बच्चे, बड़े सभी उम्र के लोग व्यायाम कर सकते है यह एक ऐसी गतिविधि है जो आपको उठने और चलने में मदद करती है। यह आपकी हृदय गति को बढ़ाता है और आपको पसीना ला सकता है। एरोबिक व्यायाम एक शारीरिक गतिविधि है जो आपके शरीर के बड़े मांसपेशी समूहों का उपयोग करती है, लयबद्ध और दोहरावदार होती है।

# ग्राम विकास अधिकारी को दी गई विदाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़(प्रयागराज)।** विकास खंड होलागढ़ के लोकप्रिय ग्राम विकास अधिकारी/वीडीओ राजेश कुमार शुक्ल का प्रशासनिक स्थानांतरण बहरिया ब्लाक में हो गया।राजेश शुक्ल होलागढ़ के लोकप्रिय और सरल व्यवहार वाले कर्मचारी रहे।जिनके सम्मान में सोमवार को अधिकारियों, कर्मचारियों और कतिपय जन प्रतिनिधियों ने विदाई समारोह किया। समारोह में ग्राम पंचायत सराय मदन सिंह उर्फ चांटी के प्रधान प्रतिनिधि हर्ष मणि शुक्ल ने राजेश को भावुक विदाई करते हुए उनके सुंदर कार्यकाल को याद किया।हर्ष मणि ने राजेश शुक्ल को भगवान राम की स्मृति चिन्ह के साथ



कार्यकाल के अच्छे लम्हों का एक सचित्र संकलन भेंट किया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, एडीओ सहकारिता संजय श्रीवास्तव, उमेश, नीलम, अंकिता सिंह, अवधेश कुमार, संदीप पटेल, प्रधानपति राकेश पांडेय आदि लोगों ने माला पहना कर विदाई किया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ कृषि मनीष अग्रहरी ने किया।

# सेक्स रैकेट को लेकर जांच में जुटी पुलिस

> मेजा रोड बाजार के एक रेस्टोरेंट का मामला, मालिक को ले गयी थाने

**लोकमित्र ब्यूरो**


**मेजा (प्रयागराज)।** मेजारोड बाजार के समीप संचालित एक होटल में सेक्स रैकेट की शिकायत पर 112 पुलिस पिकेट छापेमारी कर रेस्ट्रोरेंट के मालिक को थाने ले गयी। बाद में कोतवाल ने जाँच में इस गम्भीर मामले को अफवाह बताकर हैरत में डाल दिया है।मेजा थाना क्षेत्र के मेजा रोड़ बाजार के मिर्जापुर मार्ग पर एक होटल संचालित है। उक्त होटल में सोमवार की सुबह सेक्स रैकेट की सूचना पुलिस पिकेट को दी गयी।पुलिस की 112 पिकेट टीम ने छापेमारी कर होटल के मालिक को पूँछतांछ के लिए ले गयी।करीब एक घण्टे बाद थाना प्रभारी ने इसे महज अफवाह बताकर मामले की हवा निकाल दी।फिलहाल रेस्ट्रोरेंट का मालिक अभी पुलिस की गिरफ्त में है।पुलिस की मानें तो उन्होंने

होटल के प्रत्येक कमरों की गहनता से जाँच पड़ताल की है, लेकिन सेक्स रैकेट से संबंधित कोई तथ्य नही मिला। मेजा इंस्पेक्टर राजेश उपाध्याय ने बताया कि जाँच पड़ताल में इस मामले में कोई ठोस साक्ष्य नही मिले हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी विभिन्न पहलुओं पर इसकी गहराई से जांच की जा रही है।

होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चेक कराया जाएगा।

# बैटरा, इनवर्टर के साथ चार शातिर चोर धराए

**लोकमित्र ब्यूरो**




**मऊआइमा (प्रयागराज)।** बैटरा, इनवर्टर, स्टेबलाइजर, ई-रिक्शा बैट्रा के साथ सोमवार को मऊआइमा पुलिस ने ग्राम महरौंडा के पास चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम लवकुश पटेल पुत्र इन्दपाल दुर्गागंज रानीगंज प्रतापगढ़ बताया और उसने चार स्थानों पर चोरी करने की बात स्वीकार की। दूसरे ने अपना नाम गोरे लाल पुत्र श्याम लाल बाराडीह मऊआइमा, तीसरे ने अजय कुमार पुत्र जगदेव ग्राम मानी उमरपुर मऊआइमा जबकि चौथे ने अपना नाम महेंद्र कुमार पुत्र रामभवन ग्राम मौलवी का पूरा पिलखुआं मऊआइमा बताया। इन लोगों ने यह भी बताया कि यह बैटरा ग्राम जमखुरी में असद आमिर उर्फ मासूक के यहां 27 जुलाई की रात चोरी किया गया था। पुलिस ने चारों आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस ने शुरू किया जातिगत जनगणना कराने के लिए हस्ताक्षर अभियान

**प्रयागराज।** अल्पसंख्यक कांग्रेस और पिछड़ा वर्ग कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में जातिगत जनगणना कराने और 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को बढ़ाने को लेकर पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।




आज प्रयागराज में करेली से अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली की अगुवाई में हस्ताक्षर अभियान की शुरुवात की गई है। इस मौके पर अरशद अली ने कहा है शहर के सभी 100 वार्डो में अल्पसंख्यक कांग्रेस के सभी पदाधिकारि हर वार्ड में जाकर जातिगत जनगणना की मांग पर लोगो को जागरूक करते हुए हस्ताक्षर करवाने का काम किया जायेगा।

इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मो हसीन, हाजी सरताज, महफूज अहमद, तालिब अहमद, जाहिद नेता, गुलाम वारिस, मोबिन अहमद, मुख्तार अहमद, बिलाल खान, आदिल खान, कूवत अली, मो गुलाम, मदनी खान,परवेज आदि मौजूद रहे।

# रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने वाई एम सीए परिसर में रोटरी इलाहाबाद रॉयल्स के साथ रक्तदान शिविर ÷रक्त सशक्त÷ का सफल आयोजन किया। सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चले इस शिविर में 26 यूनिट रक्तदान हुआ। क्लब की अध्यक्षा राधा सक्सेना ने कहा कि रक्तदान महान काम है। शिविर का आयोजन हमारे लिए खुशी व गर्व की बात है। क्लब पूर्व में भी रक्तदान के रिकॉर्ड बनाते हुए भविष्य में भी इसी तरह के रक्तदान शिविर के आयोजन करने हेतु प्रतिबद्ध है।



उन्होंने कहा कि सभी को तीन महीने में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। क्लब सचिव नीरज चुग ने सभी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में नीरज अग्रवाल, सौरभ पुरी, संजीव जैन, अभिषेक अग्रवाल तरुण सावला, आशुतोष अग्रवाल, पंकज जैन आदि उपस्थित रहे।

# नवीन सड़को के नवनिर्माण कराए जाने की मांग को लेकर सकिपा ने प्रदर्शन कर सीडीओ को सौंपा ज्ञापन

## ● ग्रामीणों के आवागमन में हो रही दिक्कत के निदान हेतु बनाई जाएं नवीन सड़कें- अजय सोनी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के कई गांवो के ग्रामीणों को आवागमन में हो रही दिक्कत के निदान के लिए सोमवार 29 जुलाई को समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओ ने जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में मंझनपुर स्थित विकास भवन परिसर में प्रदर्शन कर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी को एक सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सिराथू ब्लॉक के कई गांवो को जोड़ने हेतु नवीन सड़कें बनाएं जाने की मांग की गई।

सोमवार को समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मंझनपुर स्थित विकास भवन परिसर स्थित मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी को नवीन सड़को के नव निर्माण कराए जाने हेतु एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए में सिराथू ब्लॉक के कई गांवों के कच्चे मार्गो को संपर्क मार्ग बनाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम खनवारी से कमासिन माता मंदिर परिसर ग्राम गंभीरा पूर्व, करारी माइनर नहर से गंभीरा पूर्व अशोक तिवारी पूर्व प्रधान के घर होकर ग्राम नादिन का पुरवा, ग्राम मलाक पिंजरी से ग्राम तेरहरा, ग्राम बारा तफ़रीक से करारी माइनर नहर तक, ग्राम चकिया मजरा मलाक पिंजरी से करारी माइनर नहर तक, ग्राम फैजलीपुर से उदहिन नारा मार्ग तक, ग्राम फ़जिलपुर गोपालपुर (हिसामबाद) से रमेश गुरु जी के स्कूल होकर करारी माइनर नहर तक के कच्चे मार्गो को संपर्क मार्ग में तब्दील करने की मांग की गई। ज्ञापन स्वीकार करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने ज्ञापन को लोक निर्माण विभाग को भेजने एवं सर्वे कराकर इन कच्चे मार्गो पर सम्पर्क मार्ग बनाए जाने की बात कही है। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि सिराथू ब्लॉक के कई गांवों में आज तक संपर्क मार्ग न होने के कारण लोगों को कच्चे मार्गो से होकर गुजरना पड़ता है या फिर काफी घूमकर आना जाना पड़ता है। ऐसे में यदि सर्वे कराकर और ऐसे गांवो को चिन्हित कर नवीन संपर्क मार्ग बनाते हुए इन्हे मुख्य मार्गो से जोड़ दिया जाए तो ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और लोगों की समस्यायों का निदान होगा। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, नवनीत शुक्ला, बद्री प्रसाद प्रजापति, भगवान दास वर्मा, शिवम सोनी, वेद प्रकाश यादव, अनुज कुमार मौर्य, सुखराम लोधी, रमजान अली आदि मौजूद रहे।

# भाकिमसंयू ने समस्याओं का तीन सूत्रीय ज्ञापन एडीओ को सौंपा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को क्षेत्र की समस्याओं का तीन सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ की गैरमौजूदगी में एडीओ को सौंपा।एडीओ ने उनकी समस्याओं को जल्द निस्तारित कराने का आश्वासन दिया है। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को क्षेत्र की समस्याओं का तीन सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ प्रदीप कुमार मौर्या के गैरमौजूदगी में अपर विकास अधिकारी अनीता त्रिपाठी को सौंपा। उन्होंने मांग किया कि विकास खंड नेवादा क्षेत्र के सेंवथा गांव में पीने के पानी की किल्लत है। शांति देवी के घर के समीप एक हैंडपंप लगवाया जाये। सेंवथा गांव में पात्रों को सरकारी आवास का लाभ नहीं मिला। इनमें शांति देवी, कौशल्या देवी, समरिया, शांतिदेवी, सुंदरिया, रत्ना और सिकंदर आदि को सरकारी आवास की सुविधा दिलाई जाए और उस्मानपुर बिगहरा, जवई व उमरवल गांवों में जल मिशन योजना के ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई की गई थी। ठेकेदार ने रास्तों में गड्ढा करके छोड़ दिया है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसकी तुरंत मरम्मत कराई जाए। इस मौके पर मुन्नालाल, राजू लाल, शिवराम, रामप्रसाद, सोनू कुमार, राजकुमार, रामप्रकाश, सिंधु राज, अगनू और रामदेव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एण्टीरोमियों टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष महिला थाना, सराय अकिल, सैनी थाने की मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियों चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, गुड टच बैड टच, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# सास, बेटा, बहू तीनों सदस्य आपस मे सामंजस्य बनाकर रहे है- डॉ0 ललित कुमार

## ▶▶ सीएचसी चायल के उपकेंद्र कांठगाँव, कसेन्दा में सास बेटा बहू सम्मेलन का हुआ आयोजन





**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल के अधीक्षक डॉ0 ललित कुमार सिंह के निर्देशन मे सारथी वाहन चलवाकर विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मे परिवार नियोजन कार्यक्रम के विषय मे प्रचार प्रसार कराया गया। साथ ही सास बेटा बहू सम्मेलन का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल मे आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मिशन परिवार विकाश कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 57 जिलो मे चलाया जाता है जिसमे कौशाम्बी जनपद भी सम्मलित है। जहा की प्रजनन दर मानक से अधिक है यह कार्यक्रम उनही जनपदों में चलाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या मे नियंत्रण करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चायल ब्लॉक के उपकेंद्र कांठगाँव, कसेन्दा, चायल क्षेत्र के लाभार्थियो को बुलाया गया था जिसमे सास, बेटा, बहू को सम्मलित किया गया था तीनों सदस्यो को सम्मलित करने का उदेश्य यह है कि सास, बेटा, बहू तीनों सदस्य आपस मे सामंजस्य बनाकर रहे है और अपनी बहू का सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान समुदाय मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभार्थी जिन्होंने एक या दो बच्चे के बाद नसबंदी कराया या शादी के बाद दो वर्ष का अंतराल रखा, दो बच्चे के बीच मे तीन वर्षो का अंतराल रखा या समुदाय मे लोगो को परिवार नियोजन के विषय मे जागरूक किया ऐसे लाभार्थियो को अधीक्षक महोदय द्वारा पुरस्कत किया गया कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी त्रिपाठी, बी सी पी एम अनूप सिंह ए एन एम सुमन, सुषमा गौतम, प्रियंका पांडे, आशा संगिनी सुनीता पाल, आशा सिंह आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहें।

# दुर्गाभाभी सभागार में एएसपी ने व्यापारियों के साथ की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** शासन एवं उच्चाधिकारीगणों के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गाभाभी सभागार में जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा व्यापारियों को सुरक्षा व सहयोग का भरोसा दिलाया गया।

## रोजगार मेले का आयोजन 31 को

कौशाम्बी। जिला सेवायोजन कार्यालय, कौशाम्बी, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक-31-07-2024 कोआर0एस0एस0 निजी आई0टी0आई0 कनैली, कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें निजी क्षे.त्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आई0टी0आई0, नॉनआई0टी0आई0 एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति, रिज्यूमे के साथप्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

# प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में सामुदायिक सहभागिता के साथ शिक्षा सप्ताह का हुआ समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी डॉ0 कमलेंद्र कुशवाहा के आदेशानुसार नेवादा के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में सामुदायिक सहभागिता के साथ 22 जुलाई से चल रहे कार्यक्रम शिक्षा सप्ताह का समापन हुआ।

प्रधानाध्यापक डॉ0 राम नेवाज सिंह विद्यालय के पूर्व छात्रों, सेवानिवृत शिक्षकों को आमंत्रित किया जिसमें आए हुए अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किया उन्होंने बताएं इसी विद्यालय से पढ़कर उन्नति किए हैं आप लोग भी अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेज कर पुण्य के भागीदार बने विद्यालय प्रांगण में शिक्षा चौपाल आयोजित किया गया जिसमें राम नेवाज सिंह ने अपील किया कि आप जागरूक अभिभावक अधिक से अधिक वॉलिंटियर्स बनकर प्राथमिक शिक्षा मे महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं अभिभावकों को दीक्षा ऐप, निपुण लक्ष्य ऐप, रीड अलांग, टीवी चैनलों के बारे में जानकारी साझा की और वितरित पाठ पुस्तकों में बने क्यू आर कोड स्कैन कर चलाने की जानकारी दी जिससे अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा दे सकें डीबीटी योजना के तहत बच्चों का पैसा 1200 रुपये उनके अभिभावकों के खाते में प्रेषित किया गया है उस धनराशि का उपयोग बच्चों के हित में करने का अनुरोध किया गया नवोदय प्रवेश परीक्षा के बारे में अभिभावकों को जानकारी साझा की गई सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की गई शिक्षा चौपाल में साबित खान सोहेल खान नकुल प्रसाद दुलेश कन्या देवी सोमवारी देवी सविता देवी सुनीता देवी नफीसा बेगम आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कृषकों को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं आत्मा योजना की ली गवर्निंग बैठक

## ● जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग के योजनाओं की क्षेत्र स्तर पर मॉनीटरिंग किये जाने के निर्देश दिये



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कृषकों को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं आत्मा योजना की गवर्निंग बैठक जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में आहूत की गई है। जिलाधिकारी द्वारा 15 दिवस पूर्व उक्त से सम्बन्धित विभागों-कृषि, उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण अधिकारी, लघु सिंचाई, मण्डी, जिला खाद्य एवं विपणन से सम्बन्धित विभाग के अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया था जिसमें जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य एवं पूर्ति के ऑकड़ों की समीक्षा के स्थान पर लाभ प्राप्त करने वाले कृषकों की आय में होने वाले बृद्धि व जीवन शैली में आने वाले बदलाव का मापदण्ड निर्धारित करने एवं प्रत्येक विभाग के योजनाओं की क्षेत्र स्तर पर मॉनीटरिंग किये जाने के निर्देश दिये गये थे किन्तु सम्बन्धित विभागों द्वारा गम्भीरतापूर्वक व निर्धारित मापदण्ड के अनुसार बिन्दुवार आउटकम का ब्योरा नहीं दिये जाने के कारण जिलाधिकारी द्वारा कड़ा रोष व्यक्त करते हुये क्रिया-कलापों में सुधान लाने के निर्देश दिये व पुनः निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं से लाभान्वित ग्रामों की सूची व कृषकों का विवरण सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें तथा खण्ड विकास अधिकारी को उपरोक्त सूचना के आदान-प्रदान हेतु एक-एक कर्मचारी का दायित्व निर्धारित किया जाये। उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किये जाने का लक्ष्य वर्तमान वर्ष में 8000 स्वास्थ्य कार्ड वितरण का है जिसे प्रत्येक विकासखण्ड में समान संख्या में वितरित कर कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा उक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड से 10-10 कृषकों जिनके खेतों से मृदा नमूना लिया गया है उन खेतों में फसल उत्पादन में होने वाले परिवर्तन की मॉनीटरिंग रिपोर्ट अगली बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाये जिससे यह स्पष्ट हो सके कि योजनाओं का समुचित लाभ कृषकों को प्राप्त हो पा रहा है अथवा नहीं। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा केले के उत्पादन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से होने वाले लाभ का विवरण समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किया जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, कृषि, लघु सिंचाई, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, नहर एवं सिंचाई, भूमि संरक्षण को निर्देशित किया गया कि कृषकों को दिये गये योजना का लाभ, नई तकनीकी के प्रचार-प्रसार का लाभ लाभार्थी व्यवहारिक रूप से कर रहा है अथवा नहीं यदि नई तकनीकी का उपयोग अपने व्यवसाय में कर रहा है तो उससे लाभार्थी कृषको को कितना लाभ हुआ तथा उसकी आर्थिक दशा में कितना सुधार आया। उक्त सन्दर्भो पर आगामी बैठक पर समस्त विभागों की प्रगति आख्या जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उप कृषि निदेशक, सहा0 अभियन्ता लघु सिंचाई, खण्ड विकास अधिकारी, मत्स्य अधिकारी, ए0आर0 कोऑपरेटिव, समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र एवं प्रगतिशील कृषकगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण व फ़िनीशिंग के कार्यों में और तेजी लाने के दिए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों, फ़िनीशिंग के कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गेट निर्माण एवं सड़क निर्माण के कार्यों की निरीक्षण के दौरान विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल के निरीक्षण के दौरान खिड़की तथा सेनेटरी आदि फ़िनीशिंग के कार्यों को और टीम लगाकर तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्हांने लेक्चर थियेटर में शेष रह गये फ़िनीशिंग के कार्यों तथा ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लिफ्ट लगाये जाने व उसे चालू कराये जाने के दिए निर्देश। निरीक्षण के दौरान एनीमल होल्ड एरिया,क्लासेस रूम, एनाटॉमी हाल, शवलेपन कक्ष, डायनिंग हाल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कालेज की बाउड्रीवाल जल्द बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने प्रस्तावित नर्सिग कॉलेज के निर्माण के सम्बन्ध में भी सम्बन्धित अधिकारियां को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्ययोजना बनाकर निर्माण कार्यो में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-वन,एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 हरि ओम सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# श्रावण माह के दूसरे सोमवार को पूजा अर्चना करती महिलाएं



**टेवां, कौशाम्बी।** प्राचीन शिव मंदिर टेवां के महेश बाबा में शिवलिंग पर श्रद्धालु भक्तों ने जला अभिषेक किया एवं महिलाओं ने पूजा अर्चना कर अपने पतियों के चिरंजीवी होने की कामना करती हुई दिखाई दी महेश बाबा के स्थान पर दूर-दूर से श्रद्धालु भक्त जाकर श्रावण माह में जलाभिषेक कर पुण्य के भागी बनते हैं।

# अवसाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अषाढा चौकी अंतर्गत सदुल्लापुर गांव में रविवार की रात अवसाद के चलते एक युवक ने अपने ही नलकूप में फांसी के फंदे से झूल कर खुदकुशी कर ली परिजनों को सुबह जब इस बात की जानकारी हुई तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। इसी बीच सूचना पाकर मौके में पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अषाढा चौकी अंतर्गत सदुल्लापुर गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र विजय यादव पिछले कई महीनो से घरेलू कल के चलते अवसाद से ग्रसित था वह घर में गुमसुम रहता था। रविवार की शाम घर से खाना पीना खाकर वह अपने खेत नलकूप में चला गया। इसी दरमियान वह देर रात अपने ही नलकूप में फांसी के फंदे से झूल कर खुदकुशी कर ली।

# 13 दिवसीय जूट प्रोडक्ट्स उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान मंझनपुर में चल रहे 13 दिवसीय जूट प्रोडक्ट्स उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया।

संस्थान द्वारा स्वयं सहायता समूह एवं ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी हुई बीपीएल महिलाओं और बच्चियों को निशुल्क जूट प्रोडक्ट्स बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जूट से बनने वाले विभिन्न प्रकार के सामानों जैसे कि जूट बैग, चटाई, पैरदान और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स बनाना सिखाया गया। इस क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान किया गया जिससे आगे चलकर के यह महिलाएं एवं बच्चियों द्वारा अपने लिए एक स्वरोजगार स्थापित करके आय प्राप्त की जा सके। संस्थान के निदेशक श्रवण कुमार सिंह के द्वारा बैंकिंग से जुड़ी हुई विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई तथा संकाय आशुतोष त्रिपाठी ने स्वरोजगार व उद्यमिता से जुड़े हुए पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर परीक्षा मूल्यांकन के लिए आए हुए कुलदीप शर्मा एवं तबस्सुम तथा संस्थान की संकाय मोहिनी मिश्रा एवं कार्यालय सहायक आशुतोष केशरवानी, राजकुमार, दिनेश कुमार उपस्थित रहे। बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान लीड बैंक द्वारा संचालित स्वरोजगार प्रशिक्षण प्रदान करने वाला जिले का एकमात्र संस्थान है जहां पर निशुल्क विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन समय-समय पर किया जाता है यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बीपीएल परिवार के सदस्य, स्वयं सहायता समूह की सदस्य व उनके पारिवारिक जन जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच को संस्थान में आकर निशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

## पुरानी पेंशन बहाली के कागज की रिसीविंग ना देने पर शिक्षकों ने किया हंगामा

**रानीगंज ,प्रतापगढ़।** एआरपी अतुल कुमार ने मनमानी तरीके से दरियापुर पावर हाउस के प्राथमिक विद्यालय में पुरानी पेंशन बहाली का फार्म सभी शिक्षकों का जमा करने लगे रिसीविंग मांगने पर आनाकानी करने लगे जिसे लेकर सभी शिक्षक हंगामा करने लगे। आरोप था कि ब्लॉक बी आर सी कार्यालय में फॉर्म को ना लेकर के दरियापुर पावर हाउस के प्राथमिक विद्यालय में पुरानी पेंशन बहाली का फॉर्म जमा कर रहे थे साथ ही उन फर्मो की रिसीविंग शिक्षकों को नहीं दे रहे थे। जबकि ब्लॉक समन्वयक कार्यालय में 5 से 6 लोगों का स्टाफ पहले से ही मौजूद है खंड शिक्षा अधिकारी का सख्त निर्देश है कि पुरानी पेंशन बहाली का फॉर्म केवल ब्लॉक समन्वय कार्यालय पर ही लिए जाएंगे ।इसके बावजूद एआरपी की मनमानी को लेकर शिक्षक हंगामा करने लगे तो जानकारी मिलने पर प्राथमिक शिक्षक संघ शिवगढ़ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे मौके पर पहुंचे और बीएसए से बात करके मामले को शांत कराते हुए शिक्षकों को आश्वासन दिया कि बीएसए ने कहा है सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाली के फॉर्म की रिसीविंग अवश्य मिलेगी। तब जाकर सभी शिक्षक शांत होकर के फॉर्म को जमा करके अपने घरों को वापस ले।

## अलग-अलग मारपीट में सात लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ** हथिगवां के बछन्दामऊ गांव निवासी विदेशीलाल की 60 वर्षीय पत्नी हेमवती और अरविन्द की 38 वर्षीय पत्नी सीमा देवी को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कुंडा थाना क्षेत्र के चेती का पुरवा लरु गांव में हुई मारपीट में मोहनलाल का 45 वर्षीय बेटा रामभवन और रामभवन का 18 वर्षीय बेटा शुभम व कृष्ण कुमार यादव की 38 वर्षीय पत्नी रीना यादव घायल हो गई। कुंडा नगर पंचायत के अत्तानगर मोहल्ला निवासी अकबर अली की 15 वर्षीय बेटी सायना और अबरार अली की 38 वर्षीय पत्नी नाजिया मारपीट में घायल हो गयी।

## बच्चों को वितरित किये गये पौध, दी गई जागरूकता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत मुस्तफाबाद स्थित कैलाशनाथ पार्वती पब्लिक स्कूल कटरा में छात्र छात्राओं को पौध वितरण किया गया। बच्चों को पौधरोपण के प्रति जागरूकता प्रदान करते हुए इन्हें नीम, नींबू, अमरूद, कटहल, सहजन, महुआ, आम, पीपल, जामुन आदि फलदार पौध वितरित किये गये। प्रधानाध्यापक राहुल कुमार पाण्डेय ने पर्यावरण की समृद्धि की महत्ता बच्चों को समझायी। कार्यक्रम में अधिवक्ता रोहित पाण्डेय, अरविन्द तिवारी, सूर्यकांत तिवारी आदि रहे।

## विद्यालयों में साफ सफाई को लेकर शिक्षकों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्यालय स्वच्छता को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजेशचंद्र पाण्डेय व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष साहेबलाल के नेतृत्व में शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर द्विवेदी को विद्यालयों में स्वच्छता को लेकर ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ ने ज्ञापन के जरिए कहा कि विद्यालयों में स्वच्छताकर्मियों की बनी नामौजूदगी के चलते साफ सफाई नहीं हो पा रही है। शिक्षकों ने स्वच्छताकर्मियों की विद्यालयों में साफ सफाई को लेकर व्यवस्था बनाने की बात कही। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर शिक्षक राधेकृष्ण तिवारी, अनुज तिवारी, शिवम तिवारी, अलख नारायण शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## एससीएसटी का फर्जी मुकदमा दर्ज होने का आरोप, सीओ से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संगठन के पदाधिकारी पर दर्ज हुए एससीएसटी के मुकदमें को फर्जी होने का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार के सदस्यों ने सीओ से मुलाकात कर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार के राष्ट्रीय विधिक सलाहकार आलोक मिश्र ने सीओ को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि सांगीपुर थाने में रामधनी सरोज द्वारा पन्द्रह जुलाई को एससीएसटी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि इस मुकदमें में संगठन के संयोजक रमाकांत मिश्र मधुबनी का नाम फर्जी तरीके से शामिल करा दिया गया है। संगठन ने निष्पक्ष जांच कराकर संयोजक का नाम एफआईआर से निकालने की मांग की है। सीओ रामसूरत सोनकर ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## युवती को बहला फुसलाकर भगाया, मुकदमा दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ।** फत्तनपुर थाना क्षेत्र के बेहदौलखुर्द गांव की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था। उसका आरोप है कि बीते 19 जुलाई को दिन में पीड़िता की बेटी को एक युवक घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया। खोजबीन के बाद भी उसका पता नही चल रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मंजीत कुमार निवासी देवगढ़ कमासिन के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकध्दमा दर्ज किया है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दंपति हुए घायल



**कटरा मेदनीगंज,प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अंतर्गत लखनऊ वाराणसी हाईवे पर कटरा मेदनी गंज चौराहा स्थित मां शीतला देवी मंदिर के सामने गलत दिशा से ई रिक्शा चालक द्वारा रिक्शा मोड देने पर ससुराल से वापस आ रहे बाइक सवार दम्पति नीरज कुमार सरोज उम्र 32 वर्ष पुत्र सूरज बहादुर सरोज निवासी कटकावली मोहनगंज टकराकर गिर पड़े। जिससे पैर में तीन जगह से फैक्चर हो गया तथा हाथ व पैर में गंभीर चोटें आई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कटरा चौकी इंचार्ज मृत्युंजय पांडे अपने हमराही सिपाहियों के साथ पहुंचकर 108 एंबुलेंस के जरिए पति पत्नी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाए तथा ई-रिक्शा चालक को ई-रिक्शा सहित पुलिस चौकी ले आए ।

# नदी में डूबने से कांवड़िया की मौत, जमकर हंगामा

● श्रावण मास में शिव भक्तों की व्यवस्था को लेकर लापरवाही से आक्रोश




लोकमित्र ब्यूरो

**बेलखरनाथ धाम (प्रयागराज)।** बाबा बेलखरनाथ धाम में जलाभिषेक को आए जोगापुर प्रतापगढ़ निवासी एक कांवड़िया की नदी में नहाते समय डूबने से मृत्यु हो गई। इससे वहां मौजूद कांवड़ियों में भारी आक्रोश फैल गया। किसी तरह समझाबुझाकर उन्हें शांत कराया गया। बाबा बेलखरनाथ धाम में अत्यंत प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में वहां भारी संख्या में शिव भक्त जलाभिषेक करने आते हैं। मगर बिजली और पानी की उचित व्यवस्था न होने के कारण नहाने के लिए कांवड़ियों को बगल स्थित सई नदी में उतरना पड़ता है। सोमवार को भी नहाने के लिए कांवड़िए नदी में उतर गए। उनमें जोगापुर प्रतापगढ़ निवासी संतोष पाल नाम का भी एक कांवड़िया था। उसके साथ अन्य साथी भी नहाने के लिए नदी में उतर गए। संतोष पाल अपना संतुलन खो बैठा और गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। उसको डूबता देख गोताखोर भी पानी में उतर गए और कड़ी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाले। बाहर निकालने के बाद उसे आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संतोष की मृत्यु की सूचना मिलते ही कांवड़िए आक्रोशित हो उठे। उन्होंने मंदिर में प्रशासन विरोधी नारे लगाना शुरू कर दिए और मंदिर के दर्शन पर रोक लगा दी। सवाल उठता है कि आला अधिकारी क्यों मंदिरों पर उचित व्यवस्था करने पर विफल साबित हो रहे हैं। पानी की टंकी में पानी भरा होता तो आए हुए श्रद्धालु उसी में नहाते जिससे यह बड़ी घटना न होती।

### 24 घंटे से ठप है विद्युत आपूर्ति, सूखी पड़ी थी पानी की टंकी

बेलखरनाथ धाम। धाम में चौबीस घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप होने से कांवड़ियों को नहाने के लिए नदी में उतरना पड़ता है। सोमवार को हुई सन्तोष नामक कांवडिया की मृत्यु की घटना इसी का परिणाम है। नहाने के लिए पानी न मिलने और चारों ओर अंधेरा होने से वे सब नदी में उतर गए। नदी के चारों तरफ वैरिकेडिंग होने के बावजूद नदी के बगल बने गड्ढे में नहाने लगे। समिति के लोग पहुंचे और सबको हटाने लगे। इसी बीच संतोष डूबने लगा। गोताखोर उमेश कुमार गौड़ उसे बेहोशी की हालत में निकालकर बाहर ले आया लेकिन उसकी मौत हो गई। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी व प्रभारी तहसीलदार पट्टी पवन कुमार सिंह मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि मना करने के बावजूद कांवरिया नदी में चला गया और गड्ढे में नहाने के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक पट्टी आनंद कुमार राय, दिलीपपुर थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्रा के साथ ही भारी मात्रा में फोर्स उपलब्ध थी। घटना के बाद नदी के किनारे चारों तरफ पुलिस लगा दी गई। नदी में बने पुल के ऊपर गोताखोर मौजूद थे। एंबुलेंस भी खड़ी रही।

## गैगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफतार

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारंटी, क्षेत्रान्तर्गत सराय खण्डेराय टेउंगा स्थित उसके घर से 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त देवीशंकर पाण्डेय उर्फ साजन पाण्डेय उपरोक्त थाना कोतवाली नगर के मु0अ0सं0-415,24 धारा 2,3 गैंगेस्टर एक्ट में था वांछित ।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायण वैश के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष उ0नि0 विनीत कुमार उपाध्याय मय हमराह का0 जन्मेजय चौरसिया, का0 कुशाल सिंह, का0चालक विशाल कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-415,24 धारा 2,3 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ से संबंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया ।

# महिला को पेड से बांधकर बाल काटने व मुंह पर कालिख पोतने के मामले में 17 आरोपी गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** प्रेम प्रपंच को लेकर महिला को पेड से बांधकर उसका बाल काटने व मुंह पर कालिख पोतने के मामले में पुलिस ने 17 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों में महिला व पुरूष का मेडिकल कराकर सभी को जेल भेज दिया। हथिगवां के कुढ़ा छोटकी इब्राहिमपुर में गांव निवासी निशा देवी पत्नी हरीलाल पटेल को गांव के ही लवकुश पटेल से प्रेम प्रपंच को लेकर रविवार की सुबह पंचायत के दौरान पति समेत ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर उनके बाल काट दिए थे। यही नही उनके चेहरे पर कालिख पोत दिया था। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हथिगवां पुलिस द्वारा जांच में पाया गया कि महिला के पति व उसके परिवार के लोगों द्वारा महिला के शर्मसार की घटना को अंजाम दिया है। मामले में एचएसओ नंलाल सिंह ने विभिन्न धाराओं में 25 नामजद व 25 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मुकदमें के विवेचक एचएसओ अनिल कुमार को रविवार की शाम सूचना मिली कि घटना में शामिल महिलाएं बरौधा मोड़ के पास खड़ी है, जो कहीं जाने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रही है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए नामजद महिला आरोपित दुलारा देवी पत्नी सुरेश निवासी मस्तापुर, कुसुम देवी पत्नी राजकुमार, विजयलक्ष्मी पत्नी जियालाल, सुमित्रा देवी पत्नी बब्लू पटेल निवासीगण इब्राहिमपुर छोटकी कुढ़ा, प्रीती पटेल पत्नी जयसिंह निवासी सराय सुभद्रा थाना संग्रामगढ़, शिव पती पत्नी संग्राम निवासी कलवरिया कैमा, उमा पटेल पत्नी मैकूलाल निवासी ग्राम परसांपुर, अनीता देवी पत्नी कमलेश पटेल निवासी बाबागंज गुलनार थाना संग्रामगढ़ को हिरासत में ले लिया। वहीं सोमवार की सुबह वांछित की तलाश में भ्रमण कर रहे एचएसओ नंदलाल सिंह को सूचना मिली कि बरौधा हनुमान मंदिर के पास महिला का बाल काटने व कालिख पोतने वाले कुछ आरोपित खड़े है, जो कहीं भागने की फिराक में हैं। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपित हरीलाल पुत्र रामबहादुर पटेल, राजेश कुमार पुत्र रामफल, जियालाल पुत्र रामदुलारे, राजू पटेल पुत्र भैरो प्रसाद, भारत लाल पटेल पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार पटेल पुत्र राधेश्याम पटेल, सरजू प्रसाद पुत्र बैजनाथ पटेल, अनुज कुमार मिश्रा (प्रधान प्रतिनिधि) पुत्र घनश्याम मिश्रा निवासीगण ग्राम इब्राहिमपुर छोटकी कुढ़ा, जयसिंह पटेल पुत्र शिवपूजन निवासी सराय सुभद्रा थाना संग्रामगढ़ को गिरफ्तार कर थाने ले गई। जहां से पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## कापी एवं पेन पाकर खुशी से झूम उठे बच्चे



लोकमित्र ब्यूरो

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के तीन प्राथमिक विद्यालयों में सेवानिवृत शिक्षक द्वारा पेन एवं कॉपी बांटा गया।पेन एवं कॉपी मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक साफ तौर पर देखने को मिली। जौनपुर जनपद में कार्यरत शिक्षक अखिलेश कुमार सिंह सेवानिवृत्त होने के बाद उनके मन में विचार पैदा हुआ कि क्यों ना सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर बच्चों के लिए कुछ ना कुछ किया जाए।इसी क्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी पट्टी गुलाब चंद से बात की और उनसे क्षेत्र के सम्मानित विद्यालयों की जानकारी ली और उनसे अपने विचार को प्रकट किया।खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों की संख्या के हिसाब से रायपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय,लोनियापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय व बहुता गांव स्थित प्रजापति बस्ती प्राथमिक विद्यालय को चिन्हित किया। इसके बाद सेवानिवृत्त शिक्षक के साथ स्वयं भी जाकर इन विद्यालयों में बच्चों को कापी पेन का वितरण कराया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक के इस कार्य से बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ है तथा बच्चों में खुशी का माहौल व्याप्त है।इस दौरान एआरपी अरुण कुमार यादव,रायपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद यादव सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## विवाद में दो भाइयों पर चाकू से हमला, मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ** पुराना कुंडा मोहल्ला निवासी संतोष सरोज के 25 वर्षीय बेटे नीरज सरोज, 38 वर्षीय बेटे विष्णु सरोज व मोहल्ले के ही शोनू, मोनू से किसी बात पर विवाद हो गया। नशे में धुत लोगों में विवाद के दौरान सोनू का पक्ष हमलावर हो गया। चाकू से हमला किया तो नीरज, विष्णु गंभीर घायल हो गए। दोनों को लहूलुहान देख हमलावर सोनू मोनू धमकी देते भाग निकले। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को सीएचसी भेजा। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की मां रामकली पत्नी संतोष कुमार ने पुलिस को मामले में नामजद तहरीर दी। रामलली की तहरीर पर पुलिस ने सोनू, मोनू के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने सोनू को हिरासत में लिया है, जबकि मोनू की तलाश की जा रही है।

# वृक्ष लगाये पर्यावरण बचायें - प्रमिला शुक्ला

● लायंस क्लब शक्ति ने लगाये पौधे



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** लायंस क्लब शक्ति के तत्वाधान में वाव एजुकेशन चौरा अमेठी रोड के प्रांगण में संगठन के नारी शक्तियों के द्वारा वृक्षारोपण का जागरूकता अभियान के क्रम में जागरूकता अभियान तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया तथा बच्चों को वृक्षारोपण के फायदे के बारे में जागरूक करते हुए प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष प्रमिला शुक्ला ने वृक्ष लगाए पर्यावरण बचाएं का नारा दिया और बच्चों को जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाकर उनका संरक्षण भी बहुत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि लोगों को लगता है कि वृक्ष लगाकर फोटो खींच लेने से ही हमारी जिम्मेदारी पूरी हो जाती है। यह अच्छी बात है कि वृक्ष लगाकर फोटो खींचा है उसे सोशल मीडिया पर डालें जिससे और लोग भी जागरूक हो। परंतु पर्यावरण के संरक्षण के लिए उन वृक्षों का संरक्षण भी जरूर करें।संस्थान के सचिव डॉक्टर अवंतिका पांडे ने पौधों के आयुर्वेदिक लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि हमें अपने आसपास के पौधों से ही इतनी औषधी प्राप्त हो जाती हैं जो की विभिन्न प्रकार की बीमारियों को दूर करने में सहायक होती हैं वृक्ष हमें फल देते हैं यदि हम रोज दो फल खाएं तो हमें कमजोरी और बहुत सारी बीमारियों से मुक्ति मिल सकती है ।नीम ऐसा वृक्ष है जो की सौंदर्य वर्धक और एंटीसेप्टिक का भी काम करता है इसके अलावा जामुन मधुमेह के रोगियों में बहुत फायदेमंद होता है अर्जुन की छाल हृदय रोगियों में लाभकारी होती है साथ ही साथ हल्दी मै करक्यूमिन होता है बहुत सारे रोगों में उपचार के लिए प्रयोग किया जाता है। इसी प्रकार लौंग और पिपरमेंट को हम माउथवॉश की तरह प्रयोग कर सकते हैं जिससे सांस में ताजगी बनी रहती है इसलिए हमें अधिक से अधिक मात्रा में वृक्ष लगाना चाहिए क्योंकि वृक्ष हमें कुछ ना कुछ देते ही है उनका हमें अधिक से अधिक संरक्षण करना है। उक्त अवसर पर मनप्रीत कौर, पिंकी दयाल, अनीता पांडे तथा पतंजलि योग समिति की अध्यक्ष वंदना मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।उक्त कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकों तथा निदेशक उपहार श्रीवास्तव तथा प्रबंधक हर्षित श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में बच्चों ने भी उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## मोबाइल पर युवक भेज रहा अश्लील मैसेज, केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ** इलाके के एक गांव की हरिजन महिला ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक उसे और उसकी 19 वर्षीय बेटी को रोज परेशान कर रहा है। आरोपित युवक अलग-अलग मोबाइल नम्बरों से पीड़िता और उसकी बेटी की अश्लील फोटो फेसबुक पर मोबाइल नम्बर के साथ वायरल कर रहा है। विरोध करने पर वह मां-बेटी दोनों को उठवा लेने, जान से मारने की धमकी देता है। जिससे मां-बेटी दोनों दहशत में हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## मनरेगा की बकाया राशि भुगतान को लेकर ग्राम प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन



**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** विकास खंड गौरा का ग्राम प्रधान संघ मनरेगा कार्य में बकाया धनराशि का भुगतान न किए जाने से नाराज है। ग्राम प्रधानों ने सोमवार को खंड विकास अधिकारी गौरा को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री के पास भेजे जाने का अनुरोध करते हुए भुगतान कराए जाने की मांग की। इस दौरान ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष सोनिया देवी, ललिता यादव, रीता देवी, अनुज कुमार, मदन यादव, नजमा, राकेश कुमार सहित ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बिहार ब्लॉक में प्रधानों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार/ प्रतापगढ़** विकासखंड बिहार मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रधान संघ के बिहार ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी सुग्गा के नेतृत्व में विकासखंड के प्रधानों की बैठक आहूत की गई। इसमें नवागत खण्ड विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह के आने के बाद यह प्रधान संघ की पहली बैठक थी।बैठक में ग्राम सभा के विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ विकासखंड के कर्मचारियों द्वारा किसी भी प्रधान की अनदेखी न की जा सके। सभी प्रधान अपनी अपनी ग्रामसभा में समग्र विकास कर सके। इसके लिए विकास खंड के नवागत खंड विकास अधिकारी और कर्मचारियों से प्रधानों के बीच बेहतर सामंजस्य के साथ विकास कार्य तेजी के साथ हों । इन्ही सब बिंदुओं के ध्यान में रखकर प्रधानों के बीच विस्तृत वार्ता हुई। इस बीच बैठक में मौजूद सभी प्रधानों ने अपनी अपनी समस्याओं से प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष को अवगत कराया। इस दौरान प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी प्रधानों के हित को ध्यान में रखते हुए सभी को साथ लेकर चलने की बात पर बल दिया। तदुपरांत नवागत खंड विकास अधिकारी के ब्लाक मुख्यालय पहुंचने पर मौजूद सभी प्रधानों की परिचयात्मक मुलाकात भी हुई।बैठक की अगुवाई प्रधान संघ जिलाध्यक्ष नवीन सिंह पिंटू के नेतृत्व में विकासखंड अध्यक्ष द्वारा की गई।इस मौके पर गबलू सिंह,संतोष पांडेय,पिंटू सिंह,रामशिरोमणि यादव,पिंटू दुबे,सत्येंन्द्र सिंह,राहुल मिश्रा,ऊदल मिश्रा,ज्ञानेंद्र सिंह,सिद्धनाथ यादव ,पिंटू मिश्रा,रमेश सरोज,डब्बू सिंह,पीयूष सिंह, अमन सिंह,कुंवर सत्येंद्र सिंह,आशीष विश्वकर्मा,धीरेंद्र मिश्र पिंटू समेत प्रधान /प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।गबलू सिंह और पिंटू सिंह ने भी बैठक में समस्याओं के बारे में अपने-अपने सुझाव दिये।ब्लाक प्रधानसंघ अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी सुग्गा ने बैठक में शामिल सभी प्रधानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

## दबंग भाइयों ने जमीन कब्जे का विरोध करने पर युवक को दी धमकी

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के लाला का पूरा मजरा पंसौर गांव में दबंग भाई एक युवक के जमीन पर गिट्टी बालू रखकर कब्जा करना चाहते हैं। युवक के विरोध करने पर वह सभी उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पंसौर गांव के मजरा लाला का पूरा निवासी रोहित सिंह पुत्र भंवर सिंह के अनुसार बंटवारे के बाद उसको मिली जमीन खाली पड़ी है।कुछ दिनों पूर्व पड़ोसी दबंग भाइयों ने उसकी खाली जमीन पर ईट,बालू और गिट्टी रख लिया। विरोध करने पर उन्होंने कुछ दिनों बाद जमीन खाली करने को कहा था। रविवार को उन भाइयों ने उसकी जमीन पर ईट बिछाना शुरू कर दिया। जानकारी पाकर वह मौके पर पहुंचा और ईट बिछाने का विरोध किया।आरोप है कि विरोध करने पर दबंग भाई रोहित के साथ गाली-गलौच कर मारपीट की धमकी दी।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दबंग ने पुराने विवाद में युवक को पीटकर किया लहूलुहान

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के मलाक नागर गांव में रविवार की शाम पुराने विवाद में दबंग ने एक युवक को जमकर पीट दिया। पिटाई से युवक लहूलुहान हो गया।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल युवक ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के मलाक नागर गांव निवासी सुरेश कुमार पुत्र हीरालाल मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार रविवार की शाम वह घर के बाहर बैठा था।इसी दौरान उसका विपक्षी हाथ में डंडा लेकर वहां पहुंचा और पुराने विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से वह लहूलुहान हो गया।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल युवक ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दूसरी शादी का विरोध करने पर महिला दे रही है आत्महत्या की धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के उमरपुर मजरा हुसैनमई गांव में एक महिला अपने पति को तलाक दिये बिना दूसरी शादी करने पर आमादा है।परिजनों के विरोध करने पर महिला आत्महत्या करने की धमकी दे रही है। परिजनों के समझाने के बावजूद वह मानने को तैयार नहीं है। परेशान पिता ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।संदीपन घाट क्षेत्र के उमरपुर मजरा हुसैनमई गांव निवासी मुकेश कुमार चौहान पुत्र रामकुमार के अनुसार उसने अपनी पुत्री अंजना का विवाह 3 वर्ष पूर्व मथुरा जनपद निवासी माधव सिंह के साथ किया था। दोनों से डेढ़ वर्ष की एक बच्ची है।वह 6 माह पूर्व अपने पति और बच्ची को छोड़कर उमरपुर गांव मायके में रह रही है। वह ससुराल जाने को तैयार नहीं है। वह अपने पसंद के एक लड़के से शादी करना चाहती है।पहले पति को तलाक दिए बिना दूसरी शादी करने का परिजन विरोध कर रहे हैं। आरोप है कि परिजनों के शादी का विरोध करने पर अंजना आत्महत्या करने की धमकी दे रही है। परिजनों ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया मगर वह मानने को तैयार नहीं है। पीड़ित पिता ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दबंगों ने रास्ते के विवाद में महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के नईम मिंया का पूरा में रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने एक महिला को पीट दिया। इससे उसको काफी चोटें आई। घायल महिला ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।कस्बा चायल के नईम मियां का पूरा मोहल्ला की प्रीति देवी पत्नी राम विशुन के मुताबिक गांधीनगर मोहल्ला के एक परिवार से रास्ते को लेकर उसका विवाद चल रहा है। इसी को लेकर सप्ताह भर पहले चायल चौकी में समझौते के लिए दोनो पक्षो को पुलिस ने बुलाया था। मामले में समझौता न होने पर प्रीति चौकी से घर जा रही थी। चायल पुलिस चौकी गेट के बाहर पहले से घात लगाकर बैठे दबंगो ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया।आरोप है कि विरोध करने पर दबंगों ने लाठी और डंडे से उसकी पिटाई कर दी। पिटाई से वह लहूलुहान हो गई। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रविवार शाम आरोपी निरंजन पुत्र शेरा, विजय पुत्र सुचित समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है।

## नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को 05 वर्ष कठोर कारावास की दिलायी गयी सजा



**कौशाम्बी।** 03 फरवरी, 20217 को थाना सराय अकिल पर नाबालिग से छेड़खानी के सम्बन्ध में एससी एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी शंहशाह निवासी युसुफपुर थाना सराय अकिल को न्यायालय एडीजे-07 पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए आरोपियों को 05 वर्ष कठोर कारावास तथा 25,000 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत आर्म्स एक्ट सम्बन्धित अतीक अहमद निवासी हटवा थाना पूरामुफ्ती को न्यायालय सीजेजेडी, एफ्टीसी प्रथमजनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बिताई गयी अवधि व 500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिन के कारावास की सजा सुनायी गयी।

## बैजनाथ धाम के लिए कादीपुर से रवाना हुआ कावड़ियो का जत्था



**सिराथू, कौशाम्बी।** सावन माह के सातवे दिन सिराथू तहसील के कादीपुर गांव से कावड़ियों का एक जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। गांव के गणमान्य लोगों ने कावड़िए के जत्थे का स्वागत करते हुए विदा किया।सिराथू तहसील क्षेत्र के कादीपुर गांव से रविवार को कांवड़ यात्रा के लिए कावड़ियों का एक जत्था रवाना हुआ । ये कावंडिए सुल्तानगंज से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए बाबा बैजनाथ जी को जल चढ़ाएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांडेय , अनिल कोटेदार , नितिन तिवारी , अनूप शुक्ला , विनय तिवारी , अंकित त्रिपाठी , ग्राम प्रधान राममिलन पटेल , रामू त्रिपाठी , कौशल किशोर त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने की चतुर्थ जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक

### ● विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एंव दस्तक अभियान के कार्यो की हुई समीक्षा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एंव दस्तक अभियान को लेकर चतुर्थ जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वयक समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य विकास अधिकारी न` विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एंव दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए अब तक किए गए अभियान के तहत कार्यो की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान शासन की महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं तथा मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जिला पंचायतराज अधिकारी को झाड़ियां की कटाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की सफाई कराने के निर्देश दियें थे। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा था कि नगरीय क्षेत्रों के जिन वार्डो के नालियों की साफ-सफाई अभी तक नहीं हुई है, उनकी साफ-सफाई करा लिया जाय। वर्षा के दृष्टिगत कहीं भी जल-जमाव न होने पाये, जल-जमाव होने से अनेक बीमारियाँ फैलती हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा के समय सर्प काटने की घटनायें अधिक आती हैं, इस सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जाय कि सर्प काटने पर झॉड़-फूॅंक न कराकर पीड़ित व्यक्ति को अपने नजदीकी अस्पताल में शीघ्र ही लेकर जायें। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी व पीएचसी में एन्टी स्नेक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के साथ ही एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग कराने के भी निर्देश दियें। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि, जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा, डब्लूएचओ व यूनिसेफ के प्रतिनिधि व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो के अधीक्षक व विभिन्न विभागों के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सामुदायिक भागीदारी दिवस के अंतर्गत बताया विद्यांजलि प्रोग्राम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** शिक्षा सप्ताह के सातवें दिन विकास खंड सिराथू के जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सामुदायिक भागीदारी दिवस मनाया गया ।जिसमें विद्यालय की शिक्षिका शालिनी सिंह ने बच्चों को विद्यांजलि प्रोग्राम के बारे में बताया , साथ ही साथ विद्यांजलि प्रोग्राम का लोगो बनवाया गया। इसके बाद हमारे वालिंटियर को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। इसके बाद उनके नाम लिखकर सम्मान दीवार पर चिपकाए गया। सामुदायिक भागीदारी में हमारे स्कूल को हमेशा प्रोत्साहित करने वाले अभिभावकों को भी बुलाया गया। अभिभावकों ने अपने विचार भी रखें और सभी को विद्यांजलि कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि विद्यांजलि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है जिसका उद्देश्य देश भर में सामुदायिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को मजबूत बनाना है। यह पहल स्कूलों को भारतीय प्रवासियों से विभिन्न स्वयंसेवकों जैसे युवा पेशेवरों, सेवानिवृत्त लोगों से जोड़ने में मदद करती है।मोबाइल के माध्यम से बच्चों को विद्यांजलि कार्यक्रम दिखाया गया।

## आबकारी अधिनियम के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम सम्बन्धित आरोपी हरीलाल निवासी असवा थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को जेल में बिताई गयी अवधि व 2500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिन के कारावास की सजा सुनायी गयी। थाना कोखराज पर पंजीकृत भोला सरोज निवासी काकराबाद थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपी को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिन के कारावास की सजा सुनायी गयी।

# जिले की शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था पर डीएम की पैनी नजर

**● हुक्मरान की मुहीम से दोनो विभागो के जिम्मेदारों में हड़कंप**
**● शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे जिम्मेदार**



**आबिद हुसैन/ रवि अग्रहरि**
**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिले की शिक्षा व्यवस्था को लकदक करने की मुहीम है , डीएम कौशांबी मौजूदा समय परिषदीय विद्यालयों पर खासा संजीदा है , उनका मानना है कि परिषदीय विद्यालयों को शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करना बेहद आवश्यक है तभी जिले की शिक्षा व्यवस्था को मुखर किया जा सकता है , इसके लिए वह विभिन्न विभागों के नुमाइंदों को भी जरूरी फरमान जारी कर चुके हैं माना तो यह भी जा रहा है की डीएम की इस पहल की खासा असर परिषदीय विद्यालयों में नजर आ रहा है।

तकरीबन एक माह पहले जिले की कमान संभालने के बाद डीएम कौशांबी मधुसूदन हुलगी ने जिले की शिक्षा एवं स्वास्थ व्यवस्था को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है , शुरुवाती दौर में ही उन्होंने दोनो विभागो की मैराथन बैठक करके वास्तविकता को परखा बाद में विभागीय जिम्मेदारो को जरूरी दिशा निर्देश देने के बाद दोनो विभागो की व्यवस्था को लकदक करने के लिए खुद ही कमान थाम ली ।

एक ओर जहां उन्होंने परिषदीय विद्यालयों को दुरुस्त करने की मुहीम में ताबड़तोड़ विद्यालयो का निरीक्षण करके तैनात शिक्षको को यह एहसास करा दिया की यदि शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हुई तो उनकी व्यवस्था भी गड़बड़ा जा जायेगी ,यह इशारा भांपते ही बहुतेरे शिक्षको की मनमानी पर अंकुश तो लगा ही साथ ही साथ विभागीय जिम्मेदार भी सकते में आ गए। जानकारो की माने तो महज कुछ दिनों में सरसवा ब्लॉक में 106 और चायल में 56 विद्यालय का खुद और विभिन्न विभागों के जिम्मेदारो से निरीक्षण कराकर वास्तविकता परखी जानकारो का कहना है कि इस पड़ताल में उन्हें ठीकठाक नजर नहीं आया। नतीजतन जिलाधिकारी ने अपना रुख सख्त कर विभागीय जिम्मेदारो को कड़ा फरमान जारी कर व्यवस्था को लकदक करने की कड़ी हिदायत दे दी।

लगभग यही रुख उन्होंने स्वास्थ विभाग को लेकर अपना रखा है। अस्पतालो की हकीकत खंगालने के साथ साथ चिकित्सको व विभागीय जिम्मेदारो को स्वास्थ्य व्यवस्था लकदक रखने का साफ निर्देश दे दिया है। कहा तो यहां तक जा रहा है की डीएम के इस रुख से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची हुई है वही दूसरी ओर व्यवस्था में बदलाव तेजी से आने लगा है । आने वाले समय में डीएम के इस रुख से शिक्षा व स्वास्थ्य में और क्या बदलाव होते हैं यह फिलहाल समय के गर्त में है ,पर इतना तय है की डीएम की इस रुख से एक और जहां जिले की अवाम को अव्वल दर्जे की स्वास्थ्य व्यवस्था व छात्रों एवं नौनिहालों को शानदार शिक्षा मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

## किशोरी पड़ोसी गांव के प्रेमी संग फरार

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम घर में रखी नगदी लेकर किशोरी लापता हो गई। घर लौटने पर उसे न देख परिजनों के होश उड़ गये। उन्होंने किशोरी की खोजबीन शुरू की।इसी दौरान पता चला कि वह घर में रखे नगदी को लेकर पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ कहीं चली गई है। रविवार को पीड़ित पिता ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस किशोरी के सुराग में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार शनिवार को वह पत्नी के साथ खेत की ओर गया था। इसी दौरान उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से लापता हो गई।शाम को लौटने पर घर में किशोरी को न देख उसके होश उड़ गए। उसने बेटी की काफी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह घर में रखा 5 हजार रुपए लेकर पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ फरार हो गई है।

# पोर्टल में सभी पेंडेंसी शून्य करें प्रधानाध्यापक- नीरज उमराव



**▶▶ बीआरसी कड़ा में आयोजित हुई प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** ब्लाक संसाधन केंद्र कड़ा के सभागार में सोमवार को ब्लाक के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन दो पालियों में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत स्कूलों में संचालित गतिविधियों एवं क्रियाकलापों के क्रियान्वयन एवं बेहतर समन्वयन, नवीन नामांकन सचारी रोग एव दस्तक अभियान पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन, विभिन्न आनलाइन प्लेटफार्मो सतत अनुश्रवण एवं अकादमिक पहलुओं के संचालन सहित अन्य विविध विषयों में खंड शिक्षा अधिकारी ने जानकारी प्राप्त किया और उससे संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों से नवीन नामांकन, डी बी टी पेंडेंसी, प्रेरणा पोर्टल, एनबीएमसी पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के आधार पर सभी बिंदुओं पर विद्यालय वार समीक्षा करते हुए पेंडेंसी को शून्य कर समय से पूरा करने को निर्देशित किया। एआरपी प्रभाकर मिश्र, रणधीर सिंह, राम कृष्ण, किशोर कुमार गुप्ता व सुरेंद्र कुमार मौर्य ने एकेडमिक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जानकारी प्रदान किया।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत मूलभवन निवासी मलाक भायल थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपी को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बिताई गयी अवधि व 1500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिन के कारावास की सजा सुनायी गयी।

## पड़ोसी महिला ने बेटे संग पुराने विवाद में मां-बेटे को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के रेही गांव में सोमवार की सुबह पड़ोसी मां-बेटे ने पुराने विवाद में घर पर चढ़कर महिला और उसके बेटे को डंडों से पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल मां-बेटे ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पिपरी थानाक्षेत्र के रेही गांव की निर्मला देवी पत्नी नन्दलाल ने बताया कि सोमवार की सुबह वह खेत से घर लौट रही थी। दरवाजे पर पहुंचते ही पड़ोसी महिला अपने पुत्र के साथ उसके दरवाजे पर पहुंची और पुराने विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगी। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने डंडों से उसकी पिटाई करना शुरु कर दिया।मां को बचाने पहुंचे उसके पुत्र मोनू को भी पीटा। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल मां-बेटे ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## एडीजे पूर्णिमा ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय श्री लालबहादुर शास्त्री इंटर कालेज में सोमवार को सेव द गर्ल चाइल्ड एंड एजुकेटेड चाइल्ड कार्यक्रम के दौरान अपर जिला जज पूर्णिमा प्रांजल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज स्कूल के प्रांगण में सेव द गर्ल चाइल्ड एंड एजुकेटेड चाइल्ड कार्यक्रम के दौरान अपर जिला जज पूर्णिमा प्रांजल , प्रधानाचार्य डॉ संतोष कुमार मिश्रा एवं क्रीडा अध्यक्ष विनोद यादव की उपस्थिति में जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सीनियर बालिका वर्ग में प्रियंका गुप्ता, जूनियर बालिका वर्ग में आरती पाल , सलोनी , फातिमा एवं बालक वर्ग में उपलक्ष साहू को मेडल पहनाकर उनका स्वागत किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पूर्णिमा प्रांजल ने बेटी पढ़ाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बालिकाओं को विधिक जानकारी प्रदान की और महिला अपराध से संबंधित विभिन्न पहलुओं को समझाया। कार्यक्रम का संचालन मो. इस्लाम ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य आर पी पाल, भीष्म चंद्र , बृजेंद्र , भूपेन्द्र, जयशंकर , दलजीत , अभिषेक , शैलेंद्र कुशवाहा , राजेश, राजेन्द्र, उमेश, मनोज, संदीप, शर्मा जी, सरिता पटेल,सरिता शुक्ला, शिवांगी,प्रियंका यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन और आवास में धांधली को लेकर गरजे भाजपाई, सौंपा ज्ञापन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** स्थानीय विकास खंड में निर्माणाधीन पंचायत भवन, प्रधानमंत्री आवास समेत अधिकारियों और कर्मचारियों के ब्लाक में समय से कार्यालय न पहुंचने पर भाजपाइयों में नाराजगी है। उन्होंने सोमवार को बीडीओ को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंप मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक शुक्ला के मुताबिक नेवादा ब्लाक के ग्राम पंचायत औधन में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 21 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवन का निर्माण शुरु किया गया था। आरोप है कि 18 नवंबर 2020 तक तत्कालीन पंचायत सचिव ने पूर्व प्रधान की मिलीभगत से 9.25 लाख रुपये मटेरियल खरीद के लिए निकाल लिया। खर्च की धनराशि के हिसाब से मौके पंचायत भवन का निर्माण नहीं किया गया है। आवंटित प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास में अपात्रों देकर अधिकारी जांच के नाम पर मनमाने ढंग से वसूली करते हैं। ग्राम पंचायत सचिव पोस्टिंग वाले गांव नहीं जाते हैं न ही समय से ब्लाक आते हैं। परिवार रजिस्टर की नकल के लिए सचिव मुंशी के जरिये अवैध वसूली करते हैं। ग्राम पंचायत डहिया में तैनात शौचालय केयर टेकर का 14 माह से मानदेय नहीं दिया गया है।अनियमितताओं को लेकर कार्यकर्ताओं चार दिवस के अंदर जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर मंडल मंत्री शमीम आलम, शक्ति केंद्र सयोंजक सुनील सिंह, संदीप साहू, राजेश सिंह, बाकेलाल, राजकुमार बाजपेई, ओम प्रकाश सोनी, चंद्रधर शुक्ल, सुनील कुमार, लालमन आदि लोग मौजूद रहे।

## चार वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक छोटेलाल सरोजमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी रामदेव उर्फ डल्यान सिंह यादव निवासी तुर्तीपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमारमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अनन्त प्रसाद पाल उर्फ बनारसी निवासी अचाकापुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक चन्दन सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी गोकुल प्रसाद निवासी कस्बा चायल थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक भगवान यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी मुकेश पासी निवासी कादिलापुर थाना पिपरी (वर्तमान जनपद प्रयागराज) को गिरफ्तार किया गया।

## सम्पादकीय


# डिजिटल एडिक्शन की लत घातक

देश के प्रत्येक नागरिक को मुफ्त इंटरनेट का अधिकार देने वाले निजी विधेयक पर विचार की मंजूरी सरकार ने दी है। पिछड़े व दूरदराज के क्षेत्रों के वासियों तक इंटरनेट सुविधाओं के लिए किसी प्रकार के शुल्क या खर्च का भुगतान नहीं करना होगा।राज्य सभा में यह विधेयक पहले ही पेश किया जा चुका है। दूरसंचार मंत्री के अनुसार राष्ट्रपति ने विधेयक पर विचार करने की सिफारिश की है। देश के पिछड़े व दूर-दराज के रहवासियों को समान रूप से इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के यह विशेष उपाय सरकार करेगी। डिजिटल विभाजन को पाटना आवश्यक है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार है। इसलिए उन्हें इंटरनेट का प्रयोग करने की सुविधा होना सकारात्मक सोच है।फोर्ब्स के अनुसार भारत में 2024 के शुरुआती दिनों में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले पूरी आबादी का 52 फीसद से अधिक हो चुके हैं। 36 फीसद ग्रामीण डिजिटल पेमेंट का प्रयोग कर रहे हैं। जो तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। बिजली कटौती में आ रही कमी और नौजवानों की बढ़ती आबादी भी इसकी बुनियाद में है। तकनीक ने रोजमर्रा के जीवन में अपनी अहमियत तेजी से बढ़ाई है। शिक्षितों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है, जिसके चलते लोग स्मार्ट फोन, कंप्यूटर व अन्य डिवाइसों का इस्तेमाल करना सीख रहे हैं।मुफ्त इंटरनेट देने का सरकार फैसला सकारात्मक कहा जा सकता है। मगर यह ख्याल भी रखना जरूरी है कि जनता नेट में खोज क्या रही है? आम भारतीय इंटरनेट का इस्तेमाल पढाई, जानकारी या सूचनाओं को एकत्र करने की अपेक्षा मनोरंजन, सेक्सुअल कंटेंट व अनावश्यक चीजों के लिए अधिक करता है।गूगल द्वारा प्रयोगकर्ताओं की सालाना की गई खोजों की सूची में भारतीय वर्षो से पोर्न क्लिप की खोज में अव्वल आते हैं। मुफ्त इंटरनेट का प्रयोग यदि इसी तरह किया जाता रहा तो समाज में व्यभिचार बढ़ने की आशंका हो सकती है। इसमें खास तरह का फिल्टर लगाना भी उचित नहीं कहा जा सकता। निःसंदेह ये सेवाएं सरकार किसी निजी संचार सेवा से लेगी, जिसका भुगतान करने में मोटी राशि खर्च की जाएगी। अच्छा विचार होने के बावजूद इंटरनेट मुफ्त देने से डिजिटल एडिक्शन की लत घातक हो सकती है। हां, इसे कुछ अवधि के लिए मुफ्त किया जाना चाहिए था।

### सुविचार




# कोचिंग सेंटर में हुई छात्रों की मौत का जिम्मेदार कौन



**अशोक मधुप**

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी (कोचिंग ) सेन्टर के बेसमेंट में अचानक बारिश का पानी घुस जाने से चार घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने से तीन छात्रों की मौत हो गई.घटना के समय बेसमेंट के पुस्तकालय में 30ल्35 छात्र थे. पानी आते देख बाकी निकल गए. तीन फंसे रह गए ,उनकी मौत हो गई.कोचिंग सेंटर के स्वामी और कांडथनेटर को गिरफ्तारकर लिया गया है.

इससे पहले मुकर्जी नगर दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में (15 जून 2023 ) को आग लग गई. छात्रों को कोचिंग सेंटर की खिड़की से निकलकर जान बचानी पड़ी. इस हादसे में 60 छात्र घायल भी हुए. कोंचिंग सैंटर में हादसे होना , प्रतिभागियों का आत्महत्या करना आज आम है.घटना होती है. जांच के आदेश होते हैं किंतु होता कुछ नही।कोचिंग सैंटर चलाने वाले भारी प्रभावशाली है. दूसरे हमारी व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है. पैसे के सामने इंसान की मौत की फाइले कूड़े में चली जाती हैं, फिर एक नया हादसा होता है.फिर जांच होती है,फिर फाइल कूड़े में चली जाती है.राजेंद्र नगर के कोचिंग सैंटर में मृतक छात्रों की पहचान तानिया सोनी, श्रेया यादव (दोनों की उम्र 25 वर्ष) और नवीन डेल्विन (28) के रूप में की गई है. तानिया तेलंगाना और श्रेया उत्तर प्रदेश की थीं, जबकि नवीन केरल के निवासी थे. वे सभी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। शनिवार को कई छात्र कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में थे कि अचानक सैलाब सा आया और उसमें तीन छात्रों की तड़पकर मौत हो गई.बताया जाता है कि बेसमेंट की परमीशन स्टोर के लिए थी,लाइब्रेरी के लिए नही.फिर भी लाइब्रेरी चल रही थी. दिल्ली पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि पानी बेसमेंट तक कैसे पहुंचा, जिसका इस्तेमाल कोचिंग संस्थान लाइब्रेरी के तौर पर कर रहा था. प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बेसमेंट, जो जमीन से लगभग आठ फीट नीचे है, में एक लाइब्रेरी थी, जहां शनिवार शाम को कई छात्र मौजूद थे. सूत्रों के मुताबिक, भारी बारिश के बाद कोचिंग सेंटर का गेट बंद कर दिया गया . पानी को बिल्डिंग में प्रवेश करने से रोकने के लिए कोचिंग सेंटर के प्रवेश द्वार पर एक स्टील शेड लगाया गया है.पुलिस और अग्निशमन विभाग जांच कर रहे हैं कि बेसमेंट में पानी कैसे भरा .दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने शहर के उन सभी कोचिंग सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया जो इमारतों के बेसमेंट में चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कोचिंग सेंटर भवन निर्माण उपनियमों का उल्लंघन हैं और मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं. बताया जाता है कि नगर निगम की मिलीभगत से राजेंद्र नगर में 95 प्रतिशत कोचिंग बेसमेंट में चल रहे हैं. लगभग एक साल पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में 15 जून 2023 गुरुवार को लगी आग की घटना का शुक्रवार को खुद से संज्ञान लिया. कोर्ट ने दिल्ली सरकार, दिल्ली फायर सर्विस डिपार्टमेंट, दिल्ली पुलिस और एमसीडी को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है. कोर्ट ने फायर सर्विस डिपार्टमेंट को निर्देश दिया कि वो ऐसे सभी संस्थानों में आग से बचाव के इंतजामों (फायर सेफ्टी ऑडिट) और उनके फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की जांच करे. ये आदेश दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 जून 2023 को दिए। जांच ये भी होनी चाहिए कि कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में क्या हुआ? कहीं सब खानापूरी होकर ही तो नही रह गई? यदि उस समय सही से जांच हो जाती। गलत रूप से चल रहे केंद्र बंद हो जाते तो निश्चित रूप से ये हादसा नही होता।ये हादसा इस बात को चिल्लाल्र चिल्लाकर बता रहा है कि ये जांच सही नही हुई।घटना होती है. जांच के आदेश होते हैं.ये ही आदेश जांच अधिकारियों को लूट का अधिकार दे देते हैं.इस आदेश के बाद जांच अधिकारी जाएंगे, कोचिंग सैंटर में कमी निकालेंगे.नोटिस देंगे. अपना सुविधा शुल्क वसूलेंगे और कुछ दिनों बाद सब फाइलों में दबकर रह जाएगा. कुछ समय बाद फिर हादसा होगा, फिर जांच होंगी।फिर अधिकारियों को आपदा में अवसर मिलेंगे.




फिर खेल होगा. सब ऐसे ही चलता रहेगा, जैसे चल रहा है। इस भ्रष्ट हो चुकी सरकारी मशीनरी के सुधरने की उम्मीद नहीं लगती। कठोर अनुशासन लागू किये बिना ये सुधरने वाली नहीं।जरूरत सरकारी तंत्र को सुधारने की है.दरअस्ल मुकर्जी नगर हिंदी भाषी छात्रों और राजेंद्र नगर अंग्रेजी भाषी छात्रों का सिविल सेवा की तैयारी करने के बड़े केंद्र बन गया है। यहां कई कोचिंग संस्थानों का घर है.हर वर्ष सिविल सर्विसेज की परीक्षा में सबसे ज्यादा अभ्यर्थी भी यहीं से चयनित होते हैं.एक जानकारी के अनुसार यूपीएससी की सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी करने के लिए मुखर्जी नगर व आसपास के क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष करीब एक लाख छात्र तैयारियों के लिए पहुंचते है। मुखर्जी नगर इलाका अपने आप में मिनी भारत है। यही हालत राजेंद्र नगर की भी है. यहां हर वर्ष प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा, कर्नाटक, उड़ीसा, पूर्वोत्तर राज्यों से भी छात्र पहुंचते हैं.मुखर्जी नगर और राजेंद्र नगर में में यूपीएससी की सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाले महंगे से लेकर सस्ते कोचिंग भी मौजूद हैं. यही वजह है कि यहां पर आर्खिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले बच्चे भी अपनी तैयारी आसानी से कर लेते हैं.मुखर्जी नगर और राजेंद्र नगर क रिहायशी इमारतों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने का गढ़ बन चुका है. बीते एक दशक में यहां कोचिंग सेंटरों की बाढ़ आ गई है. ज्यादातर घरों में या तो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं या फिर लाइब्रेरी या पीजी बनाकर संपत्ति मालिक चांदी काट रहे हैं लेकिन नगर निगम को शुल्क देने में अब भी कतराते हैं. इन संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है. ज्यादातर इमारतों को कोचिंग संस्थान में बदलने के लिए भवन उपनियमों का उल्लंघन किया गया है. तय मानकों को नजरअंदाज कर कमरों को हाल में तब्दील कर दिया गया है।

इसके चलते कई इमारतें ढांचागत रूप से कमजोर भी हो गई हैं. यूपीएससी, एसएससी आदि की तैयारी करने वाले छात्र कोचिंग संस्थान संचालकों की मनमानी के खिलाफ आवाज नहीं उठा पाते . इन्हें क्लास में भेड़-बकरियों की तरह ठूस कर पढ़ाया जाता है. 25 मई 2019 को गुजरात के सूरत के एक कोचिंग में आग लगने से 22 छात्र की मौत के बाद गुजरात सरकार ने अग्नि सुरक्षा निरीक्षण किए जाने तक गुजराज सरकार ने राज्य के सभी निजी कोचिंग केंद्रों को बंद करने का आदेश दिया.

सरकार ने स्कूलों, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों, अस्पतालों, शॉपिंग मॉल और अन्य व्यावसायिक भवनों के अग्नि सुरक्षा निरीक्षण का भी आदेश दिया. दिल्ली अग्निशमन सेवा ने दिल्ली के सभी कोचिंग सेंटरों का अग्नि सुरक्षा निरीक्षण करने का निर्णय लिया था. उस समय भी आदेश हुए थे.जांच हुई. नियमों के विपरीत चलने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई पूरी कर दी गई. लोगों से संबधित अधिकारियों का प्रसन्न कर दिया. काम पहले ही तरह ही चलता रहा.इसमें भी ऐसा ही होता लगता है।दरअस्ल इस तरह की बड़ी घटनाएं संबधित अधिकारियों की आय का माध्यम बनते हैं.देखने में आया है कि विभाग के अधिकारी निरीक्षण कर कमी बता देते हैं। नोटिस भेज देतें हैं.प्राय इन्होंने ही अग्निशमन सुरक्षा के उपकरण लगाने वालों से मेलल्र्जोल कर रखा है। ये उपकरण लगाने वाले विभागीय अधिकारियों के चहेते होते हैं तो काम मानक के अनुरूप नही करते। पूरा पैसा लेकर भी काम पूरा नही करते।सब पहले की तरह ही चलता रहता है. ऐसे में हादसे होने पर जब तक व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई नही होती , तब तक कुछ सुधरने वाला नही है. जांच करानी चाहिए कि इसमें किसल्र किस विभाग के अधिकारी की गलती रही है. किसने जिम्मेदारी नही निभाई.जिम्मदारी तै होने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई भी होनी चाहिए,उनपर गैर इरादतन हत्या के मुकदमें दर्ज होने चाहिएं,भले ही वह रिटायर हो गए हों.

यह भी तै होना चाहिए कि 2019 की सूरत की घटना के बाद हुई जांच में क्या हुआ था।इसके बिना कुछ होने वाला नही है.इस प्रकरण में तो नगर निगम् की लापरवाही सीधेल्र सीधे नजर आती है। बिना अनुमति बेसमेंट में चलते कोंचिग पर रोक लगाना उसकी जिम्मेदारी है।दूसरी नालों की सफाई उसीका कार्य है। दोनो में लापरवाही हुई है। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## सरोकार

# देश विरोधी ताकतों का अड्डा बन गये हैं जन सुविधा केन्द्र

उत्तर प्रदेश में जन सुविधा केन्द्र अराजकता के अड्डे बनते जा रहे हैं। इन पर सरकारी नियंत्रण नहीं के बराबर नजर आता है। इनके कामकाज की कभी समीक्षा भी नहीं होती है,जिसके चलते यह खूब मनमानी और फर्जीबाड़ा करते रहते हैं। नकली जन्म प्रमाण पत्र से लेकर फर्जी आधार कार्ड, दिव्यांगों, वृद्धजनों, विधवा पेंशन जैसे तमाम सरकारी योजनाओं का फार्म भराने, सब में यहां धांधली का बोलबाला रहता है। आज भले ही यूपी के रायबरेली जनपद का सलोन कस्बा अवैध जन्म प्रमाण पत्र बनाने का केन्द्र बनने के कारण सुर्खियां बटोर रहा हो,लेकिन यूपी में ऐसे कई 'सलोन कस्बे' हैं जिन पर आज तक किसी का ध्यान नहीं गया है। यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि बड़ी संख्या में जन सुविधा केन्द्र राष्ट्र विरोधी कृत्यों का ठिकाना बने हुए हैं।रायबरेली के सलोन कस्बे में दूसरे प्रांतों से आए लोगों का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने का मामला न सिर्फ गंभीर है बलिक आंतरिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। जिस कस्बे की आबादी ही लगभग 20 हजार हो वहां एक ग्राम विकास अधिकारी की आइडी से 19 हजार से अधिक जन्म प्रमाणपत्र बना दिए गए और किसी का इस ओर ध्यान ही नहीं गया। अब यह मामला सामने आया है। चैंकाने वाली बात यह भी है कि कुछ को छोड़कर सब के सब जन्म प्रमाण पत्र बंग्लादेश और रोहनियां मुसलमानों के बनाये गये हैं।

खास बात यह है कि यह सब थे तो घुसपैठिये मुसलमान लेकिन इनका जन्म प्रमाण पत्र हिन्दू नामों से बनाया गया था।ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) की मिलीभगत से बनाए गए इन फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के मामले में जो सनसनीखेज तथ्य सामने आ रहे हैं उसके अनुसार कुल बने 19,184 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्रों में अधिसंख्य हिंदू नामों से बनाये गये थे और न ही इनका मोबाइल नंबर था। इस बात की प्रबल संभावना है कि बांग्लादेशी व रोहिंग्या हिंदू नामों से यहां की नागरिकता हथियाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। स्लोन कस्बे में वीडीओ विजय यादव की मिलीभगत से जन सुविधा केंद्र संचालक जीशान, सुहैल और रियाज ने दो वर्ष में 19,184 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनो दिये,लेकिन एलआईयू से लेकर पुलिस तक को इसकी भनक तक नहीं लगी। एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि 19,184 में से सबसे ज्यादा 10 हजार प्रमाण-पत्र नूरूद्दीनपुर में बने हैं, जबकि वहां की आबादी ही 6,500 है।

इसी तरह लहुरेपुर गांव की आबादी 2,800 और मतदाता 1,489 है यहां जारी जन्म प्रमाण पत्रों की संख्या 3,841 है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इस फर्जीवाड़े की शुरूवात नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद से हुई। वीडीओ विजय यादव और जीशान ने किसी देश विरोधी ताकतों के इशारे पर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया,इसका पता लगाया जाना जरूरी है। फर्जी जन्मप्रमाण-पत्र कांड में बिहार, झारखंड व केरल के साथ विदेशी ताकतें भी शामिल हो सकती है। दरअसल, विजय यादव, जीशान के घर पर किराये पर रहता था। आरोपित वीडीओ मूल रूप से ऊंचाहार का रहने वाला है। छतोह से स्थानांतरण के बाद सलोन में अपनी तैनाती के कुछ समय बाद से ही वह जन सुविधा केंद्र संचालक जीशान के घर पर किराए पर रहने लगा था। कस्बावासियों के अनुसार कहने मात्र के लिए ही विजय किरायेदार था। कमाई का पैसा रोज शाम को सीधे जीशान के उस कमरे में आता था, जिस कमरे में विजय रहता था। वहीं पर रोज पार्टी होने के बाद पैसों का शेयर लगता था।

वहीं एसपी अभिषेक अग्रवाल का कहना है सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। लोगों का भौतिक सत्यापन करवाकर जल्द ही बड़े निष्कर्ष पर पहुंचेगे। वहीं डीपीआरओ सौम्यशील सिंह का कहना था एडीओ पंचायत ने जांच कर ली है। अधिसंख्य फर्जी जन्म प्रमाण-पत्रों पर हिंदू नाम है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि ये बांग्लादेशी व रोहिंग्यों ने बनवाए होंगे। बहरहाल, योगी सरकार के लिये जरूरी है कि इस घटना को प्रशासनिक स्तर पर एक सबक के रूप में देखा जाना चाहिए।

## राशिफल


**मेष**

आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। बिजनेस पार्टनर के साथ किसी विदेश की यात्रा का योग बन रहा है। किसी बहुत इम्पोर्टेन्ट पर्सन से मुलाकात होगी।


**वृष**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और निचले वर्ग के लोगों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी। ऑफिस में वह काम आपको आज मिल सकता है, जिसके लिए आप बहुत उत्सुक थे।


**मिथुन**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जाएंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। मेडिकल की शिक्षा प्राप्त कर रहे लोंगो को नये अवसर मिलेंगे। धार्मिक कार्य में आपकी रूचि बढ़ेगी।धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ कर हिस्सा लेंगे।


**कर्क**

आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे। आर्किटेक्ट और इंजीनियरिंग वालों के लिए आज सफलता भरा दिन है।


**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों का आज फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित जीवनसाथी आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बना रहेगा।


**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किये गये कार्यों में आपको सफलता मिलेगी परिवार को जोड़कर चलने से आपकी भूमिका बड़ी हो जाएगी, परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा आपको गर्व होगा।


**तुला**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके जीवनसाथी कोई जरूरत का सामान आपको गिफ्ट करेंगे।


**वश्चिक**

आज का दिन आपके लिए समान्य रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी, लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जायेगा। आज आपका जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा।


**धनु**

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आपको माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं।


**मकर**

आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियाँ लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। आप अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में विचार करेंगे। ऑफिस में आपके अच्छे काम को देखकर जूनियर आपकी ज्यादा रेस्पेक्ट करेंगे।


**कुम्भ**

आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। क्राकरी का बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी मिलेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है। बिजनेस के सारे रुके हुए कामों को आज आप पूरा कर लेंगे, आपकी टेंशन कम होगी। घर खरीदने का प्लान बना रहे लोगों का प्लान आज कामयाब होने का योग बन रहा है।


**मीन**

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ होगी। सोशल मीडिया से जुड़कर लोग अपनी अलग पहचान बनाएंगे। घर से निकलते समय माता जी से मिलकर ही निकले जिससे आपका दिन अच्छा और खुशहाली भरा रहेगा।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### तेरी जुस्तजू

इस दिल की रानाइयों में उतर कर देखना।
जरा फिर इधर से गुजर कर देखना।।
सुना है हंगामा बरपा कर वो भूल जाते हैं।
जरा मेरे सामने सब कुछ मुकरकर देखना।।
हर किसी ने पूछा मेरी बेचैनियों का सबब।
करार आयेगा मेरे पास दो घड़ी ठहर कर देखना।।
इस दिल में आबाद हो तुम हर लम्हा हर घड़ी।
ये धड़कनें गवाही देंगी बाहों में सिमट कर देखना।।
मेरी बेताबियों की कसम तुम अब भी मेरे हो।
रस्मे मोहब्बत में हवाओं का रुख बदल कर देखना।
शोहरते आसमाँ की रंगीनियों से जब दिल भर जाये।
बेलोस मोहब्बत की खातिर जमीं पर उतर कर देखना।।
यही इल्तजा है की दुआओं में याद रखना।
मिलने की कोशिश करना जरा साहिल पर चलकर देखना।।



**सुधाकर ईशी**
**वृन्दावन धाम कालोनी सेंधवा (मध्यप्रदेश)**
**जिला बड़वानी**

### अपनों से पीर

जब अपनों से ही मिले,हमको कोई पीर।
नैनों से झरने लगे,तब दुख वाला नीर।।
करो अगर अच्छा मिले,बदले में प्रतिकूल।
यही रीति है आज की,चुभा रहे जो शूल।।
हित के बदले हैं मिले,धोखा, कटुता खूब।
सबकी पावन भावना,गई नीर में डूब।।
भूल रहे अहसान को,अपने ही सब लोग।
खुदगर्ज़ी तो बन गई,अब तो गहरा रोग।।
युग उल्टा अब हो गया,लोग हुए खुदगर्ज़।
आस्तीन के साँप का,बढ़ता जाता मर्ज़।।
विश्वासों को मार दे,जब तेरा ही मीत।
पीर रचे तब दर्द का,कोई अनुपम गीत।।
पीर कष्ट देती हमें,करे अमंगल नित्य।
रखो धैर्य तो पीर भी,ला सकती लालित्य।।
पीर साध लो तो बने,जीवन इक वरदान।
सदा दिव्यता है मिले,बढ़े सतत् ही शान।।
पीर जगाती चेतना,देती नवल विवेक।
भीतर के आवेग से,होता सब कुछ नेक।।



**प्रो.शरद नारायण खरे**
**प्राचार्य**
**शासकीय जेएमसी महिला महाविद्यालय, मंडला (मध्यप्रदेश)**



# सावन के दूसरे सोमवार पर सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने टेका बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था

**▶▶शिवभक्तों के उमड़े सैलाब से दिन भर गूंजती रही देवनगरी, एसडीएम, सीओ समेत पुलिस व पीएसी के जवानों ने जमकर बहाया पसीना**





लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सावन माह के दूसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में शिवभक्तों को भोर होते ही बाबा के चरणों में मत्था टेकने में आस्था की उमंग में देखा गया। देर शाम तक कांवडिया तथा शिवभक्त बाबा घुइसरनाथ जी के ज्योतिर्लिंग पर जल तथा दुग्धाभिषेक करते दिखे। वहीं मंदिर परिसर में जगह जगह रूद्राभिषेक में भी भक्त भगवान भोलेनाथ की अर्चना में दिखे। मंदिर में सुबह पट खुला तो हजारों की संख्या में पंक्तिबद्ध खड़े श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष में आनंदित हो उठे। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में हुई बाबा के भव्य श्रृंगार के मध्य आरती दर्शन को भी श्रद्धालु बेताब दिखे। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक दूसरे सोमवार को सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान घुइसरनाथ जी का दर्शन पूजन किया।

प्रशासनिक व्यवस्था की देखरेख के लिए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा सीओ रामसूरत सोनकर, सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी के साथ पुलिस व पीएसी के जवानों की मुस्तैदी में डटे दिखे। रविवार की देर शाम जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने भी कांवड़िया श्रद्धालुओं से जुड़े सुरक्षा प्रबन्धों का औचक जायजा लिया।
मंदिर परिसर में तिरूपति बाला जी महराज, मां दुर्गा, श्रीरामजानकी, श्री गणपति, हनुमानजी महराज, विष्णु लक्ष्मी, भगवान कार्तिकेय, द्वारिकाधीश के भी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने अक्षत, पुष्प, दूध, दही तथा पंचमेवा का भोग लगाया। मुख्य मंदिर में दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं को सई तट पर जलधारा में विराजे भगवान शिव की भव्य प्रतिमा को भी निहारते देखा गया। धाम में रविवार की शाम से ही कांवडिया श्रद्धालुओं का जत्था डीजे की धुन पर थिरकते देखा गया। सुबह कांवडिया श्रद्धालुओं ने गंगा सागर में स्नान कर बाबा को जल चढ़ाया। दूसरे सोमवार को बाबा धाम में प्रशासनिक अनुमान से अधिक शिवभक्तों की भीड़ भी दिखी।

## विद्युत उपकेन्द्र कर्मी के हत्या के प्रयास में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार आरोपीगणों के 04 अदद मोबाइल फोन बरामद

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेन्द्र रानीगंज अजगरा पर पर डियूटी के हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने 3 अभियुक्तों को गिरपफ्तार कर जेल भेज दिया, पुलिस ने उनके पास से चार मोबाइल बरामद किया है।श्रीमान पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में आज दिनांक 28.07.2024 को थाना संग्रामगढ़ प्रभारी निरीक्षक श्री सत्येन्द्र सिहं भदौरिया के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 313,24 धारा 191(2),115(2),324(4),121(1),132,109 बी0एन0एस0 व 3,4 सार्वजनिक लोक संपत्ति क्षति निवारण अधि0 व 7 सीएलए एक्ट में वांछित 03 अभियुक्तों 01- संजय सिंह पुत्र राजेन्द्र बहादुर सिंह के पास से 01 रियमी मोबाइल फोन व 01 वन प्लस मोबाइल के साथ, 02- भोले सिंह पुत्र दिनेश सिंह के पास से 01 ओप्पो मोबाइल फोन के साथ, 03- अभिषेक सिंह पुत्र दिनेश सिंह 01 नारजो मोबाइल फोन के साथ, निवासीगण भैया का सराय, सराय आना देव थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को अजगरा रानीगंज तिराहे से गिरफ्तार किया गया

# नदी में उतराया मिला दो भाईयों का शव, कोहराम

**● रविवार की देर शाम दोनों बेटों को लेकर महिला ने सई नदी में लगाई थी छलांग**
**● ग्रामीणों की तत्परता से महिला की बच सकी थी जान**

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घरेलू कलह से आजिज आकर रविवार की देर शाम एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ नदी में छलांग लगा दिया था। ग्रामीणों की तत्परता से महिला को बचा लिया गया था। लेकिन उसके दोनों बेटे नदी की जलधारा में बह गये थे। अगले दिन सोमवार को दोपहर दोनों बच्चों का शव नदी में उतराया मिला। दोनों बच्चों के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोठा नेवढ़िया गांव की चालीस वर्षीया श्यामा देवी पत्नी रामनाथ वर्मा का परिवार में ससुर से विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि रविवार को वह अपने बड़े बेटे बारह वर्षीय अनिकेत व छोटे बेटे सात वर्षीय अंकित को लेकर घर से शाम करीब साढ़े सात बजे पूरे तुला उपाध्यायपुर सई घाट पर पहुंची। इसके बाद अचानक वह दोनों बच्चों को लेकर नदी में कूद गयी। कुछ दूर पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने महिला को नदी मे छलांग लगाते देखा तो भागकर वहां पहुंचे। ग्रामीणों ने नदी के पानी में डूब रही महिला को बचा लिया लेकिन उसके दोनों बेटे बह गये। जानकारी होने पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की और बनियानार घाट के पास



जाल लगवा दिया। अगले दिन सोमवार को ग्रामीण नदी में समाये दोनों भाईयों की खोजबीन में जुटे रहे। उधर नाव व स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस भी तलाश करती रही। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बनियानार घाट के समीप पहले छोटे भाई अंकित और कुछ देर बाद अनिकेत का शव ग्रामीणों ने बरामद किया। जानकारी होने पर खोजबीन में जुटी पुलिस भी वहां पहुंच गयी। सूचना मिलने पर दोनों बच्चों के परिवार के लोग भी वहां पहुंचे और शव देख रोने बिलखने लगे। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे को दावत दे रहे,बिजली के जर्जर तार

लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार,प्रतापगढ़** सब स्टेशन बाघराय से संचालित हो रही बिजली आपूर्ति ग्रामसभा देवगलपुर में जर्जर तारों के सहारे संचालित हो रही है। बता दें कि ग्रामसभा में यह विद्युत आपूर्ति व्यवस्था आज के करीब 20 वर्ष पहले पहली बार संचालित हुई थी । विद्युतीकरण के बाद गांव में 440 वोल्टेज सप्लाई के लिए जो तार लगाए गए थे, आज वह जर्जर हो चुके हैं। कई बार तो यह तार टूट कर गिर भी चुके हैं। जिसकी चपेट में आकर पशुओं की मौत हो चुकी है और कुछ ग्रामीण तो घायल भी हो गए थे। जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों द्वारा की गई है पर विद्युत विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है। आज गांव के ही रमेश चंद्र सरोज, रमाकांत तिवारी, सत्यम शुक्ल, अमरनाथ धुरिया, मुन्नेलाल आदि लोगों ने बताया कि इस ग्राम में सबसे ज्यादा कनेक्शन धारी है। कई समरसेबल पंप के कनेक्शन धारी हैं, फिर भी विद्युत विभाग के अधिकारी का ध्यान जर्जर हो चुके तारों पर नहीं है। बीसों वर्ष पहले लगाए गए तार जर्जर हो गए हैं ।जो कभी ना कभी टूट कर गिर पड़ते हैं। जिसे सट डाउन लेकर ठीक करवाना पड़ता है। इस मामले को लेकर विद्युत विभाग के जेई बिहार से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन ही नहीं उठ सका। जर्जर हो चुके तारों से ग्रामीणों की जिंदगी खतरे के मद्देनजर भगवान भरोसे चल रही है।

# सरकारी राशन बेचने जा रहे कोटेदार पर पुलिस मेहरबान

**▶▶प्रधान ने पकड़ा पुलिस ने छोड़ा**

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** गरीबों के पेट पर प्रधान डाका डाल रहा ह। मानिकपुर पुलिस ने बचाने का ठेका ले रखा है। विकास खंड कुंडा की ग्राम सभा मुबारकपुर का कोटेदार दीपक सोनकर शनिवार रात लगभग 8ः00 बजे सरकारी राशन की गेहू से भरी बोरिया ई-रिक्शा पर लादकर बाजार में बेचने जा रहा था। सूचना पर पहुंचे मुबारकपुर प्रधान राजेंद्र यादव ने खाद्यान्न लदा ई-रिक्शा को रोककर जब पूछा कि राशन क्यों और कहां ले जा रहे हो, तो कोई जबाब न देकर गिड़गिड़ाने लगा। प्रधान ने पुलिस को सूचना देकर कोटेदार को पुलिस के हवाले कर दिया। मानिकपुर पुलिस हमेशा की तरह कार्रवाई करने के बजाय प्रधान के सौदेबाजी करके उसके व्यवहार से प्रसन्न होकर मामले को रात में ही रफ़ा-दफा करके गरीबों के राशन के चोर को क्लीन चिट देकर छोड़ दिया। जबकि प्रधान के पास ऑडियो व वीडियो दोनों मौजूद हैं। जानकारी पर प्रधान राजेंद्र यादव ने बताया कि दूसरे दिन जब मैं थाना मानिकपुर पहुंचा तो हैरान रह गया। ना गल्ला से भरा बोरा दिखा ना ही कोटेदार दिखाई पड़ा। जब इस प्रकरण की जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक जयचंद भारती से फोन पर ली गई,
तो थाना प्रभारी ने बताया कि 5-6 बोरी ही तो थी। जो कि कोटेदार कहीं ले जा रहा था।
अब थाना प्रभारी को कौन बताएं कि घटना थाना परिसर स चंद कदमों दूर है और सारी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुकी है। यदि थाना मानिकपुर का ही सीसीटीवी कैमरा चेक किया जाए
तो सारी सच्चाई सामने आ सकती है। पुलिस ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा गारंटी योजना के सभी नियम कानून कायदे को ताख पर रख दिया है। तभी तो मानिकपुर पुलिस भ्रष्ट कोटेदार के ऊपर कार्रवाई नहीं कर रही है।

# मांगों के लेकर शिक्षकों का निदेशालय पर धरना 31 जुलाई को

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** डिग्री शिक्षकों के प्रादेशिक संगठन फुमुक्टा द्वारा उनकी विलंबित माँगों के समर्थन में दिनांक 31 जुलाई 2024 को शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज पर शिक्षकों द्वारा धरना- प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। इस सम्बन्ध में एम. डी. पी. जी. कॉलेज, प्रतापगढ़ में इकाई शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर फुमुक्टा के महामन्त्री प्रोफेसर प्रदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा, शिक्षक विरोधी प्रदेश सरकार एवं निदेशालय,उच्च शिक्षा की तानाशाही के खिलाफ 31 जुलाई को उच्च शिक्षा निदेशालय पर विशाल धरना फुमुक्टा के नेतृत्व में होगा। प्रदेश संगठन अपनी 26 सूत्रीय मांगो के समर्थन में यह घरना कर रहा है। विज्ञापन संख्या 47 के नवसृजित पदो पर 1225 शिक्षको का चयन उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा लगभग 4 वर्षों पूर्व करने के बाद भी आज तक लालफीताशाही के कारण स्थायीकरण नही हो रहा है। विगत सरकार के समय की इंक्रीमेंट की घोषणा, नोशनल इंक्रीमेंट, अधिवर्षिता आयु 65 वर्ष जैसे मुद्दे एवं एकल स्थानान्तरण जैसी विसंगतियों को लेकर यह घरना होगा और यदि इन माँगों पर विचार नही होता है तो इस संघर्ष को लखनऊ तक ले जाया जायेगा।



संचालन करते हुए इकाई महामंत्री प्रोफेसर पीयूष कान्त शर्मा ने कहा कि शिक्षक बहुत संयमी होता है किन्तु दीर्घ काल से विलंबित इन माँगों की पूर्ति के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है।प्रोफेसर संतोष कुमार पाण्डेय ने मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि शतप्रतिशत उपस्थिति धरने में दर्ज करायेंगे।

प्रो रमेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि आयोजना इकाई प्रासुक्टा होने के नाते हमारी नैतिक जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता है कि इस संघर्ष को आगे बढ़ाये।प्रोफेसर राजवंत सिंह ने कहा कि अपनी माँगों को मनवाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना ही होगा अन्यथा कुछ नहीं मिलने वाला है। प्रोफेसर माया शंकर ने धरने में पूर्ण उपस्थिति के लिए जोश भरा।प्रोफेसर ऊषा तिवारी ने कहा एकजुटता हमारी ताकत है। अध्यक्षता करते हुए इकाई उपाध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्र नें शिक्षक साथियों को तैयारी की जानकारी देते हुए आभार ज्ञापन किया। बैठक में प्रोफेसर ऊषा दूबे, प्रोफेसर निशा सिंह, डॉ प्रमथेष पाण्डेय, डॉ अरुण कुमार वर्मा, डॉ अरविन्द कुमार मौर्य, डॉ रेखा मिश्रा आदि शिक्षक प्रमुख रूपसे उपस्थित रहे और धरने में सहभाग का संकल्प लिया।

# भयहरण नाथ धाम में सावन के दूसरे सोमवार को भक्तो की हुई भारी भीड़

**● पुलिस व कार्यकर्ताओ की उत्तम व्यवस्था रही**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में सावन मास के द्वितीय सोमवार को श्रधालु भक्तो की सामान्य से अधिक भीड़ हुई। पुलिस व कार्यकर्ताओ की उतम व्यवस्था थी।
भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर , थानाध्यक्ष जेठवारा धर्मेंद्र सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव के मार्गदर्शन में मेला व मन्दिर की सुव्यवस्था जारी है। पुजारी भोला नाथ तिवारी ने सुबह 5 बजे भोले नाथ का अभिषेक करके मन्दिर के कपाट जनता जनार्दन हेतु खोल दिये। वहीं पुलिस चौकी प्रभारी गणेश पटेल के संयोजन मे स्थानीय अस्थाई थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा सभी पॉइंट पर अपनी सेवाएं दी गई। कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र के संयोजन में कार्य कर्ताओ ने अपनी भूमिका



निभाई। सचिव संगठन राजकिशोर मिश्र व सह कोषाध्यक्ष कमलेश वैश्य ने प्रबन्ध समिति की ओर से पर्यवेक्षण करके सभी व्यवस्था में सहयोग किया। सभी व्यवस्था में मन्दिर व मेला व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी भूमिका निभाई। देर शाम को सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन संरक्षक लालता प्रसाद मिश्र के संरक्षण म्वान हुआ जिसमे प्रमुख पदाधिकारियों के साथ महासचिव समाज शेखर ने भी प्रतिभाग किया।

# सिंचाई अभियंता के कार्यालय पर कांग्रेसियों ने किया प्रर्दशन

**● जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन**
**● नहरों में नहीं मिल रहा पानी- डा0नीरज त्रिपाठी**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन अधिशाषी अभियंता अरविन्द कुमार वर्मा को सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन धरातल पर कुछ दिखाई नहीं पड़ता। किसानो को धान की रोपाई करने के लिए नहरों में पानी नहीं मिल रहा है बारिश न होने की वजह से



किसान परेशान हैं। जुलाई महीने के आखिरी सप्ताह में भी सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में पानी न छोड़ा जाना निन्दनीय है ।

उन्होंने कहा कि किसान जो थोड़ा बहुत धान लगा पाए हैं, वह पानी के अभाव में नष्ट हो रहा है। अतः जनपद की नहरों में पर्याप्त मात्रा में टेल तक पानी छोड़ा जाय।नगर अध्यक्ष इरफान अली व यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान ने संयुक्त रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र मांगों को पूरा न किया गया तो हम कांग्रेसजन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।ज्ञापन देने के पश्चात अधिशाषी अभियंता अरविन्द कुमार वर्मा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए एक पत्र अधीक्षण अभियंता, षोडशम मंडल, सिंचाई कार्य प्रतापगढ़ को लिख कर 1150 क्यू शेक पानी छोड़ने का अनुरोध किया है।

जिससे किसानों व कांग्रेसियों में व्याप्त आक्रोश को शांत किया जा सके और उनकी धान की फसल की सिंचाई हो सके।इस अवसर पर एनएसयूआई के जिला प्रभारी अमित द्विवेदी आजाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, पी. सी.सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सेवादल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला,प्रशांत सिंह, मुज्जमिल हुसैन, सलमान खान पतुलकी, मो.दिलशाद,अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, सुनील शुक्ला, अशोक सिंह, सुरेश मिश्रा, उमेश मिश्रा,फतेह बहादुर सिंह, राधेश्याम दूबे, सदर ब्लॉक प्रभारी मो वसीम,अश्वनी उपाध्याय,रियाज सुलतान, साहिल,अतुल तिवारी, सुरेश कुमार दुबे,उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, अभय तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, शुभम शुक्ला, सद्दाम अहमद, विश्वाश सिंह, देवमणि पाण्डेय सहित अनेक कांग्रेस जनों ने अपने विचार व्यक्त किये व मौजूद रहे।

## किशोरी के लापता होने पर अज्ञात में अपहरण का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के लापता होने को लेकर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह जुलाई को उसकी नाबालिग पुत्री स्कूल से जा रहे टूर में जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन जब स्कूल से टूर न जाने की जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो वह किशोरी की खोजबीन में परेशान हो उठे। उसकी सहेली से जानकारी करने पर गायब किशोरी के कानपुर में होने की बात पता चली। लेकिन किशोरी का मोबाइल बंद होने से इसकी पुष्टि नही हो सकी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बेल्हा की बनी राखियों से सजेंगी सैनिक भाइयों की कलाइयां

**● एलायंस क्लब की ओर से राष्ट्रपति को भेजा गया 2100 राखियों का पैकेट**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा पावन पर्व रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विगत 25 वर्षो से सैनिक भाइयों को प्रेषित की जाने वाली पवित्र राखियों के क्रम में इस वर्ष भी 2100 बेल्हा की बहनों के हाथों से निर्मित राखियों का पैकेट महामहिम राष्ट्रपति के पते पर भेजा गया। गौरतलब है कि तीनों सेनाओ की अध्यक्षा राष्ट्रपति के कर कमलो से सीमा पर विपरीत परिस्थितियों में तैनात सैनिक भाइयों को भेजी जाएगी। आज राखियों से भरा पैकेट प्रधान डाकघर के प्रवर डाकपाल जितेंद्र पांण्डे को सौंपा गया।
रोली, चंदन व अन्य शुभ सामग्री सहित राखियों का पैकेट डाक अधीक्षक को सौंपते हुए एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि इन रक्षा सूत्रों में



बेल्हा की बहनों का भ्रातृ प्रेम छिपा है। सभी बहनों ने बड़े उत्साह से एक-एक राखी बनाया है और इकट्ठा करके मुझे दिया है। सीमा पर हमारे सैनिक बंधु देश की रक्षा के लिए सतर्क है। उन्हें राखी बंधवाने के लिए घर आने का अवसर नहीं मिल पाता है। इन राखियों से सैनिक भाइयों का हौसला भी बढ़ेगा।
अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि सैनिक भाई अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हैं। देश की सुख शांति उन्हीं से है। हम सभी का फर्ज है कि उनका और उनके परिवारों का ध्यान रखें। इस अवसर पर महिला क्लब की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, शकुंतला खंडेलवाल, इन्द्रा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, पंकज शर्मा, राजीव कुमार आर्य, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**पटटी,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक श्री डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पट्टी के उ0नि0 विजय कुमार मय हमराह का0 सुनील कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0सं0 3529,20 धारा 323, 34, 452, 325, 504, 427 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त गुड्डू पुत्र रामनरेश नि0 ग्राम चौमरी थाना पट्टी को गिरफ्तार किया

# अपने ही सरकार में मोर्चा खोल रहें भाजपा नेता

**▶▶भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी बेलगाम- संदीप त्रिपाठी**

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।**हाल ही में रायबरेली में सनसनीखेज़ मामला प्रकाश में आया है। जहां 20 हजार की आबादी वाले सलोन कस्बे में जिस तरह से एक ग्राम विकास अधिकारी (बीडीओ) की आईडी से 19 हजार



से अधिक फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बन गए। जिसको लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने चिंता जताई हैं। हालाकि पुलिस ने बीडीओ सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी हैं। इस मामले को लेकर विपक्ष लगातार जीरो टॉलरेंस नीति पर सरकार से सवाल पूछते हुए भरष्टाचार का आरोप लगा रहा हैं। जिसको लेकर कुंडा हीरागंज के निवासी कॉग्रेस पार्टी के राष्टीय मीडिया कोऑर्डिनेट सरकार में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाएं है। त्रिपाठी ने कहा कि बड़का जिला कहे जाने वाले प्रतापगढ़ में भी रायबरेली की तरह सिंडीकेट चल रहा है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए गंगा सफाई के लिय आवंटित किए गए, लेकिन इसके बावजूद न तो गंगा साफ हुई न ही इस पैसे का विकास कही दिखाई दिया।

जबकि प्रतापगढ़ का कुछ हिस्सा गंगा क्षेत्र में आता है। इतना ही नहीं मनरेगा और किसान सम्मान निधि में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है, जिसके नाम खेत भी नही है उसके खाते में भी सरकारी धन जा रहा है। जिसका हिस्सा अधिकारियों तक तय किया गया है।

त्रिपाठी ने कहा मैं दावे से कहता हूं कि यदि जिलाधिकारी उच्चस्तरीय जांच कराएं तो सबसे ज्यादा गोलमाल यहीं पाया जाएगा। सरकारी विभाग के अधिकारियों का डोंगल विभाग में रखें गए निजी ऑपरेटर के हाथों में है, जो सरकारी धन का व्यारा न्यारा करते हुए परसेंट तय करके अधिकारियों को देते हैं। संदीप ने कहा कि यह पहली सरकार है जिनके राज में भ्रष्टाचार इतने चरम पर है कि शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती।

संदीप ने कहा कि भाजपा नेता खुद अपने ही पार्टी के नेताओं की पोल पट्टी खोल रहे हैं। प्रदेश में केशव प्रसाद जी योगी जी के खिलाफ मोर्चा खोले बैठे हैं, तो हमारे हीरागंज क्षेत्र के कथित भाजपा नेता अपने ही पार्टी के चेयरमैन प्रतिनिधि के खिलाफ मोर्चा खोलकर बैठ गए है। जब तक उनके पास मौका था, उन्होंने खूब जनता के विकास के पैसे का दुर्पयोग किया। अब इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारी कितने भ्रष्ट है।

त्रिपाठी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में इस सरकार में भ्रष्टाचार का मुद्दा मुख्य रूप से रहेगा। प्रदेश की जनता को भी इस भ्रष्ट सरकार से मुक्ति दिलाने के लिए इंडिया गठबंधन कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

# संचारी रोग नियंत्रण को लेकर विद्यालयों में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ ओमकार राणा के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से बचाव व नियंत्रण पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.।राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व योगेश सिंह,विकास सिंह,प्रतीक सिंहअरविंद कुमार विश्वकर्मा, दिवाकर सिंह पटेल के संयोजन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य गीता यादव व उप प्रधानाचार्य डॉ मो अनीस के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में,अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में,तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, ग्राम विकास इंटर कालेज देल्हूपुर प्रतापगढ़ डॉ राधे श्याम मौर्य,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, आरएसबी इंटर कालेज सुंदरगंज प्रतापगढ़ में आरपी यादव के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कॉलेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज शीतलमऊ प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में,पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज महुली प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल सिंह के निर्देशन में, पं डीडीयूजीएमआई कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में,छत्रधारी इंटर कालेज लखपेड़ा कोटा भवानी गंज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ डीपी सिंह के निर्देशन में, राजकीय उमावि बेधनगोपालपुर में प्रधानाचार्य रेखा द्विवेदी के निर्देशन में,भद्रेश्वर इंटर कालेज डेरवा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य वीएन सिंह के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य रमेश कुमार के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज खरवई प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य शिखा श्रीवास्तव के निर्देशन में, राजकीय उमावि पुरैला में प्रधानाचार्य सीमा के निर्देशन में, पीपी एस इंटर कालेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल सिंह के निर्देशन में,श्री गौरी शंकर पांडेय इंटर कालेज कंधई मधुपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य जीपी पांडेय के निर्देशन में, राजकीय उमावि देवरी हरदो पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ केएल ओझा के निर्देशन में,राजकीय उमावि वाजिदपुर में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, राजकीय उमावि कांपा मधुपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य नीरू श्रीवास्तव के निर्देशन में,राजकीय उमावि शीतलपट्टी में प्रधानाचार्य उमेश कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.।

फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 377/85
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम सुन्दर बनाम झरिहर आदि
बनाम
1. झरिहर आयु 27 साल 2. जयराम आयु 45 साल सुतगण प्रयागदीन 3/1. श्रीमती भेदा देवी आयु 55 वर्ष विधवा भारत वर्मा 3/2. काली प्रसाद आयु 30 साल पुत्र भार वर्मा 4/1. देवनाथ उम्र 35 साल 4/2. सहदेव उम्र वर्ष 4/3. जगदेव उम्र 27 साल 4/9. दुलारी उम्र 60 साल विधवा हरिहर निवासी ग्राम उमरडीह पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 03.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कक्ष सं0 1 महोदय प्रतापगढ़
सि0अ0सं0 26/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम कुमार आदि बनाम सेठ अशोक कुमार गुप्ता आदि
बनाम
1. सेठ अशोक कुमार गुप्ता उम्र 37 साल सुत श्रीराम 2. सेठ बाकेलाल उम्र 50 साल सुत महाबीर गुप्ता 3. हरिशंकर यादव उम्र 40 साल सुत टेनीराम साकिनान उदईशाहीपुर पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 4. ग्राम पंचायत उदईशाहपुर द्वारा ग्राम प्रधान उदईशाहपुर 5. राज्य उ0प्र0 द्वारा श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष सं0 15 महोदय प्रतापगढ़
परिवाद सं0 1028/2020
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शाहिस्ता बानो बनाम मकसूद हुसैन आदि
बनाम
1. मकसूद हुसैन आयु लगभग 27 वर्ष सुत रहमत अली (पति) 2. रहमत अली आयु लगभग 65 वर्ष सुत करम अली (ससुर) 3. मंजूर हसन आयु लगभग 25 वर्ष सुत रहमत अली (देवर) 4. साकिब हसन आयु लगभग 24 वर्ष सुत रहमत अली (देवर) 5. शहबाज अली आयु लगभग 22 वर्ष सुत रहमत अली (देवर) 6. गुफरान अली आयु लगभग 19 वर्ष सुत रहमत अली (देवर) 7. शमा आयु लगभग 29 वर्ष पुत्री रहमत अली (ननद) 8. नन्ही उर्फ राजिया आयु लगभग 63 वर्ष पत्नी रहमत अली (सास) निवासीगण ग्राम भैसना थाना सांगीपुर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 14.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 14.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय प्रतापगढ़
सिविल अपील 120/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मो0 फैजरजा बनाम कमला देवी
बनाम
कमला देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी कन्हैया लाल निवासी ग्राम पूरे पाण्डेय पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 01.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी न्यायिक लालगंज महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 टी202302570206684
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शिवमोहन बनाम नन्हेंलाल आदि
बनाम
1. श्रीमती शान्ती देवी पत्नी स्व0 देवतादीन 2. सतीश कुमार सुत किशोरीलाल समस्त नि0ग्रा0 कौशिल्यापुर प0रामपुर तह0 लालगंज प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
अं0धारा 116 उ0प्र0रा0सं0अधि0 2006
तारीख पेशी 01.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0 392/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन गिरीशचन्द्र मिश्रा आदि हरखास आम
बनाम
हरखास आम
अं0धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
तारीख पेशी 07.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## कुएं में गिरे गोवंश को गौरक्षा प्रकोष्ठ ने सुरक्षित बाहर निकलवाया

**प्रतापगढ़।** चारा चरते समय रविवार को एक गोवंश कुएं में गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर विश्व हिन्दू महासभा गौरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और फायर विभाग की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकलवाया।लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के डांडी ठाकुर दीन का पुरवा गांव में रविवार को एक गोवंश चारा खाते समय कुएं में गिर गया। इसकी जानकारी होते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन वे असफल रहे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विश्व हिन्दू महासभा गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह को दी। सूचना पर पदाधिकारियों संग पहुंचे जिलाध्यक्ष चंद्र भान सिंह ने इसकी सूचना लालगंज फायर विभाग को दी। फायर कर्मियों के करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गोवंश को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला जा सका। हालांकि कुएं में गिरने से गोवंश घायल हो गया था। इस दौरान ग्राम प्रधान संजय तिवारी, हृदय नारायण शुक्ल, गुड्डू तिवारी, राम अंजोर तिवारी आदि मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों होने वाले मतदान के संबंध में की बैठक

● मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराएं-जिला निर्वाचन अधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय के सभागार में दिनांक 6 अगस्त को होने वाले ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्य तथा क्षेत्र पंचायत के सदस्य के रिक्त पद पर होने वाले मतदान के संबंध में अधिकारियों एवं आरओ/एआरओ के साथ बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि 6 अगस्त को ग्राम पंचायतों के 8 प्रधानों क्रमशः विकास खंड बाबागंज के ग्राम पंचायत मालाधार छत्ता, सराय गोपाल व कोडरखुर्द, विकास खंड लालगंज के ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर, विकास खंड लक्ष्मणपुर के ग्राम पंचायत इटौरी, विकास खंड शिवगढ़ के ग्राम पंचायत जयरामपुर तथा विकास खंड मांधाता के ग्राम पंचायत तरौल व वैशपुर में मतदान, इसके अतिरिक्त विकास खंड लक्ष्मणपुर के सगरा सुंदरपुर/15 में 1 सदस्य ग्राम पंचायत तथा विकास खंड कालाकांकर के 45- अंतामऊ में 1 क्षेत्र पंचायत के सदस्य का मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। उप निर्वाचन हेतु 26 मतदान स्थल बनाए गए है।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्य तथा क्षेत्र पंचायत के सदस्य के मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराएं, समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान हेतु कार्मिक, परिवहन व्यवस्था, ईधन, खानपान, निर्वाचन सामग्री, वीडियोग्राफी, मतपेटी आदि से संबंधित जिनको जो दायित्व एवं कार्य सौंपे गए है उसका शत प्रतिशत निर्वहन करें, निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। मतदान कार्मिकों की टेऊनिंग समय से करा दी जाये और सम्बन्धित उपजिलाधिकारी मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न करायेगें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह, संबंधित उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, आरओ/एआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# भगवान शिव व श्रीराम की महिमा है विश्व में भारतीय संस्कृति का मान-पं. गिरीशपति त्रिपाठी





▶▶ बाबा धाम में श्रीशिवमहापुराण कथा में अयोध्या के महापौर ने सनातन धर्म की संरक्षा का किया आहवान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में हो रही श्रीशिवमहापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। कथा में पहुंचे अयोध्या धाम स्थित तीन त्रिशूल वशिष्ठ उपवन के महन्त एवं महापौर पं. गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि सावन का माह भगवान शिव की अमृत कथा सुनने का सौभाग्य फल प्रदान किया करता है। पं. गिरीशपति जी ने कहा कि सुनना वही चाहिए जो मन को शांति चित्त प्रदान करे। उन्होनें कहा कि भगवान की कथा मन को रचनात्मकता की शांति प्रदान किया करता है। उन्होने कहा कि इस समय सनातन धर्म पर गंभीर संकट है। उन्होनें श्रद्धालुओं से कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव जागरूकता की आवश्यकता है। महापौर पं. गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण से सनातन संस्कृति को समूचे विश्व में नया गौरव मिला है। उन्होनें कथाव्यास आचार्य मनीष कृष्ण शास्त्री के शिव महिमा के वर्णन शैली की भी भूरि भूरि प्रशंसा की। कथा व्यास आचार्य मनीष कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा पाकर मानव जीवन धन्य हो उठा करता है। आयोजन समिति की ओर से पीयूष कृष्ण शास्त्री, हृदय नारायण मिश्र, नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पवन प्रखर ने महन्त गिरीशपति त्रिपाठी का माल्यार्पण तथा पुष्पवर्षा से आध्यात्मिक सम्मान किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की ओर से स्वागत भाषण में पं. गिरीशपति त्रिपाठी तथा कथाव्यास आचार्य मनीष कृष्ण शास्त्री के आध्यात्मिक क्षेत्र में महनीय योगदान का बखान किया। कथा के दौरान भजन व संकीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति में बाबा धाम शिवमय हो उठा। इस मौके पर अरविन्द मिश्र, चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, कैलाशपति मिश्र, केडी मिश्र, राजू पाण्डेय, रामकृष्ण मिश्र नगरहा, रामशिरोमणि सिंह, लाल सुधांशु सिंह, रामशिरोमणि पाण्डेय, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, फूलचंद्र पाण्डेय आदि रहे।

# बढ़ते तापमान से भूजल एवं पर्यावरण को खतरा-अजय क्रांतिकारी



**प्रतापगढ़।**राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे हर घर योजना अन्तर्गत कार्यशाला का किया गया आयोजन,जलवायु संरक्षण हेतु लोगों को दिलाई गई शपथ।राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे,हर घर नल योजनांतर्गत सदर ब्लॉक के सभागार में स्वच्छ पेयजल एवं हर घर जल संबंधी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण भूजल संकट में है।पीढ़ियों को पीने का पानी नहीं मिलेगा।उन्होंने कहा कि समय रहते जल जंगल और जमीन की सुरक्षा और संवर्धन के लिए नहीं जागे तो धरती से जीवन समाप्त हो जाएगा।उन्होंने सभी से पेड़ों की सुरक्षा और जल की बचत करने हेतु हरित अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने कहा कि पानी के बिना जीवन संभव नहीं है।हम सभी को कम से कम पानी का उपयोग कर भूजल को बचाना होगा। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का कार्यभार देख रहे एडीपीआरओ हेम चन्द्र यादव ने कहा कि जल की हर बूंद जीवन के लिए अमूल्य है। भूजल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल का संचयन करें। फेल्कॉन के डीपीसी शमशाद अहमद ने लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर जल संरक्षण और पर्यावरण को बचाने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला समापन के उपरांत जागरूकता टीमों को हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया।पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने सभी लोगों को जलवायु संरक्षण की शपथ दिलाई।इस मौके एडीपीसी अरूण मौर्य,इरशाद अहमद, नीरज यादव,राज बहादुर,आशीष सिंह,राम पूजन मिश्र,राम चंद्र,मुख्य प्रशिक्षक संतोष दुबे एवं नुक्कड़ नाटक की टीम उपस्थिति रही।

# रोपित पौधों को वृक्ष बनने तक संरक्षण आवश्यक- डॉ रणजीत सिंह

● वृहद वृक्षारोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।**सक्षम फाउंडेशन, कालाकांकर, प्रतापगढ़ द्वारा अवधेशपुरम (ऐंठू) में बृहद् वृक्षारोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह की अगुवाई में उपस्थित लोगों के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में एवं परिसर से बाहर पीपल, बरगद, नीम, आम एवं जामुन के पौधों का रोपण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों को पौधों का वितरण किया गया। पौध वितरण में फलदार जैसे आम, अमरूद, बेल, पपीता एवं जामुन तथा वानिकी में नीम, पीपल एवं अशोक के पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोश्ठी को सम्बोधित करते हुए सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ0 रणजीत सिंह ने वितरित किये गये पौधों के रोपण एवं उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण करने की शपथ दिलाई। डॉ सिंह ने कहा कि अब हमें एक कदम आगे बढ़कर सोचना होगा सिर्फ वृक्षारोपण करने से अब काम नहीं चलने वाला। रोपित पौधे को बृक्ष बनने तक हमें उसका संरक्षण करना होगा। यदि प्रति परिवार 5-5 पौधे लगाये तथा उसको पेड़ बनते तक देखभाल करें तो। ग्लोबल वार्मिंग का दंश झेल रहा है। भारतवर्ष और पूरा विश्व एक पूर्ण सुव्यस्थित पर्यावरणीय शुद्ध वातावरण व्याप्त हो जायेगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल 2-4 लाख लोगों की मौत का कारण सीधे-सीधे वायु प्रदूषण है, जबकि इनमें से 1-5 लाख लोग आंतरिक वायु प्रदूषण से मारे जाते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यान वैज्ञानिक महेन्द्र प्रताप सिंह ने वृक्षारोपण से होने वाले लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वृक्ष से केवल और केवल लाभ ही होता है। वृक्ष, वातावरण मे फैली दूषित वायु को शुद्ध करता है । वर्षा ऋतु में वर्षा वायु को रोकता है, जिससे वर्षा की सम्भावना अधिक होती है । डॉ अवधेश कुमार सिंह ने सक्षम फाउण्डेशन द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरूकता में यह संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।इस अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन के स्वयंसेवक मनीश सिंह, संग्राम सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, आषुतोश श्रीवास्तव, जुगुल किशोर तिवारी, जी.आर.पटेल, रविशंकर एवं आस-पास गॉवों के जागरूक किसान राकेश मौर्या, मनोज विश्वकर्मा, अरूण शुक्ला, सूरज, सुरेश, राम आसरे, इन्द्रजीत, मस्तराम सरोज, आदि लोग उपस्थित रहे।

# वारण्टी अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक श्री डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नवाबगंज के उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह कां0 तेजप्रकाश सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0नं0 175,23 अ0सं0 49,2018 धारा 323, 504, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त संजय पुत्र शिव बालक नि0ग्राम कालीदीन का पुरवा थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# कृषकों को गोष्ठी, मेला, प्रषिक्षण, भ्रमण आदि के समय वैज्ञानिक ढंग से एवं उत्तम खेती की जानकारी उपलब्ध करायी जाय- जिलाधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना समिति की उद्यन सभागार, कलेक्ट्रेट, कौशाम्बी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम बैठक का आयोजना किया गया। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी अवधेष मिश्र द्वारा आये हुए समिति के सदस्यों का अभिवादन किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त सन्दर्भित योजनान्तर्गत जनपद हेतु स्वीकृत, अनुमोदित कार्यक्रमों को जिला उद्यान अधिकारी द्वारा समिति के समक्ष क्रियान्वयन हेतु



प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा कार्यक्रम क्रियान्वयन की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देषित किया गया कि कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के पष्चात् विकास खण्डवार इम्पैक्ट तैयार किया जाय कि पूर्व में एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में कराये गये कार्यक्रमों से किसानों को क्या और कितना लाभ हुआ। जिलाधिकारी द्वारा यह भी अह्वान किया गया कि जनपद के कृषकों को गोष्ठी, मेला, प्रशिक्षण, भ्रमण आदि के समय वैज्ञानिक ढंग से एवं उत्तम खेती की जानकारी उपलब्ध करायी जाय तथा उसका फीडबैक भी प्राप्त किया जाय। बैठक में मुख्य रूप से डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य विकास अधिकारी, नरेश चन्द्र उत्तम, प्रतिनिधि उप निदेषक उद्यान, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, डॉ0 अजय कुमार, प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, सत्येन्द्र कुमार तिवारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, प्रमोद कुमार सिंह, योजना प्रभारी, सैयद जव्वार असगर, वरिष्ठ सहायक एवं रिजवान अहमद, उधो सिंह, बनवारी लाल, प्रगतिषील कृषकगण आदि उपस्थित रहें।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# बिना संस्कृति के राष्ट्र की अखंडता अक्षुण्य नहीं रह सकती– श्यामसुंदर केशरी

## भारत विकास परिषद का पदग्रहण समारोह संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो



**मीरजापुर।** नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कहा है कि देश की शक्ति देश में निवास करने वाला वो जनसमूह है जो देश को भारतमाता मानता है तथा माता के नाते राष्ट्र के प्रति समर्पित है। उक्त उद्गार उन्होंने भारत विकास परिषद की शाखा विंध्य धाम के पदग्रहण समारोह के अवसर पर सिटी क्लब में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

संगठन के उद्देश्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि उन्हें ऐसे संगठनों के सेवा कार्य पर भी संदेह है जो विदेशी मूल और विदेशी सोच के हैं।

उन्होंने समाज को चेताया कि सेवा की आड़ में धर्मांतरण कराने वालों से सावधान रहें क्योंकि धर्मांतरण के साथ ही राष्ट्रांतरण का खतरा बना रहता है। संगठन द्वारा कराए जा रहे संस्कृति को समर्पित कार्यक्रमों के प्रति संगठन को साधुवाद दिया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया।

उक्त अवसर पर समाज में अपनी भूमिका से उदाहरण बनने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया तथा पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और वंदे मातरम गीत से हुआ। दायित्वग्रहण के अंतर्गत पूर्व अध्यक्ष शंकर राय ने नए अध्यक्ष और उनकी टीम को आगामी वर्ष का दायित्व परम्परागत तरीके से सौंपा। कार्यक्रम में बोलते हुए नवीन श्रीवास्तव ने सगठन की पूर्व की गतिविधियो और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ऋषि शुक्ल ने किया था धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक आशुतोष सोनी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से जवाहर यादव, सुशील केशरवानी, रवि कटारे, आकाश गुप्त आदि उपस्थित रहे।

## सीओ सिटी मनोज गुप्त का प्रमोशन



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** क्षेत्रधिकारी नगर मनोज कुमार गुप्त का अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रमोशन हो गया। गुप्त के प्रमोशन के उपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्रीय कार्यालय पर डीआईजी आर पी सिंह, एसपी अभिनंदन, एसपी सिटी नितेश सिंह ने पदोन्नति का प्रतीकात्मक चिन्ह अशोक स्तंभ लगाया और बधाई दी। इस अवसर पर अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक के निधन पर शोक

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** नगर के अनगढ़ मार्ग स्थित एक सभागार में संस्कृत के प्रकांड पंडित डा. त्रिवेणी शुक्ल के निधन पर प्रबुद्धजन की एक शोकसभा संपन्न हुई।

अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दरामलगंज जैसे पिछड़े क्षेत्र से निकलकर स्व. शुक्ल ने अपनी विद्वत्ता का जो झंडा गाड़ा कि कितने ही युवाओं के वे प्रेरणास्रोत बने। आगे वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत के उत्थान को समर्पित विश्व संस्कृत प्रतिष्ठानम जैसी संस्था के वे और पूर्व सांसद स्व. उमाकांत मिश्र संस्थापकों में से थे। उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक 81 वर्षीय डा. त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में संस्कृत के विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया था। वे काशी के रामनगर दुर्ग स्थित विश्व संस्कृत प्रतिष्ठानम के राष्ट्रीय महासचिव भी थे। संस्कृत साहित्य के प्रति उनके महान योगदान के लिए वर्षों पूर्व उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा उन्हें नारद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। संस्कृत व्याकरण में उनकी मर्मज्ञता के लिए हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज द्वारा उन्हें मानद उपाधि से भी विभूषित किया गया था। स्व. शुक्ल जिले में संस्कृत कज्जलिका गीत सम्मेलन के संस्थापक आयोजक भी रहे। स्व. शुक्ल के निधन पर भाजपा नेता बालेंदुमणि त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता विजयनारायण मिश्र, भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह, उपरौध अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय, संस्कृत महाविद्यालय दरामलगंज के सेवानिवृत्त प्रवक्ता दयासागर गुप्त, वरिष्ठ अधिवक्तागण नारायणजी उपाध्याय, जगत नारायण मिश्र, सन्तोष तिवारी, अरविंद दुबे, अशोक मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



# जिलाधिकारी ने ली जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक हुई। बैठक में मंदाकिनी नदी (रामघाट) में साफ-सफाई अभियान के लिए नाविकों की एक समिति गठित कर नदी में साफ-सफाई अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी व अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बाल्मीकि आश्रम व कामगिरि परिक्रमा तथा विभिन्न आश्रमों को चिन्हित कर प्लास्टिक की रोकथाम के लिए लोगों को दोना-पत्तल एवं कागज के लिफाफों के प्रयोग के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए समूह की महिलाओं द्वारा कागज के लिफाफे बनवायें तथा दुकानदारों को उपलब्ध करवायें।

नदी के किनारे कचरा एकत्र करने के लिए नगरपालिका द्वारा कुण्ड बनवाये जाये। समाजसेवी आशीष सिंह रघुवंशी ने मांग की कि बरेठी के चेकडैम में फाटक लगवाया जाये।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि दुकानों में छापे मारकर प्लास्टिक की धर-पकड अभियान चलायें तथा अधिक से अधिक जुर्माना वसूल करते हुये दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह कागज के लिफाफे प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाये।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ एनके सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई प्रखण्ड एसके प्रसाद, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग राजकुमार, असिस्टेण्ट कमिश्नर उद्योग रूपेश कुमार आनन्द,

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, क्षेत्रीय वनाधिकारी नफीस खान, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, जिला गंगा समिति के सदस्य अजीत सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर एक्ट का वांछित 15000 का इनामिया आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित, वारण्टी की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह व उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह, आरक्षी लवकुश यादव, शाकिर अली द्वारा 15000 रुपये के इनामी गैंगेस्टर एक्ट के वांछित कृष्णा नायक निवासी खितौली थाना सुहागपुर जिला शहडौल मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था एवं इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 15000 रुपये का इनाम घोषित किया था।

# निर्वाणी अखाडा हनुमान गढी ने महंत सुरेश दास को सौंपी यज्ञवेदी की महंती

● परम्परागत तरीके से अयोध्या में हुई कंठी चद्दर की प्रक्रिया

लोकमित्र ब्यूरो



**चित्रकूट-**धर्मनगरी स्थित यज्ञवेदी निर्वाणी अखाडा मन्दिर का महंत सुरेश दास महाराज को बनाया गया है। अयोध्या के हनुमान गढी में श्री पंच रामानन्दीय निर्वाणी अखाडा की महत्वपूर्ण बैठक में अब तक मन्दिर के महंत रहे सत्य प्रकाश पाठक को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर महंत सुरेश दास को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। श्रीपंच रामानन्दीय निर्वाणी अखाडा हनुमान गढी अयोध्या धाम की बैठक में कहा गया कि धर्मनगरी चित्रकूट के यज्ञवेदी निर्वाणी अखाडा श्री विजय राघव मन्दिर रामघाट की देखरेख लम्बे अरसे तक महंत स्व रामदुलारे दास करते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में ही स्वीकार किया था कि यज्ञवेदी मन्दिर व इससे सम्बन्धित समस्त सम्पत्तियों की देखरेख श्रीपंच रामानन्दीय निर्वाणी अखाडा हनुमान गढी के अनुसार की जाएगी, किन्तु नियम विरूद्ध तरीके से उनके भांजे सत्य प्रकाश पाठक को महंत बना दिया गया। जिसके बाद सत्य प्रकाश पाठक द्वारा सरकारी अभिलेखों में अपना नाम अंकित कराकर पिछले चार वर्षों में लाखों रूपए की आय होने के बावजूद मन्दिर की बेशकीमती भूमि को अवैध तरीके से बेंच दिया गया। हालांकि सत्य प्रकाश पाठक को हनुमान गढी अयोध्या की पंचायती व्यवस्था से महंत के रूप में कभी भी मान्यता नहीं दी गयी। ऐसे में लम्बे समय से मन्दिर में सेवा भाव से कार्य कर रहे बाल्यकाली साधु सुरेश दास को यज्ञवेदी निर्वाणी अखाडा का महंत बनाया गया है। अब नवनियुक्त महंत हनुमान गढी अयोध्या के पंचों के अनुरूप तथा रामानन्दी निर्वाणी अखाडा के पंचायती व्यवस्था के मुताबिक काम करेंगे। साथ ही धर्म का प्रचार प्रसार करेंगे। इस दौरान किसी भी सम्पत्ति का विक्रय नहीं किया जाएगा। साथ ही कृषि एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त वार्षिक आए मन्दिर एवं अखाडे में रहने वाले संतों एवं अतिथियों की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में परम्परा के अनुसार हनुमान गढी के महंत प्रेमदास महाराज ने महंत सुरेश दास को कंठी चादर भेंट कर महंत घोषित किया। इस मौके पर निर्वाणी अनी के महंत मुरली दास महाराज, उत्तराधिकारी धर्म सम्राट महंत ज्ञान दास, संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास महाराज, हनुमत संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेश दास महाराज, माधव दास महाराज, नागा रामशंकर दास महाराज, निर्वाणी अली के सचिव सत्यदेव दास महाराज, सचिव नन्ददास महाराज, महंत राजेश दास महाराज, बाबा बलराम दास महाराज, पुजारी हेमंत दास महाराज, नागा रामलखन दास महाराज, जयमंगल दास, पहलवान मनिराम दास, अजय दास, प्रताप दास, रत्नाकर दास, पृथ्वी दास एवं प्रबंधक अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कसहाई विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कसहाई के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत कसहाई, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत कसहाई, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय ग्राम पंचायत सपहा विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सपहा के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत सपहा, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत सपहा, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय ग्राम पंचायत रगौली विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत रगौली के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत रगौली, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत रगौली, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय ग्राम पंचायत लौढिहा खुर्द वि0 ख0 कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत लौढिहा खुर्द के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत लौढिहा खुर्द, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत लौढिहा खुर्द, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय ग्राम पंचायत इटरौर भीखमपुर वि0ख0 कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत इटरौर भीखमपुर के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत इटरौर भीखमपुर, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत इटरौर भीखमपुर, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय ग्राम पंचायत रेहूटा विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम रेहूटा के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत रेहूटा, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत रेहूटा, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा वि0ख0 कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिद्धपुर विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिद्धपुर के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत सिद्धपुर, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत सिद्धपुर, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय ग्राम पंचायत खोह विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/2024–25 दिनांक 29.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत खोह के गौशाला में प्रयुक्त होने वाली भुसा हेतु पंजीकृत फार्मो एवं सप्लायरो से दिनांक 05.08.2024 को अपराह्न दो बजे निम्न विवरणो के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाताओं की निविदायें खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.07.2024 से 05.08.2024 मार्च 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत के गौशाला में भुसा सप्लाई का कार्य |

नोट : नियम एवं शर्ते लागू।

प्रधान — ग्राम पंचायत खोह, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट
सचिव — ग्राम पंचायत खोह, वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट


# एसपी ने व्यापारियों के साथ की गोष्ठी



**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों से उनकी समस्याएं पूछी। साथ ही उनके पूर्ण समाधान के लिए सभी को आश्वस्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी से अपील की कि अपनी दुकानों, मकानों एवं प्रतिष्ठानों के सामने सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें। जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उसकी सम्पूर्ण जानकारी कैमरे में कैद हो सके।

# पत्नी को मार कर फांसी में टांगने वाले दहेज दानव को उम्रकैद की सजा

**चित्रकूट-** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि फतेहपुर जिल के धाता थाने के कारीकांत गांव के निवासी मो हरून ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसने अपनी बेटी गुलप्शा बेगम की शादी 4 अप्रैल 2019 को राजापुर थाना क्षेत्र के बिरवा गांव के निवासी मो इलियाश से की थी। शादी के बाद से इलियाश दहेज में कम पैसे व सामान मिलने का कारण बताकर ससुरालीजनों के साथ उनकी बेटी को प्रताडित करने लगा। इसकी जानकारी बेटी ने उन्हें दी। जिस पर उन्होंने बताया कि अब और अधिक दहेज देने की हैसियत उनकी नहीं हैं। इससे नाराज होकर ससुरालीजनों ने बीती 23 मई 2021 को सबेरे आठ बजे उसकी बेटी को फांसी लगाकर मार डाला। गांव के दूसरे लोगों ने उन्हें टेलीफोन से इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को निर्णय सुनाया। जिसमें मृतका के पति आरोपी मो इलियाश को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 20 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# पुलिस ने बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में की जांच

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक, वित्तीय संस्थानों की जांच की गयी। जांच के दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया एवं डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये गए। साथ ही सतर्कतापूर्वक डियूटी करने को बताया गया। बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर जांच किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहे है। शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। साथ ही परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर कर निर्देश दिये गये।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# ...तो क्या भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है महिला जिला अस्पताल?

## भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के बजाय पत्रकार को ही धमकाने लगीं सीएमएस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** महिला जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार की जड़ें गहराई तक पेवस्त हो चुकीं हैं,यहाँ सरकार की तरफ से मरीजों को दी जाने वाली मुफ्त सुविधाओं के एवज में कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली किया जाना, अस्पताल के सुरक्षा गार्डों पर अवैध वसूली के लिए मारपीट करने तथा छिनैती करने के आरोप लगना आम बात हो गयी है,मामला पुलिस तक पहुंच रहा है फिर भी अस्पताल की सीएमएस अपने अधिनस्थों की कार्यशैली में सुधार करवाने के बजाय पक्षपात करते हुए अधिनस्थों का ही बचाव करती नजर आती हैं,इतना ही नही बल्कि अवैध वसूली के मामले का खुलासा करने पर सीएमएस निर्मला साहू पत्रकार को भी अपने सीयूजी नम्बर से फोन करके धमकाने से बाज नही आयीं।

जी हाँ !हम बात कर रहे हैं उसी महिला जिला अस्पताल की,जहाँ कुछ समय पहले तक तो सब कुछ ठीक चल रहा था,परन्तु कुछ ही समय पहले सीएमएस की कुर्सी बदलते ही



सब कुछ बदल गया है। बताया जाता है कि अभी रविवार को महिला अस्पताल के गार्ड पर मरीज के तीमारदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया था,जिसमें आरोप लगा था कि मरीज के तीमारदार से अवैध वसूली का प्रयास किया जा रहा था,लेकिन मकसद में कामयाब ना होने पर गार्ड द्वारा मरीज के तीमारदार के साथ मारपीट की गयी थी,बताया जा रहा है कि मरीज के तीमारदार द्वारा सीएमएस से इसकी शिकायत की गयी लेकिन सीएमएस अपने कर्मचारी का बचाव करते हुए मामले को ही झुठलाने लगीं थी तब मजबूरन मरीज के तीमारदार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाही की मांग की थी,फिलहाल यह जाँच का विषय है।बताते चलें कि इसी दरमियान भर्ती तथा रक्त जाँच के नाम पर मरीजों से अवैध वसूली का मामला भी उजागर हुआ है,अवैध वसूली का वीडियो भी सामने आया है,मामला प्रकाश में आने के बाद जब एक दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने खबर को प्रमुखतः के साथ प्रकाशित किया तो सीएमएस डॉ.निर्मला साहू का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया,उन्होंनें आव देखा ना ताव,अपने सीयूजी नम्बर से सीधे संवाददाता को फोन मिलाते हुए खबर छापने को लेकर जम कर खरी-खोटी सुनाई,इतना ही नही बल्कि सीएमएस ने तैश में आकर संवाददाता को यहाँ तक आदेश दे डाला कि तत्काल मेरे ऑफिस आ कर मुझसे मिलो। अब ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीण अंचलों से आने वाली गरीब परिवारों की बेबस व लाचार महिला मरीजों व उनके तीमारदारों के प्रति सीएमएस का रवैया कैसा होगा।

### आखिर महिला अस्पताल के भ्रष्टाचारियों पर क्यों मेहरबान हैं सीएमएस?

बताया जा रहा है कि महिला जिला अस्पताल में अवैध वसूली के चक्कर आये दिन बवाल मचा रहता है,कभी महिला अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा निःशुल्क जाँच व भर्ती के लिए भी अवैध वसूली की खबरें निकल कर सामने आती हैं तो कभी अवैध वसूली के चक्कर में वहाँ के स्टाफ तथा गार्डों के द्वारा मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ मारपीट किये जाने के मामले सुर्खियों में रहते हैं,परन्तु बड़े ही आश्चर्य की बात है कि महिला जिला अस्पताल की सीएमएस को किसी भी मामले में अपने अधीनस्थों की कमियाँ नजर ही नही आती हैं अथवा यूँ कह लिया जाए कि सीएमएस निर्मला साहू जानबूझ कर अपने अधीनस्थों की कमियों को नजरअंदाज करती हैं। फिलहाल मामला गंभीर है,अब शासन-प्रशासन इस पर कार्रवाही करता है कि नही फिलहाल यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# आरएसएम के बैनर तले वित्त एवं लेखाधिकारी और बीईओ बछरावां के खिलाफ तीसरे दिन जारी रहा धरना प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शिक्षकों का एरियर जारी करने में बरती जा रही लापरवाही और बीईओ बछरावां की कार्यप्रणाली से नाराज शिक्षकों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का धरना प्रदर्शन वित्त एवं लेखाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध चल रहा है। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में लगभग 1500 से अधिक शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवशेष देयकों का भुगतान नहीं हो पाया है। इस संबंध में कई बार ज्ञापन भी दिया गया लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन अभी विभागीय अधिकारियों के शोषणध् अन्यायध्अत्याचार व संवेदनहीनता के विरुद्ध धरना प्रदर्शन प्रारम्भ किया। प्रदेश संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह ने वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा द्वारा एरियर भुगतान न करना, बीईओ बछरावां के अंसवैधानिक कृत्यों, शोषण, कार्यालयी भ्रष्टाचार से संबंधित विभिन्न विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी यदि नहीं सुधरे तो शासन के साथ



होने वाली आगामी बैठक में इनकी कारगुजारियों से अवगत कराएंगे। हम शिक्षकों के हित में अनवरत धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने बताया कि जिले में अंतर्जनपदीय शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि,डीए, बोनस बाधित वेतन का भुगतान, एमआरसी शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान बकाया है। आज के धरने को दिनेश प्रताप सिंह, रवीन्द्र सिंह यादव, अनुराग मिश्रा, रणविजय सिंह ने कहा कि लेखाधिकारी के संरक्षण में कार्यालयी भ्रष्टाचार के कारण शिक्षकों को होने वाली आर्थिक क्षति के उत्तरदायी लेखाधिकारी से मुक्ति पाना।जीपीएफ लेखापर्ची का वितरण समय से न किया जाना।शिक्षकों ने कहा बछरावां वरुण कुमार मिश्रा के कार्यों की जितनी भी निंदा की जाए वह बहुत ही कम है। उनकी असंवैधानिक कार्यशैली, शिक्षकों का शोषण , सरकारी धन का दुरुपयोग और कार्यालयी भ्रष्टाचार की प्रशासनिक जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना। धरना प्रदर्शन का संचालन जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने किया। धरने में राजेश मौर्य, वीरेन्द्र बहादुर, संगीता, जयकरन, हरिमोहन यादव, अनूप सिंह, हरिशरण मौर्य, दिनेश प्रताप सिंह, अनुराग मिश्र, अवनीश सिंह, आशुतोष शुक्ल, लोकतन्त्र शुक्ला, हरिशरण सिंह, बृजेश प्रजापति, सन्दीप सोनकर, नीरज, अनुज प्रताप सिह, प्रभंजन मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 12,16 व 18 नम्बर को

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिषाशी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत से कहा है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवंटित लक्ष्य के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु निदेशालय, समाज कल्याण लखनऊ के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन की तिथियां निर्धारित की गई है जिसके अनुसार 12 नवम्बर से शुभ लग्न की तिथियां प्रारम्भ है।मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु आयोजन स्थल एवं आयोजन की तिथियां निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि व आयोजन स्थल के अनुसार 12 नवम्बर 2024 को विकास खण्ड व नगर पंचायत- हरचन्दपुर, सतांव, खीरों, लालगंज, सरेनी, बछरावां, शिवगढ़, महराजगंज के लाभार्थी जोड़ो के लिए सामूहिक विवाह आयोजन स्थल- गन्ना कांटा मैदान सतावं रायबरेली निर्धारित किया गया है।इसी प्रकार 16 नवम्बर 2024 को विकास खण्ड व नगर पंचायत- राही, अमावां, डलमऊ, दीनशाहगौरा, ऊँचाहार, जगतपुर, रोहनिया और नगर पालिका परिषद रायबरेली के लाभार्थी जोड़ों हेतु सामूहिक विवाह आयोजन स्थल- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली निर्धारित किया गया है। 18 नवम्बर 2024 को विकास खण्ड व नगर पंचायत- सलोन, छतोह, डीह, नं0पं0 नसीराबाद एवं परशदेपुर के लाभार्थी जोड़ों हेतु सामूहिक विवाह आयोजन स्थल- मिनी स्टेडियम, सलोन रायबरेली निर्धारित किया गया है।मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सामूहिक विवाह योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के साथ ही वेबसाइट पर पात्र लाभार्थी जोड़ों का ऑनलाइन पंजीकरण कराते हुए आवंटित लक्ष्य के अनुरूप सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जोड़ों को सम्मिलित कराकर योजना से लाभान्वित करायें।

# समाजसेवी रमेश दीक्षित के द्वारा बाबा बाल्हेश्वर धाम में आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने छका प्रसाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने जहां बाबा बाल्हेश्वर धाम पहुंचकर पूजन-अर्चन करते हुए भोले बाबा का जलाभिषेक किया वहीं रघुवीर हॉस्पिटल एवं रघुवीर रोलिंग मिल्स के चेयरमैन रमेश दीक्षित के द्वारा आयोजित हुए भंडारे में पूड़ी, सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में पूजन अर्चन एवं भंडारे में सुबह छह बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई थीं।

सेवादारों के द्वारा सेवाभाव से श्रद्धालुओं को नियम पूर्वक जलाभिषेक कराया गया। भंडारे में प्रसिद्ध समाजसेवी रमेश दीक्षित के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया। स्वयं रमेश दीक्षित ने अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया।श्री दीक्षित जी के द्वारा महिलाओं व अन्य लोगों को अंग वस्त्र व नगद दक्षिणा भी दी गई।समाजसेवी रमेश दीक्षित ने कहा कि समाजसेवा और भंडारे जैसे कार्य उन्हें अपने पूर्वजों के सेवाभाव की



प्रेरणा से मिले हैं। उन्हें भंडारा व अन्य सामाजिक सेवाओं से जहां आत्मिक शांति प्राप्त होती है वहीं भोले बाबा की भी असीम कृपा उन पर बनी रहती है। भोले बाबा की कृपा से ही वह विगत 16वर्षों से लगातार बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में सावन मास के द्वितीय सोमवार को भंडारा कराते हैं। इस कार्य में डॉ. मोनिका मिश्रा, शशांक दीक्षित, डॉक्टर समीर मिश्रा का भी योगदान रहता है।

भंडारा बाबा के नाम से मशहूर रमेश दीक्षित ने कहा कि अगले सोमवार को भी बाबा सोहलेश्वर धाम में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि महेश नगर लालगंज रघुवीर इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में एएनएम , जीएनएम आदि की व्यवसायिक शिक्षा बच्चों को दी जा रही है, जिस के माध्यम से उन्हें रोजगार मिलने में आसानी होती है। एएनएम व जीएनएम कोर्स करके छात्र-छात्राएं निजी व सरकारी संस्थानों में नौकरी कर रहे हैं। इसके अलावा रघुवीर हॉस्पिटल में भी सेवाभाव के स्वरूप ही मरीजों का इलाज डॉक्टर मोनिका मिश्रा के द्वारा किया जाता है और यह सभी सेवाभाव के कार्य चेयरमैन रमेश दीक्षित के मार्गदर्शन में होते हैं। बालेश्वर मंदिर में गत सोमवार के बजाय सावन के दूसरे सोमवार को बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में कई गुना भक्तों ने जलाभिषेक किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय, अनूप पांडे, अंबुज दीक्षित नीरज दीक्षित, डॉ धर्मेंद्र सिंह, किशनगौड़, प्रशांत तिवारी जगत नारायण पांडेय, रज्जन लाल शुक्ल, श्रीकांत त्रिवेदी ,बच्चउनू सिंह ,लल्ला मिश्रा, कृष्ण भान, महादेव दीक्षित ,महेश यादव, विनोद कुमार आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ओम नमः शिवाय के अखंड जाप का किया आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली गांव में धर्मानुरागी और भोले शंकर के भक्त रमेश वर्मा और उनकी धर्मपत्नी चंद्रावती के द्वारा 24 घंटे का ओम नमः शिवाय के अखंड नाम व जाप का आयोजन किया गया। हर हर भोले नमः शिवाय के विधि विधान से किए गए जाप से पूरा क्षेत्र भक्ति भाव से ओतप्रोत हो गया। शिवनगर की सभी महिलाओं ने ओम नमः शिवाय कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी भागीदारी की और बाबा भोले का नाम जप किया। धार्मिक कार्यों में सदैव संलग्न रहने वाली महिला चंद्रावती ने बताया कि भगवान भोलेनाथ सब पर कृपा बरसाते हैं। सावन माह में उनकी पूजा से विशेष फल प्राप्त होता है। उनके परिवार पर बाबा भोले की विशेष कृपा है। बाबा भोले के नाम जप के बाद प्रसाद वितरण भी हुआ जिसमें लोगों ने छककर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में गौरव बाजपेई ,चंदन बाजपेई,माला गुप्ता, राहुल वर्मा, धनपाल, सुमन लता ने भी ओम नमः शिवाय का जाप किया।

# पोस्टर,मॉडल व निबंध के द्वारा दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र के सलेथू गांव स्थित न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हायर एजुकेशन में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) अनिल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। छात्र-छात्राओं को विभिन्न वर्गों में विभाजित करके पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।आपको बता दे कि, विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि, इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रकृति के प्रति संरक्षण अभियान को मजबूत करना तथा वन्य जीव संरक्षण पर जोर देना है। विश्व प्रकृति संरक्षण की पोस्टर प्रतियोगिता में आकांक्षा यादव प्रथम,



कल्पना कुमारी द्वितीय व सुष्मिता यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय टाइगर की प्रतियोगिता में वर्तिका वर्मा व वंशिका सिंह को प्रथम, वैष्णवी पांडेय को द्वितीय तथा कल्पना कुमारी को तृतीय स्थान से नवाजा गया। मॉडल प्रतियोगिता में श्रेया वर्मा, तनु पांडेय, मुस्कान बानो के द्वारा बनाए गए मॉडल को शीर्ष से स्थान पर रखा गया। पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ0 अरुण चौधरी, कोमल वर्मा व गुलाम शब्बानी प्रमुख रहे।

प्राचार्य ने प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किए जाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर डीएलएड प्राचार्य धीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ0 जितेंद्र सिंह, डॉ0 वंदना पांडेय, डॉ0 रश्मि श्रीवास्तव, डॉ0 उपासना पांडेय, डॉ0 इंदु चौधरी, खुशबू सिंह आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने कोयले से भरी डीएसीएम पर दिये कार्यवाही के निर्देष

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज हैदरगढ़ मार्ग पर क्षेत्र से लौट रहे एसडीएम की नजर ट्रैक्टर से डीसीएम पर लद रही कोयले से भरी बोरियों पर पड़ी। एसडीएम ने मौके पर दोनों वाहन चालकों से कोयले से संबंधित अभिलेख तलब किया। कोयले से सम्बन्धित कोई भी कागजात वाहन चालक नही दिखा सके। एसडीएम ने कोयले के अवैध ट्रांसपोर्टिंग को देखते हुए दोनों वाहनों को रात्रि में ही कोतवाली पुलिस के सुपुर्दगी में दे दिया। उन्होंने वन क्षेत्राधिकारी को पत्र भेज कर भट्टी का संचालन कर रहे भट्टी संचालक के साथ ही दोनों वाहनों के वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं।एसडीएम की इस कार्रवाई से अवैध भट्टी का संचालन कर रहे भट्टी संचालकों में हड़कंप मचा है।शनिवार की रात 8:30 बजे के करीब एसडीएम राजितराम गुप्ता को महाराजगंज हैदरगढ़ मार्ग पर सड़क के किनारे वाहन संख्या यू पी 42 सी टी-7064 तथा ट्रैक्टर ट्राली संख्या यूपी 33 बी 4- 16 37 पर कोयले से भरी हुई बोरियों का ट्रांसफर किया जा रहा था। एसडीएम ने रात में संदिग्ध गतिविधियां देख दोनों वाहन चालकों को बुलाया।चालकों ने पूछताछ में एसडीएम को बताया क्षेत्र के समसपुर हलोर गांव निवासी अयाज पुत्र मोहम्मद नफीस की कोयला भट्टी से यह कोयला ला रहे हैं। चालको द्वारा कोयले से संबंधित कोई वैध कागजात ना दिखाए जाने पर एसडीएम राजितराम गुप्ता द्वारा कोयले का संदिग्ध परिवहन मानते हुए डीसीएम एवं ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया।घटना की जानकारी मिलते ही भट्टी संचालक मोहम्मद अयाज एसडीएम के पास पहुंचे ।बताया उनके पिता नफीस की मृत्यु हो गई है। भट्टी का लाइसेंस उनके नाम है यह पूछने पर कि कोयला भट्टी कब से चला रहे हैं बताया ढाई महीने पहले से। भट्टी संचालक ने अपने बयान में यह भी कहा है पिता नफीस की मृत्यु के बाद चार अदद भट्टी का नवीनीकरण विगत 10 जुलाई को कराया जा चुका है। एसडीएम श्री गुप्ता ने क्षेत्रीय वनाधिकारी नावेद सिद्दीकी को रविवार को पत्र लिखकर कोयला भट्टी के पास लकड़ी के अवैध भंडारण ,बिना लाइसेंस के कोयला भट्टी का संचालन करते हुए कोयला निर्माण एवं अवैध परिवहन के उद्देश्य से पकड़े गए डीसीएम व ट्रैक्टर के वाहन स्वामी व लाइसेंस उल्लंघन में संचालित कोयला भट्टी के संचालक के खिलाफ कठोर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। एसडीएम की इस कार्रवाई से वन एवम पुलिस को साधकर कोयला भट्टी के संचालन कर रहे संचालकों में हड़कंप है उधर क्षेत्रीय वनाधिकारी नावेद सिद्दीकी ने बताया एसडीएम का पत्र मिला है। भट्टी संचालक और दोनों वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# अपर श्रम आयुक्त, लखनऊ मण्डल ने श्रम विभाग रायबरेली के नवीन परिसर कार्यालय का फीता काटकर किया शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सहायक श्रमायुक्त आर0एल0 स्वर्णकार ने बताया है कि श्रम विभाग, रायबरेली के कार्यालय को भवन संख्या- एच0आई0जी0 391, इंदिरा नगर, रायबरेली से अपरिहार्य कारणवश, भवन संख्या- 1013ध्19, गांधीनगर, निकट मनिका सिनेमा, रायबरेली, में स्थानांतरित कर दिया गया है।श्रम विभाग, रायबरेली के स्थानांतरित किए जाने के अवसर पर लखनऊ से विशेष रूप से पधारे, श्रम विभाग के मंडल के मुखिया, मधुर सिंह, अपर श्रम आयुक्त, लखनऊ मण्डल द्वारा नवीन कार्यालय परिसर का फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ करते हुए प्रवेश किया तथा नवीन कार्यालय परिसर में पारम्परिक रीति के अनुसार पूजा-अर्चना की गयी।इस अवसर पर मधुर सिंह, अपर श्रम आयुक्त, लखनऊ मण्डल द्वारा श्रम विभाग, रायबरेली कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामना दी।

उन्होंने निर्देश दिये कि वे जनपद रायबरेली के श्रमिकों के हितार्थ पूरी निष्ठा एवं तन्मयता से कार्य करें तथा जिले में श्रमिकों एवं औद्योगिक जगत के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने का प्रयास करें।इस अवसर पर राकेश कुमार पाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, कर्मचारी, सेवायोजक एवं श्रमिक संघों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता, व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# शिक्षकों पर लगाए जाने वाले आरोप फर्जी और निराधारः राजेश शुक्ला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा रायबरेली का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करने पहुँचा। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि बछरावां इकाई ने अवगत कराया है कि संघनिष्ठ शिक्षक वेद प्रकाश शुक्ला व बुद्धि प्रकाश अवस्थी सहित कुछ अन्य शिक्षकों पर एक संगठन द्वारा राजनैतिक द्वेष भावना से प्रेरित होकर उन पर गलत आरोप मढ़े जा रहे है जिससे उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुँच रहा है। जिला मंत्री मुकेश द्विवेदी ने कहा कि प्रकरण अत्यंत गम्भीर है संगठन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया है कि इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करें। जिला संयुक्त मंत्री डॉ चंद्रमणि बाजपेई ने कहा कि संगठन अपने शिक्षक साथियों के साथ मजबूती से खड़ा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी,कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सँघर्ष समिति सुरेंद्र यादव,जिला मंत्री संघर्ष समिति सुधीर सिंह,बछरावां इकाई के अध्यक्ष अमन शुक्ला,मंत्री कुलदीप वर्मा,शांत कुमार सिंह, अमित सिंह,अखिलेश तिवारी उपस्थित रहे।

# सहायक अध्यापक को हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

**महराजगंज रायबरेली।** सहायक अध्यापक द्वारा हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आखिरकार कोतवाली पुलिस ने सहायक अध्यापक कुलदीप कुमार के ऊपर गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। बताते चलें कि, कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा है कि, असनी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की गई है। जिससे करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। और सामाजिक सैवहार बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे हम सभी भारतीय जनता पार्टी के नेता व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी विरोध करते हैं। और ऐसे शिक्षक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं। न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा बालिकाओं को यौन हिंसा से बचने व योजनाओं की दी गई जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प-एचईडब्लू के अंतर्गत 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। हर नारायण इंटर कॉलेज, ऊंचाहार में बालिकाओं के हित में विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, जिसमें योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे में एवं स्पॉन्सरशिप योजना को विस्तार से बताया गया। सखी वन स्टाप सेंटर की केस वर्कर ज्ञाना यादव ने सेंटर पर प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हो रही यौन हिंसा से बचने व अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी, व साथ ही उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। वर्तमान समय में बच्चों के सर्वोत्तम विकास हेतु माता-पिता की भूमिका के बारे में चर्चा की गई व सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181 महिला हेल्पलाइन 1090, 112, 102, 108 की जानकारी दी गयी।कार्यक्रम में हर नारायण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर बृजेश सिंह, ममता शुक्ला, संजू सिंह, वंदना मौर्य, अंशिका सिंह मौजूद रहे।

# डग्गामार वाहन में सफर मजबूरी, रोडवेज बस है जरूरी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** डिजिटल युग में भी लोगों को डग्गामार से यात्रा करनी पड़ रही है । यात्रियों से मनमाना किराया वसूल किया जाता है । डग्गामार से सफर करना खतरे से खाली नहीं है । क्योंकि इनमें ज्यादातर वाहन खटारा है । कोरांव तहसील मुख्यालय से जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर परिवहन निगम की बसों का संचालन न होने से डग्गामार से यात्रा करना लोगों की मजबूरी बन गई है । जिला प्रशासन सहित प्रदेश सरकार से कई बार फरियाद के बाद भी रोडवेज बसों का संचालन नहीं शुरू किया जा सका है । रोडवेज बसों की कमी और निजी वाहनों की मनमानी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है । नगर पंचायत कोरांव मे वर्ष 1969 मे बनाया गया सरकारी बस स्टैंड रखरखाव एवं मरम्मत के अभाव में बदहाली का शिकार हो गया है । उक्त बस स्टैंड से जिला मुख्यालय तक का सफर डग्गामार वाहनों से करना पड़ रहा है । निजी वाहन संचालकों का बस अड्डे पर पूरी तरह से कब्जा है ।
इन वाहनों से यात्रा करने वाले लोगों से किराया की मनमानी वसूली की जाती हैं । विरोध करने पर बस परिचालक एवं यात्रियों के बीच में आए दिन विवाद भी होता रहता है । कोरांव, लेड़ियारी, बड़ोखर, खीरी, टौगा, देवघाट, अयोध्या, बहरैचा, देईबांध, रतेवरा, कैथवल, करपिया, बिरहा ,बडोखरा , गोबरा, खिवली ,भोगन सहित दूर दराज के गांवों के लोगों को डग्गामार वाहनों के भरोसे यात्रा करनी पड़ रही है । इन वाहनों में यात्रियों को भूसे की तरह ठूस कर भरा जाता है । यात्रियों के उचित प्रभावी सुव्यवस्थित किफायती सड़क परिवहन सेवाएं प्रदान करने की बात करने वाले विभाग के दावे पूरी तरह से हवा हवाई साबित हो रहे है ।

## क्या कहते हैं गांव के लोग

परिवहन निगम की बसे न चलने से डग्गामार वाहनों से यात्रा मजबूरी बन गई है । अनियंत्रित गति से चलने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है ।
**डा, सुनील कुमार कुशवाहा लेड़ियारी ।**

जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर यात्रा करने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है । परिवहन निगम की बसे संचालन से यात्रियों को सुरक्षित एवम समय से गतव्य पर पहुंचने में आसानी होगी ।
**सत्य प्रकाश मिश्रा लेड़ियारी ।**

परिवहन निगम की बसों के न चलाये जाने से डग्गामार वाहनों में यात्रियों से ज्यादा किराया लिया जा रहा है । मनमानी का विरोध करने वालों से मारपीट की जाती हैं ।
**राम बली बिंद ग्राम प्रधान धोबहट**

निजी वाहनों से यात्रा करने में दुगुना किराया देना पड़ता है । सीट से ज्यादा सवारियों को बैठाया जाता है । वाहन को बार-बार रोकने से समय भी ज्यादा लगता है ।
**विनोद कुमार दुबे प्रधान प्रतिनिधि कैथवल**

कोरांव से जिला मुख्यालय तक सरकारी बसों के संचालन के लिए परिवहन मंत्री से मांग की गई थी । इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर उक्त समस्या को रखते हुए बसों के संचालन की मांग की जाएगी ।
**संतोष कुमार द्विवेदी पूर्व साधन सहकारी समिति अध्यक्ष गोबरा**

## सड़क बनी तालाब राहगीरों को आवागमन हुआ अवरुद्ध



**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नंबर 25 के मलावा बुजुर्ग पेट्रोल पंप से कछार में जाने वाली रोड चौराहे पर गत कई माह से पानी एकत्र है आस पास के लोग संचारी रोग जैसे बीमारियों की आशंका जताते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद भी पानी निकासी का कोई व्यवस्था नहीं हुआ। स्थानीय निवासी अभय राज भारतीय ,सूरज भारतीय शनि, शिव बाबू का आरोप है कि यहां पर नाली की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण पूरे गांव का पानी आ कर एकत्र हो जाता है जबकि इसी रोड पर पूरे गांव का आवागमन है कई कई बार लोग पानी और कीचड़ में फिसल कर चोटहिल हो जाते है।लोग किसी तरह आते जाते है नगर निगम के संविदा कर्मचारी जा कर केवल खाना पूर्ति करते है कागज पर नगर निगम के सारे वार्ड बिल्कुल स्वच्छ है जमीनी स्तर पर बिल्कुल स्थिति नाजुक सी है रोड पर झाड़ू लगाया जाता है गांव के अंदर न तो नाली है न ही सफाई की कोई व्यवस्था।

# बम भोले के जयकारों से गूंजा शिवालय



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालापुर(प्रयागराज)।** लालापुर स्थित मनकामेश्वर धाम मंदिर पर शिव भक्तों की भोर से ही लंबी लाइन देखने को मिली है। यहां शिवभक्तों के जलाभिषेक के लिए पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग कर लाइन में ही महिला और पुरुषों को अलग-अलग कर भगवान शिव के दर्शन की व्यवस्था की गई। लालापुर क्षेत्र का इकलौता प्राचीन शिव मंदिर है मनकामेश्वर धाम पर्वत शिखर पर बाबा भोलेनाथ का शिवलिंग स्थित है। क्षेत्र का इकलौता व प्राचीन शिव मंदिर है। इस वजह से प्रत्येक सोमवार को भी भक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए उनके धाम पहुंचते हैं। सावन माह में प्रयागराज, चित्रकूट, कौशाम्बी, रीवा सहित अन्य कई जिले से शिव भक्तों का आवागमन लगा रहता है। कहा जाता है कि जो भी भक्त आस्था और भक्ति के साथ मनकामेश्वर धाम में जलाभिषेक करता है भगवान भोलेनाथ उसकी सारी मनोकामना पूर्ण करते हैं। चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे पुलिस बल के जवान* थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र भोर से ही कांवरियों वा शिव भक्तों को बारी-बारी जलाभिषेक एवं दर्शन करवाया किसी शिव भक्त किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं होने दिया। सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने पॉइंट पर मुस्तैद दिये। यही कारण है कि किसी भी शिवभक्त व कांवरियों को किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं हुई। थानाध्यक्ष लालापुर ने दिखा या मानवता का मिसाल मनकामेश्वर धाम लालापुर में दर्शन करने के लिए आई एक लड़की बेहोश होकर गिर गई। थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र ने तत्काल महिला उप निरीक्षकों उसे उठाकर उसका इलाज करवाया होश में आने के बाद चाय एवं फल फूल खिलवाकर उसे घर भेजवायें। *ड्यूटी में नजारत दिखे स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर शिव भक्तों की भारी भीड़ व कड़ी धूप होने के कारण दर्शन करने आई लड़की बेहोश होकर गिर पड़ी डॉक्टर न होने के कारण इलाज के लिए दिक्कत हुई लेकिन मानवता का मिसाल दिखाते हुए थानध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र ने महिला उपनिरीक्षकों से लड़की को उठाकर उसका उपचार करवाया।

### दूसरे सोमवार को जयकारे से गुंजायमान हुआ मनकामेश्वर धाम

**लालापुर(प्रयागराज)।** सावन के दूसरे सोमवार को लालापुर गांव में स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर भोर से ही आस्था की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग में दूध से जलाभिषेक किया। इसी के साथ ही भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल, माला के साथ पूजन-अर्चन कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। मनकामेश्वर धाम में महिलाओं की तादाद अधिक देखने को मिली है। शिव मंदिर में शिव भक्तों और कावंड़ियों के सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजामात किए गए थे और पुलिस सुरक्षा के साए में ही शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मनकामेश्वर धाम की पुजारी महंत ननकऊ तिवारी ने बताया की भोर से ही शिव भक्त एवं कांवरिया जलाभिषेक के लिए आने लगे हैं। ग्राम प्रधान शंकर लाल पाण्डेय ने बताया कि भोर से कांवरिया और शिव भक्त जलाभिषेक के लिए आने लगे हैं किसी भी शिव भक्त को दर्शन करने में कोई अव्यवस्था नहीं हुई है सभी शिव भक्तों को बारी बारी दर्शन कराया गया है।

# पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर कृषि विज्ञान केन्द्र में किया वृक्षारोपण



**नैनी(प्रयागराज)।** शुआट्स के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र में आज वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। शुआट्स के प्रो.वी.सी (प्रशासन) प्रो.डा0विश्वरूप मेहरा ने बताया कि पेड पौधे जीवन को बचाने में ही नही अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी अहम रोल अदा कर रहें है। जैसे जैसे अपने दैनिक जीवन में हम आगे बढते हैं, पेडों से मिलने वाले अनेक लाभों को हल्के में लेना आसान हो जाता है पेड न केवल सुन्दर और महत्वपूर्ण हैं बल्कि वे पृथ्वी पर जीवन को बनाये रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। शुआट्स के निदेशक शोध डा0एस.डी.मेकार्टी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिग के बारें में सभी को जानकारी है अतः पेड और उनकी देखरेख करना सभी लोगों का परम कर्तव्य है कार्यक्रम में आंवला, नीबू, मोरिंगा, कटहल इत्यादि के 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। शुआट्स के निदेशक प्रसार डा0 प्रवीण चरन ने कहा कि पेड ही हैं जो जलवायु परिवर्तन के कुप्रभावों को कम करने की क्षमता रखते है जिसके लिये वृक्षारोपण अभियान जारी रहना जरूरी है। इसी से जलवायु में सुधार संभव है। पेड पौधे प्रकाश संश्लेशण के माध्यम से कार्बन डाई आक्साइड को कम कर आक्सीजन देने में महती भूमिका निभाते है। के.वी.के. प्रभारी डा0मुकेश पी.मसीह ने बताया कि जंगल ही हमें स्वच्छ जल और मृदा के साथ साथ स्वच्छ प्रर्यावरण भी प्रदान करने का आधार प्रदान करते है। प्रर्यावरण की समस्या का दायरा अत्यन्त व्यापक है और स्वस्थ से इसका सीधा सम्बन्ध है अतः पौधे लगाना और उनका रख रखाव प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी होनी चाहिये। प्रयागराज जनपद से आये हूए लगभग 60 कृषकों को आंवला, नीबू, मोरिंगा, कटहल, पपीता इत्यादि 1600 फलों के पौधें मुख्य अतिथि के द्वारा वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में के.वी.के. सभी स्टाफ ने भाग लिया।

# अंधेरगर्दी-पांच माह से निर्माणाधीन पानी की टंकी टांय टांय फिस


➢ग्यारह जुलाई से ही ग्राम प्रधान अल्हवा ने प्रदेश के नमामि गंगे जल जीवन मिशन के प्रमुख सचिव को भेज रखा है शिकायती पत्र,एक्सियन जल निगम ग्रामीण के स्तर पर शिकायत लंबित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव(प्रयागराज)।** जल जीवन मिशन के तहत निर्मित हो रही पानी की टंकी करीब पांच मांह से ठप पड़ी है। निर्माण कार्य दाई संस्था वर्षा फर्म ने निर्माण के बजाय टंकी की फाउंडेशन में लगी स्टील की सरिया और निर्माण सामग्री उठा ले गया। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने सासन स्तर से की है।अवगत हों कि हिंद कांस्ट्रकसन ने वर्षा को निर्माण कार्य का ठीका दिया था। आरोप है कि उसे धन नहीं मिला तो काम बंद कर दिया। इससे सामग्री आदि उठा ले गया। ग्राम सरपंच को जब जानकारी हुई तो बची खुची निर्माण सामग्री ढुलाई रोक दिया।

हिंद फर्म ने कहा कि निर्माण कार्य अधर में रहने के कारण संबंधित विभाग को शिकायत किया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरांव में ग्राम प्रधान ने पुनः शिकायत की है। अधिकारियों ने बोला जल्द निर्माण कार्य अन्य ठिकेदार करेंगे। फिलहाल अभी तक निर्माण कार्य न होने से ग्रामीण क्षुब्ध हैं। इस मामले में माननीय विधायक कोरांव और एसडीएम कोरांव आदि ने भी विभागीय अधिकारियों को पत्राचार के जरिए कार्यवाही की तसल्ली ग्राम अल्हवा में भ्रमण के दौरान दी थी। ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने तत्काल पानी की टंकी का निर्माण कार्य चालू किए जाने की माग की है।

# सावन के दूसरे सोमवार को पाटलेश्वर महादेव के मन्दिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**कौधियारा (प्रयागराज) ।** कौधियारा क्षेत्र ग्राम सभा देवरा में सावन के दूसरे सोमवार को पाटलेश्वर महादेव के मंदिर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही श्रध्दालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी लोग पूजा पाठ करने के बाद लोग भगवन शिव के भजन कीर्तन में लीन हो गए सुबह से ही फूल की दुकाने दुल्हन की तरह सज जाती है लोग पर सूर्योदय की बेला के साथ बेल पत्र, भांग-धतूरे की जमकर बिक्री मंदिरों के बाहर बिल्व पत्र, बेल, भांग, धतूरा, फूल-प्रसाद, धूप, अगरबत्ती, गंगाजली समेत अन्य पूजन सामग्रियों की बिक्री जोरों पर रही। सड़क किनारे जगह-जगह स्टॉल सजे दिखे। दक्ष रोड के बाहर फल-फूल प्रसाद आदि की दुकानों पर सुबह से अच्छी खासी भीड़ देखी गई।

# पांडेश्वर नाथ धाम पण्डिला महादेव मे लाखों शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सावन के दूसरे सोमवार को पांडेश्वर नाथ धाम पण्डिला महादेव मंदिर में भोर तीन बजे से ही शिव भक्तों ने जलाभिषेक दर्शन पूजन शुरू किया । लाखों शिव भक्तों ने सोमवार को मंदिर पहुंच कर बाबा भोलेनाथ को गंगा जल दूध दही बेलपत्र धतूर मदार भांग गंगाजल अर्पित कर बाबा भोलेनाथ से आशीष प्राप्त किया । इस दौरान मंदिर के मुख्य मार्ग के आसपास दुकानदार सड़क के दोनों और फल के दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया था । प्रभारी निरीक्षक थरवई अरविंद कुमार गौतम ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था मे थाना थरवई के अलावा थाना अध्यक्ष बहरिया होलागढ़ यातायात पुलिस कर्मी आइटीबीपी से 25 कार्मिक सुरक्षा व्यवस्था हेतु मुस्तैद रहे । भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को पेयजल को लेकर हुई सफाई की सही व्यवस्था न होने के कारण शिव भक्तों महिलाओं बच्चों को घोर परेशानी हुई । बताते चलें कि पांडेश्वर नाथ धाम पडिला महादेव की पूजा पांडवों ने अज्ञातवास के समय में की थी मंदिर के पुजारी सच्चिदानंद शर्मा व दिनेश शर्मा महंत अखिलेश गिरी राजेश गिरी देवेंद्र गिरी ने बताया कि सच्चे मन से आने वाले शिव भक्तों का बाबा भोलेनाथ हर मनोकामना को पूर्ण करते हैं श्रावण मास में पूरे एक माह तक मंदिर के आसपास मेला लगा है

# माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर सपाइयों में खुशी

## समाजवादी पार्टी में ही है हर वर्ग का सम्मान राजू चौबे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव (प्रयागराज)।** समाजवादी पार्टी के द्वारा वरिष्ठ समाजवादी नेता माता प्रसाद पाण्डेय को यूपी विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की सूचना जैसे ही विधानसभा कोराव के पार्टी कार्यकर्ताओं को हुई वैसे ही कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त हो गई और लड्डू बाटकर एक दुसरे का मुंह मीठा कराया।

इस मौके पर चर्चित किसान नेता राजू चौबे ने कहा की समाजवादी पार्टी में ही हर वर्ग के लोगो का सम्मान है जिस प्रकार से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक वर्ग के साथ साथ



सामान्य वर्ग के लोगो को अपने साथ लेकर चल रहे है निश्चित रूप से आगामी होने वाले विधानसभा के चुनाव में समाजवादी सरकार उत्तर प्रदेश में बनेगी।इसी क्रम में विधानसभा प्रभारी राजेश पांडे ने कहा की सपा सुप्रीमो ने जिस प्रकार से ब्राह्मण समाज के गौरव माता प्रसाद पाण्डेय को विधानसभा नेता प्रतिपक्ष बना कर समाज का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है उससे समस्त सवर्ण समाज अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करता है। आभार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष महताब खान नगर अध्यक्ष ललन पटेल रामानुज यादव दीपक पटेल अश्वनी पटेल प्रमोद मिश्रा पयासी सुभाष पांडे आशीष मिश्रा मोहम्मद लल्लन प्रधान शिव श्याम शुक्ला अनीता शुक्ला पप्पू मिश्रा शहादत अली नौशाद अंसारी मोहम्मद हारुन पप्पू शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# चांद खम्हरिया में कुलांचे भरेंगे चिंकारा और चीतल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** खीरी के चांद खम्हरिया गांव स्थित प्रदेश के पहले ब्लैक बक रिजर्व कंजवैशन में जल्द काले हिरनों के साथ चिंकारा, चीतल, चौसिघा, बारहसिंघा, सांभर व पाड़ा भी कुलांचे भरेंगे । दुर्लभ प्रजाति ये हिरन गुजरात के भावनगर स्थित वेलावदार ब्लैकबक नेशनल पार्क से मंगाए जाएंगे । ईकी टूरिज्म को बढावा देने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से इस रिजर्व कंजवैशन को वन डिस्ट्रिक्ट वन डेस्टिनेशन ( ओडीओडी ) के तहत चुना गया है । इसके अंतर्गत ही प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है । ब्लैक बक रिजर्व कंजवैशन चांद खम्हरिया में लगभग 550 काले हिरनों की वन विभाग की ओर से गणना की गई है । कुछ वर्षो



से इनका कनबा बढ़ रहा है । लेकिन संख्या में वृद्धि अपेक्षा के अनुरूप नहीं है । कि इसे नेशनल स्तर के पार्क का रूप दिया जा सके । अब ईकी टूरिज्म को बढावा देने की पहल शुरू हुई तो इस रिजर्व कंजवैशन को ईकी टूरिज्म प्लैश के रूप में विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है । इसके लिए यह जरूरी है कि यहां काले हिरनों की संख्या बढ़ाई जाए । साथ ही अन्य दुर्लभ हिरनों को भी यहाँ संरक्षित किया जा सके । चूंकि हिरनों के लिए इस क्षेत्र का माहौल इतना बेहतर है कि यहां पर इनका संरक्षण आसानी से किया जा सकता है । इसलिए भावनगर से कई प्रजातियों के काले हिरनों को ले आने की योजना तैयार की गई । बेहद आकर्षक दिखने वाला इन हिरनों के आने से यहाँ सैलानियों की तादाद बढ़गी तो स्थानीय स्तर पर आर्थिक प्रगति भी होगी । इसलिए रिजर्व कंजवैशन के पास फूड कोर्ट रूकने के लिए रेस्ट रूम की व्यवस्था की जाएगी ।

# श्री राम कथा और गंगा आरती का कार्यक्रम संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगोपालगंज ।** श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम शक्ति स्वरूपा माता जानकी शेषद्यवतार अनुज लक्ष्मण जी के चरण रज से पवित्र श्री निषाद राज केवट की नगरी श्रृंगवेरपुर धाम में श्रावण मास कांवरिया मेला के अंतर्गत कृष्ण पक्ष अष्टमी को रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा संचालित श्री राम कथा शोध संस्थान के माध्यम से एक दिवसीय 62 वी श्री राम कथा का कार्यक्रम पर्यटक सुविधा केंद्र में संपन्न हुआ तत्पश्चात मां भगवती गंगा जी की विशेष व भव्य आरती उतारी गई । श्री राम कथा व्यास गद्दी से श्री राम कथा शोध संस्थान के अध्यक्ष राष्ट्रीय कथावाचक बाल व्यास अतुल जी महाराज जी ने श्री भरत चरित्र पर प्रकाश डाला । जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता भक्तजन भाव विभोर हो गए श्री राम कथा पर श्री महेंद्र नाथ पांडे जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए आए हुए अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी श्री राम कथा के संयोजक विनय कुमार अग्रवाल सहसंयोजक अधिवक्ता बलराम सिंह सहकारी संघ विकासखंड कौड़िहार श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र पांडेय ने किया तत्पश्चात मां भगवती गंगा जी की विशेष आरती पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर निषाद राज पीठाधीश्वर माधव दास जी महाराज राघव दास जी महाराज शिव शंकर दास जी महाराज काली सहाय त्रिपाठी भाजपा नेता विनोद ओझा डॉ सरोज मिश्रा बच्चा केसरवानी मनीष द्विवेदी अरुण शुक्ला रामचंद्र शुक्ल बसंत लाल उपाध्यक्ष सुशील मिश्रा सोशल मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश द्विवेदी आचार्य गणेश मिश्रा वीरेंद्र फौजी प्रशांत द्विवेदी सहित अन्य बहुत से गणमान्य श्रद्धालु भक्तजन के साथ बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया ।

श्रावण मास कांवरिया मेले के अंतर्गत जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा मेले की संपूर्ण व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखा गया है जिससे आने वाले कांवरियों को किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो अवसर विशेष पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र दुबे थानाध्यक्ष नवाबगंज व पुलिस चौकी प्रभारी मारुति नंदन तिवारी पुलिस पी ए सी के जवान उपस्थित रहे । समस्त कार्यक्रम की प्रबंधकीय व्यवस्था मेला के संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी द्वारा किया गया ।

# अधिकारियों की उदासीनता से चल रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** शासन की मंशा के विपरीत कोरांव विकास खंड में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं । करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति दयनीय बनी हुई है । ऐसे में ग्रामीण बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों से मोहभंग होता जा रहा है । इलाके में चलने वाले गैरकानूनी स्कूलों पर विभाग शिकंजा न कसने के चलते ऐसे स्कूलों की तादाद में लगातार इजाफा हो रहा है । जबकि कुछ महीनों पूर्व गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद कराएं जाने के लिए नोटिस जारी की गई थी । लेकिन ऐसे विद्यालयों का संचालन आज भी बदस्तूर जारी है । कोरांव विकास खंड में वर्तमान समय में 133 प्राथमिक विद्यालय व 27 प्राथमिक जूनियर हाई स्कूल और 57 संविलियन विद्यालय का संचालन किया जा रहा है । इन विद्यालयों में छात्र संख्या में इजाफा के लिए शासन स्तर से सर्व शिक्षा व स्कूल चलो अभियान कायाकल्प योजना के तहत तमाम रैलियाँ और गोष्ठियों का आयोजन किया जाता रहता है । सरकारी विद्यालयों में शैक्षिक स्तर में सुधार न होने के चलते ग्रामीण अपने पाल्यों को इन विद्यालयों में महज निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें ड्रेस, जूते एवं कपड़े के साथ वजीफा लेने तक ही सीमित रखते हैं ।

जबकि इसके विपरीत नर्सरी व कान्वेंट स्कूलों में बेहतर शैक्षिक वातावरण के साथ बाहरी साज सज्जा को देख कर लोग आकर्षित होकर जब एक बार उनके चंगुल में फंस जाते हैं । तो उनका फीस पुस्तकें, ड्रेस आदि के नाम पर जमकर दोहन किया जाता है । जबकि ऐसे अधिकांश विद्यालयों के संचालक के पास मान्यता के कोई कागजात नहीं होते हुए भी विभागीय शिक्षा अधिकारियों का मूक सहमति प्राप्त होती हैं । कुछ माह पूर्व तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान द्वारा इलाके में दर्जनों गैरकानूनी स्कूलों को चिन्हित कर उन्हें बंद कराने के लिए नोटिस थमाई गई थी ।

लेकिन बाउजूद इलाके बेखौफ़ गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालक आज भी धड़ल्ले से गैरकानूनी स्कूलों का संचालन कर रहे हैं । शिक्षा विभाग से जुड़े कुछ लोगों की माने तो नोटिस के आड़ में विद्यालय संचालकों से जमकर वसूली की गई थी । खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान ने कहा कि कोरांव ब्लाक में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को चिन्हित कराकर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

## प्राचीन मंदिर फुटेश्वरनाथ धाम पर सुन्दर काण्ड का पाठ सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** विकास खण्ड बहरिया के सारपट्टी गांव में स्थित फुटेश्वरनाथ धाम पर सावन में पूरे महीने भर मेला लगा रहता है । तथा दूर दराज से श्रद्धालु यहां दर्शन करने के लिये आते है । सोमवार को जय श्री कृष्णा रामायण ग्रुप गमरहटा के द्वारा संध्या भजन के साथ भव्य सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया । उपरोक्त मेले में बहरिया पुलिस मुस्तैद रहती है । इस कार्यक्रम के आयोजक अभय राज पटेल (बाल कलाकार) सेवादार फुटेश्वर नाथ धाम ।सहयोगीगण में सूर्य प्रकाश गुप्ता ( अधिशासी अधिकारी), रवि नंदन यादव (प्रबंधक हेमंत डिग्री कॉलेज ) दिलीप केसरवानी, विकास निगम ( पूर्व जिला पंचायत सदस्य) , डॉ जे के पटेल, डॉक्टर संध्या पटेल (मालिक पटेल हॉस्पिटल), शिव प्रसाद केसरवानी (मालिक जयराम केसरवानी इंटरमीडिएट कॉलेज), आशुतोष यादव ( ग्रामप्रधान सारीपट्टी), गोरेलाल यादव ( आई टी बी पी) और क्षेत्रवासियों का सहयोग निरंतर मिल रहा है।

# सार्वजनिक शौचालय निर्माण के विवाद में पहुंचे मुख्य राजस्व अधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** पांडेश्वर नाथ धाम पण्डिला महादेव मंदिर के समीप बन रहे सार्वजनिक शौचालय निर्माण की भूमि पर चल रहे विवाद के प्रकरण में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा संयुक्त टीम जिसमें मुख्य राजस्व अधिकारी एडीएम नजूल सोमवार को दोपहर तीन बजे पण्डिला पहुंचे और शौचालय निर्माण का विरोध कर रहे प्रजापति समाज के पदाधिकारी से वार्ता करके राजस्व अभिलेख लिए गए । इस मौके पर उप जिलाधिकारी सोरांव डॉक्टर गणेश प्रसाद कनौजिया तहसीलदार सोराव डॉक्टर बृजेश कुमार राजस्व निरीक्षक मोहम्मद नसीम लेखपाल योगेंद्र प्रसाद अरविंद यादव ग्राम प्रधान महेंद्र गिरी राम अचल यादव के अलावा बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग मौजूद रहे ।

## मारपीट का मामला दर्ज

**थरवई ।** थाना क्षेत्र के भिदिऊरा गांव में पुरानी रंजिश में महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है बताया जाता है कि प्रभा पत्नी हरिश्चंद्र को रविवार की शाम पुरानी रंजिश में पड़ोसी रीता देवी अजय कुमार विजय कुमार ने मारपीट कर घायल कर दिया पीड़िता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया गया है ।

# कोचिंग रिटर्न देने वाला एक समृद्ध उद्योग बन गया है - जगदीप धनखड़

## ● राज्यसभा में दिल्ली के कोचिंग सेंटर में यूपीएससी अभ्यर्थियों की मृत्यु पर चर्चा हुई




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राज्यसभा में सोमवार को दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में जलभराव के कारण यूपीएससी अभ्यर्थियों की दुखद मृत्यु पर राज्यसभा के नियम 176 के तहत अल्पकालिक चर्चा हुई। चर्चा की अनुमति देते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धाखड़ ने टिप्पणी की, ÷मुझे लगता है कि देश के युवा जनसांख्यिकीय लाभांश को पोषित करना अति आवश्यक है। मैंने पाया है कि कोचिंग अब व्यापार बन गया है।धनखड़ ने कोचिंग सेंटरों द्वारा अखबार के विज्ञापनों पर किए जाने वाले भारी खर्च पर भी चिंता व्यक्त की, जो छात्रों से ली जाने वाली भारी फीस से किया जाता है। उन्होंने कहा, ÷कोचिंग उच्च रिटर्न के साथ एक समृद्ध उद्योग बन गया है। हर बार जब हम अखबार पढ़ते हैं तो पहले एक या दो पन्नों में कोचिंग विज्ञापन जरूर होते हैं।

उन्होंने आगे कहा, ÷विज्ञापन पर खर्च किया गया एक-एक पैसा छात्रों की फीस से आ रहा है, हर नई इमारत छात्रों से आ रही है।कोचिंग कल्चर के कारण देश में बनाए गए साइलो की तुलना %गैस चैंबर्स% से करते हुए सभापति ने कहा, ÷हमारे देश में जहां अवसर बढ़ रहे हैं, ऐसे साइलो बड़ी समस्या बन रहे हैं। ये किसी गैस चैम्बर से कम नहीं हैं।÷ उन्होंने सदन के सदस्यों से युवाओं के लिए देश में उपलब्ध रोजगार और कौशल विकास के विभिन्न अवसरों के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया।

सदन के कुछ दलों के नेताओं द्वारा सभापति के कक्ष में सदन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सुझाव देने का बहिष्कार और विरोध की प्रथा पर अफसोस जताते हुए धनखड़ ने कहा, ÷मुझे अपनी पीड़ा साझा करने दीजिए, मुझे अपना दर्द साझा करने दीजिए। सभापति जब सदन में माननीय सदस्यों से मिलने के लिए अनुरोध करते हैं तो उसे इस तरह मना किया जाना पहले कभी नहीं देखा गया।

यह आचरण संसदीय मर्यादा को कमजोर करने वाला है। सदन के कुछ नेता यदि इस तरह सदन में सभापति का बहिष्कार करना चाहते हैं, तो यह निश्चित रूप से एक स्वस्थ परंपरा नहीं है।इससे पहले आज विभिन्न राज्यसभा सदस्य जैसे सुधांशु त्रिवेदी और स्वाति मालीवाल ने यूपीएससी के एक कोचिंग सेंटर में हुई दुखद मृत्यु के मामले पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिया। सभापति ने नियम 176 के तहत अल्पकालिक चर्चा की अनुमति दी क्योंकि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू तो मामले को अति आवश्यक बताते हुए नियम 267 के तहत इस मामले पर चर्चा करने के लिए तैयार थे, लेकिन नेता प्रतिपक्ष मलिकार्जुन खरगे और अन्य विपक्षी दल नियम 267 के तहत इस मामले पर चर्चा करने से असहमत थे।

इस पर सभापति ने यह स्पष्ट किया कि नियम 267 के तहत किसी भी विषय पर तभी चर्चा की जाएगी, जब सभी प्रमुख दल सहमत हों और पूरे सदन की आम सहमति हो।

### धर्मेंद्र प्रधान ने कोचिंग सेंटर में तीन आईएएस अभ्यर्थियों की मौत के लिए लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नई दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक प्रमुख कोचिंग सेंटर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत के लिए लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया।दिल्ली कोचिंग सेटर हादसे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घटना को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि इसको लेकर सरकार सजग है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संबंध में दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं।राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लापरवाही तो हुई है। जब जवाबदेही तय होगी, तभी समाधान निकलेगा। यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि ऐसी घटना दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि केंद्र ने 2017, 2019 और 2020, 2024 में निरंतर रूप से राज्यों को दिशा-निर्देश भेजा है। इससे पहले लोकसभा में मंत्री ने कहा था कि सरकार ने इस वर्ष जनवरी में कोचिंग सेंटरों के नियमन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए थे।

### छात्रों की आत्महत्या व मौत बड़े मुद्दों में से एक, केंद्र सरकार को तत्काल विचार करना चाहिए- केसी वेणुगोपाल




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के सांसद और महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में छात्रों के आत्महत्या करने के साथ दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुए छात्रों के मौत पर लोकसभा में चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्हें यह पता नहीं है कि सरकार कोई कार्रवाई कर रही है या नहीं। उन्होंने इन मुद्दों पर केंद्र से तत्काल विचार करने को भी कहा। उन्होंने इन मामलों पर की जा रही कार्रवाई के बारे में जानकारी भी मांगी है।सोमवार को लोकसभा में सांसद केसी वेणुगोपाल ने 2023 के दौरान केंद्र सरकार के एक मंत्री के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि 2018-22 के बीच वर्षों में आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों के 80 छात्रों ने केवल उच्च शिक्षा में आत्महत्या की। इसका मुख्य कारण इन कॉलेजों में हो रहा जातिगत भेदभाव है। इन संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के साथ अलग-अलग व्यवहार किया जा रहा है।

## भारतीय जहाज तबर पर सवार हुए रूसी राष्ट्रपति पुतिन, दिया धन्यवाद

**▶▶ रूसी नौसेना की 328वीं वर्षगांठ पर मुख्य परेड में भारत के नौसैनिकों ने बजाया बैंड**

**▶▶ सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचने पर रूसी नौसेना ने भारतीय जहाज का गर्मजोशी से स्वागत किया**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने आईएनएस तबर पर सवार होकर रूस के नौसेना दिवस परेड में भाग लेने वाले भारतीय नौसेना कर्मियों का अभिवादन किया। सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचने पर रूसी नौसेना ने भारतीय जहाज का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह जहाज 30 जुलाई तक रूस की यात्रा पर रहेगा।रूसी संघ की नौसेना की 328वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य नौसेना परेड में भाग लेने के लिए भारतीय जहाज आईएनएस तबर 25 जुलाई को सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचा। यहां रूसी नौसेना के नाविकों ने भारतीय जहाज का गर्मजोशी से स्वागत किया। आईएनएस तबर ने 28 जुलाई को परेड में हिस्सा लेकर भारत का प्रतिनिधित्व किया।मुख्य नौसेना परेड में भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व वाइस एडमिरल तरुण सोबती और भारतीय नौसेना बैंड के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भी किया। इस आयोजन ने भारतीय और रूसी नौसेना के बीच संबंधों को और मजबूत करने में योगदान दिया। रूसी नौसेना दिवस समारोह में दोनों नौसेनाओं के बीच भागीदारी, पेशेवर बातचीत और अभ्यास पासेक्स का आयोजन शामिल है।रूसी राष्ट्रपति पुतिन सेंट पीटर्सबर्ग की नौसेना परेड में भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस तबर पर सवार हुए। भारतीय नौसेना के नाविकों को बधाई देते हुए पुतिन ने भारतीय नाविकों को रूसी परेड में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।भारतीय जहाज की यह रूस यात्रा दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूत करती है, जो नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन पर आधारित है। यह यात्रा भारत सरकार की %वसुधैव कुटुम्बकम% की नीति के अनुरूप है।

# विश्व की भलाई के लिए क्वाड प्रतिबद्ध : एस जयशंकर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को टोक्यो में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के अपने समकक्षों और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में इसकी शुरुआत की। इस संबोधन के केंद्र में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में आर्थिक, सुरक्षा और मानवीय मुद्दों पर आपसी समझ विकसित करने पर जोर रहा।विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान एस जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा, यहां टोक्यो में दोबारा मिलना बहुत अच्छा है। हमारी आखिरी क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक 10 महीने पहले न्यूयॉर्क में हुई थी। उस अवधि में, हम द्विपक्षीय रूप से या अन्य कार्यक्रमों के मौके पर एक-दूसरे से मिले हैं। हालांकि, हमारे सिस्टम, हमारे शेरपाओं के नेतृत्व में, लगातार बातचीत कर रहे हैं। इसलिए आज बात करने, सहमत होने और आगे की योजना बनाने के लिए बहुत कुछ है।एस जयशंकर ने कहा, हमारे लिए वैश्विक आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ जोखिम को कम करना भी एक बड़ी चुनौती है। हमारी आपूर्ति श्रृंखलाएं लचीलेपन के लिए विशेष तौर पर केंद्रित हैं। जैसे हमने भरोसेमंद और पारदर्शी डिजिटल साझेदारी पर जोर दिया, उससे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी असाधारण प्रचार-प्रसार हुआ। जिस तरह से हम रहते हैं, सोचते हैं और कार्य करते हैं, उसी तरह की संभावनाएं हमारे पास आज मौजूद हैं या यूं कहें कि हम पुनर्वैश्वीकरण के बीच खड़े हैं।उन्होंने अपने संबोधन का समापन एक स्पष्ट संदेश से दिया। जिसमें क्वाड के अटल रहने, मजबूती से काम करने और आगे बढ़ते रहने का भाव था। राजनीतिक लोकतंत्रों, बहुलवादी समाजों और बाज़ार की अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारे पास महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां भी हैं। हमारे पास शासन आधारित व्यवस्था को कायम रखने का बड़ा सवाल है। यह केवल एक ऐसा सहयोग है जो यह सुनिश्चित कर सकता है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र मुक्त, खुला, स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध बना रहे। वैश्विक सुरक्षा पर हम सभी ने जो प्रतिबद्धता जताई है, उसकी प्रतिध्वनि इस सीमा से भी आगे तक है। इसलिए यह आवश्यक है कि राजनीतिक समझ को मजबूत किया जाए, आर्थिक साझेदारी को बढ़ाया जाए, प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ाया जाए। हमारे लोगों के बीच सहजता को बढ़ाया जाए। हमारी बैठक से एक स्पष्ट संदेश जाना चाहिए कि क्वाड यहां है, काम कर रहा है और आगे बढ़ रहा है।

## मुरैना में कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत, हाईवे पर लगाया जाम

**मुरैना (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के मुरैना में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की जान चली गई। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। जिसमें कांवड़िए सवार थे।घटना मुरैना जिले के थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत देवरी घड़ियाल केंद्र के पास की है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार सभी कांवड़िए, मुरैना के सिहोंनिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सोमवार सुबह वह नेशनल हाईवे 44 से गुजर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी।हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए और ट्रॉली में सवार दो कांवड़ियों की मौत हो गई। जबकि 15 से अधिक कांवड़िए घायल हो गए।घटना के बाद गुस्साए कांवड़ियों ने हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कांवड़ियों को शांत कराने का प्रयास किया।

# नेता प्रतिपक्ष चुनते ही सपा की असलियत सामने आई : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ (आरएनएस)।** यूपी विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि पिछड़ों, दलितों के समर्थन से चुनकर आए नेताओं में मायूसी है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के मोहरा सपा बहादुर अखिलेश यादव की नेता प्रतिपक्ष चुनते ही असलियत सामने आने से सपा में पीडीए चालीसा पढ़ने वाले पिछड़ों दलितों के समर्थन से चुनकर आए नेताओं में मायूसी है। भाजपा में सबका साथ विकास और सम्मान है। 2027 में 2017 दोहराना है। कमल खिला है फिर खिलाना है।ज्ञात हो कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूर्वांचल से आने वाले ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा यूपी विधानसभा उपचुनाव में समीकरण साधने की कोशिश की है। वह सात बार के विधायक हैं। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं। वह वर्तमान में सिद्धार्थनगर की इटवा विधानसभा सीट से विधायक हैं।समाजवादी पार्टी ने यूपी विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाकर ब्राह्मण कार्ड खेला है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद अखिलेश यादव के सांसद चुने जाने के कारण रिक्त हुआ था।राजनीतिक विश्लेषकों का आकलन था कि पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) समाज का ही कोई नेता इस पद के लिए चुना जाएगा।उधर, उत्तर प्रदेश में विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। विपक्ष खासतौर पर सपा और कांग्रेस ने मिलकर सरकार को घेरने की तैयारी कर रखी है। विधानसभा से जारी सूचना के अनुसार मानसून सत्र 29 जुलाई से 2 अगस्त तक चलेगा।सत्र में कई अध्यादेश और अधिसूचनाओं को सदन के पटल पर रखा जाएगा। 30, 31 जुलाई और 1, 2 अगस्त को विधायी कार्य होंगे। जानकारी के अनुसार वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 30 जुलाई को अनुपूरक पेश करेंगे, जिसे एक अगस्त को पारित किया जाएगा।

## नीति आयोग बैठक में ममता के कथित अपमान पर बंगाल विधानसभा में विशेष प्रस्ताव पेश



**कोलकाता,(हि.स.) ।** नीति आयोग की बैठक में कथित तौर पर ममता बनर्जी को अपमानित किये जाने को लेकर पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को एक विशेष प्रस्ताव पेश किया गया।ममता कैबिनेट के सदस्य मानस भुईया ने उक्त प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्रोफोन नई दिल्ली में 27 जुलाई को आयोजित नीति आयोग की बैठक में उस वक्त बंद कर दिया गया, जब वह राज्य की ओर से बोल रही थीं। यह सहकारी संघवाद की भावना के खिलाफ है, जो अब माइक्रोफोन बंद करने तक सिमट गई है। भुईया ने कहा कि सदन ने नीति आयोग की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के साथ हुए व्यवहार पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायकों ने 27 जुलाई को नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ कथित बेइज्जती की निंदा की।दूसरी तरफ भाजपा विधायक शंकर घोष ने इस नोटिस का विरोध करते हुए कहा कि ममता बनर्जी ने बैठक से बाहर आने के बाद जो भी कहा, वह विधानसभा में आधिकारिक रूप से चर्चा के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने जो कुछ भी कहा, वह आधिकारिक नहीं था, क्योंकि वह नीति आयोग की आधिकारिक बैठक के बाहर बोली थीं। इसके बाद भाजपा विधायकों ने विधानसभा से वॉकआउट कर दिया। इससे पहले स्पीकर बिमान बनर्जी ने विशेष नोटिस पर चर्चा की सुविधा के लिए प्रश्नकाल सत्र को स्थगित कर दिया था।

# भर्ती घोटाले में असम लोक सेवा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष को 14 साल की जेल, 32 दोषी करार



**गुवाहाटी,(हि.स.)।** असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के बहुचर्चित कृषि विकास अधिकारी भर्ती घोटाले मेंदोषी करार दिये गये 32 लोगों को सोमवार को असम की विशेष कोर्ट ने सजा सुना दी है। एपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष राकेश पाल को 14 साल की सजा और दो लाख रुपये नकद का जुर्माना सुनाया गया है। जबकि एपीएससी सदस्य बसंत कुमार दलै और समेदुर रहमान को 10-10 साल कैद की सजा और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस मामले में शेष 29 राजपत्रित अधिकारियों को 4-4 साल की कैद और 10-10 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है।दरअसल, वर्ष 2017 में भांगागढ़ थाने में एक असफल अभ्यर्थी ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि राकेश कुमार पॉल के चेयरमैन रहते हुए कृषि विकास अधिकारियों की नियुक्ति के नाम पर बड़े पैमाने पर धन का लेन-देन हुआ।

इस संबंध में दर्ज मामले के आधार पर राकेश कुमार पाल समेत कई आरोपितों को पहले भांगागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने 44 लोगों को आरोपित बनाया था, जिनमें आयोग के चार सदस्य और एक कर्मचारी, तीन बिचौलिए और 36 अभ्यर्थी शामिल थे। विशेष कोर्ट में लंबी सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में 11 अन्य आरोपितों को बरी कर दिया था, जबकि एपीएससी सदस्य बिनीता रिंझा सरकारी गवाह बन गई थीं।

कोर्ट ने 22 जुलाई को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष राकेश पॉल समेत कुल 32 लोगों को दोषी ठहराया था।इस मामले में सोमवार को विशेष न्यायाधीश ने एपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष राकेश पाल को 14 साल की सजा, एपीएससी के सदस्य बसंत कुमार दलै और समेदुर रहमान को 10-10 साल सजा सुनाई है। इस मामले में शेष 29 राजपत्रित अधिकारियों को चार-चार साल की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही कोर्ट ने राकेश कुमार पाल पर दो लाख रुपये, सदस्य बसंत कुमार दलै और समेदुर रहमान पर 50-50 हजार रुपये और अन्य पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।उल्लेखनीय है कि नौकरी पाने में एक असफल अभ्यर्थी ने पहले अंकों के सारणीकरण में बदलाव से संबंधित जानकारी के लिए एक आरटीआई से सूचना एकत्र की थी। इसके बाद आरटीआई से प्राप्त सूचना के आधार पर शिकायत दर्ज कराई थी।

## मायावती ने सपा को घेरा, बोलीं विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता बनाने में पीडीए की हुई अपेक्षा



**लखनऊ(आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी पर पीडीए को गुमराह कर वोट हासिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने नए नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद अपनी राय जाहिर की।बसपा मुखिया मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि सपा मुखिया ने लोकसभा आम चुनाव में खासकर संविधान बचाने की आड़ में यहां पीडीए को गुमराह करके उनका वोट तो जरूर ले लिया, लेकिन यूपी विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता बनाने में जो इनकी उपेक्षा की गई, यह भी सोचने की बात है।उन्होंने आगे कहा कि जबकि सपा में एक जाति विशेष को छोड़कर बाकी पीडीए के लिए कोई जगह नहीं। ब्राह्मण समाज की तो कतई नहीं क्योंकि सपा व भाजपा सरकार में जो इनका उत्पीड़न व उपेक्षा हुई है वह किसी से छिपा नहीं है। वास्तव में इनका विकास एवं उत्थान केवल बसपा सरकार में ही हुआ। अतः ये लोग ज़रूर सावधान रहें।दरअसल, मायावती ने माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। रविवार को समाजवादी पार्टी ने यूपी विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की घोषणा की। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद अखिलेश यादव के सांसद चुने जाने के कारण रिक्त हुआ था। राजनीतिक विश्लेषकों का आकलन था कि पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) समाज का ही कोई नेता इस पद के लिए चुना जाएगा। लेकिन सपा ने अलग ही दांव चला और यूपी को संदेश देने की कोशिश की कि पीडीए की बात करने के बावजूद वो ब्राह्मण समाज को नजरअंदाज नहीं कर रही है।

## उत्तराखंड के बूढ़ाकेदार में भटके 21 कावड़ियों को एसडीआरएफ ने बचाया



**टिहरी, (हि.स.)।** उत्तराखंड में गंगोत्री से लौटते समय बूढ़ाकेदार क्षेत्र में रास्ता भटके 21 कावड़ियों के समूह को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आपदा कंट्रोल रूम को रात करीब नौ बजे इनके बूढ़ाकेदार से करीब तीन किलोमीटर दूर झाला में फंसे होने की सूचना मिली। इस सूचना पर एसडीआरएफ की टीम झाला के लिए रवाना हुई।बताया गया है कि इलाके में सड़कों की हालत खराब होने के कारण टीम ने पैदल ही उस स्थान तक पहुंच बनाई। टीम ने सभी 21कावड़ियों को तेज बारिश के बीच दुर्गम पहाड़ी मार्ग और उफनती नदी के किनारे से सुरक्षित बाहर निकाला। सभी को यहां से बूढ़ाकेदार बस स्टैंड पर पहुंचाया गया। वहां उनके लिए खाने और रहने की व्यवस्था की गई।कांवड़ियों ने इंस्पेक्टर दीपक जोशी और एसडीआरएफ टीम के सदस्यों की तत्परता और समर्पण की सराहना की है। दीपक जोशी ने बताया कि कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में यह अभियान चला। सोमवार सुबह 6ः12 बजे तक सभी 21 कावड़ियों को सकुशल रेस्क्यू किया गया।इन कावड़ियों को निकाला गया- (1) आकाश कुमार पुत्र तालेवर सिंह, (2) सोनू पुत्र हंसराज सिंह, (3) सुमित कुमार पुत्र जयदेव सिंह, (4) आकाश कुमार, पुत्र रोहतास सिंह, (5) मोहित कुमार पुत्र उदल सिंह, (6) सचिन कुमार पुत्र टीकम सिंह, (7) संजय कुमार पुत्र हरपाल सिंह, (8) सौरव कुमार पुत्र कलवा सिंह, (9) महेंद्र कुमार पुत्र हुकम सिंह, (10) परवेंद्र पुत्र खूबी सिंह, (11) बबलू कुमार पुत्र प्रेम सिंह, (12) सुनील कुमार पुत्र गोविंदा, (13) अमित कुमार गुप्ता पुत्र शिवदत्त गुप्ता, (14) सुशील कुमार पुत्र गोविंद सिंह, (15) विक्रम सिंह पुत्र हरपाल कुमार, (16) मनीष पुत्र राजेश, (17) ललित कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह, (18) सुभाष पुत्र कुररी सिंह, (19) आशीष पुत्र सुरेंद्र कुमार, (20) भूपेंद्र पुत्र रमेश चंद्र, (21) राजू, पुत्र डालचंद्र।

# कर्नाटक में भूस्खलन के कारण तटीय क्षेत्र में हालात बिगड़े, भारतीय नौसेना सतर्क

**❏ गंगावेली नदी में बहे ट्रक और एक कर्मचारी की तलाश में कई एजेंसियों को शामिल किया गया**

**❏ नौसेना ने बारह गोताखोरों और छह हाइड्रोग्राफरों की टीम को खोजबीन के अभियान में लगाया**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में भूस्खलन की वजह से गंगावेली नदी में बहे हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के टैंकर को बरामद करके उसकी एलपीजी गैस निकालकर किसी भी संभावित खतरे से इलाके को बचा लिया गया है। हालांकि एक अन्य ट्रक का 14 दिनों बाद भी पता नहीं चल सका है। नदी में बहे उस ट्रक और एक कर्मचारी की तलाश में भारतीय नौसेना के साथ कई एजेंसियों को शामिल किया गया है।कारवार से 40 किलोमीटर दक्षिण में कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में 16 जुलाई को अंकोला-कुमता रोड पर शिरूर में लगातार मानसून की बारिश के कारण भूस्खलन हुआ था। इसके कारण कुमता और कारवार के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 66 बंद हो गया। इसी दौरान हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का एलपीजी से लदा टैंकर और एक अन्य ट्रक और कुछ कर्मचारी गंगावेली नदी में बह गए। वाहन और कर्मचारी के लापता होने पर उत्तर कन्नड़ जिला प्रशासन ने क्षेत्र में एचपीसीएल टैंकर का पता लगाने के लिए भारतीय नौसेना से सहायता मांगी थी।इस पर भारतीय नौसेना के कारवार बेस से दो गोताखोर दल को इन्फ्लेटेबल क्राफ्ट और आवश्यक उपकरणों के साथ शिरूर में घटनास्थल पर भेजा गया।

इस दल में बारह गोताखोर और छह हाइड्रोग्राफर शामिल थे। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम के साथ समन्वय में नौसेना कर्मियों ने नदी की तेज धाराओं से निपटते हुए एचपीसीएल के एलपीजी टैंकर को बरामद किया। नदी से 17 जुलाई को टैंकर खींचकर किनारे लाया गया, जहां एचपीसीएल के कर्मचारियों ने गैस को निकाल दिया, जिससे इलाके को सुरक्षित करके किसी भी संभावित खतरे से बचा लिया गया।इसके बाद 19 जुलाई से भारतीय नौसेना की दो टीमें उच्च-रिज़ॉल्यूशन सोनार के साथ लापता ट्रक की तलाश कर रही हैं। नदी में तेज बहाव, पहाड़ी से उखड़े हुए मलबे और प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने नदी के तल तक पहुंचने को मुश्किल बना दिया है। लापता व्यक्ति का नाम अर्जुन बताया गया है, जो एक निजी कंपनी के लिए लकड़ी का परिवहन कर रहा था। भूस्खलन क्षेत्र के पास अर्जुन और ट्रक की तलाश में कई एजेंसियां शामिल हैं। इसमें भारतीय नौसेना, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीम समन्वित अभियान चला रही हैं।

# दूरबीन लगाकर देखा, पर अयोध्या का नाम नहीं

लोकमित्र ब्यूरो



**नई दिल्ली।** लोकसभा में आम बजट पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी की ओर से फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि इस बजट में अयोध्या को नजरअंदाज किया गया है। वह जिस फैजाबाद सीट से आते हैं, उसके तहत ही अयोध्या भी आती है। इसी के चलते उन्हें अयोध्या वाली सीट का सांसद भी कहा जाता है। अवधेश प्रसाद ने सदन में कहा, मैं मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की धरती से आया हूं। अशफाकुल्ला खां की धरती से आया हूँ। मैंने वित्त मंत्री के बजट को कई बार देखा और दूरबीन लगाकर देखा, लेकिन उसमें अयोध्या का नाम नहीं है। वह भगवान श्री राम की अयोध्या है, लेकिन भाजपा ने उसके नाम पर राजनीति की है और व्यापार किया है।

सपा सांसद ने कहा कि भाजपा ने अयोध्या के विकास को पूरी तरह से नकारा है। इसलिए कि मैं दलित जाति का हूं और सामान्य सीट से हमारे नेता अखिलेश यादव ने टिकट दिया था। इसलिए 22 जनवरी से लेकर चुनाव होने तक देश के कोने-कोने से लोग आए। अवधेश प्रसाद को हराने के लिए आए। लेकिन भगवान राम की कृपा मेरे ऊपर थी, इसलिए उन लोगों को नकार दिया गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अयोध्यावासियों को सताया गया। लोगों के मकानों को गिरा दिया गया। दो-तीन पीढ़ियों पुराने बने घरों को गिरा दिया गया। यहां तक कि तीन तो मौतें इसके कारण हो गईं।

अवधेश प्रसाद ने कहा कि अयोध्या में जमीनों के घोटाले हुए। एक जमीन तो ऐसी थी कि दो करोड़ रुपये की ली गई और दो घंटे बाद 18 करोड़ में बेच दिया गया। सांसद ने कहा कि निषादों की बस्ती को उजाड़ दिया गया और वहां दुकानें खोली गई हैं। ये दुकानें करोड़पतियों को दी गई हैं। अवधेश प्रसाद ने कहा कि 2027 के चुनाव में यूपी से भाजपा का सफाया हो जाएगा। इसके बाद 2029 में देश से भाजपा चली जाएगी। हमारे नेता ने वादा किया है कि अयोध्या को ऐसी नगरी बना देंगे कि पूरी दुनिया से लोग आएंगे। अवधेश प्रसाद ने कहा कि एक कमेटी बना दी जाए, जो जांच करे कि किसने जमीन खरीदी है। अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह सरकार दलित विरोधी है।

## मॉनसून सत्र के पहले ही दिन हंगामा, वेल में नारेबाजी

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में मॉनसून सत्र के पहले ही दिन सोमवार को समाजवादी पार्टी ने कानून-व्यवस्था, बाढ़, भ्रष्टाचार और बिजली की समस्या पर चर्चा की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। सपा सदस्य सदन की कार्यवाही शुरू होते ही वेल में उतर आए। उनके साथों में बेरोजगारों को रोजगार दो, भाजपा विफल है अपने कामों में जनता त्रस्त है बढ़े दामों जैसे नारे लिखी तख्तियां थीं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा इन मुद्दों पर बाद में चर्चा कराए जाने की बात कहे जाने पर सपा सदस्य अपनी सीटों पर लौट आए। सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने अपने स्थान पर खड़े होकर कहा कि प्रदेश में बाढ़, कानून-व्यवस्था, विद्युत और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष के इतना कहते ही 11.05 मिनट पर समाजवादी पार्टी के सदस्य वेल में उतर आए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस पर सपा सदस्यों को अपनी सीटों पर लौटने के लिए कहा लेकिन सपा सदस्यों ने अनसुनी कर दी। वे जोरदार नारेबाजी लगाते रहे और तख्तियों को दोनों हाथों से ऊपर उठाकर विरोध प्रदर्शन करते रहे। कुछ देर तक जब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस आचरण पर सपा सदस्यों को हिदायत दी तो सभी सदस्यों की नारेबाजी धीमी पड़ गए। करीब तीन मिनट तक सदन के वेल में नारेबाजी करने के बाद सपा सदस्य शांत होकर अपनी सीटों पर लौट आए।

**ये लगे नारे**

वेल में सपा सदस्यों ने संविधान के विरोधी, सरकार चलाएं राम भरोसे जैसे नारे लगाए गए। साथ ही बेटियों पर घनघोर अत्याचार, प्रदेश में भाजपा सरकार, बेरोजगारों को रोजगार दो और भाजपा विफल से अपने कामों में, जनता त्रस्त है बढ़ते दामों से...। जैसी नारेबाजी की गई।

## यादव जी को निलंबित कर दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को बिजली आपूर्ति की बदहाली पर चर्चा कराए जाने की मांग नहीं माने जाने और ऊर्जा मंत्री के बयान के विरोध में समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने आसन के निकट जमकर हंगामा तथा प्रदर्शन किया और सदन से बहिर्गमन कर गए। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने प्रश्नकाल के बाद सदन में बिजली बिल वसूली को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं और किसानों के कथित उत्पीड़न की शिकायत के जवाब में कहा कि कल ही मैं बलिया गया था, एक शिकायत आयी तो मैंने एक यादव जी को निलंबित कर दिया। एक व्यक्ति से धनराशि मांगने का मामला आया था तभी यादव जी को निलंबित किया। शर्मा के यादव शब्द बोलने पर हस्तक्षेप करते हुए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि मंत्री ने कई बातों का समुचित उत्तर नहीं दिया। मंत्री ने यह नहीं कहा कि इंजीनियर को सस्पेंड किया, बल्कि यह कहा कि यादव को सस्पेंड कर दिया, इस सदन की कार्यवाही से निकाला जाए। अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि यादव हो या महाना कोई गलती करेगा तो निलंबित किया जाएगा। इसके पहले पीठसीन अधिकारी सिद्धार्थनाथ सिंह ने सपा सदस्यों की सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराये जाने की मांग को मानने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सपा सदस्य मंत्री शर्मा पर माफी मांगने का दबाव बनाते हुए अध्यक्ष के आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे- बिजली-पानी दे न सके जो वो सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है। अध्यक्ष महाना ने बार-बार अनुरोध किया कि सदस्य अपनी सीट पर ले जाएं लेकिन वे लोग चर्चा कराए जाने की मांग पर अड़े रहे। चर्चा कराये जाने की मांग पूरी न होने पर सपा सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। इसके पहले विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के बाद सपा सदस्य आरके वर्मा ने नियम 56 (कार्यस्थगन) के तहत सदन की कार्यवाही रोककर दो घंटे तक बिजली व्यवस्था पर चर्चा कराये जाने की मांग की। सपा के मुख्य सचेतक कमाल अख्तर एवं अन्य विधायकों ने बिजली कटौती, जर्जर तार, किसानों की फसल की बर्बादी और बिजली विभाग द्वारा बिल वसूली के नाम पर कथित उत्पीड़न आदि का मसला उठाया।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानसून सत्र प्रारंभ होने के पहले विधान भवन में पत्रकारों से की वार्ता

# उत्तर प्रदेश के विकास में सत्ता व विपक्ष के सभी सदस्यों का मिले योगदान

» केंद्र व राज्य शासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम-सुरक्षित यात्रा के लिए किए हैं अनेक प्रबंधः सीएम योगी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मानसून सत्र प्रारंभ होने के पहले विधान भवन में पत्रकारों से वार्ता की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र आज से प्रारंभ हो रहा है। सभी विधायकों, विधान परिषद सदस्यों व विधान मंडल की कार्यवाही को सकुशल संपन्न करने में योगदान देने वाले सभी दलों से जुड़े हुए सहयोगियों तथा विधानसभा-विधान परिषद सचिवालय से जुड़े हुए अफसरों का हृदय से स्वागत करता हूं। सीएम ने कहा कि मानसून सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी से अपेक्षा व आकांक्षा रखता हूं। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्य जिन भी रचनात्मक मुद्दों को लेकर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे। प्रदेश के विकास और जनता-जनार्दन से जुड़ी उन हर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्ध है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने फरवरी में ही अपना बजट पास किया था। प्रदेश की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पहला अनुपूरक मांग मानसून सत्र में सदन में प्रस्तुत होगा। उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हुआ है। उत्तर प्रदेश ने पिछले सात वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जिन ऊंचाइयों को प्राप्त किया है, वह अभूतपूर्व, अविस्मरणीय व अनुकरणीय है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी जनप्रतिनिधियों का आह्वान करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले और उत्तर प्रदेश के विकास में सत्ता व विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों का योगदान मिल सके।


**एक तरफ कांवड़ यात्रा तो दूसरी तरफ जनता-जनार्दन की सेवा के लिए जनप्रतिनिधि प्रयत्नशीलः** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह देवाधिदेव महादेव का पावन सावन मास है। बड़े पैमाने पर इस मास में शिवभक्त कार्यक्रम के साथ जुड़े हुए हैं। सावन मास में एक तरफ शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा तो दूसरी तरफ जनता-जनार्दन की सेवा के लिए हमारे जनप्रतिनिधि निरंतर प्रयत्नशील हैं। हमारे जनप्रतिनिधियों के द्वारा सदन के पटल पर जनता-जनार्दन और प्रदेश के विकास-समस्या को लेकर रखी गई बातों पर सरकार सकारात्मक बहस के लिए तैयार है। मुझे विश्वास है कि मानसून सत्र को प्रदेश के विकास, जनकल्याण से जुड़े अनुपूरक मांगों को सार्थक चर्चा का विषय बनाकर व्यवस्थित रूप से बढ़ाने में सभी अपना योगदान देंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, संसदीय कार्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व जसवंत सैनी भी मौजूद रहे।

**सीएम की सदस्यों से अपील- मानसून सत्र को सुचारू रूप से संपन्न कराने में दें योगदान**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्षी सदस्य जिन भी रचनात्मक मुद्दों को लेकर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे। प्रदेश के विकास और जनता-जनार्दन से जुड़ी उन हर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्ध है। सीएम ने आग्रह किया कि सदन चर्चा-परिचर्चा का मंच बने। सरकार हर मुद्दों का पूरी तत्परता से जवाब देगी। सीएम ने माननीय सदस्यों से अपील की कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके, विधायी कार्य सकुशल संपन्न हो सके। इसके लिए माननीय सदस्य से अपील करुंगा कि वे मानसून सत्र के सुचारू रूप से संपन्न करने में योगदान देंगे।

## योगी के आने से पहले निकले दोनों डिप्टी, केशव बोले- 2014 और 2017 में बिना सरकार जीते

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी भाजपा में चल रही कलह सोमवार की सुबह एकजुटता में बदली-बदली दिखी। लेकिन कुछ घंटे बाद ओबीसी मोर्चा की बैठक में नजारा बदला बदला दिखाई दिया। सीएम योगी के आने से पहले ही दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य बैठक से निकल गए। यही नहीं, बैठक के दौरान केशव मौर्य ने ऐसी बातें कहीं जिनका मायने निकालने की कोशिश हो रही है। सरकार से बड़ा संगठन बोलकर पार्टी में उथल पुथल मचाने वाले केशव मौर्य ने भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में कहा कि पार्टी ही चुनाव लड़ती है और पार्टी ही चुनाव जीतती है। सरकार के बल पर चुनाव नहीं जीते जाते। 2014 और 2017 में यूपी में सरकार नहीं थी, मगर भाजपा प्रचंड बहुमत से जीती। इस बार सरकार थी तो थोड़ा ज्यादा आत्मविश्वास में आ गए।

इससे पहले सोमवार की सुबह विधानमंडल दल की बैठक में अंतर्कलह खत्म होती नजर आई थी। सीएम योगी के साथ दोनों डिप्टी सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी नजर आए थे। इस दौरान केशव ने कहा कि यूपी में सब अच्च्छा है। सब ठीक चल रहा है। संगठन हमेशा बड़ा रहेगा। कार्यकर्ता भी बड़ा रहेगा। यहां से ओबीसी मोर्चा की बैठक में केशव प्रसाद समय से पहले पहुंच गए। जल्दी आने का कारण उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही जल्दी खत्म होना बताया। लेकिन सीएम योगी के आने का इंतजार उन्होंने नहीं किया और अपने बातें रखने के बाद योगी के आने से पहले से चले गए।

बैठक में केशव ने जो बातें कहीं उसके अर्थ अब निकालने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि 2014 और 2017 में जब सरकार नहीं थी, तब भाजपा प्रचंड बहुमत से जीती थी। केशव ने कहा कि ओबीसी मोर्चा की ताकत से ही हम लोग 2027 जीतेंगे। पार्टी नेताओं से कहा कि इसकी तैयारी अभी से कर दीजिए। लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि हम लोग इस बार चूक गए हैं। भाजपा ओबीसी का सम्मान करती है। अगर ऐसा नहीं होता तो केशव प्रसाद मौर्य आपके सामने डिप्टी सीएम के रूप में नहीं होता।

केशव ने कहा कि 2014 में अगर सपा ने ओबीसी को सम्मान दिया होता तो उसकी सरकार रहते हुए भाजपा 73 सीट जीत सकती थी क्या। हम लोग ओबीसी के बल पर चौका लगाया है। जब भाजपा की सरकार नहीं थी तब हम लोग ज्यादा बहुमत से जीते। सरकार आई तो आत्मविश्वास के कारण हम उतनी सीटें नहीं जीत सके। कहा कि सरकार के कारण चुनाव नहीं जीते जाते। चुनाव पार्टी लड़ती है और पार्टी ही जीतती है। इसलिए 2024 में जो चूक हुई उसे भूलकर 2027 में ऐतिहासिक विजय के लिए लग जाइए।

### कई दलों के नेता रालोद में शामिल

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी रामाशीष राय ने सोमवार को कई दलों व संगठनों के नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। अपना दल के प्रदेश महासचिव युवा मंच एवं बस्ती के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महिपाल पटेल, अपना दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक चौधरी तथा लखनऊ के समाजसेवी सरताज मलिक ने अपने समर्थकों के साथ रालोद का दामन थामा। पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे तथा राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्यों वसीम हैदर, रजनीकांत मिश्रा व अम्बुज पटेल ने सभी को पार्टी का पटका पहना कर स्वागत किया।

## विधान परिषदः जल्द ही गन्ना किसानों को उनके गन्नों का एक सप्ताह में मिलेगा भुगतान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** सरकार ने सोमवार को विधान परिषद में एलान किया कि वह जल्द ही गन्ना किसानों को उनके बकाया गन्ना मूल्य का एक सप्ताह के भीतर भुगतान कराएगी। यह भी कहा कि प्रदेश की 21 गन्ना मिले ऐसी हैं जो अभी से किसानों को उनके गन्ने का सप्ताह भर के भीतर ही भुगतान करने लगी है।

प्रश्नकाल में सपा के आशुतोष सिन्हा ने वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में गन्ना किसानों के बकायों के भुगतान को लेकर सवाल किया था। आशुतोष ने पूछा कि प्रदेश के गन्ना किसानों के कितने बकायों का भुगतान किया जा चुका है और कितना अभी भी बकाया है।

जवाब में गन्ना विकास एवं चीनी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि पेराई सत्र 2022-23 में गन्ना किसानों के कुल देय गन्ना मूल्य 38,051.69 करोड़ में से 37,838.64 करोड़ रुपये का भुगतान हो चुका है जो 99.44 प्रतिशत है। अब मात्र 213.05 करोड़ का बकाया रह गया है। इसी प्रकार से पेराई सत्र 2023-24 में प्रदेश में गन्ना किसानों के कुल देय गन्ना मूल्य 35,909.63 करोड़ रुपये में से अब तक 32,280.41 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। जो कुल देय का 89.89 फीसदी है और वर्तमान में किसानों का 3,629.22 करोड़ रुपये बकाया रह गया है। इस दौरान गन्ना मंत्री ने सदन को जानकारी दी कि सरकार द्वारा लगातार अनुश्रवण किए जाने के कारण कई चीनी मिलों ने अब तीन दिनों में किसानों के गन्ना का भुगतान शुरू कर दिया है।

## अखिलेश ने लोस में उठाया बेसमेंट में मौत का मामला 1-1 करोड़ मुआवजा के लिए स्पीकर को लिखा पत्र

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उनसे दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में बारिश का पानी भरने की घटना में जान गंवाने वाले छात्रों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने के लिए सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया। अखिलेश ने अपने पत्र में कहा कि इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मन में डर पैदा हुआ है और उनके भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है।

सपा प्रमुख ने कहा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप सरकार को मृतक छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने का निर्देश दें। साथ ही इस मामले में जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाए। इससे पहले, यादव ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया था और घटना को दुखद बताते हुए जवाबदेही तय करने के लिए मामले की गहन जांच की मांग की थी। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवैध इमारतों पर बुलडोजर चल रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या यहां भी बुलडोजर चलेगा।

भारी बारिश के बाद मध्य दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने पर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की शनिवार को मौत हो गई थी।

नई दिल्ली पुलिस ने रविवार को कोचिंग सेंटर राव आईएएस स्टडी सर्कल के मालिक और संयोजक को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या व अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया है।

# रावण की लंका का करेगा दहन : सीएम योगी

» योगी ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक को किया संबोधित

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कालांतर में जिस तरह से विदेशी आक्रांताओं ने हिंदू समाज में फूट डालने का षड्यंत्र रचा था। उसी तरह से विपक्षी दल भी छद्म धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिंदू समाज को आपस में लड़ाने की साजिश रच रहे हैं। ओबीसी समाज में बजरंगबली की शक्ति है, बस उस शक्ति को जगाने की आवश्यकता है। हिंदू समाज को तोड़ने में लगे रावण की लंका के दहन में देरी नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े छः-सात वर्षों में प्रदेश में सरकारी नौकरियों में साढ़े छः लाख भर्तियां हुई हैं, जिसमें 60 प्रतिशत ओबीसी समाज के लोग भर्ती हुए हैं।

सीएम योगी सोमवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में वर्ष 2015-2016 में उत्तर प्रदेश लोक सेवा की आयोग की भर्ती में 86 में से 56 एसडीएम एक ही जाति विशेष के चयनित हुए थे। यह ओबीसी समाज के हितों पर कुठाराघात था। सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा की 69000 भर्ती पर प्रश्न खड़ा करने वाले लोग समाजवादी पार्टी के वही मोहरें हैं।

जिन्होंने 86 में से 56 एक ही परिवार और एक ही समाज के लोगों को भर्ती किया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में बेसिक शिक्षा में 125000 शिक्षकों की भर्ती हुई। सीएम योगी ने कहा कि 69000 भर्ती में अगर 27 प्रतिशत आरक्षण की बात जाए तो 18200 ओबीसी शिक्षकों की भर्ती होती, लेकिन ओबीसी समाज के 31500 शिक्षकों की भर्ती हुई।

सीएम योगी ने कहा कि विपक्षी दलों को इस बात की चिंता है कि ओबीसी समाज के युवा अपने बुद्धि और विवेक के बल पर कैसे इतनी अधिक सीटें प्राप्त कर ले रहे हैं। इसलिए वह भर्ती को विवादित करने की साजिश रचते हैं। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकार में कांवड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया था। कांवड़ यात्रा केवल शिव भक्तों का मंगलगान ही नहीं है बल्कि इसके साथ रोजगार भी जुड़ा हुआ है। कांवड़ यात्रा से छोटे दुकानदारों और हस्तशिल्पियों का रोजगार भी मिलता है, जिसे पिछली सरकारों ने रोकने का कार्य किया था। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में 60 और सपा ने चार-चार बार शासन किया, लेकिन इन दलों की सरकारों ने ओडीओपी के लिए कुछ नहीं किया।

सीएम योगी ने कहा कि 2006 में भारतीय जनता पार्टी के विधायक कृष्णानंद राय की हत्या हुई थी। उस हत्याकांड में कृष्णानंद राय के साथ मरने वाले उमेश पटेल और रमेश यादव भी थे। क्या वे ओबीसी समाज से नहीं थे? राजू पाल और उमेश पाल की प्रायगराज में जिस माफिया ने हत्या की थी, उस माफिया को गले से किसने लगाया था, इसे सब जानते हैं।

## अखिलेश ने वोट लेने के लिए पीडीए का इस्तेमाल किया : मायावती

» ब्राह्मण को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर किया वार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी द्वारा माता प्रसाद पांडेय को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर वार करते हुए कहा है कि अखिलेश यादव ने वोट लेने के लिए पीडीए का इस्तेमाल किया।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखते हुए कहा है कि सपा मुखिया ने लोकसभा चुनाव में खासकर संविधान बचाने की आड़ और पीडीए को गुमराह करके उनका वोट तो जरूर ले लिया, लेकिन नेता प्रतिपक्ष बनाने में इनकी उपेक्षा की गई। यह 'पीडीए के लोगों के लिए सोचने की बात है। उन्होंने कहा कि सपा में एक जाति विशेष को छोड़कर बाकी पीडीए के लिए कोई जगह नहीं है। ब्राह्मण समाज की तो कतई नहीं, क्योंकि सपा व भाजपा सरकार में जो इनका उत्पीड़न व उपेक्षा हुई है, वह किसी से छिपा नहीं है। वास्तव में इनका विकास और उत्थान केवल बसपा सरकार में ही हुआ। अतः इनसे जरूर सावधान रहें।

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने भी एक्स पर लिखते हुए कहा है कि मायावती के नेतृत्व में रही 2007-12 तक की सरकार में हर समाज के लिए एक स्वर्णिम वक्त था। प्रदेश विकास की नई ऊंचाई छू रहा था। ब्राह्मण समाज को सबसे ज्यादा सम्मान 'बहनजी ने देने का काम किया। वर्ष 2012 के बाद से हर समाज की उपेक्षा हुई है। खास कर ब्राह्मण समाज की और आज तक हो रही है।

सपा सरकार में पिछड़ी व अगड़ी जातियों की उपेक्षा है।

**संक्षिप्त खबरें**

### शिवेंद्र सिंह विधान परिषद सचिवालय में विशेष सचिव बनाए गए

**लखनऊ।**उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा के अधिकारी शिवेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से विधान परिषद सचिवालय में विशेष सचिव व वित्त नियंत्रक के पद पर तैनाती दी गई है। शिवेंद्र सिंह अभी राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज में वित्त अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनको स्थानांतरित करते हुए विधान परिषद सचिवालय में विशेष सचिव तैनात किए जाने का आदेश सोमवार को वित्त विभाग ने जारी किया।

### करंट से युवक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके की न्यू डिफेंस कालोनी में स्थित एक मकान में काम करने के दौरान युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह झुलस गया। साथियों और उसके भाई ने उसे एपेक्स ट्रॉमा सेंटर टू पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। काकोरी के टड़वा गांव में श्यामलाल चार बहनों ओर तीन बेटों गफ्फार, इसरार और शानू के साथ रहते है। पत्नी की करीब बारह वर्ष पहले मौत हो चुकी है। शानू सोलर पैनल लगाकर अर्थिंग लगाने का काम करता था। वह रविवार को पीजीआई इलाके के न्यू डिफेंस कालोनी में एक घर में करीब ग्यारह बजे सोलर लगाकर अर्थिंग लगा रहा था, इसी बीच उसे करंट लग गया। साथ में काम कर रहे भाई इसरार ने अन्य मजदूरों के साथ बांस मारकर उसे करंट से छुड़ाया। इसके बाद वह पास के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उसे एपेक्स ट्रॉमा सेंटर भेजा। वहां के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जीआरपी ने 70 मोबाइल की बरामद



**लखनऊ।** लखनऊ में जीआरपी ने चोरी हुई 70 मोबाइल बरामद की। इसके बाद इसे पीड़ितों को सौंप दिया है। चारबाग स्टेशन और ट्रेन में विभिन्न मामलों में हुई कार्रवाई के बाद यह मोबाइल बरामद हुई है। अभियान चलाकर यात्रियों के खोए हुए 70 मोबाइल बांटे गए हैं। यह मोबाइल यूपी के जिलों के साथ अन्य प्रदेशों दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड, राजस्थान के रहने वाले लोगों के है।पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा का कहना है कि चारबाग के नेतृत्व में गुमशुदा मोबाइल की रिकवरी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जीआरपी चारबाग के प्रयास से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपद एवं अन्य राज्यों से गुम हुए 70 अदद मोबाइल स्क्रीन टच बरामद किया गया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रुपए है, जिन लोगों ने अभी मोबाइल नहीं लिया है। उनके घर जीआरपी मोबाइल पहुंचाएगा।

### ज्वैलरी दुकान से सोने की चेन ले भागी महिला

**लखनऊ।** खरीदारी के बहाने लोनापुर स्थित पलक ज्वैलर्स आई दो महिलाओं से एक ने देखने के बहाने 13 ग्राम की सोने की चेन पार कर दी। महिलाओं के चले जाने के बाद सर्राफ को जानकारी हुई। सीसीटीवी में महिला की करतूत कैद है। इनके साथ एक युवक भी था। कारोबारी ने बीबीडी थाने में तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मुहैया कराया है। इसके आधार पर आरोपितों की खोजबीन की जा रही है। खरगापुर निवासी किशन की लोनापुर में पलक ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। किशन के मुताबिक शनिवार सुबह उनकी बहन काजल दुकान पर थी। सुबह 11 बजे दो महिलाएं और एक युवक आए। उन्होंने चेन और अंगूठी दिखाने के लिए कहा। कई वैरायटी के जेवर दिखाने पर भी वह पसंद न आने की बात कहते रहे। इस बीच एक महिला और युवक काजल को बातों में उलझाए रहे। वह एक वैरायटी का जेवर दिखाते ही कुछ अलग दिखाने के लिए कहने लगते। काजल लॉकर में रखे जेवर उठाने के लिए मुड़ी तभी एक महिला ने चेन चोरी कर ली।

# नाबालिग को धर्म परिवर्तन कर बेचने पर आजीवन कारावास की सजा

**बहला फुसला कर धर्म परिवर्तन करने पर 10 साल की सजा, 25 हजार जुर्माना**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में योगी सरकार अब जबरन धर्मपरिवर्तन व लव जेहाद के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने जा रही है। इससे संबंधित उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक 2024 सोमवार को विधानसभा में पेश कर दिया गया। इसमें पहले से परिभाषित अपराधों में सजा जहां दुगनी करने का प्रावधान है। वहीं नाबालिग महिला का लव जेहाद के लिए अपहरण करने, उसे बेचने पर आजीवन जेल की सजा देने का भी प्रावधान किया गया है। यह विधेयक दोनों सदनों से पास करा कर राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश इस विधेयक में कहा गया है कि विधि विरुद्ध धर्मपरिवर्तन के अपराध की संवेदनशीलता, धर्म परिवर्तन जनसांख्यिकी परिवर्तन में विदेशी और राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा की कार्ययोजना के चलते 2021 के इस अधिनियम में जुर्माने व दंड की राशि में बढ़ोतरी करना जरूरी हो गया है।

#### कम से कम 20 वर्ष या आजीवन कारावास की सजा

असल में वर्ष 2021 में यूपी विधानमंडल से पास कराकर विधिवत कानूनी जामा पहनाया गया था। अब इसमें बदलाव कर जेल की सजा व जुर्माने की राशि बढ़ा दी गई है। जो कोई भी धर्म परिवर्तन करने के आशय से किसी व्यक्ति के जीवन या संपत्ति को भय में डालता है। हमला करता है। विवाह का वचन देता है या षड्यंत्र करता है या उन्हें प्रलोभन देकर किसी नाबालिग महिला या व्यक्ति की तस्करी करता है या उसे बेचता है तो उसे कम से कम 20 वर्ष या आजीवन कारवास की सजा होगी।

#### विदेशी फंडिंग पर 14 वर्ष का कारावास की सजा

विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के लिए फंडिंग को भी इस कानून के तहत अपराध के दायरे में लाया गया है। इसमें विदेशी संस्थाओं या किसी भी अवैध संस्था से हुई फंडिंग भी शामिल है। विदेशी फंड़ लेने पर सात वर्ष से कम नहीं और 14 साल तक की सजा हो सकती है। साथ ही 10 लाख रुपये जुर्माना हो सकता है। अब प्रस्तावित विधेयक में नए प्रावधान भी जोड़े गए हैं। दिव्यांग, मानसिक दुर्बल को कपट, बहला-फुसला कर धर्म बदलवाने पर 5 से 14 साल तक जेल होगी। साथ ही एक लाख रुपये तक जुर्माना होगा। यही नहीं अवैध धर्म परिवर्तन के लिए नाबालिग, महिला, व्यक्त की तस्करी पर 20 साल तक आजीवन कारावास होगा जबकि जुर्माने की राशि अदालत तय करेगी। नए कानून के तहत सभी अपराध गैर-जमानतीय बना दिए गए हैं। इनका विचारण सेशन कोर्ट से नीचे नहीं होगा।

#### बहला फुसला कर धर्म परिवर्तन पर 10 साल की सजा

अब धोखे, कपट, बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन कराने, शादी करने पर 3 से 10 साल जेल होगी जबकि 25 हजार जुर्माना देना होगा। पहले के कानून में यह राशि 15 हजार रुपये थी जबकि 1-5 साल तक जेल की सजा का प्रावधान था। अवैध ढंग से सामूहिक धर्मपरिवर्तन कराने पर 7-14 साल तक जेल हो सकती है जबकि जुर्माना अधिकतम एक लाख रुपया होगा। अगर किसी नाबालिग, महिला या अनुसूचित जाति या जनजाति व्यक्ति के खिलाफ इस तरह का अपराध होने पर अब 5 से 14 साल तक सख्त सजा होगी जबकि एक लाख रुपये का जुर्माना लगेगा।

## प्रेमिका से शादी नहीं हुई तो प्रेमी ने नहर में लगाई छलांग

**डायरी में लिखी कुछ बातें**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गोसाईंगंज थाना अंतर्गत सुल्तानपुर हाइवे पर सोमवार सुबह प्रेमिका से शादी न होने से नाराज प्रेमी ने इंदिरानहर में छंलाग लगा दी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एनडीआरएफ टीम प्रेमी की तलाश में जुटी है। अभी तक प्रेमी का कुछ भी पता नहीं चल सका है।

प्रभारी प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुराना चबूतरा निवासी फहद ने इंदिरा नहर में छलांग दी। जिसके बाद राहगीरों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में खोजबीन की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। उसके बाद पुलिस ने एनडीआरएफकी मदद ली। नहर में करीब पांच किलोमीटर के दायरे तक टीम ने फहद की तलाश की। बावजूद इसके फहद का सुराग नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुल के पास से फद्ह की बाइक , मोबाइल और एक डायरी भी पुलिस ने बरामद की है। आत्मघाती कदम उठाए जाने से पूर्व फहद ने डायरी में खुदकुशी करने की बात लिखी, जिसमें उनसे किसी पर दोष नहीं लगाया है। डायरी में फहद ने लिखा मैं एक लड़की से प्यार करता हूं, लेकिन हम दोनों के घर वाले शादी नहीं होने दे रहें हैं। हमने समझाने की बहुत कोशिश की लेकिन हमें कोई समझ नहीं रहा। मैं परेशान हूं, आत्महत्या करने जा रहा हूं....। मौके पर मौजूद परिजनों ने बताया कि प्रहद एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। सोमवार सुबह वह घर से बाइक लेकर आफिस के लिए निकला था, लेकिन सुल्तानपुर हाइवे स्थित पुल से उसने इंदिरानहर में छलांग लगा दी। परिजनों का कहना है कि फहद अपनी मौसी के घर पर बचपन से रहता था। उसने प्रेमिका से शादी करने के लिए परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया था, लेकिन घर वाले अपनी जिद पर अड़े थे। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि नहर में पानी का बहाव काफी तेज है। जिस वजह से फहद का सुराग नहीं मिल सका है।

## रेड टेप के स्टोर मैनजर ने की युवती से अश्लीलता

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के रेड टेप शोरूम के मैनेजर पर युवती ने अश्लीलता का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है ट्रायल रूम में युवती कपड़े बदल रही थी तब मैनेजर नीचे की तरफसे उसको देख रहा था। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक गोमती नगर की रहने वाली युवती प्राइवेट कंपनी में एचआर पद पर तैनात हैं। युवती रविवार को रात 8 बजे अपनी बहन के साथ गोमतीनगर पत्रकारपुरम स्थित रेड टेप के शोरूम में खरीददारी करने गई थी। कुछ कपड़े सिलेक्ट करने के बाद वो ट्रायल रूम में जाने के लिए आगे बढ़ी। तभी एक कर्मचारी आया बोला मैम ऊपर वाले फ्लोर चेक कर लीजिए। इस पर युवती ऊपर के फ्लोर पर गई और ट्रायल रूप में कपड़े चेक करने लगी। तभी उसकी नजर नीचे की तरफपड़ी तो एक व्यक्ति का चेहरा दिखाई दिया। जो अंदर की तरफझांक रहा था। ऊपर के फ्लोर पर कोई नहीं था इसलिए वो घबरा गई और नीचे की तरफ आई। तब उसने स्टोर के एरिया मैनेजर से शिकायत की। पहले उसे लगा कि स्टोर का कोई कर्मचारी है। बाद में जानकारी हुई कि वो स्टोर का मैनेजर है। जिसका नाम केशव है। मैनेजर की पूरी करतूत स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसके बाद युवती ने गोमती नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। युवती का कहना है कि उसके शिकायत करने के बाद सोमवार को उसके पास कॉल आई। जो केस करने के बाद दिक्कत आने की धमकी दे रहा था।

## ऋतिक पांडेय के घर पहुंचे डिप्टी सीएम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सोमवार को ऋतिक पांडे के घर पहुंचे। परिवार वालों से मुलाकात की। ऋतिक पांडेय के घर वालों को सांत्वना दी। ब्रजेश पाठक के पहुंचने और विधायक राजेश्वर सिंह के न पहुंचने से अब यह मामला जातीय मोड़ पर पहुंच गया है। हालांकि अब जानकारी ये भी सामने आ रही है कि सरोजनी नगर विधायक भी शाम तक परिवार से मुलाकात कर सकते हैं। इधर शाम 6 बजे क्षत्रिय समाज के नेता बंथरा थाना पहुंचने की चेतावनी दी है। करीबियों के मानें तो ऋतिक पांडेय के पिता ने डिप्टी सीएम से स्थानीय विधायक राजेश्वर सिंह की शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक राजेश्वर सिंह हमलावरों की मदद कर रहे हैं। इस पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार और प्रशासन न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। घटना के बाद से अब तक प्रदेश भर से ब्राह्मण संगठन, सामाजिक संगठन और सपा का 19 सदस्यीय डेलिगेशन पहुंचकर हाल जान चुका लेकिन स्थानीय विधायक ने एक दिन बयान जारी कर खानापूर्ति कर ली। रविवार को बंथरा थाने पर ब्राह्मण संगठनों ने प्रदर्शन किया और 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी के डेलिगेशन में मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी भी पहुंचे और सभी ब्राह्मण नेताओं ने परिजनों से मुलाकात की। ऋतिक पांडेय की हत्या को लेकर शिवसेना ने एक पत्र जारी किया है। परिवार को मुआवजा देने के साथ मामले में सीबीआई जांच कराने की मांग की है। शिव सेना का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों को न्याय मिलना जरूरी है।

## गोवंशों को नहीं मिल रहा चारा, बीकेटी क्षेत्र की गोशाला में हाल-बदहाल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बख्शी का तालाब ब्लॉक की गौशालाएं अव्यवस्था का शिकार हैं। जहां, गोवंश को ठीक से चारा तक नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से गोवंश भूख से मर रहे हैं। गोशाला में चारा के आभाव में गौवंश को रात में छुट्टे खोल दिए जाते हैं। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी लिखित शिकायत भी खंड विकास अधिकारी बीकेटी को दी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बख्शी का तालाब खंड विकास अधिकारी कार्यालय क्षेत्र में स्थित अचरामऊ गांव की गोशाला में सोमवार सुबह एक गोवंश की मौत हो गई। जिम्मेदार लोगों ने उसे हटाने या ढंकने तक का प्रयास नहीं किया। यह मामला बीकेटी खंड विकास क्षेत्र के अचरामऊ ग्राम पंचायत का है, जहां ग्राम प्रधान हाफिज मोहम्मद अशरफ और सचिव रामगोपाल यादव द्वारा गोशाला की व्यवस्था ठीक से नहीं की जा रही है।यहां के पशुओं को भूसा तक नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस ग्राम पंचायत की गोशाला में लगभग 48 गोवंश हैं। जिन्हें गोपालक द्वारा रात में चरने के लिए छुट्टा खोल दिया जाता है। इससे क्षेत्र के खेतों में लगी धान की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। अचरामऊ गांव निवासी साजिद अली ने बीकेटी खंड विकास अधिकारी पूजा पांडेय को लिखित शिकायत दी है। शाजिद अली ने बताया कि इस संबंध में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# गैंगवार में हुई थी ओसामा की हत्या

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के फैजुल्लागंज इलाके में गैंगवार के चलते ओसामा नाम के युवक की हत्या हुई थी। पुलिस ने इलाके के ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने आपसी विवाद के बाद ओसामा की चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी थी। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि घटना के पीछे वर्चस्व का विवाद था।

जांच के आधार पर पुलिस टीम ने कासिम और शयान को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना में लापरवाही बरतने वाले फैजुल्लागंज चौकी प्रभारी अकबर अली को लाइन हाजिर कर दिया है। फैजुल्लागंज निवासी ओसामा शनिवार को चौकी के पास काम से गया था। जहां दो युवकों ने चाकुओं से हमला कर दिया।

जानकारी पर दोस्त उसको अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में सामने आया था कि हमलावर मृतक के दोस्त थे। जो कुछ दिन पर हुई वर्चस्व के विवाद बाद दुश्मन हो गए थे। इस विवाद की शिकायत थाने पर पहले से की जा चुकी थी। परिजनों का कहना था कि करीब एक सप्ताह पहले ओसामा के दोस्त अभय धवरी की चाकू मारकर हत्या का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस ने एनसीआर तो दर्ज किया लेकिन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद से ओसामा अपने ऊपर भी हमले की आशंका जताई थी। लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया। आखिरकार उसकी जान चली गई। फैजुल्लागंज इलाके में लाला गैंग चलता है। जिस गैंग में कई युवक हैं। जो युवाओं को गैंग से जोड़ने का काम करते हैं और जमीन समेत कई घरेलू विवादों को निपटाने में अपनी भूमिका निभाते हैं। ओसामा भी इसी गैंग का सदस्य था। आसपास के लोगों ने बताया कि ओसामा पिछले कुछ समय से सक्रिय लाला गैंग की अनदेखी करने लगा था। गैंग से हटकर वो खुद का गिरोह बना लिया था।

वो गैंग के अन्य सदस्यों की नजर में खटकने लगा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों हमलावर अर्सलान और कासिम भी इसी लाल गैंग के सदस्य थे। दोनों ने कुछ दिन पहले ओसामा को देख लेने की धमकी दी थी। हत्या के बाद से ही मड़ियांव इलाके में दहशत का माहौल है। फैजुल्लागंज के लोग इस घटना से नाराज हैं।

### हेपेटाइटिस के पांचों प्रकार के वायरस खतरनाक

**लखनऊ।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर बलरामपुर अस्पताल ओपीडी में हुई गोष्ठी में निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि हेपेटाइटिस एक महामारी बनती जा रही है, जिससे हर साल मौतों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। हेपेटाइटिस के सभी प्रकारों को गंभीरता से लेना चाहिए। जागरूकता पैदा करके और जन्म के बाद शिशु को वैक्सीन देकर हेपेटाइटिस के खतरे से बचाया जा सकता है। हेपेटाइटिस वायरस पांच प्रकार ए, बी, सी, डी, ई के होते हैं। पांचों प्रकार के वायरस खतरनाक है। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक हेपेटाइटिस ए से हर साल करीब 1.4 मिलियन लोग पीड़ित हो रहे हैं।

बलरामपुर के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. विष्णु कुमार ने बताया कि हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी बीमारी है। लिवर हमारे शरीर का एक जरूरी अंग है, जो खून से टॉक्सिन्स को साफ करने के साथ ही भोजन पचाने की प्रक्रिया में मदद करता है।

## कार से रेकी कर घरों में चोरी करने वाले गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने रेकी कर घरों में चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें बाराबंकी का एक सुनार भी शामिल हैं। चोरी का सामान इसी के हाथ बेचा जाता था। पुलिस अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक 21 जुलाई को कुमहारन टोला मदेयगंज की रहने वाली फरीन पत्नी मोहम्मद शोएब ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया उनके मामा मोहम्मद सदीक के घर का ताला तोड़कर चोरों ने ज्वेलरी व कीमती सामान चुरा लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित की गई। पुलिस टीम इलाके में लगे सीसीटीवी और सर्विलेंस की मदद से चोरों की तलाश कर रही थी। सोमवार सुबह 5 बजे पुलिस को सूचना मिली आईआईएम रोड के पास कुछ लड़के खड़े हैं। जो किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम रवाना हुई। पुलिस को कुछ लड़के खड़े दिखाई दिए। जो पुलिस को देखकर भागने लगे। तभी घेराबंदी करके पुलिस ने आईआईएम रोड वसंत कुंज लॉन के पास से तीनों को हिरासत में लिया। भागने की वजह पूछने पर जवाब नहीं दे सके। इस पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने सच कबूल किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान रामपुर मथुरा सीतापुर के रहने वाले मोहम्मद वकील (37) पुत्र रफीक जो कबाड़ का काम करता है। चंदा कोडर बक्शी का तालाब का रहने वाला मोहम्मद अरशद (23) पुत्र मोहम्मद इस्लाम और जीशान गाजीपुर पुत्र मोहम्मद इस्लाम के रूप में हुई। मोहम्मद अरशद और जीशान गाजी सगे भाई हैं। दोनों लखनऊ में शीशे का काम करते हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कार को इलाके के एकांत एरिया में खड़ा करके घरों की रेकी करते थे। इसके बाद योजना बनाकर घर में घुसकर चोरी करते थे। कुछ साथी गाड़ी में बाहर बैठकर निगरानी करते। चोरी करने के बाद कार से भाग जाते थे। चोरी किए गए सामान को आपस में बांट लेते और उसे बाराबंकी के रीमा सीमा बाजार स्थित सलमान ज्वेलर्स में बेच देते। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने बद्दोपुर बाराबंकी के रहने वाले सलमान ज्वेलर्स के मालिक सलमान (30) पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद शमी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में कीमती जेवर, 25 हजार नगद और एक चार पहिया वाहन मिला है। पुलिस अन्य मामलों के बारे में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस जांच में पता चला मोहम्मद अरशद और मोहम्मद वकील के नाम पर अलग-अलग थानों में कुल 36 मुकदमे दर्ज हैं।

# विज्ञापन होर्डिंग पर विभागों में ठनी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विज्ञापन की होर्डिंग लगाने को लेकर सरकारी विभाग आपस में झगड़ रहे हैं। एनओसी के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। जबकि ठेकेदार और एजेंसियां होर्डिंग लगाकर करोड़ों कमाई कर रहे हैं। नगर निगम कह रहा है कि एलडीए एनओसी जारी करे। एलडीए का कहना है कि वह न शुल्क लेता है और न लाइसेंस शुल्क तो वह कैसे एनओसी दे सकता है। फिलहाल विभागों के झगड़े में विज्ञापन एजेन्सियों की मौज है। बिना अनुमति हजारों होर्डिंग शहर में लगी हैं। इन पर प्रचार भी धड़ल्ले से हो रहा है। मगर नगर निगम को फूटी कौड़ी नहीं मिल रही है। 1105 जगहों पर बिना लाइसेंस शुल्क होर्डिंग लग रही हैं।

राजधानी में करीब 164 विज्ञापन एजेन्सियां और ठेकेदार हैं। जो शहर में इमारतों के ऊपर होर्डिंग लगाते हैं। नगर निगम होर्डिंग लगाने के लिए लाइसेंस जारी करता है। लाइसेंज के लिए शुल्क लिया जाता है। बीते वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने इन ठेकेदारों से पांच करोड़ लाइसेंस शुल्क वसूला था। इस बार 20 लाख भी नहीं मिले। लाइसेंस के लिए नगर निगम ने ठेकेदारों से एलडीए से एनओसी लाने को कहा है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव को पत्र भेज एनओसी देने को कहा था। अब इस पर मामला फंस गया है। एलडीए इसलिए एनओसी नहीं दे रहा है क्योंकि वह बिल्डिंग देखता है। ऊपर खड़ी होर्डिंग से उसका सरोकार नहीं है। 1105 होर्डिंग में किसी के पास लाइसेंस नहीं हैं। दोनों विभाग एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। पहले नगर निगम ही लाइसेंस देता था मगर उसने अब अचानक एलडीए पर जिम्मेदारी थोप दी है। विज्ञापन ठेकेदार, एजेन्सियां अवैध होने के बावजूद धड़ल्ले से मकानों पर लगी होर्डिंग पर प्रचार कर रही हैं। करोड़ों की कमाई कर रही हैं।

**अवैध होर्डिंग हटाने को कोई तैयार नहीं:** शहर में छतों पर खड़ी होर्डिंग लाइसेंस न होने से अवैध हो चुकी हैं।

#### मुम्बई होर्डिंग हादसे के बाद नगर निगम ने रोका लाइसेंस

मुम्बई में होर्डिंग गिरने से इस वर्ष बड़ा हादसा हुआ था। इसमें 17 लोगों की जान चली गयी थी, जबकि 74 लोग जख्मी हुए थे। हादसे के बाद नगर निगम ने बिल्डिंगों, छतों पर लगी होर्डिंग को लाइसेंस देने पर रोक लगा दी। कहा कि एलडीए एनओसी देगा और बिल्डिंग की मजबूती का प्रमाण पत्र आएगा तब वह लाइसेंस देगा। अब दोनों के बीच विवाद की वजह से इन होर्डिंग को लाइसेंस नहीं मिला है। इसके बावजूद यह छतों पर खड़ी हैं। इन पर ठेकेदार प्रचार कर रहे हैं।

### बियर की दुकान में चोरी, 63 पेटी बियर और 26 हजार नकदी पार

**लखनऊ।** मलीहाबाद में चोरों ने बीयर की दुकान का शटर तोड़ कर बीयर की पेटी व दुकान में रखे नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद बीयर शॉप में लगा कैमरा और डीवीआर भी अपने साथ ले गए। चोरी करते समय पास अंग्रेजी शराब के ठेके के सीसीटीवी कैमरे घटना पूरी तरह कैद हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, साहिलामऊ गांव की नहर के पास स्थित बीयर की दुकान का शटर तोड़ चोरों ने करीब 66 बीयर की पेटी व 26000 नकदी लेकर फरार हो गए। चोरों ने पास अंग्रेजी शराब के ठेके से चोरी करने का प्रयास किया लेकिन उसका शटर तोड़ने में कामयाब नहीं हो पाए। चोरी की पूरी घटना अंग्रेजी शराब की दुकान में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। चोरों ने इसके अलावा चौराहे के पास एक क्लीनिक को भी अपना निशाना बनाया। चोरों ने उसका भी शटर तोड़ दिया। वहा भी चोरों हाथ साफकिया।

# दुबग्गा मंडी में पसरा रहा सन्नाटा


**नहीं बिकी सब्जियां,3 करोड़ का कारोबार प्रभावित**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** दुबग्गा मंडी में सोमवार को कोई काम नहीं हुआ। सब्जियों की बिक्री नहीं हुई। बिजली कनेक्शन काटे जाने के विरोध में आढ़तियों ने आंदोलन किया। काम न होने से बड़ी संख्या में पल्लेदार वापस लौट गए। मंडी परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। आढ़तियों से मंडी विभाग के अधिकारियों ने समझौते के लिए बातचीत शुरू कर दिया है। आढ़तियों का प्रदर्शन अगर ज्यादा दिन चलता है तो 15 लाख से ज्यादा की आबादी को संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा करीब 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार प्रभावित होगा। मंडी कारोबारी मिंटू, गुलफाम और लाला यादव समेत कई लोगों का कहना है कि मौजूदा समय यहां प्रतिदिन करीब 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हो रहा। मौजूदा समय आम का काम भी मंडी में होता है। ऐसे में काम ज्यादा रहता है। मंडी में माल ढोने वाले पल्लेदार गर्मी और उमस से परेशान होकर वापस लौट गए हैं। कारोबारियों का कहना है कि करीब 30 हजार पल्लेदार मंडी में है। उसमें से करीब 2700 पल्लेदार वापस लौट चुके हैं। पल्लेदारों को यहां पानी से लेकर रहने तक की समस्या आ गई है। यहां तक की पानी की समस्या भी आ गई है। उसके अलावा यहां लगे पंखे भी नहीं चल रहे हैं। मंडी प्रभारी औगेश दूबे ने बताया कि बिजली कनेक्शन के लिए सोमवार को कैंप लगाया जाएगा। कैंप लगा दिया गया है। बताया कि यह साल 2018 में तय हो गया था कि यहां बिजली कनेक्शन अब खुद आढ़तियों को लेना है। हालांकि मंडी समिति के कारोबारियों का कहना है कि उनको ऐसी कोई नोटिस या सूचना कभी नहीं मिली है। अचानक एक दिन बताया गया कि 18 बार नोटिस दी गई लेकिन सच यह है कि अभी तक एक बार भी नोटिस नहीं दी गई है। प्याज, टमारट, आलू समेत सभी प्रमुख सब्जियों को जोड़ दिया जाए तो यहां प्रतिदिन करीब 3 करोड़ रुपए का माल उतरता है। उसमें 7 सब्जियां ऐसी है जिनके ऊपर 1.50 फीसदी का टैक्स लगता है। उसके बाद बाकी सब्जियों पर यह टैक्स 1 फीसदी का रहता है। पहले साग को टैक्स के दायरे में दूर रखा गया था। लेकिन अब उसको भी शामिल कर लिया गया है। ऐसे में प्रतिदिन करीब मंडी को कम से 2 से 3 लाख रुपए का टैक्स मिलता है। महीने के हिसाब से 90 लाख रुपए तक यह टैक्स पहुंचता है। उसके बाद भी हमको सुविधाएं शून्य दी जा रही है। यहां तक की सफाई की स्थिति बहुत ज्यादा खराब की दी गई है।

## भाजपा महानगर युवा मोर्चा द्वारा आयोजित किया तीसरा कावड़ सेवा शिविर



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा के नेतृत्व में आयोजित किया गया एवम कावड़ सेवा शिविर का उद्घाटन चेयरमैन FICCI यूपी चैप्टर नीरज सिंह एवं महंत मरघट हनुमान मंदिर जमुना बाजार दिल्ली पंडित वैभव शर्मा द्वारा किया गया द्व इस अवसर पर उन्होंने कावड़ियों की सेवा की और लोगों से आहान किया कि इस पुण्य कार्य में आगे बढ़कर धर्म लाभ कमाए।

शिविर का उद्घाटन करते हुए नीरज सिंह ने कहा की कावड़ यात्रा श्रद्धा और भक्ति की यात्रा है इसमें शिवभक्त कावड़ जज्बे और भाव के साथ गंगाजल उठाते हैं।

आगे महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने बताया इस कावड़ शिविर कैंप में शिव भक्तों के लिए निशुल्क दवा एवं भंडारे की व्यवस्था की गई है एवं शिविर कावड़ यात्रा तक निरंतर चलेगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज, एससी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अनिल कल्याणी, पार्षद पप्पू नागर, पार्षद राहुल शर्मा, महानगर महामंत्री युवा मोर्चा नितिन शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, महानगर कोषाध्यक्ष पुस्पेंदर गुप्ता, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, रंजन चौधरी, नितिन त्यागी, पंकज लड्डू, अरुण भड़ाना, दीपक मंडल, अनुज कसाना उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में चाची की मौत, मां- बेटा गम्भीर घायल

▸ चाचा फरार, घायलों को किया रेफर

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर के मोहल्ला सराय खाना में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी।जबकि मृतका की जेठानी और उसका पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। मृतका का पति भी मौके से फरार है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सुधीर राघव के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस फ़ोर्स सहित फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड तथा फील्ड यूनिट भी मौके पर पहुंच जांच में जुट गये है। वही मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही सीएचसी चिकित्सक द्वारा दौनो घायलों की स्थिति गम्भीर देख आगरा के लिए रेफर कर दिया गया है। प्राप्त प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को लगभग दो बजे नगर के मोहल्ला सराय खानम में लगभग 35 वर्षीया महादेवी पत्नी डम्बर सिंह का



लहूलुहान शव उसके घर में खून से लथपथ पड़ा में मिला। मृतका के सिर में काफी चोट के निशान थे। सिर से खून बह रहा था। जबकि मृतका की जेठानी लगभग 60 वर्षीया गीता पत्नी टीकाराम और उसका पुत्र लगभग 30 वर्षीय टिंकू पुत्र टीकाराम भी अत्यधिक गम्भीर हालात में शव के पास ही पड़े मिले। ये दौनो के सिरों में भी काफी चोट थी। दौनो के सिर से खून बह रहा था। घर के दरबाजे के पास नाली में एक बड़ा हतौड़ा पड़ा हुआ था। घर से मृतका का पति डम्बर फरार था । घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर कुमार राघव द्वारा तीनों को तत्काल सीएचसी भिजबाया गया। जहां चिकित्सकों ने महादेवी को मृत घोषित कर दिया। तथा गीता देवी और उसके पुत्र टिंकू की गंभीर हालत देखते हुए दौनो को आगरा के लिए रेफर कर दिया गया। सीओ कृष्णमुरारी दोहरे भी घटनास्थल पर पहुंच गये। जनपद मुख्यालय से फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड एवं फील्ड यूनिट भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीमो द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## तेज रफ्तार कार से बच्चे समेत तीन को लगी टक्कर

**साहिबाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के बालाजी विहार के सामने रविवार दोपहर तेज रफ्तार कार से चालक ने सड़क किनारे चार साल के बच्चे समेत तीन को टक्कर मार दी। घटना में तीनों लोग घायल हो गए। यातायात पुलिसकर्मी ने चालक को पकड़कर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तीनों की हालत स्थिर है।

पुलिस ने बताया कि हिंडन पुल के पास कावड़ शिविर लगने के कारण रास्ता बंद किया हुआ है। दोपहर में बैराज की तरफ से आए एक कार चालक ने तेज रफ्तार में सड़क किनारे बैठे चार साल के बच्चे और उसके माता-पिता को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिता और बच्चे कि सिर से खून बहने लगा जबकि मां को हल्की चोट आई। मौके पर ड्यूटी कर रहे यातायातकर्मी ने दौड़कर चालक को पकड़ लिया और गाड़ी का चालान कर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। साहिबाबाद पुलिस का कहना है कि हादसे में घायलों की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। चालक ने उनका इलाज करने की बात कही है।

# अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर कराया मामला दर्ज

▸ दवा खिलाकर बच्चा गिराने का लगाया आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज क्षेत्र में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया है जिसमें आरोप लगाया है कि ससुरालीजन द्वारा मारपीट कर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हैं।थाना अलीगंज के ग्राम जानीपुर निवासी सोनी पुत्री कृष्णकांत दुबे की शादी 23 जून 2023 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार थाना पाली हरदोई के भगवानपुर निवासी तरुण पांडेय उर्फ अंकुर पुत्र सत्यदेव पांडेय के साथ हुई थी। मेरे पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज़ दिया जिसमें 10 लाख रुपए नगद दो लाख 20 हजार बैंक द्वारा व सोने की दो अंगूठी, सोने की चेन, डाइनिंग टेबल, सोफा, अलमारी सहित समस्त गृहस्थी का सामान दिया था। शादी के बाद प्राथिया विदा होकर अपनी ससुराल पाली गई कुछ दिन रहने के उपरांत मेरे माता-पिता द्वारा दिए गए दान दहेज के अतिरिक्त दहेज लाने के लिए ससुरालीजन मुझ पर दबाव बना रहे थे। मेरे पति द्वारा धंधा डालने के लिए 5 लाख अपने मायके से लाने के लिए कहा जिस पर मैंने मना कर दिया। वह कहने लगे अगर नहीं लाई तो इस घर में नहीं रह पाएगी मुझे अत्यधिक प्रताड़ित करने लगे यह सब बात मैंने अपने माता-पिता को बताई। और मेरे माता-पिता ससुराल से अपने घर ले आए यहां कुछ समय बाद अक्टूबर माह में पति व ससुर मेरे घर से मुझे विदा कर लाये। लेकिन ससुराल जाने के बाद मेरे पति व ससुरालीजन द्वारा प्रताड़ित करने लगे और मारपीट भी करने लगे। प्रार्थियां की गर्भ में बच्चा था मारपीट कर बच्चा गिराने के उद्देश्य से दवा खिला दी जिससे प्रार्थियां का बच्चा खराब हो गया बार-बार हम पर दबाव बनाने लगे और कहने लगे अगर घर से रुपए नहीं लेकर आई तो जिंदा नहीं रहने देंगे और जान से मार देंगे और अपने बेटे की दूसरी शादी कर देंगे मैंने अपने पिता को फोन किया सूचना पर मेरे पिता आए जिस पर मेरे ससुर ने अच्छे से इलाज करने के लिए कहा नहीं तो तुम्हारे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के धमकी देने लगे।

# सूचना के अधिकार से सूचना मांगना पड़ा महंगा, लेखपाल ने कोतवाली में दी तहरीर

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** क्षेत्र के गांव गोपालपुर में चकबन्दी चल रही चकबन्दी नासूर बन गयी है। गांव के किसानों द्वारा चकबन्दी लेखपाल व कानूनगो पर भारी तादाद में नियमविरुद्ध अच्छे चको की हेराफेरी व फर्जी कार्यवाही किये जाने के आरोप बीते कई माह से लगाये जा रहे है। तमाम शिकायतों के बाबजूद किसानों की समस्याओं का अभी तक निस्तारण नही हो सका है। लेखपाल व कानूनगो द्वारा चकबन्दी प्रक्रिया में की गयी धांधली की सच्चाई जानने के लिए गांव के ही प्रमोद कुमार पुत्र राजवीर सिंह व राकेश कुमार पुत्र गोदी सिंह ने गत 24 मई 2024 को अलग अलग पत्र भेज कर चकबन्दी अधिकारी जलेसर से गांव में चलरही चकबन्दी के सम्बंध में आरटीआई के तहत जानकारी मांगी गई थी। जिसमे भारी मशक्कत के बाद चकबन्दी अधिकारी के आदेश पर एसीओ प्रेरणा यादव द्वारा गांव में चकबन्दी प्रक्रिया के अधीन कुल 331 किसान होने जैसी गलत एवं फर्जी जानकारी देकर किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया गया। जिस पर आवेदनकर्ताओ ने बंदोबस्त अधिकारी एटा के यहाँ प्रथम अपील भी कर दी गयी गयी है। जिसमे गत27 जुलाई 2024 को सुनवाई भी नियत थी। मगर दो माह




बाद बीत जाने के बावजूद आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाएं अभी तक नही दी गयी हैं। अपितु चकबन्दी लेखपाल जयवीर सिंह द्वारा सूचना मांगने वाले प्रमोद के विरुद्ध गाली गलौज व मारपीट की झूठी तहरीर थाना पुलिस को दे दी गयी है। पीड़ित ने जिलाधिकारी एटा, एसएसपी एटा एवं मुख्य सूचना आयुक्त लखनऊ से वांछित सूचनाएं दिलबाये जाने और झूठी तहरीर की जांच करा कर दोषी चकबन्दी लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगायी गई है।वही एसडीएम राजकुमार मौर्य ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही आया है। यदि चकबन्दी लेखपाल व कानूनगों द्वारा ऐसी कोई तहरीर दी गयी हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच करायी जायेंगी। जांच में यदि घटना असत्य पायी जाती है तो तहरीर देने वाले पर कार्रवाई की जायेगी।

# परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को मिलाकर किया गया एक



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में महिला महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र सोमबार को टूटने की कगार पर खड़े एक परिवार को समझाकर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी हुए ज्योति पुत्री अनरूप सिंह निवासी अकबरपुर थाना कुरावली मैनपुरी अभिषेक पुत्र रमेशचन्द्र निवासी मालीगांव थाना सकीट एटा आपसी मतभेद के कारण परिवार परामर्श केंद्र पत्रावली प्रचलित थी दोनो परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया दोनों अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए हुए राजी।आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मवती पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश कांस्टेबल, रजनी रानी मौजूद रहे।

# तीन लोगों ने डीएम के समक्ष प्रस्तुत होकर स्वेच्छा से निरस्त कराए अपने शस्त्र लाइसैंस

▸ डीएम ने कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में तीनों शस्त्रधारकों को प्रशस्ती पत्र देकर किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। जिले के शस्त्र लाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं।लोगों को मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है। इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को तीन शस्त्रधारकों ने एक साथ अपने शस्त्र लाइसैंस स्वेच्छा से निरस्त कराएं हैं।डीएम ने एक साथ स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने पर तीनों व्यक्तयों को प्रशस्त्री पत्र देकर सम्मानित किया।



सोमवार को थाना पिलुआ क्षेत्र के गांव बंथल कुतुबपुर निवासी रामकिशोर ने अपने शस्त्र लाइसैंस संख्या 446, थाना निधौलीकलां क्षेत्र के गांव मरगांया निवासी राजपाल सिंह ने अपने शस्त्र लाइसैंस संख्या 4748, थाना अवागढ़ के कस्बा सदर दरबाजा निवासी डा0 सुभाष चन्द्र ने अपने शस्त्र लाइसैंस संख्या 15618 को निरस्त कराया है। डीएम ने कहा कि एक साथ तीन व्यक्तियों द्वारा अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त कराना जनपद के लिए गौरव की बात है, इससे अन्य शस्त्र लाइसैंसधारकों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। डीएम ने कहा कि जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक ही रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं। स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षों तक जिलाधिकारी कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले लोगों के नाम अंकित कराये गए हैं। जनपद में अभी तक लगभग दो दर्जन से अधिक व्यक्तियों द्वारा अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त कराया गया है।

## गाजियाबाद में कांवड़ियों ने जमकर मचाया उत्पात, पुलिस की गाड़ी में की तोड़फोड़

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम क्षेत्र के दुहाई के पास कांवड़ियों ने जमकर उत्पात मचाया। यहां कावड़ियों ने हंगामा करते हुए पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ की। हंगामे के चलते सड़क पर जाम लग गया।

जानकारी के अनुसार, हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कांवड़ियों के पैर में मेट्रो रैपिड पुलिस की गाड़ी नंबर UP 14 EQ 7306 से टक्कर लग गई। मामूली टक्कर लगने से कांवड़ियां उग्र हो गए। उन्होंने गाड़ी को तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि कावड़िये कांवड़ लेकर दिल्ली जा रहे थे। स्थानीय पुलिस और एसीपी कवि नगर मौके पर मौजूद हैं। कांवड़ियों को स्थानीय पुलिस ने गंगाजल देकर शांत कर दिया है। विधान पब्लिक स्कूल में ही कांवड़िये अभी बैठे हुए हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा, सूचना मिली कि सुबह करीब 10:15 बजे दुहाई मेट्रो स्टेशन के पास एक कार ने एक कांवड़िये को टक्कर मार दी। इसके बाद कांवड़यों ने कार में तोड़फोड़ की, जो बोलेरो गाड़ी अंदर घुसी, उसे अवनीश त्यागी चला रहे थे। कांवड़ियों की आरक्षित लेन के कारण दुर्घटना हुई। वाहन को जब्त कर लिया गया है और चालक से पूछताछ की जा रही है।

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल नवादा गांव पहुंचा पीड़ित परिवार से मिला

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिला कांग्रेस कमेटी एटा के नेतृत्व मे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय उतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिला कांग्रेस कार्यालय से गांव नवादा मे पीड़ित परिवार से मिला । बाद मे उप जिला अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिल कर ज्ञापन दिया। ज्ञापन मे शासन प्रशासन से मॉग की ग्राम नबादा थाना मलावन जनपद-एटा के बाल्मीक समाज के तथा अपने परिवार के एक मात्र एक मीधा के किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में हाथ काटकर हत्या या हत्या के बाद दोनों हाथ काटकर शरीर से अलग करने व मृतक रामलाल बाल्मीकी के पशु (सुअर) की भी हत्या अचानक दिन-दहाड़े होने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी तथा गरीबों व असहायों में असुरक्षा व्याप्त है। रामलाल का शव घटना स्थल से अलग सूखी नहर



में अधजला मिला। पुलिस ने परिजनों को भरोसा दिलाकर अपने हिसाब से मृतक के पुत्र से तहरीर लेकर अपराध संख्या-112 सन् 2024 पर अभियोग 23 जुलाई 2024 को मामूली धाराओं में पंजीकृत किया, उक्त रामलाल व उसके पशु की हत्या संदिग्ध है तथा पूरा परिवार का अकेला कमाने वाला व्यक्ति के अचानक चले जाने से परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। कांग्रेस परिवार मृतक की हत्या की न्यायिक जांच कराकर लापरवाह व दोषी हत्यारों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की मांग के साथ पीडित परिवार को कम से कम पचास लाख रू0 (50,00,000/- रू0) भरण पोषण के लिए व 10 बीघा जमीन का पे ट्टा और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिलाये जाने की प्रबल संस्तुति करता है।प्रतिनिधि मंडल मे सत्या बहन पूर्व सांसद पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार , स्योराज जीवन बाल्मीकी पूर्व अध्यक्ष सफाई कर्मचारी संघ आयोग भारत सरकार, प्रेम प्रकाश अग्रावल प्रदेश उपाध्यक्ष, कुमुद गंगवार प्रदेश महासचिव, धर्मेंद्र लोधी प्रदेश सचिव, बिनीत परासर बाल्मीकि प्रदेश सचिव,ठाकुर अनिल सोलंकी जिला अध्यक्ष, तारा राजपूत AICC, नीलमा राज पीसीसी,आदर्श मिश्रा डेनी पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, विशेंट जोयल,सागर तोमर, प्रवेश राजपूत जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, राजेश कुमारी जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, सोहन लाल वर्मा जिला अध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संघठन, मोहम्मद तस्बबूर जिला अध्यक्ष शोशल मीडिया रहे। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जन डाक्टर मियुद्दीन खान, सुभाष सागर एडवोकेट, नेना शर्मा एडवोकेट, अजीत शाक्य ,चंद्र कान्त गांधी,सिद्धार्थ शर्मा,अभिषेक मिश्रा,नौसाद अली,ओमप्रकाश तोमर,जीतेन्द्र राना,ओमबीर सिंह राजपूत,पंकज गौतम,ऋषव भारदुआज, रबीस गोला,बॉबी गौतम,पंकज गौतम,फेजल हाशन,टीपू हाशन आदि।

# मकान में छापा मारकर नकली क्लच प्लेट और अन्य सामान बनाने वाले धरे

लोकमित्र ब्यूरो

**इंदिरापुरम।** कनावनी गांव के घर में नामी कंपनी के प्लांट सुपरवाइजर ने छापा मारकर नकली क्लच प्लेट और अन्य सामान पकड़ा है। आरोप है कि उनकी अधिकृत कंपनी का हॉलमार्क लगाकर नकली सामान पैक किया जा रहा था। उन्होंने पुलिस के साथ दो कमरों से पांच लाख से ज्यादा कीमत का सामान जब्त किया है। दिलशाद गार्डन निवासी हरीश चंद पर्वत हरियाणा के फरीदाबाद में सेक्टर-24 स्थित ऑटो पार्ट्स बनाने की कंपनी में प्लांट सुपरवाइजर हैं। उन्होंने बताया कि कनावनी गांव में कुलदीप अदना के मकान में कंपनी का डुप्लीकेट होलोग्राम प्रयोग कर नकली क्लच प्लेट, होलोग्राम और टेप के अलावा अन्य सामान पैकिंग करने की सूचना मिली थी। उन्होंने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापे की कार्रवाई की, जहां सूरज कुमार पुत्र अजय कुमार बघेल निवासी मोहल्ला रावत कॉलोनी शिव मंदिर थाना बरहन जिला आगरा नकली सामान पैक करते हुए मिला। वह टीम को देखकर वहां से भागने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस ने दबोच लिया। टीम ने मौके से 3280 सेट क्लच प्लेट 11 प्लास्टिक के बोरे में, एक बोरे में 300 खुली क्लच प्लेट सेट, स्प्लेंडर और अपाचे बाइक के 20-20 क्लच प्लेट सेट, दो बोरों में 600 टेप, 3,96,900 होलोग्राम स्टीकर, 600 रेट स्टीकर, 14 प्लास्टिक के बोरों में 12,600 क्लच प्लेट पैकिंग के खाली डिब्बे और आठ प्लास्टिक के बोरों में 1200 पैकिंग बॉक्स को पुलिस के सामने जब्त किया। उन्होंने आरोपी को पुलिस को सौंप कर नमूना एकत्रित कर जांच के लिए भेजा है।एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि कंपनी के अधिकृत सुपरवाइजर ने कॉपीराइट एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है।

# ताजमहल में कांवड़ चढ़ाने पहुंची महिला को पुलिस ने नहीं घुसने दिया

▸ रात्रि में हिंदूवादी नेता किए गए नजरबंद

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर कासगंज से कांवड़ लेकर हिंदू महासभा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मीरा राठौर ताजमहल के निकट पहुंच गई और ताजमहल को तेजो महालय बताते हुए वहां जलाभिषेक करने की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने महिला को बेरिकेडिंग पर ही रोक लिया। अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर कावड़ को नगर के शमसाबाद मार्ग स्थित राजेश्वर मंदिर में चढ़वा दिया गया।

ताजमहल के पश्चिम गेट से पहले पुलिस बेरिकेडिंग पर सुबह साढ़े छह बजे शुरू हुआ यह मामला ढाई घंटे तूल पकड़े रहा। कांवड़ लेकर पहुंची महिला के समर्थन में हिंदूवादी भी



पहुंच गए। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता संजय जाट ने बताया कि कांवड़ लाने वाली महिला हिंदू महासभा की पदाधिकारी है। पुलिस प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए महिला को आगे बढ़ने से रोक दिया।

संजय जाट ने बताया कि इससे पहले पुलिस प्रशासन ने रात्रि में उन्हें, महासभा की जिलाध्यक्ष मीना दिवाकर समेत अन्य पदाधिकारियों को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया। बता दें कि ताजमहल में शिव मंदिर होने का हिंदूवादी दावा करते हैं।

ताज महल और तेजो महालय को लेकर कोर्ट में याचिका भी दायर हो चुकी है। पिछले दिनों भी आगरा में एक वाद दायर हुआ है।

# कांवड़ लेकर शिवपुरी लौटते दो युवकों को ट्रक ने रौंदा

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** यहां ग्वालियर हाईवे पर सोमवार की तड़के हुए सड़क हादसे में सोरों से गंगाजल लेकर जा रहे दो कांवड़ियों की मौत हो गई। दोनों मृतक मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के कस्बा बैराड निवासी थे। कावड़ियों को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



रविन्द्र पुत्र दौलतराम उम्र 24 वर्ष और जियानी पुत्र करनू उम्र 34 वर्ष दो दिन पहले घर से निकले थे। वे अपने 12 साथियों के साथ कासगंज के सोरों से कांवड़ लेकर लौट रहे थे। मृतकों के साथी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि हादसा सुबह करीब चार बजे हुआ।

सभी लोग कांवड़ के साथ हाईवे के किनारे चल रहे थे। कुणाल कालेज तेहरा के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में रविंद्र और जियानी की मौके पर ही मौत हो गई। जितेन्द्र ने बताया कि रविन्द्र अपने पिता दौलतराम के अकेले ही पुत्र थे। उनका एक पांच साल का बेटा और तीन साल की बेटी है।

कांवड़ लेकर शिवपुरी लौटते दो युवको को ट्रक ने रौदा, मौत

# पत्नी को मार कर फांसी में टांगने वाले दहेज दानव को उम्रकैद की सजा

▸ त्वरित न्यायालय ने सुनाया निर्णय

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि फत्तेहपुर जिल के धाता थाने के कारीकांत गांव के निवासी मो हरून ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसने अपनी बेटी गुलप्शा बेगम की शादी 4 अप्रैल 2019 को राजापुर थाना क्षेत्र के बिरवा गांव के निवासी मो इलियाश से की थी। शादी के बाद से इलियाश दहेज में कम पैसे व सामान मिलने का कारण बताकर ससुरालीजनों के साथ उनकी बेटी को प्रताडित करने लगा। इसकी जानकारी बेटी ने उन्हें दी। जिस पर उन्होंने बताया कि अब और अधिक दहेज देने की हैसियत उनकी नहीं हैं। इससे नाराज होकर ससुरालीजनों ने बीती 23 मई 2021 को सबेरे आठ बजे उसकी बेटी को फांसी लगाकर मार डाला। गांव के दूसरे लोगों ने उन्हें टेलीफोन से इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को निर्णय सुनाया।

जिसमें मृतका के पति आरोपी मो इलियाश को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 20 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## सहयोगी नेत्र संबंधी प्रशिक्षण से महिलाएं होगी आत्मनिर्भर : डा. बीके जैन

**चित्रकूट।** परम पूज्य संत रणछोड दास द्वारा संस्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट अंतर्गत संचालित विश्व ख्याति प्राप्त श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एक पहल शुरू की है। आपको बता दे कि वैसे तो सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट अंतर्गत संचालित महिला समिति महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए 25 वर्षो से काम कर रही जिसकी अध्यक्ष ऊषा जैन है। वही ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डा बी के जैन ने एक नेत्र सहयोगी कर्मी संबंधी आधुनिक पाठशाला के उद्घाटन मौके पर बताते हुए कहा कि पिछले दो वर्षो से सदगुरू नेत्र चिकितलाय ने ग्रामीण और वंचित महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल में एक महत्वपूर्ण प्रगति की है। महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने कि दिशा में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय और मिशन फॉर विजन और वेन गिविंग फाउंडेशन मिलजुलकर काम कर रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### जलाभिषेक करने को उमड़ी भीड़

**हैदरगढ़।** औसानेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को जलाभिषेक करने वालों की भारी भीड़ उमड़ी।डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रात डेढ़ बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए। कपाट खुलते ही लाइन में लगे श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा अर्चना शुरू कर दिया। सोमवार को देर शाम तक पूजा अर्चना जारी रही।इस मौके पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ एसडीएम शम्स तबरेज सीओ व कोतवाल सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे।

### छात्र सभा जिलाध्यक्ष के पिता का देहांत



**सिरौलीगौसपुर।** समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष एड0 मोनू रावत के बड़े पिता राम मनोरथ रावत जिनकी आयु लगभग 67 वर्ष थी ,हृदयगति रुक जाने से देहांत हो गया ,जिनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कोटवाधाम में किया गया ,इस मौके पर अभिषेक रावत ,अमित रावत÷बाबू ,आर्यन यादव ,मुकेश रावत, सोनू यादव, सक्षम सिंह ,अरुण कुमार ,भूपेंद्र रावत ,दीपक ,दिनेश रावत ,प्रमोद रावत÷नन्हा ,हृदय यादव ,सूरज यादव , शाहिद खान ,पप्पू रावत आदि लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल होके श्री÷ रावत के पिता जी को श्रद्धांजलि दी ।।

### फर्जी पत्रकारों की बाढ़ पर जताई चिंता



**उन्नाव।** प्रेस क्लब की बैठक कार्यालय में रवींद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में हुई जिसमे पार्टी की सदस्यता पर ज्यादातर सदस्यों ने उठाया जिसमे निर्णय लिया गया की सदस्यता चलाई जाए परंतु ऐसे पत्रकारों को संगठन में स्थान दिया जाय जो पत्रकार के दायित्व का बखूबी निर्वहन कर रहे है। बैठक में फर्जी पत्रकारों की बाढ़ पर चिंता व्यक्त की गई। संगठन की बैठक निर्धारित समय से प्रेस क्लब के कार्यालय में क्लब के अध्यक्ष रवींद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक में पत्रकार ज्ञानेद्र सिंह सेंगर, अमित त्रिवेदी, बीरेंद्र सिंह,कमल सिंह राठौर, उदय बार सिंह, भगौती सिंह,नफीस वेग, योगेंद्र सिंह,राजेश बनारसी, राकेश शाहू मनोज कुमार, राधे श्याम, आदि लोगो ने अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर सभी लोगो ने कहा कि आगामी 15 अगस्त को झंडारोहण कार्यालय में धूमधाम से हर साल की तरह मनाया जाय।

### विभिन्न मामलों में वांछितों को भेजा जेल

**पाटन (उन्नाव)।** थाना बिहार पुलिस द्वारा सोमवार को विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पहला मामला थाना क्षेत्र के मनिकापुर गाँव का है जहाँ की निवासिनी राजरानी ने गाँव के ही कुछ लोगो पर थाना बिहार में हरिजन एक्ट सहित सुसंगत मामलों में मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मामले में कई दिन से फरार चल रहें राजन सिंह उर्फ देवन्द्र बहादुर सिंह पुत्र हरिओम सिंह व कान्हा सिंह उर्फ अनुज सिंह पुत्र अनिल कुमार के खिलाफ कोर्ट द्वारा वारंट जारी हुआ जिस पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए दोनो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दूसरा मामले में गाँव के ही अनुसूचित व्यक्ति से मारपीट करने के आरोप में विजय शंकर बाजपेई पुत्र रघु बालक बाजपेई निवासी ग्राम अजबखेड़ा थाना बिहार पर हरिजन एक्ट सहित मारपीट का मुकदमा कई वर्ष पूर्व लिखा गया है। उक्त मामले में पेशी पर न उपस्थित होने के कारण कोर्ट द्वारा वारंट जारी हुआ।जिसके परिप्रेक्ष्य मे थाना बिहार पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए विजय शंकर बाजपेयी को गिरफ़्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

### प्रशासनिक अधिकारियों में मंदिरों का किया औचक निरीक्षण



**चकरनगर, इटावा।** तहसील क्षेत्र चकरनगर के महाभारत कालीन ऐतिहासिक शिवालयों में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को दूर दराज क्षेत्र से पहुंचे भक्तों की शिव लिंग पूजा अर्चना के लिए लंबी कतारें लगीं रहीं। सुरक्षा व्यवस्था के बीच घंटों की मसक्कत के बाद भक्त पूजा कर सके। क्षेत्र के शिवालयों का प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए मंदिर कमेटी और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भरेह में यमुना-चंबल नदी संगम किनारे स्थित महाभारत कालीन भारेश्वर मंदिर पर श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिव लिंक दर्शन के लिए सैकड़ों भक्तों की लंबी कतारें लगीं रहीं। पुलिस, राजस्व कर्मचारी व स्थानीय मंदिर कमेटी के सदस्यों की सुरक्षा के बीच भक्तों को शांति पूर्ण तरीके से दर्शन कराए गए। इधर कालेश्वर गढ़िया में पांच नदियों के संगम पचनद पर स्थित ऐतिहासिक कालेश्वर मंदिर पर भी भक्तों का तांता लगा रहा। सहसों के समीप चंबल नदी किनारे स्थित ऐतिहासिक सिद्धनाथ मंदिर की चट्टान खिसकने से मंदिर पर जाने से लगी रोक के चलते इस बार श्रद्धालुओं की संख्या घट गई। इसके उपरांत सगरा गांव के समीप यमुना नदी किनारे स्थित महाभारत कालीन खेड़ा मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों पर भक्तों की भीड़ जुटी रही। क्षेत्र के ऐतिहासिक शिवालयों का एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्र व सीओ प्रेम कुमार थापा के साथ मौके का जायजा लेते हुए पुलिस, राजस्व टीम व मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया।

### पुलिस ने बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में की जांच

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक, वित्तीय संस्थानों की जांच की गयी। जांच के दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया एवं डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये गए। साथ ही सतर्कतापूर्वक डियूटी करने को बताया गया। बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर जांच किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहे है। शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। साथ ही परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर कर निर्देश दिये गये।

# सुलह न करना पीड़िता को पड़ा महंगा, बलात्कारी आरोपी के भाई ने पीट-पीट कर किया मरणासन्न

लोक मित्र संवाद



**पाटन उन्नाव।** दुष्कर्म के मामले मे सुलह न होने पर बलात्कार आरोपी के भाई ने अपने साथियों सहित पीड़िता को पीट पीट कर मरणासन्न कर दिया। पीड़िता बलात्कार के आरोपी के भाई सहित दस लोगो के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

बिहार थाना क्षेत्र एक गॉव में सात दिन पूर्व रात को घर मे अकेली सो रही महिला के साथ गॉव रामपुर लोन निवासी पवन कुमार पुत्र बिंदादीन रावत छत के रास्ते पीड़िता के घर मे कूदकर छेड़खानी किया था।जिसकी शिकायत पीड़िता ने थाना बिहार पुलिस को नामजद कर अपने साथ छेड़खानी व मारपीट तथा जान से मार देने की धमकी का प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने धारा 74/ 333/ 352/ 351 (2) 341(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। पीड़िता के द्वारा धारा 183 के बी एन एस एस के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 64 बी एन एस की बढोत्तरी कर उक्त आरोपी अध्यापक पवन कुमार रावत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वही उक्त मुकदमे में आरोपी के भाई पप्पू पुत्र बिंदादीन घटना के बाद पीड़िता पर लगातार सुलह होने का दबाव बना रहा था लेकिन पीड़िता के सुलह न होने पर पप्पू अपने साथियों के साथ सोमवार दोपहर करीब 12 बजे पीड़िता को लाठी डंडों से पीट पीट कर मरणासन्न कर दिया। पीड़िता ने अपने साथ घटित घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में दुष्कर्म के आरोपी के भाई पप्पू पुत्र बिंदादीन सहित10 लोगो को नामजद किया है।थाना प्रभारी शिव प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई पीड़िता की डॉक्टरी करवाकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## लघुशंका करने निकले युवक को लोडर की टक्कर से मौत

लोकमित्र संवाद

**उन्नाव।** बीती रात घर के बाहर लघुशंका के लिए जा रहे युवक को तेज रफ्तार लोडर के चालक ने टक्कर मार दी घटना के बाद युवक करीब 100 मीटर तक घसीट ले गया। चीख पुकार सुन परिजन आ गए जिससे उठाकर लोहचा सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

अचलगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चपरी सैदपुर के मजरा झब्बाखेड़ा निवासी कमलेश (32) पुत्र स्व. दुर्गा प्रसाद मजदूरी कर अपने परिवार की जीविका चलाता था। रविवार रात करीब 11 बजे वह लघु शंका के लिए घर के बहार निकला तभी उसे तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में वह लोडर में फंस कर करीब 100 मीटर तक घसीटता चला गया। टक्कर मारने के बाद चालक लोडर सहित भाग निकला ।कमलेश की चीख सुनकर परिजन दौड़े घायल हालत में सीएचसी और वहां से जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी विमला ने थाना क्षेत्र के गड़रियन खेडा निवासी लोडर चालक संतोष पुत्र बाबूलाल पर जानबूझ कर पुरानी खुन्नस के कारण टक्कर मारने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसका मकान सड़क के किनारे मोड़ पर है।। सन्तोष रोज ही रात में नशे की हालत में तेज रफ्तार से लोडर लेकर निकलता था। 27 की दोपहर इसी को लेकर कमलेश ने संतोष को टोका था।

## लो वोल्टेज, अघोषित बिजली कटौती को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**निन्दूरा।** विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र में लो वोल्टेज व बिजली की अघोषित कटौती लाइनों में फाल्ट को लेकर सोमवार को जिला पंचायत सदस्य के साथ क्षेत्र के ग्राम प्रधानों जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा प्रधानों ने बताया जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान हो जाए नहीं तो आंदोलन की चेतावनी।

ग्राम प्रधानों के ज्ञापन से अधिकारियों में मचा हड़कंप क्षेत्र के कुर्सी पावर कॉरपोरेशन की लापरवाही और अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त ग्राम प्रधानों सोमवार को ग्राम प्रधान रामराज यादव सरबजीत यादव मनोज कुमार शुक्ला ग्राम प्रधान सीमा यादव ग्राम प्रधान कमला देवी ग्राम प्रधान राजेश कुमार ग्राम प्रधान कमलेश कुमार रामनरेश ज्योति ग्राम प्रधान अजीत कुमार ग्राम प्रधान अनीता देवी ग्राम प्रधान अंशु देवी प्रधान माता प्रसाद आदि दो दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों ने सोमवार को बिजली अघोषित कटौती के विरोध में पावर कॉरपोरेशन द्वारा मनमाने ढंग से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जा रही है।

24 घंटे का दावा मात्र 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है जिसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी और मच्छरों का प्रकोप झेलना पड़ता है। ग्राम प्रधानों ने बताया कि दिन हो रात में की जा रही अघोषित बिजली कटौती को तुरंत बंद करने की मांग की है। इसके अलावा गांव हाजीपुर गढ़िया सलेमाबाद मोहलिया आदि काई गांवों में बिजली के तार जर्जर हो चुके हैं, जो अक्सर टूटकर गिर जाते हैं, जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती हैं।

आए दिन हाईटेंशन लाइन के तार टूटते हैं। जिसकी शिकायतों के लिए बिजली विभाग अधिकारियों को फोन मिलाया जाता है लेकिन अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं इन्हीं सब समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की अगर समस्याओं का जल्द ही निस्तारण नहीं हुआ तो ग्राम प्रधानों ने आंदोलन की चेतावनी दी इस मौके पर सुरेश यादव रामराज जसीम खा अरविंद यादव जिला पंचायत सदस्य पूनम कनौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

### बिना फिटनेस के वाहन चलाने वाले विद्यालयों के खिलाफ होगी कार्यवाही

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने जनपद के समस्त बोर्डो के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के लाइसेंस, स्कूली वाहनों में बच्चों के बैठने की निर्धारित क्षमता, वाहनों के दस्तावेजों रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र एवं चालन अनुज्ञप्ति आदि की विधिवत् जांच किये जाने के सम्बन्ध अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। जनपद के समस्त बोर्ड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य इन सभी मापदण्डों के अनुसार स्कूली वाहनों का परिचालन सुनिश्चित करें। यदि कोई विद्यालय वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के लाइसेंस, स्कूली वाहनों में बच्चों के बैठने की निर्धारित क्षमता, वाहनों के दस्तावेजों रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र एवं चालन अनुज्ञप्ति आदि के बिना वाहनों का परिचालन करते पाया गया।

## विशाल तिरंगा झंडा निकाल कर नर नारायण समिति जनजागरण करेगी

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को नर सेवा-नारायण सेवा समिति के बैनर तले पिछले वर्षो की तरह इस बार भी निकाली जाने वाली विशाल तिरंगा यात्रा को सफल बनाने को जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बड़े पैमाने पर प्रचार करते हुए लोगों को यात्रा में शामिल होने के लिए जागरूक किया जाएगा।

बता दें कि यह निर्णय समिति के संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी की अध्यक्षता में सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया। संस्थापक ने कहा कि तिरंगा यात्रा से शहर सहित जिले के प्रत्येक व्यक्ति को वाकिफ होना चाहिए, जिससे तिरंगा यात्रा को इस बार भी भव्यता से निकाला जा सके।

प्रचार के लिए तैयार पोस्टर, स्टेपनी कवर, बैनर व पंपलेट आदि दिखाते हुए अध्यक्ष ने बताया कि जनसंपर्क अभियान के तहत शत-प्रतिशत शहरी, कस्बाई व ग्रामीण आबादी को तिरंगा यात्रा से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक राष्ट्रभक्तों की सहभागिता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं को झांकियों में शामिल कराने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

इसके लिए स्कूल, कालेज व अभिभावक संस्था के कार्यालय पहुंचकर पंजीकरण करा सकते है, जिससे बच्चों की संख्या के आधार पर तैयारियां करते हुए संसाधन जुटाए जा सकें। बैठक में जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राष्ट्र सेविका अनीता द्विवेदी, नीतू सिंह सेंगर, पूर्व सैनिक परीक्षित अवस्थी, आरके मिश्रा, अवधेश दीक्षित आशु, राकेश राजपूत, अशोक चतुर्वेदी, योगेंद्र तिवारी, विकास सिंह सेंगर, सुरेश सिंह सेंगर व राघवेंद्र पांडेय आदि शामिल थे।

# निर्वाणी अखाडा हनुमान गढी ने महंत सुरेश दास को सौंपी यज्ञवेदी की महंती

▸▸ परम्परागत तरीके से अयोध्या में हुई कंठी चद्दर की प्रक्रिया

लोकमित्र ब्यूरो



**चित्रकूट।** धर्मनगरी स्थित यज्ञवेदी निर्वाणी अखाडा मन्दिर का महंत सुरेश दास महाराज को बनाया गया है। अयोध्या के हनुमान गढी में श्री पंच रामानन्दीय निर्वाणी अखाडा की महत्वपूर्ण बैठक में अब तक मन्दिर के महंत रहे सत्य प्रकाश पाठक को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर महंत सुरेश दास को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

श्रीपंच रामानन्दीय निर्वाणी अखाडा हनुमान गढी अयोध्या धाम की बैठक में कहा गया कि धर्मनगरी चित्रकूट के यज्ञवेदी निर्वाणी अखाडा श्री विजय राघव मन्दिर रामघाट की देखरेख लम्बे अरसे तक महंत स्व रामदुलारे दास करते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में ही स्वीकार किया था कि यज्ञवेदी मन्दिर व इससे सम्बन्धित समस्त सम्पत्तियों की देखरेख श्रीपंच रामानन्दीय निर्वाणी अखाडा हनुमान गढी के अनुसार की जाएगी, किन्तु नियम विरूद्ध तरीके से उनके भांजे सत्य प्रकाश पाठक को महंत बना दिया गया। जिसके बाद सत्य प्रकाश पाठक द्वारा सरकारी अभिलेखों में अपना नाम अंकित कराकर पिछले चार वर्षों में लाखों रूपए की आय होने के बावजूद मन्दिर की बेशकीमती भूमि को अवैध तरीके से बेंच दिया गया। हालांकि सत्य प्रकाश पाठक को हनुमान गढी अयोध्या की पंचायती व्यवस्था से महंत के रूप में कभी भी मान्यता नहीं दी गयी। ऐसे में लम्बे समय से मन्दिर में सेवा भाव से कार्य कर रहे बाल्यकाली साधु सुरेश दास को यज्ञवेदी निर्वाणी अखाडा का महंत बनाया गया है। अब नवनियुक्त महंत हनुमान गढी अयोध्या के पंचों के अनुरूप तथा रामानन्दी निर्वाणी अखाडा के पंचायती व्यवस्था के मुताबिक काम करेंगे। साथ ही धर्म का प्रचार प्रसार करेंगे। इस दौरान किसी भी सम्पत्ति का विक्रय नहीं किया जाएगा। साथ ही कृषि एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त वार्षिक आए मन्दिर एवं अखाडे में रहने वाले संतों एवं अतिथियों की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में परम्परा के अनुसार हनुमान गढी के महंत प्रेमदास महाराज ने महंत सुरेश दास को कंठी चादर भेंट कर महंत घोषित किया।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू हुआ सिलाई सेंटर



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम नेवला करसंडा पंचायत भवन पर प्रथम एजुकेशन फॉउंडेशन के द्वारा संचालित लाइवलीहुड कार्यक्रम के तहत सिलाई के क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई सेन्टर शुरू किया गया। जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान श्रीमती कमला देवी ने फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को बाजार माँग के अनुसार सिलाई का प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उनको बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है । कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सादामऊ से ग्राम प्रधान सुनील कुमार , ग्राम पंचायत नसीर नगर से ग्राम प्रधान श्री उमाकांत वर्मा , पंचायत सचिव श्रीमती वंदना पाल ,पंचायत सहायक श्रीमती अंकिता उपस्थित थीं। प्रथम एजुकेशन फॉउंडेशन संस्था की तरफ से श्रीमती नुजहत मलिक, अजीत बहादुर सोलंकी, कार्यक्रम समन्वयक सौरभ मिश्रा, अदनान, संजय श्रीवास्तव लाइवलीहुड टीम से दीपक यादव, भूपसिंह, अरुण पांडेय हिमांशु त्रिवेदी व तेज प्रताप आदि लोग मौजूद थे।

## परियोजना लक्ष्य 2024 का शुभारम्भ किया

लोकमित्र ब्यूरो



उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कैरियर स्टडीज संस्थान द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से । जिसका मुख्य उद्देश्य 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को उच्च शिक्षा की तैयारी, हितधारकों के बीच जागरूकता, रोजगार कौशल का विकास, शैक्षिक और कैरियर परामर्श पाठ्यक्रम एवं सही कोर्स व कैंपस की पहचान कराना है।

इस मौके पर उन्नाव के पूर्व जिलाधिकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ लोक वित्त सलाहकार, आईएएस अरुण आर्य ने जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि यह परियोजना छात्रों को अपने करियर के बारे में सूचित करने, निर्णय लेने एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से, परियोजना लक्ष्य जिले के 12 चयनित स्कूलों में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को अत्याधुनिक करियर मार्गदर्शन और काउंसलिंग सेवाएं प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार और अपने संबंधित कैरियर में सफल बनाने के लिए तैयार करना है। आईसीएस की निदेशक डॉ. अमृता दास ने कहा कि हम उन्नाव जिले के छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि उन्हें अपनी रुचि, आकांक्षाओं, योग्यताओं और प्रतिभाओं के अनुरूप करियर चुनने में सक्षम बनाया जा सके। इस मौके पर आईसीएस की सामाजिक पहुंच प्रमुख नाहिद वर्मा, पूर्व निदेशक साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा श्रीमती ललिता प्रदीप ने जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री राठी ने कहा कि हमे पूरी उम्मीद है कि हमारे जनपद के प्रबन्धक, शिक्षक व शिक्षिकाएं तथा छात्र एवं छात्रएं इस पहल से अधिक से अधिक जुड़ेगे तथा इसका लाभ उठायेंगे। इस परियोजना से जुड़ने वाले छात्रों को अपना कैरियर बनाने व भविष्य सवारने के लिए एक अच्छा रास्ता मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश मीणा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री एसपी सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिमा पुरी व शिक्षक तथा प्रधानाचार्य, केन्द्रीय विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षक तथा आईसीएस के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने ली जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक

**चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक हुई। बैठक में मंदाकिनी नदी (रामघाट) में साफ सफाई अभियान के लिए नाविकों की एक समिति गठित कर नदी में साफ सफाई अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी व अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बाल्मीकि आश्रम व कामगिरि परिक्रमा तथा विभिन्न आश्रमों को चिन्हित कर प्लास्टिक की रोकथाम के लिए लोगों को दोना-पत्तल एवं कागज के लिफाफों के प्रयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए समूह की महिलाओं द्वारा कागज के लिफाफे बनवायें तथा दुकानदारों को उपलब्ध करवायें। नदी के किनारे कचरा एकत्र करने के लिए नगरपालिका द्वारा कुण्ड बनवाये जाये।

# शैक्षिक महासंघ की बैठक में संगठनात्मक बिंदुओं पर हुई चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो



**उन्नाव।** शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर शैक्षिक महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक निराला पार्क में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक बिंदुओं पर विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश चंद शुक्ला ने की। इस मौके पर ब्लॉक इकाई बांगरमऊ की नवीन कार्यकारिणी गठन की घोषणा की।

कार्यकारणी गठन के अवसर पर उपस्थित शिक्षको को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष भरत चित्रांशी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षको की सभी समस्याओं के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद से लेकर प्रदेश स्तर पर आवाज बुलंद कर रहा है।शिक्षको के सभी मुद्दों पर संगठन हमेशा शिक्षको के बीच रहेगा। जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता ने नवीन कार्यकारणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते शिक्षक हित में भ्रष्टाचार और शोषण के विरुद्ध आंदोलन जारी रखने की बात कही। पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह,महिला जिला उपाध्यक्ष प्रज्ञा शुक्ला आदि ने भी बैठक को संबोधित किया। नवीन कार्यकारिणी में ब्लॉक इकाई बांगरमऊ के अध्यक्ष के पद पर मानस पांडे महामंत्री पद पर भानु प्रताप दिक्षित कोषाध्यक्ष जय मंगल कुशवाहा एवं ब्लॉक संयोजक योगेंद्र तिवारी को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया।

ब्लॉक बांगरमऊ अध्यक्ष मानस पांडे ने उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते शिक्षक हित में संघर्ष करने का आह्वन किया।ब्लॉक संयोजक योगेंद्र तिवारी ने कहा कि बांगरमऊ ब्लॉक इकाई शिक्षक हित में सदैव तत्पर रहेगी।

विकास खंड में एक नया इतिहास कायम करेगी। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष अंबिका प्रसाद चौरसिया जिला मीडिया प्रभारी योगेंद्र शुक्ला, रामेंद्र द्विवेदी, राहुल तिवारी, रतन शुक्ला, दिनेश वर्मा रोशन कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### चित्रकूट विकास प्राधिकरण को मिला प्रशस्ति पत्र

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सराहनीय कार्य करने के लिए आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ स्थित आवास एवं शहरी नियोजन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभागार कक्ष में अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन रमेश गोकर्ण आईएएस एवं सचिव डॉ बलकार सिंह आईएएस द्वारा अध्यक्ष जिलाधिकारी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण चित्रकूट को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया जो सचिव अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद द्वारा प्राप्त किया गया। अध्यक्ष जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र के लिए बधाई दी।

## जानवरों की समस्या से पीड़ित किसानों की समस्या से डीएम को अवगत कराया

▸▸ किसान यूनियन ने डीएम को एक समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** किसानों की समस्याएं बार-बार अवगत कराने के बाद प्रशासन द्वारा हल न किये जाने के सम्बन्ध में सोमवार को फसल चिकित्सक बृजेन्द्र सिंह व भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमे जानवरो की समस्या से किसानों को निजात दिलाने की मांग की

फसल चिकित्सक बृजेन्द्र सिंह व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी को ज्ञापन सौपते हुए बताया कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया जिनमे अन्ना गोवंश का समाधान ,नहरों में पर्याप्त सुचारु रूप से पानी , डलमऊ बी पम्प व शारदा नहर से बीघापुर व सुमेरपुर तक पानी पहुँचने की बात,विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से मिलने,लेखपालों द्वारा किसानों से धन उगाही ,फसल बीमा केला, पपीता, आम बागवानी वाली फसलों में लागू करने की बात सहित कई प्रमुख समस्याएं रखी गयी थी लेकिन कोई हल नही निकाला गया। साथ ही 16 जून की किसान यूनियन भानू गुट द्वारा दिये धरने में अधिकारियो द्वारा 20 दिन में नहरों में पानी पहुचाने की बात कही गयी थी जो निरर्थक साबित हुई। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला, जिला प्रभारी अंबुज चौहान , जिला मीडिया प्रभारी कार्तिकेय दीक्षित,अर्जुन सिंह ,अंकित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मंगल मिलन आज

**इटावा।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग मंगलवार 30 जुलाई को शाम साढ़े 6 बजे से करनपुरा-तरहटी स्थित यमुना बिहार कालोनी में शास्त्रीय गायक चक्रपाणि के आवास पर आयोजित किया जा रहा है। संयोजक देवेश शास्त्री ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया कि वे समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

### कार्यालय पर जनमेद का स्वागत

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव जनमेद भोजवाल काकार्यालय पर प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, केके यादव, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, प्रदेश सचिव केपी शाक्य, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, सभासद अविनाश कुशवाहा, राकेश यादव, यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर गौरखनाथ वर्मा, मुस्तकीम राईन, राजेंद्र निराला, सोनू राठौर, जैनुल आब्दीन, नितिन यादव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

### नफरत की दीवार गिराने निकले हैं




**इटावा।** पानकुअंर इंटरनेशनल स्कूल में साहित्य में अपना अमूल्य योगदान देने वाले एवं रुचि रखने वाले तथा साहित्य को संपन्न करने वाले मनीषों का प्रतीक चिन्ह देकर एवं शॉल उड़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जितेंद्र दोहरी ने कहा कि भारत का साहित्य समृद्ध है तथा प्रत्येक विद्वान अपनी क्षमता अनुसार इस साहित्य की संपन्नता में वृद्धि कर रहा है। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री प्रदेश सरकार श्रीकृष्ण यादव ने अध्यक्षता की तथा सभी को अपना शुभाशीष प्रदान किया। पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव के सौजन्य से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें ख्यातिलब्ध कवियों ने अपनी रचनाओं को सुना कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया और पुरस्कार वितरण किए गए। अन्य विशिष्ट कवियों में डॉक्टर राजीव राज, शायर रौनक इटावी, गौरव चौहान, भरथना से आए अनिल तथा दिल्ली से पधारी प्रीति त्रिपाठी ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को दंग कर दिया। संरक्षक सुरेश चंद्र यादव रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ-साथ नगर के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिसमे आदित्य गोविंद यादव, टंटी यादव, राकेश यादव, कन्हैया यादव, जसवंत सिंह कठेरिया प्रमुख हैं।

### बसरेहर में बाल कल्याण समिति की बैठक



**बसरेहर, इटावा।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक ब्लॉक सभागार में संपन्न हुई जिसमें बच्चों के सर्वोत्तम बाल हित पर चर्चा हुई। बैठक में कहा गया कि कोविड काल में पिता या वैध संरक्षक को खो देने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत हर हाल में लाभान्वित किया जाए कोई भी बच्चा इस योजना के लाभ से वंचित न रह पाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत सामान्य योजना में ढाई हजार व कोविड से अभिभावक की मृत्यु की दशा में चार हजार प्रतिमाह की धनराशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि समस्याग्रस्त बच्चों की मदद के लिए अब जनपद में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सेवाएं भी 24 घंटे उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्भया कांड व जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, जिला बाल संरक्षण इकाई किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, संप्रेषण गृह, विशेष गृह पर भी प्रकाश डाला।सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि बच्चों से संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ हर हाल में बच्चों को मिलना चाहिए इसके लिए सरकार के विभिन्न विभाग व एजेंसियां लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने पात्र बच्चों के आवेदन पूर्ण करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से पूर्व की भांति लगातार सहयोग की अपील की। आंगनवाड़ी की प्रभारी सीडीपीओ सुमनलता, एडीओ अंकुर यादव, शिक्षा विभाग से एआरपी सत्यपाल एवं बसरेहर थाने से उप निरीक्षक जसवंत सिंह ने भी बच्चों से संबंधित विभागीय जानकारियां दीं। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर मोहम्मद बिलाल एवं वन स्टॉप सेंटर से मल्टी पर्पजवर्कर दीपमाला के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

### ग्राम वासियों ने किया बंदर हिन्दू विधि विधान से अन्तिम संस्कार



**जगदीशपुर/अमेठी।** ब्लॉक के ग्राम पलिया पश्चिम में 11 हजार की चपेट में आने से एक बंदर की मृत्यु हो गई। मृत्योपरांत ग्राम वासियों ने हिंदू विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया व ग्राम वासियों के द्वारा बताया गया की बंदर हनुमान जी का ही रूप है जिसका दसवां संस्कार भी किया जायेगा।जिसका दस दिन का कर्मकांड श्री गंगा प्रसाद शुक्ल द्वारा विधि पूर्वक बैठेंगे अंतिम संस्कार में श्रवण तिवारी, रजत राम तिवारी, अवधेश द्विवेदी, आकाश, रंजीत कुमार, रामेंद्र , रामविश्वास,रमेश, अशोक गोस्वामी सहित दर्जनों लोग हुए शामिल।

# रिटायर्ड सूबेदार के बेटे की गला रेतकर हत्या

- मेहंदी बाग में मिली लाश, मंजर देख हैरान लोग
- मेहंदी बाग में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**लोकमित्र ब्यूरो**



**आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले**

हत्यारों ने इतनी तेजी से गले पर वार किया था कि पास के पेड़ की जड़ों पर खून के छीटे पड़ गए थे। पुलिस ने इलाके में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली है। क्राइम ब्रांच ने पास के गांव धमौला मगरेना में भी जानकारी जुटाई है। घटनास्थल से फील्ड यूनिट ने साक्ष्य जुटाए हैं। क्राइम ब्रांच के प्रभारी आलोक कुमार ने देवेंद्र गोस्वामी, आनन्द, रजनीश टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**लखीमपुर-खीरी।** जिले के मोहम्मदी में मोहल्ला पश्चिमी लखपेड़ा निवासी सेना से रिटायर्ड सूबेदार बाबू अली के 40 वर्षीय पुत्र फिरोज की गला रेतकर हत्या कर दी गई। जानकारी मुताबिक सोमवार सुबह उसका शव मेहंदी बाग में खून से सना मिला। हत्यारों ने धारदार हथियार से गला रेता था, सभी नसें कट गईं। मौके पर खून ही खून पड़ा था।

फिरोज रविवार की शाम पांच बजे से लापता था। रात करीब आठ बजे एक दुकान पर बैठा देखा गया। हत्यारे उसका मोबाइल अपने साथ ले गए। घटनास्थल से कपड़े के दो ग्लब्स और एक पन्नी में रस्सी बरामद हुई है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किए हैं। कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर पहुंचते ही मृतक के घर में कोहराम सा मच गया। मृतक फिरोज का दो वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। वह अपने पीछे पत्नी, छोटा भाई अफरोज खां, मां कमरजहां पिता बाबू अली को रोते-बिलखते छोड़ गया।

### बाढ़ राहत मॉक ड्रिल, यमुना का बढ़ता जलस्तर

**इटावा।** देश और प्रदेश में हो रही बरसात से नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसके चलते इटावा जिले में चंबल और यमुना नदी के जलस्तर में भी तेजी से बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए जिले के आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर राहत और बचाव कार्य का मॉक ड्रिल शुरू किया है। इस ड्रिल का उद्देश्य बाढ़ के समय लोगों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास कराना और उन्हें आपदा के समय अपना बचाव कैसे करें इसके प्रति जागरूक करना है। आपदा राहत प्रबंधन विभाग स्टेट आपदा प्रबंधन विभाग और एनडीआरएफ ने संयुक्त रूप से संभावित बाढ़ प्रभावित इलाकों में आपदा राहत का अभ्यास शुरू कर दिया है। इस अभ्यास में बाढ़ के दौरान पानी में फंसे और डूब रहे लोगों को बचाने का अभ्यास किया गया। इस दौरान डाक्टर और अन्य विशेषज्ञ भी मौजूद रहे, जिन्होंने बाढ़ से सुरक्षित निकाले गए लोगों के उपचार का अभ्यास किया।

# जंगल से युवक लापता, कांबिग शुरू

**लोकमित्र ब्यूरो**



**चकरनगर, इटावा।** चकरनगर थाना के गांव ढकरा से दो दिन पूर्व जंगल में ककोरा तोड़ने निकाला एक युवक लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जंगल में कांबिंग की, लेकिन युवक का सुराग नहीं लगा। ढकरा निवासी मुन्ना लाला का करीब 38 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार शुक्रवार सुबह घर से जंगल में ककोरा तोड़ने की कहकर निकला था, किन्तु जब वह शाम तक घर नहीं पहुंचा, तो स्वजन को चिंता हुई। पिता ने रिस्तेदारियों सहित सभी स्थानों पर जानकारी करने के उपरांत थाना में सूचना दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू की। रविवार को सीओ प्रेमकुमार थापा के साथ प्रभारी निरीक्षक चकरनगर संतोष कुमार कुशवाहा ने हमराही पुलिस के साथ ढकरा के जंगल में सघन कांबिंग की, लेकिन लापता युवक का कोई सुराग नहीं लगा। तीन दिन से बेटा गायब होने से स्वजन को चिंता सता रही है। उक्त मामले में पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली कि लापता युवक की पत्नी से कुछ कहासुनी भी हुई थी। प्रेमकुमार थापा, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि ढकरा से लापता युवक के मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है, जंगल में कांबिंग की जा रही है। कुछ कहा नहीं जा सकता, जांच जारी है।

# दिन दहाड़े युवक के की गई लूट का प्रयास, मझगईं थाना क्षेत्र का मामला

**लोकमित्र ब्यूरो**



**मझगईं खीरी।** लखीमपुर खीरी के मझगईं थाना क्षेत्र के पलिया निघासन स्टेट हाइवे पर दिनांक 29/07/2024 को तौसीम अली पुत्र रफीक अहमद निवासी छेदुई पतिया का है अपने निजी काम से पलिया गया हुआ था तभी दोपहर समय करीब 2 बजे वापस अपने घर आ रहा है कि बेला कला के पास पलिया निघासन रोड पर दो अज्ञात व्यक्ति जो कि कार पंजीकृत संख्या क्क4क्वड्ढ5431 से खड़े थे प्रार्थी को आता देख हाथ देकर रुकवा लिया और गंदी गंदी गालियां देते हुए तौसीम का बैग छिनने लगे,जब प्रार्थी ने गालियां देने व सामान छिनने पर नाराजगी जाहिर की तो उक्त दोनों अज्ञात व्यक्ति तौसीम को लात घुसो से मारने पीटने लगे किसी तरह आस पड़ोस व पीछे से आ रहे राहगीरों ने प्रार्थी को उक्त विपक्षियों से बचाया उक्त अज्ञात व्यक्ति की हरकत से क्षेत्र में भय पैदा हो गया है अब देखना है कि मझगईं पुलिस उक्त कार नम्बर से कितने जल्द पता लगाकर अपराधियो को पकड़ती है और इस घटना का खुलासा करती है जिससे न्याय व पुलिस पर भरोसा कायम रहा सके।

### क्विज में प्रांशी पूनम ने चित्रकला में बाजी मारी

**ऊसराहार, इटावा।** क्विज में प्रांशी पाल ने मारी बाजी पूनम ने चित्रकला प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन कराने के निर्देश प्रदान किये गये थे, ताखा में बीईओ सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश पर ब्लॉक संसाधन केंद्र मामन पर सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें ब्लॉक के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसके प्रमाण प्राप्त हो गये है जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया है, ताखा के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला पंछी में कक्षा 7 में अध्यनरत प्रांशी पाल ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और कक्षा 8 से पूनम ने चित्रकला प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा के विषय पर पोस्टर बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया उनकी इस उपलब्धि पर जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजुल यादव द्वारा बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रदान की गई।

# शताब्दी समारोह के आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में

**लोकमित्र ब्यूरो**

**इटावा।** 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह' का दो दिवसीय आयोजन 8-9 अगस्त को नगर निगम का सदन सभागार और सेंट एंड्रयूज कॉलेज गोरखपुर में होने जा रहा है। चंबल संग्रहालय, पंचनद की ओर से

इसका आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में काकोरी केस के नायकों से संबधित पत्रों, डायरी, टेलीग्राम, स्मृति चिन्ह, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, पुस्तकों, तस्वीरों, मुकदमें की फाइल आदि की प्रदर्शनी के साथ, सेमिनार, फिल्म प्रदर्शन, किस्सागोई, नाटक, रैली, क्विज, रंगोली, पेंटिग और भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाएंगे। इसके जरिए आजादी आंदोलन के स्वर्णिम इतिहास से नई पीढ़ी रूबरू होगी।

महुआ डाबर एक्शन के महानायक के वंशज और चंबल संग्रहालय के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना 'काकोरी एक्शन शताब्दी समारोह' की तैयारियों के सिलसिले में गोरखपुर जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान दो दशक से अधिक समय से भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन पर काम करने वाले दस्तावेजी लेखक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष शुरू होने में बस चंद दिन बचे हुए हैं। हमने साल भर 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह' को यादगार बनाने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार और संबंधित मंत्रालयों से भी तीन महीने पहले अनुरोध किया था। फिर भी चंबल संग्रहालय अपने स्तर से हमख्याल मित्रों और सुधीजनों के श्रम और आर्थिक सहयोग से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ गोरखपुर से कर रहा है। काकोरी केस के नायकों से जुड़े अन्य स्थानों अयोध्या, गोण्डा, शाहजहांपुर, बरेली, फर्रूखाबाद, कानपुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, औरैया, मुरैना, मेरठ आदि विभिन्न शहरों में समारोह आयोजित करने के बाद 7-8 अगस्त 2025 को सूबे की राजधानी लखनऊ में इसका भव्य और ऐतिहासिक समापन होगा।

# प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ तस्कर गिरफ्तार

- नशीली टैबलेट समेत नशा तस्कर चढ़ा फरधान पुलिस के हत्थे

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में खीरी पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है इसी क्रम में फरधान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को धर-दबोचा है कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली टैबलेट बरामद किया हैं नशा तस्कर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

जानकारी मुताबिक नशा तस्कर नशे की गोलियां लाता था और ऊंचे दामों में बेचता था। हालांकि फरधान पुलिस नशा तस्करों के नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है।

उप निरीक्षक प्रवीण यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित कैप्सूल, गोलिया मिलने की सूचना मिल रही थी। मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति राम जीवन यादव उर्फ रामजी पुत्र इन्द्रजीत यादव निवासी ग्राम डिगरा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को शराब ठेके के पास जनरल स्टोर भदूरा के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 900 प्रतिबंधित नशीली टैबलेट बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी रामजीवन द्वारा बताया गया कि वह बाहर से नशीली दवाईयां बेचने के लिए लाता है वहां से उसे नशीली दवाईयां काफी कीमत पर उपलब्ध हो जाती है। जिसे वह थोडी-थोडी मात्रा मे नशे के आदि लोगो को अच्छी कीमत मे बेचता था आज फरधान पुलिस ने नशीली गोलियों समेत धर-दबोचा नशा तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। थानाध्यक्ष फरधान के नेतृत्व में नशा तस्कर को हिरासत में लेने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक राजेन्द्र यादव,उप निरीक्षक प्रवीण कुमार,हेड कांस्टेबल अशोक कुमार,का0 विकास कुमार शामिल रहे।

# महिला बोली- ससुर के साथ संबंध बनाने का दबाव बना रहा लालची पति

- विरोध पर करता था मार-पीट व फोन पर दे रहा धमकियां
- फूलबेहड में पति बना रहा था पत्नी पर दबाव, ससुर के साथ करे गलत काम
- ससुर के साथ हमबिस्तर होने का बनाया दबाव, विरोध पर मार-पीट कर भगाया माइका

**लोकमित्र ब्यूरो**



पीड़िता दर्द बयां करती हुई...

**फूलबेहड-खीरी।** खीरी जिले के फूलबेहड के मीलपुरवा गांव में लालची पति की ओर से अपनी पत्क्नी को ससुर के साथ अवैध रिश्क्ता बनाने के लिए बाध्क्य करने का मामला सामने आया है।

ससुर-बहु के रिश्क्ते को तार-तार करने की घटना की शिकायत जब पत्क्नी ने अपने पति से की तो पति ने उल्टे उसे घर से बाहर निकाल दिया लालची पति ने यह भी कहा कि जो उसके पिता कहेंगें वैसा ही करना होगा हालांकि पीड़िता ने बताया कि पति द्वारा दबाव जब भी डाला जाता न मानने पर पुत्र द्वारा मुझे पिटवाया जाता जिससे आजिज होकर अपने बच्चों के साथ माइके में रहने को मजबूर हो गई पीड़िता ने बताया कि एक साल पहले तलाक का मुकदमा न्यायालय में दायर किया मेरी छोटी लड़की पति के पास है बड़ी लड़की अपनी मौसी के यहा रहकर इण्टर की पढ़ाई कर रही है व बीच वाली लड़की रितु महिला संरक्षण लखनऊ में निरुद्ध है।

हालांकि सम्बंधित अधिकारियों समेत डीएम व सीएम को रजिस्टर्ड शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई किन्तु काफी दिनों बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से पीड़िता न्याय के लिए दर-दर भटक रही है।

**पति मीडिया के माध्यम से कर रहा पीड़िता को बदनाम**

पीड़िता की इज्जत समाज में तार तार करने के लिए झूठा प्रचार प्रसार मीडिया के माध्यम से लालची पति गणेश बाबू कर रहा है। हालांकि जिम्मेदारों से पीड़िता ने लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

- दुकान व मकान का लालची पति की नहीं सुनी तो घर से निकाला व दे रहा ऐलानिया धमकी


**पीड़ित महिला का दर्द.....**

पीड़िता ने कहा कि मेरा विवाह मीलपुरवा निवासी गणेश बाबू पुत्र शायाकरन के साथ हुआ था शादी के काफी सालों तक तो ठीक-ठाक रहा और हमारे तीन लडकी व एक लडका भी है मेरे पति मजदूरी के लिए एक माह हरियाणा चले गए। इसी का फायदा उठाकर मेरा ससुर मेरे साथ अश्लील हरकत करने लगा मैंने जब मेरे पति को इससे अवगत करवाया तो उन्होंने कहा कि मेरे पिता जैसे कहे वैसा ही करना होगा वरना घर से निकल जाओं मै दूसरी शादी कर लूंगा।

# हैण्ड पम्प मरम्मत व नल रिबोर कार्य में हो रहा फर्जीवाड़ा, उपरी कमाई में सादे बिल हो भी हो रहे सहायक

- आंकड़े देने व कार्रवाई करने में असमर्थ जिम्मेदार

**लोकमित्र ब्यूरो**




**धौरहरा-खीरी।** उत्तर-प्रदेश सरकार व शासन स्तर से गांवो के विकास कार्यों को करावाने को लेकर जो बजट आवंटित किया जाता है वो बजट गांव तक पहुंचने के पहले ही जिम्मेदारो द्वारा भ्रष्टाचार करने में काफी मददगार साबित होता है।

और इसी का सीधा फायदा नल मिस्त्री से लेकर सचिव प्रधान व उच्चाधिकारी उठाते है।

प्राप्त विवरण के अनुसार विकासखण्ड धौरहरा में जहां हैंडपंप मरम्मत,नल रिबोर के विल बाउचर फर्म मालिक व संबंधित विभाग के ग्राम पंचायतों के सचिवों के गठजोड़ के चलते सादे बिल बाउचर पहले से फर्म मालिक के द्वारा जिम्मेदारो को सौंपने का मामला सामने आया है। बताया जाता उपरोक्त फर्म मालिकों द्वारा दशकों पूर्व से सरकारी खजाने के करोड़ों रुपयों का आंख मिचौली का खेल खेला जा चुका है।सूत्र के मुताबिक 20 से 30 प्रतिशत फर्म मालिक पैसा लेकर शेष रकम जिम्मेदार भ्रष्टाचारियों को वापस दे दी जाती है। यह खेल विकास खण्ड के जिम्मेदार अधिकारियों के नाक के नीचे लंबे अरसे से चल आ रहा परंतु मोटे कमीशन के चलते जिम्मेदार लगाम लगाने में खुद निरंकुश साबित दिख रहे हैं।

सूत्रों की माने तो विकास खण्ड धौरहरा में अली वारिस कांट्रेक्टर, अली कांट्रेक्टर फर्मों के द्वारा विकास खण्ड की 49 ग्राम पंचायतो में नल रिबोर व मरम्मत कार्य करने को अधिकृत है। विकास खण्ड के लोगों द्वारा दबी जुबान से बताया गया कि प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए खर्च दिखाकर सरकारी पैसे को इधर-उधर किया जाता है। इससे यह प्रतीत होता है कि कमीशन खोरी में धौरहरा ब्लाक का प्रथम स्थान आना भी कोई संकोच की बात नही है।

सूत्रों के मुताबिक अगर विकास खण्ड में मौजूद फर्मो की निष्पक्ष जांच हो जाएं तो लाखों नहीं करोड़ों सरकारी रुपए घोटाला करने का राज फाह/पर्दाफाश हों सकता है।

जबकि विकास खण्ड के लिए जिम्मेदार अधिकारी आम जनता के हित के कार्यों को दरकिनार कर स्वयं की जेबें भरने में मस्त देखें जा सकतें।जबकि मीडिया के हाथ सादा बिल लगा है। उसमें सिर्फ फर्म मालिक के हस्ताक्षर दिख रहे हैं।

अब देखना है कि विभागीय जिम्मेदार व उच्चाधिकारी इस प्रकरण में क्या कार्यवाही करते हैं या मामले को रफा-दफा करने का प्रयास करेंगे यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

विकास खण्ड धौरहरा में हुए नल रिबोर मरम्मत कार्यो की अगर निष्पक्ष तरीके से जांच करने का दायरा जिम्मेदार बढ़ाए तों न जाने कितने लोगों की गर्दनें फंस सकती है लेकिन शायद मोटे कमीशन के चलते मुमकिन नहीं है। बल्कि तीन दिनों से उपरोक्त प्रकरण अखबारों की सुर्खियां बटोर रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानो तक शायद आवाज नहीं पहुंच पाई।

### मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश

**इटावा।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। बजट में खास तौर पर रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई और मध्यम वर्ग तथा सर्वांगीण समृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बजट के दूरगामी परिणामों को जनता तक पहुंचाने के दृष्टिगत भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता के संयोजन में बजट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने बजट की सराहना करते हुए कहा यह बजट मजबूत भविष्य व विकसित भारत की गारंटी देता है। उन्होंने कहा बजट में 5 साल में 3 करोड़ गरीबों के लिए नए घर बनाने, इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11.11 लाख करोड़ खर्च करना बताता है कि देश विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है।

# सपा कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ की स्थापना

**लोकमित्र ब्यूरो**



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू और जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, लोकसभा सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे ने जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के आवाहन पर जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ की स्थापना की जा रही है। जिसके समक्ष हम समाजवादी लोगो ने संकल्प लिया लिया है कि संविधान की रक्षा के लिए सपा का संघर्ष अनवरत जारी रहेगा।

नेताओं ने आगे कहा कि पीडीए को अधिकार तब ही मिलेंगे जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए सपा प्रतिबद्ध है। महात्मा ज्योति राव फूले जी का उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था। आज ही के दिन 26, जुलाई 1902 को छत्रपति शाहू महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अमल शुरू किया था।

प्रेसवार्ता में उदयभान सिंह यादव, विधयाराम यादव, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह यादव, नितिन यादव, डॉ. संतोष राठौड़, डॉ. आशीष दीक्षित, राकेश यादव, नरेंद्र पाल, किशन यादव, उपेंद्र यादव, मीरा गुप्ता, मालती यादव, लंकू यादव, चौतन जैन, विकास यादव, सुरेश यादव, चंद्रप्रकाश, अंकुर यादव, शत्रुघ्न यादव, असलम अंसारी, रेशु चौधरी, गौरव दिवाकर, वीके यादव, सर्वेश जोशी, गौरव यादव उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## एपीओ यादवेंद्र यादव का विकासखंड मया में भव्य विदाई समारोह

लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्या** जिले के मया बाजार विकासखंड कार्यालय में एपीओ यादवेंद्र यादव के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यादवेंद्र यादव का स्थानांतरण मवई विकासखंड में एपीओ के पद पर किया गया है, जिस पर डीसी मनरेगा सविता सिंह ने आदेश जारी किए थे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने भगवान श्री राम जन्मभूमि का चित्र भेंट किया, जबकि ग्राम रोजगार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने एपीओ यादवेंद्र यादव की सेवा और सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यादवेंद्र यादव ने ग्राम रोजगार सेवकों को हमेशा पूरा समर्थन प्रदान किया और अपने कार्यकाल के दौरान सभी लोगों को संतुष्ट रखने का प्रयास किया। समारोह में एपीओ यादवेंद्र यादव को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित सिंह आईएसबी, राजा राम राजभर ग्राम पंचायत अधिकारी, अजय मौर्या, अर्जुन वर्मा, पंकज ओझा, छट्टू पाण्डेय, कुलदीप, बंशीधर ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। रोजगार सेवक रामू निषाद, ऋषि पांडे, नीरज ऋषि, राम यादव, दुर्गेश मिश्रा, महेंद्र यादव, धर्मेंद्र कुमार, चंद्रपाल, रमेश यादव, आदित्य विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, रविंद्र चंद्र, आसाराम निषाद, राकेश यादव और मंसाराम भी इस विदाई समारोह में शामिल हुए। अमानीगंज विकासखंड में कार्यरत एपीओ चंद प्रकाश मिश्रा को मया बाजार विकासखंड में एपीओ का कार्यभार संभालेंगे।

## किसानों का मुंह मीठा कराकर दी बधाई

लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्याधाम।** विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने किसानों को लड्डू खिलाकर दी बधाई।विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के वासुदेवपुर चौराहा पर लोगों का मुंह मीठा कराते हुए पंडित समरजीत ने कहा- आज समाजवादी पार्टी में सभी वर्गों का सम्मान है सपा मुखिया गाड़ी अखिलेश भैया जी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से आदरणीय माता प्रसाद पांडेय को नेता विपक्ष के रूप में चुना गया जिससे विधानसभा में किसानों गरीबों मजलूमों की आवाज बनकर हमारे आदरणीय माता प्रसाद जी सदैव आवाज उठाते रहेंगे और जनता के लिए संघर्ष करते रहेंगे हम सब मिलकर आदरणीय अखिलेश भैया जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं तथा आदरणीय माता प्रसाद जी को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई देते हैं।पूर्व प्रधान चंद्रभान पटेल, रामनयन वर्मा, प्रदीप कुमार, रजनीश कुमार, शीशराम कोरी, राजेंद्र यादव, राकेश पांडे, अनिरुद्ध सिंह, चंद्रशेखर आदि।

## सीएमओ ने सौ सैय्या अस्पताल कुमारगंज का किया औचक निरीक्षण


लोकमित्र ब्यूरो
**मिल्कीपुर- अयोध्या।** मिल्कीपुर क्षेत्र स्थित सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ डॉ संजय जैन को देखते ही अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों में अफरा-तफरी का मच गई।सीएमओ ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों तथा उनके तीमारदारों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। अस्पताल के पंजीकरण केंद्र पर मरीजों की भारी भीड़ देख उन्होंने एक अतिरिक्त पंजीकरण काउंटर खोले जाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने पंजीकरण केंद्र, दवा केंद्र, डेंगू वार्ड, जनरल वार्ड, ओपीडी आकस्मिक वार्ड आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने मरीजों से पूछा कि किसी प्रकार की सुविधा के लिए शुल्क की मांग की जाती है। जिस पर मरीजों ने बताया कि किसी भी प्रकार का पैसा नहीं लिया गया और दवा भी अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंनेजनरल वार्ड में जाकर डॉक्टरों और प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ तनुज कुमार चौधरी को निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की देखभाल प्राथमिकता से की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल में उपलब्ध रहें ताकि तीमारदार बाहर से दवा लाने के लिए मजबूर न हों। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन ने निरीक्षण के दौरान अधीक्षक से कहा कि पर्चा पंजीयन का एक काउंटर और बढ़ाया जाए ताकि आने वाले मरीजों को समस्या न हो जिससे भीड़ से भी निजात मिलेगी। एक्सरे की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया है। डॉक्टरों का उपस्थित पंजिका द्वितीय तल स्थित कार्यालय में होने पर उन्होंने कहा कि पंजिका नीचे होनी चाहिए, जिससे डॉक्टर अथवा स्वास्थ्य कर्मी अपनी हाजिरी लगाकर अपने काम को संभाले। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों व डॉक्टरों की शत प्रतिशत उपस्थित होना अनिवार्य है। यदि कोई चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्यों के प्रति लापरवाही में संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## धर्म परिवर्तन कराने के 5 आरोपी सीजेएम कोर्ट में पेश

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेल

लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्या।** लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी उदय राज , अभिषेक , आकाश एवं महिला आरोपी चिंता एवं सुशीला को थाना कोतवाली अयोध्या की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। पांचों आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली अयोध्या में उ प्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा के विवेचक उपनिरीक्षक जय किशोर अवस्थी ने कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के साई का पुरवा निवासी उदय राज पुत्र तेजू तथा उनके लड़के अभिषेक व आकाश एवं थाना कोतवाली बीकापुर की निवासिनी चिंता पत्नी धर्मवीर व सुशीला पत्नी सुंदर को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया। आरोपियों की ओर से उनके अधिवक्ता ने जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया और न्यायिक रिमांड का विरोध किया है। अभियोजन पक्ष से एपीओ संजय दुबे ने जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए अभियुक्तों द्वारा कारित अपराध को समाज विरोधी व गंभीर प्रकृति का बताया। उभय पक्षों के तर्कों को सुनने के पश्चात मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशु माली पाण्डेय ने सुनवाई के लिए 9 अगस्त की तारीख नियत करते हुए पांचों अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

## पौधरोपण अभियान के तहत रोपे गये दर्जनों पौधे



लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्या।** एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान जारी है, इसी कड़ी में ओजस भारत फाउंडेशन के द्वारा पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान की शुरुआत गुप्तारघाट से पौधरोपण करके कर दिया गया है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष प्रवीन द्विवेदी ने कहां की हमारी संस्था के द्वारा विभिन्न स्थानों में 1000 पौधे लगाए जाने का संकल्प लिया गया है, जिसके तहत आज हमारी संस्था के द्वारा गुप्तारघाट मरी माता मंदिर के सामने में आम, नीम, पीपल,लीची सहित दर्जनों पौधे लगाए गए हैं। वृक्षारोपण का अभियान एक हफ्ता तक विभिन्न स्थानों में हमारी संस्था द्वारा चलाया जाएगा।
इस अवसर पर महिला विंग की अध्यक्ष अंजू मिश्रा, रश्मि त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, यमुना प्रसाद मिश्रा, क्षितिज सहित कई लोग मौजूद रहे।


# अयोध्या- सावन के दूसरे सोमवार पर राम नगरी मे जुटी शिवभक्तों की भारी भीड़

**कडी सुरक्षा मे भक्तों ने किया सरयू स्नान व जलाभिषेक**



लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्या।** सावन के दूसरे सोमवार पर रामनगरी में उमडा आस्था का सैलाब। प्रात से ही मंदिरों मे दर्शन और पूजन का कार्यक्रम चल रहा है। राम की पैडी के किनारे भगवान राम के पुत्र कुश के द्वारा स्थापित सिद्ध पीठ नागेश्वर नाथ पर शिव भक्तों की भारी भीड़ जलाभिषेक के लिए भारी भीड़ जुटी। पुलिस की कडी सुरक्षा के बीच शिव भक्तों ने नागेश्वर नाथ मे जलाभिषेक किया। सावन का दूसरा सोमवार होने के कारण प्रातः चार बजे से ही सरयू नदी मे स्नान के लिए जुटे। पवित्र सरयू जल लेकर नागेश्वर नाथ की ओर बढ़ते दिखाई दिए। सावन का दूसरा सोमवार काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे मे शिव भक्तों से रामनगरी पटी रही। प्रात- से हर हर बम बम के साथ जयकारों से रामनगरी गूंजती रही। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए हाईवे पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया है और शहर में भी बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।जलाभिषेक, के लिए प्रात- तीन बजे से ही सिद्ध पीठ नागेश्वर नाथ का द्वार शिवभक्तों के लिए खोल दिया गया था। लोगों ने भोले नाथ का जलाभिषेक किया और मोक्ष प्राप्ति की कामना की। सोमवार को रामनगरी मे बडी संख्या मे जलाभिषेक के लिए कांवडिए भी जुटे रहे । इस बीच पुलिस के आला अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था को चार चौबंद करने मे लगे रहे। रूट डायवर्सन के कारण शिव भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने मे पुलिस को कुछ राहत रही।

## अयोध्या में कोई प्लॉट भूमि विकास या होटल परियोजना नहीं है-लोढा मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड


LODHA

Lodha Public Notice: Clarification of entities

Lodha has been receiving queries about doing plotted development and/or hotel in Ayodhya and Goa. To ensure clarity among homebuyers and stakeholders, the developer has issued a public notice informing that the mentioned entities have no connection with Lodha.

Please note that Lodha, India's No. 1 real estate developer*, operates in Mumbai (MMR), Pune and Bangalore, with no projects in Ayodhya or Goa. Lodha has no connection with House of Abhinandan Lodha (HoABL) or any other entity using similar names or logos.

To help potential homebuyers and stakeholders identify a Lodha project, it is recommended to visit Lodha's official website www.lodhagroup.com for better clarity and authentication.

*By residential sales FY 14 - 24

लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्याधाम।** अयोध्या में भूमि विवाद के बारे में हाल की खबरों के आलोक में जिसमें लोढा मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड का नाम गलत तरीके से लिया गया है, हम स्पष्ट करना चाहते कि इस कहानी से हमारा कोई संबंध नहीं है और अयोध्या में कोई प्लॉट भूमि विकास या होटल परियोजना नहीं है। लोढा विशेष रूप से मुंबई (एमएमआर), पुणे और बैंगलोर में काम करता है, अयोध्या या गोवा में कोई परियोजना नहीं है। इसके अतिरिक्त, हमारा हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (॥श्रक्क) या समान नाम या लोगो का उपयोग करने वाली किसी भी संस्था से कोई संबंध नहीं है। हम मीडिया घरानों, प्रभावित पक्षों और किसानों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी चिंताओं को सहीजिम्मेदार डेवलपर की ओर इंगित करें। लोढा, जिसकी विकास करने में 40 वर्षों से अधिक की विरासत है, गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करता हुए कि हमारी सभी परियोजनाएं नैतिकता और व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों का पालन करती हैं। यह जानकारी रितेश राय ने दी।

## झाड़ियो में मिला 30 वर्षीय युवक का शव

### हत्या कर शव को छिपाने के उद्देश्य से झाड़ियो में फेके जाने की आशंका



लोकमित्र ब्यूरो
**मिल्कीपुर अयोध्या।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर के करीब स्थित एक देवस्थान के सामने झाड़ियां में 35 वर्षीय युवक का शव पाए जाने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची इनायत नगर पुलिस युवक का शव कब्जे में लेकर उसकी पहचान में जुट गई है। हालांकि अभी युवक के शव की पहचान नहीं हो सकी है। उधर घटना की जानकारी पाकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने गहन निरीक्षण कर मौके पर मौजूद मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को ग्रामीणों ने खड़भड़िया धरमगंज मार्ग स्थित किसान इंटर कॉलेज के पास झाड़ियां में 35 वर्षीय युवक का शव देखा और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला पहले तो उसकी पहचान में जुट गये किंतु पहचान न होने के बाद उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को घटनाक्रम से अवगत कराया। इसके बाद क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह और एस एस पी भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

एसएसपी ने बताया कि युवक द्वारा पहने गए शर्ट की जेब से कुछ कागजात मिले हैं, जिसके आधार पर उसकी पहचान कराई जाने के प्रयास जारी हैं। वहीं मिले कागजातों के आधार पर युवक संभवतः रुदौली कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। फिलहाल अब युवक के परिजनों के आने के बाद ही उसकी पहचान की तस्वीर साफ हो सकेगी। हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## रामपथ पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर का गर्माया प्रकरण, मंडलायुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

**मंदिर की पुनर्स्थापना को लेकर मंडलायुक्त को सौंपा मांग पत्र,मंडलायुक्त ने दिए जांच के आदेश**

लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्या।** राम पथ निर्माण के दौरान प्रशासन द्वारा ध्वस्त एक किए गए प्राचीन शिव हनुमान मंदिर के पुनर्स्थापित की मांग को लेकर एक मांग पत्र पंचायती मंदिर के प्रमुख सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वैद्य, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय, अधिवक्ता परिषद के जिला उपाध्यक्षअधिवक्ता राजीव शुक्ला, के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त गौरव दयाल को सौंपा गया, मंडलायुक्त ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश जिलाधिकारी अयोध्या को दिए दिया है,मांग पत्र में कहा गया है कि अयोध्या शहर में स्थित सीतापुर आंख अस्पताल के तिराहे पर लगभग 40- 50 वर्ष पूर्व प्राचीन शिव हनुमान मंदिर की स्थापना पंचायती मंदिर के द्वारा की गई थी, राम पथ निर्माण के चौडींकरण में स्थापित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर को कुछ समय के लिए प्रशासन के आदेश से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत हटा दिया गया था, इस दौरान मंदिर में मौजूद विग्रह को राम जानकी मंदिर साहिबगंज में कुछ दिनों के लिए रखवा दिया गया था, प्राचीन शिव हनुमान मंदिर से भक्तों की आस्था और श्रद्धा जुड़ी हुई है , वर्तमान स्थान पर विग्रहों की पूजा अर्चना में असुविधा को देखते हुए मंदिर के उत्तर दिशा में कुछ भूमि खाली है इस खाली भूमि में शिव हनुमान मंदिर की स्थापना हेतु व्यवस्था कराया जाना अस्तित्व अत्यंत आवश्यक व न्याय संगत है, शिकायत की पत्र में यह भी कहा गया कि इस संबंध में मंदिर के सदस्य कारण श्रीमान जी से वह अपर जिला अधिकारी नगर से पूर्व में मिले थे इस दौरान मंदिर की पुनर्स्थापना को लेकर आप ने बातें विस्तार से रखी गई, इस संबंध में महोदय द्वारा मंदिर को पुनः स्थापित करने के विचार को लंबित रखा गया प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी मांग को रखते हुए यह कहा कि भक्तगणों में श्रद्धा और आस्था को देखते हुए प्राचीन शिव मंदिर को पुनः सीतापुर आंख अस्पताल के सामने उत्तर दिशा में जहां खाली भूमि पड़ी हुई है इस खाली भूमि के स्थान को निश्चित करते हुए मंदिर की स्थापना करने हेतु आदेश प्रदान किया जाए, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि भक्तों की आस्था व श्रद्धा को देखते हुए एवं मंदिर की प्राचीनता को देखते हुए इस विषय पर में व्यक्तिगत रूप से प्रयास करूंगा ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोगों में अधिवक्ता राकेश वैद्य सदस्य पंचायती मंदिर, मनीष पांडेय राष्ट्रीय प्रवक्ता हिंदू महासभा, अधिवक्ता राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद, अनुभव जायसवाल पूर्व महामंत्री भाजपा , पंडित ओंकार नाथ तिवारी,अंकित वैद, मुकुल वैद ,आयुष वैद्य, तारकेश्वर नाथ, संयम कृष्णा, ऋषभ वैद्य, रामखेलावन, रजनीश वैद, रितेश कुमार,इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एक ही रात्रि में तीन घरों में चोरी

**गोसाईगंज -अयोध्या ।** थाना गोसाईगंज क्षेत्र के एक ही रात्रि में तीन घरों में चोरों ने लाखों रुपए का आभूषण व नगदी से हाथ साफ कर दिया पुलिस प्रार्थना पत्र लेकर जांच कर रही है मिली जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के ग्राम बंदनपुर हरदोईया के ग्राम प्रधान ब्रह्मादिन कनौजिया के यहां शुक्रवार की रात्रि में जब परिवार के लोग खा पीकर के सो रहे थे तो चोरों ने छत के ऊपर कमरे में घुसकर इलेमारी में रखा 17 थान गहनाभूषण जिसकी कीमत लगभग 3 लाख व37000 नगदी था जो सब उठा ले गए उठा ले गए इस संबंध में ग्राम प्रधान ब्रह्मा दिन कनौजिया ने बताया की गोसाईगंज थाने को लिखित शिकायत किया गया है पुलिस जांच कर रही है अभी मुकदमा पंजीकृत नहीं किया था इसी रात्रि को जंगलपुर निवासी रामकुमार वर्मा के यहां रात्रि को सब लोग खा पी कर सो रहे थे तो इसी समय घर के अंदर चोरों ने घुसकर बॉक्स में रखा 27500 चोरी से उठा ले गए इसी तरह जंगल पुर निवासी घीसियावन के यहां चोरों ने घर के अंदर रखा हजारों रुपए उठा ले गए सुबह होने पर जब लोगों ने देखा तो आवक रह गए इस समय भीषण उमस व गर्मी के चलते लोग घरों से निकाल कर आसपास स्थान पर शरण लिए रहते हैं घर सुनसान देखकर चोरों ने ऐसी वारदात किया एसेमे रात्रि को बिजली भी गोल रहती है जब इस संबंध में इस प्रतिनिधि ने थाना प्रभारी गोसाईगंज से संपर्क किया तो बताया जांच में दो लोगों को लगाया गया है शीघ्र पर्दाफाश हो जाएगा।

## भाजपा समर्थक मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने दिलीप राम त्रिपाठी,समर्थकों में हर्ष



लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्याधाम ।** देश में अहम राज्य उत्तर प्रदेश बीजेपी और उसकी समर्थन करने वाली भाजपा समर्थन मंच के लिए बहुत ही अहम है । दिलीप राम त्रिपाठी शुरू से ही लोगों की सहायता करने के लिए जाने जाते है और लोगों की मदद को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहयोग करने की आदत है। इसलिए संगठन ने यह जिम्मेदारी उन्हें दी हैं। वही दिलीप राम ने पद पाने के बाद कहा कि, मेरे लिए पद मायने नहीं रखता में संगठन का एक निष्ठावान सिपाही हूँ और संगठन जो भी जिम्मेदारी दी गई उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पालन करूँगा। वही विभिन्न संस्थाओं एवं गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करने वाले राम अनुज तिवारी राष्ट्रीय संरक्षक अखिल भारतीय चाणक्य परिषद डॉ संजयन त्रिपाठी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री सतीश पांडेय राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश तिवारी राष्ट्रीय वरिष्ठ सदस्य क्षीरेश्वर दत्त मिश्र राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष काशीनाथ तिवारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गगन आचारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ जय गुरुदेव शुक्ल प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश मिश्र प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राधे रमण त्रिपाठी सत्यदेव मिश्र घनश्याम मिश्र मुकेश तिवारी महंत रामचंद्र तिवारी अंबरीश पांडेय राजेश चौबे वीरेंद्र प्रसाद पाठक

श्याम नारायण तिवारी सचिन तिवारी सुमित तिवारी हरि विलास तिवारी राम जी पांडेय मधु पाठक सरिता त्रिपाठी विनीता मिश्र शगुन त्रिपाठी हंस नाथ साहनी राजेंद्र रावत संदेश साहनी आलोक त्रिपाठी गौरव शुक्ला सुमित द्विवेदी त्रिलोकी नाथ यादव शिवाकांत द्विवेदी जुनैद अहमद गुड्डू नारायण मिश्र सुशांत त्रिपाठी

डॉ अरविंद द्विवेदी देवेंद्र शुक्ल दिव्यांशु शुक्ल ईशान सिंह रिपुंजय प्रताप बहादुर चंद अशोक यादव विवेकानन्द पांडेय अरस द्विवेदी आशीष पांडेय ऋषि पांडेय संजय पांडेय करुणाकर पांडेय रवि तिवारी कुलदीप श्रीवास्तव अनूप श्रीवास्तव नीरज श्रीवास्तव निखिल श्रीवास्तव विवेक सिंह डॉक्टर उत्तम सिंह अखिलेश चतुर्वेदी इत्यादि लोगों ने भारी संख्या में बधाई एवं शुभकामना प्रदान किया।

## राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष उषा रावत ने किया जल शक्ति मंत्री का स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्याधाम।** उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मियां जहां राजनीतिक दलों में तेज हो गई है। वहीं दूसरी ओर अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा में संभावित उम्मीदवारों की चहल कदमी बढ़ती जा रही है। इस क्रम में मिल्कीपुर से भाजपा की प्रमुख दावेदार राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष उषा रावत ने अयोध्या सर्किट हाउस पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बुके देकर किया स्वागत अभिनंदन। उषा रावत मिल्कीपुर के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन रही है और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करा रही हैं

## श्रीराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अगुवाई में प्रदेश पदाधिकारियों ने नवागत डीएम का स्वागत किया



लोकमित्र ब्यूरो
**अयोध्या।** जिले के नवागत जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह का श्री राम सेना के पदाधिकारियों ने किया स्वागत।
श्री राम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा विनोद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजन सिंह ने पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में नवागत जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह का भगवान श्री राम की प्रतिमा देकर स्वागत किया गया और शासन की मंशानुरूप राम-राज्य की स्थापना हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की अपेक्षा की गई। इस मौके पर श्री राम सेना के कई पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बिनोद सिंह युवा मोर्चा, राजन सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे।

## चौबीस ग्राम पंचायतों में तैनात किए गए आधा दर्जन पंचायत सचिव

**अमानीगंज के एपीओ को भेजा गया मया बाजार**

लोकमित्र ब्यूरो
**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के दो दर्जन ग्राम पंचायतों में आधे दर्जन पंचायत सचिवों की तैनाती की गई है। इन ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को ताश के पत्तों की तरह फेंटते हुए एक ग्राम पंचायत से हटाकर दूसरे ग्राम पंचायत में भेजा गया है।
बताते चलें कि काफी दिनों से एक ही ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम पंचायत सचिवों के क्रियाकलाप से आम जनता को काफी दिक्कतों को का सामना करना पड़ रहा था। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत घुरेहटा के क्षेत्र पंचायत सदस्य विकास सिंह द्वारा डीएम, डीपीआरओ सहित मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर ग्राम पंचायत घुरेहटा के पंचायत सचिव जय सिंह यादव की जन विरोधी कार्यशैली की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप था कि ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर बैठकर दैवी आपदा, विधवा एवं दिव्यागों के आवास की सूची बनाकर शासन को भेजी गई है। जबकि गांव की खुली बैठक करके लाभार्थियों का चयन किया जाना चाहिए। इसके अलावा पंचायत सचिव के खिलाफ अन्य शिकायतें भी थीं। बीडीसी सदस्य ने क्षेत्रीय नेताओं से भी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद अधिकारियों ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कई गांवों के पंचायत सचिवों में फेरबदल किया है।
बताते चलें कि ग्राम पंचायत घुरेहटा, ढेमा शिवबक्शराय, जाखा में ग्राम पंचायत सचिव रंजीत कुमार की तैनाती गई है।

वहीं ग्राम पंचायत जमुआ, देवन पारा, डीह पूरे बीरबल, बसवार खुर्द में ग्राम पंचायत सचिव जय सिंह यादव को भेजा गया है। ग्राम पंचायत बसवार कलां, हरीरामपुर सेमरा, पलिया लोहानी में विमल कुमार की तैनाती की गई है, तो ग्राम पंचायत निमड़ी, हरदोइया, घाटमपुर में मुकेश मौर्य को भेजा गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत चमैला, गयासुद्दीनपुर, राजौरा, देवकली माफी व जलालपुर भग्गू में विष्णु कुमार को बतौर ग्राम पंचायत सचिव तैनात किया भेजा गया है। ग्राम पंचायत खड़भड़िया, भिटारी, आहरन सुवंश, गिरधरा मऊ तथा परसपुर सथरा में देवेंद्र पांडे ग्राम पंचायत सचिव बनाए गए हैं। यह आदेश जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार द्वारा जारी किया गया है और जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी स्थानांतरित हुए ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल अपने आवंटित गांव में कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा मनरेगा एपीओ के भी स्थानांतरण किए गए हैं।जिसमें अमानीगंज ब्लाक के मनरेगा एपीओ चंद्रप्रकाश मिश्रा का मया बाजार के लिए स्थानांतरण किया गया है। हैरिंग्टनगंज में एपीओ रहे अभिमन्यु सिंह को अमानीगंज भेजा गया है।

बताया गया कि उपायुक्त श्रम रोजगार संयुक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक सविता सिंह ने चंद्र प्रकाश मिश्रा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आउटसोर्सिंग को शासकीय कार्य हित में विकासखंड अमानीगंज से स्थानांतरित करते हुए विकासखंड मया बाजार में तैनात किया जाता है। उनके स्थानांतरण आदेश में लिखा गया है कि श्री मिश्र अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि अभिलंब स्थानांतरित विकासखंड में योगदान करना सुनिश्चित करें। श्री मिश्रा का माह जुलाई 2024 का मानदेय स्थानांतरित विकासखंड से देय होगा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष को संगठन द्वारा किया जायगा सम्मानित

**पूरा बाजार- अयोध्या ।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अत्याचार निवारण संगठन नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया डॉ राजेश शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष राम मूर्ति सिंह जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा की गरिमाई उपस्थिति मे जिला संगठन के पदाधिकारी संगठन द्वारा सम्मानित किए जाएंगे इस आशय की जानकारी नेशनल एंटी करप्शन ऑफ इंडिया के जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर टीवी सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति में दिया डॉक्टर सिंह ने कहा कि पदाधिकारी का सम्मान देवकाली बाईपास स्थित पंचशील रेस्टोरेंट में 30 जुलाई को प्रातः 10-00 बजे होगा डॉक्टर तेज ने सभी जिला पदाधिकारी को निर्धारित समय से आने की अपील की है।

# त्योहारों से पूर्व दुरुस्त होगी सभी व्यवस्थाएं- केंद्रीय पूजा समिति

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** नाग पंचमी से शुरू हो रहे त्योहारों की तैयारी व व्यवस्थाओं को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति के कार्यकारिणी की बैठक ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत पूजा प्रभारी बाबा राधेश्याम सोनी ने मां दुर्गा की स्तुति व शिव आवाहन करते हुए किया। बैठक में जहां आगामी त्योहारों की तिथियां को लेकर चर्चा हुई वहीं व्यवस्थाओं को लेकर भी कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपने विचार रखें। यहाँ समिति के चुनाव को लेकर भी कमेटी ने सक्रियता दिखाते हुए इस सत्र में चुनाव की घोषणा के लिए साधारण सभा की बैठक का आवाहन किया। बैठक का संचालन कर रहे महामंत्री सुनील श्रीवास्तव ने बताया आगामी 9 अगस्त को नाग पंचमी से हिंदू त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो रही है जहां 27 अगस्त को जन्माष्टमी 7 सितंबर को गणेश प्रतिमाओं की स्थापना 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी व 18 सितंबर को गणपति विसर्जन का कार्यक्रम तय हुआ। शारदीय नवरात्र के साथ कलश स्थापना व सप्तमी से लेकर पूर्णिमा तक दुर्गा पूजा महोत्सव मनाए जाने को लेकर तिथियां घोषित हुई। हिंदू त्योहारों को भव्यतम रूप से मनाने को लेकर चेयरमैन प्रवीण अगरवॉल अनिल द्विवेदी राहुल सेठ जगदीश गुप्ता प्रेमचंद भारती रुपेश शुक्ला रमेश सिंह टिन्नु राजू श्रीवास्तव राजदेव शुक्ला विनोद पांडे सुरेश श्रीवास्तव आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव रखें। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दुर्गा पूजा त्यौहार को शानदार ढंग से मनाने के लिए पूजाकमेटी के साथ संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते हुए सनातन रीति से मनाने पर जोर दिया ।

आगामी त्यौहारों को भव्यतम रूप से मनाने के लिए आगामी 4 सितंबर को जिले भर की पूजा समिति के अध्यक्ष व महामंत्री को आमंत्रित किया गया है जिनके बीच में व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा होगी।यहाँ चुनाव को लेकर आम सहमति बनाने का प्रयास जारी रहेगा यदि संभव हुआ तो आम सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया जाएगा यदि आवश्यकता हुई तो चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।केंद्रीय पूजा व्यवस्था का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख सचिव आयुक्त अयोध्या मंडल व जिलाधिकारी से मुलाकात कर आगामी त्योहारों को लेकर सूची सौंपेगा वहीं व्यवस्थाओं के संबंध में समन्वय स्थापित करते हुए त्योहारों को भव्यतम रूप से मनाने में प्रशासन व पूजा समितियो के बीच संबंध स्थापित करेगा ।

बैठक में प्रमुख रूप से राजदेव शुक्ला बेनू अतुल दीपक श्रीवास्तव राजीव अग्रहरि शंकर दयाल अग्रहरि विजय सेक्रेटरी रमेश सिंह टिन्नु बाबा राधेश्याम सोनी सुरेश बहादुर श्रीवास्तव पंकज दुबे आदि मौजूद रहे

## उप्र विधानसभा मंगलवार तक स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार की सुबह 11ः00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। यूपी विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार को शुरू हुआ। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। शुरुआत में विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद विपक्षी मान गए। लेकिन शून्य प्रहर के दौरान सपा ने नियम 56 के तहत बिजली की खराब व्यवस्था पर चर्चा कराने की मांग की गई। नेता प्रतिपक्ष समेत सपा के अन्य सदस्यों ने सवाल किए। इस पर सरकार की तरफ से ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जवाब दिया। जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्य बेल में गए।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक्स विषय पर डिबेट का आयोजन



**सुल्तानपुर।** शहर के गभड़िया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक्स विषय पर डिबेट का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कक्षा-6 से 10 तक के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस डिबेट का मुख्य उद्देश्य रहा कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोट खतरनाक साबित हो सकता है या नहीं? इस पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा 1 घंटे डिबेट का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने एक-दूसरे के समक्ष अपने तर्क प्रस्तुत किये। विद्यालय के स्मार्ट मीटिंग हॉल में डिबेट का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों द्वारा बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह, शिक्षक योगेश चतुर्वेदी ,विपिन मिश्रा, पंकज यादव, अमित अग्रहरि, आदर्श, मनोज कुमार मौर्य,शिक्षिका हुमा वसीम, गीतांजलि तिवारी, सुनीता सिंह व सैकड़ो की संख्या में छात्र/छात्र मौजूद रहे।

# कच्ची दीवार ढही, दो बच्चों की मौत, कई घायल



**सुलतानपुर।** चांदा थानाक्षेत्र में कच्ची दीवार ढहने से दो बच्चों की दबने से मौत हो गयी है। क्षेत्र के ÷बड़ा केवटाना सोनावा गावँ÷ में बीती रात हादसा हुआ है। बताया जाता है कि गांव का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने खबर को दबाने का भरसक प्रयास किया।

हताहत होने वाले निषाद समाज के अन्य कई बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के अगले दिन सुबह करीब 11बजे एक राजपत्रतित अधिकारी ने निरीक्षण किया है। कच्चा मकान गिर जाने से दो बच्चों की मौत के बाद गांव में शोक पसरा है। पीड़ित परिवार लंबे समय से प्रधानमंत्री आवास की मांग कर रहा था।

# सीताकुंड स्थित श्री चित्रगुप्त धाम पर हुआ पौधरोपण

**सुल्तानपुर।** द होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया सुल्तानपुर के तत्वाधान में आज शहर के श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर परिसर सीताकुंड पर वृहद वृक्षारोपण अभियान *÷एक पेड़ मां के नाम÷* कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया । संस्था के संरक्षक डॉक्टर रमाशंकर मिश्रा, अध्यक्ष डॉक्टर आर आर मिश्रा, सचिव डॉक्टर मनीष, उपाध्यक्ष डॉक्टर एस.के तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर अमित, डॉक्टर घनश्याम, डॉक्टर प्रशांत, डॉक्टर के एस तिवारी, डॉक्टर नीरज सिंह, डॉक्टर सुनील त्रिपाठी, डॉक्टर अजय शर्मा व शालिनी त्रिपाठी ने अपनी धरती माता के श्रृंगार स्वरूप वृक्षारोपण करके उसके संरक्षण का भी संकल्प लिया । इसके उपरांत रविवार को होने वाली सायंकालीन आरती एवं




सुप्रसिद्ध भजन गायक राजवीर श्रीवास्तव के द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या में सहभागिता भी किया। श्री चित्रगुप्त धाम के प्रबंधक पवन श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष ओ.पी श्रीवास्तव, संरक्षक शशि सिन्हा, संदीप श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, मुकुल श्रीवास्तव, दिनकर श्रीवास्तव ने संस्था के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

# जाम के चलते भीषण गर्मी झेलने को मजबूर नौनिहाल

## स्कूलों की टाइमिंग एक होने से लगता है जाम

**सुलतानपुर।** स्कूल छूटने पर बच्चों को भीषण गर्मी का सितम झेलना पड़ रहा है। ट्रैफिक जाम में फंसे बच्चे धूप और उमस की गर्मी में उबल जा रहे हैं । जी हां! आपका बच्चा इस कड़क धूप में थर्ड डिग्री झेल रहा है।

कारण यह है कि जब स्कूल छूटता है तो शहर के तमाम चौराहे जाम के चपेट में आ जाते हैं। कई स्कूलों में तालमेल न बन पाने के कारण दोपहर के वक्त एक साथ स्कूलों में छुट्टी होती है । जिस कारण शहर का हर चौराहा जाम की चपेट में आ जाता है। इसको लेकर ना कोई अभिभावक कमेटी सामने आ रही है न ही स्कूल का प्रबंध तंत्र। यह बहुत ही निराशाजनक पहलू है कि बच्चों को उनके हाल पर छोड़ दिया जा रहा है। वही इस समस्या के काफी हद तक समस्या के लिए शहर के ठेले और ई रिक्शा भी जिम्मेदार बन रहे हैं। लोगों ने बताया है कि दोपहर एक और दो बजे के बीच यदि ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद रहे तो बच्चे शायद उमस भरी गर्मी और कड़ी धूप से वह बच जाएं। लेकिन ऐसा कुछ हो नहीं रहा है। और एक बात गौर करने लायक है कि अधिक कमाई करने के लिए खटारा ओमनी वैन से 24-24 बच्चे ढोये जा रहे हैं। गार्जियन समझता है कि उसके बच्चे वाहन में सेफ हैं लेकिन एलपीजी वाहन से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इन पर अंकुश लगाने कोई जिम्मेदार महकमा सामने नही आ रहा।

# व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल सहित पूरी टीम ने दिया सामूहिक इस्तीफा

## युवा जिलाध्यक्ष संजीव साहू एवं नगर अध्यक्ष अनवारूहल हक ने भी टीम संग दिया इस्तीफा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** जनपद के व्यापारी जगत में सोमवार को उस समय हड़कम्प मच गया जब अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की मेन इकाई सहित युवा एवं नगर कमेटी ने एक सामूहिक रूप से अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। इतना ही नहीं, मीडिया के माध्यम से आम जनमानस को बताते हुये सभी पदाधिकारियों ने अपना इस्तीफा पत्र व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया। इस बाबत जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में स्थित पत्रकार भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुये जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने बताया कि उनकी समस्त कमेटी के अलावा नगर अध्यक्ष अनवारूल हक गुड्डू और युवा जिलाध्यक्ष संजीव साहू सहित उनकी समस्त कमेटी ने सामूहिक रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जौनपुर के सभी पदों से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया।



श्री जायसवाल ने बताया कि यह सामूहिक इस्तीफा व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के उस साम्प्रदायिक बयान से आहत होकर दिया गया है जिसमें उन्होंने गत दिवस एक प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का समर्थन करते हुये कहा कि समस्त मुस्लिम व्यापारी अपनी दुकानों पर अपने नाम का नेम प्लेट जरूर लगायें। उक्त बयान जौनपुर के व्यापारियों के नजरिये से घोर अमानवीय व एकता को खण्डित करने वाला है। आज सभी धर्म व वर्ग के लोग व्यापार कर रहे हैं और हमें सभी के हितों की बात करते हुए आगे बढ़ना है, न कि धार्मिक उन्माद पैदा करके।

श्री जायसवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस तरह के मुख्यमंत्री के सरकारी फरमान पर रोक लगा दिया तो हमें कानून व न्यायालय का भी सम्मान करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल जैसी छोटी मानसिकता के लोगों के साथ अब काम करना सम्भव नहीं है। इसी क्रम में नगर अध्यक्ष अनवारूल हक गुड्डू व युवा जिलाध्यक्ष संजीव साहू से संयुक्त रूप से कहा कि आगे व्यापारियों के साथ बैठकर रणनीति बनाकर व्यापारी एकता एवं अधिकार पर राय बात करके कोई कदम उठाया जायेगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष जायसवाल, नगर महामंत्री अमरनाथ मोदनवाल, जिला महामंत्री शशि श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अमर बहादुर सेठ, जिला मंत्री सुनील चौरसिया, जिला उपमंत्री सुबाष अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष पचन जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष मनोज मौर्या, जिला कोषाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, सुशील दूबे, कृष्ण कुमार अग्रहरि, सोनू हरलालका, अखिलेश जायसवाल, अजय श्रीवास्तव, संतोष अग्रहरि सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## अस्थि विसर्जन करने जा रही लोडर पलटी, 10 लोग घायल

**जालौन।** उरई कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को अस्थि विसर्जन करने जा रही लोडर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।जानकारी के मुताबिक्, डकोर कोतवाली क्षेत्र के गोरन निवासी ज्वाला की पत्नी प्रेम कुंवर का कुछ दिन पूर्व देहांत हो गया था। आज सुबह परिजन उसकी अस्थियों को विसर्जन करने के लिए लोडर पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही लोडर आटा के टोल प्लाजा के पास पहुंचा और चालक ने टोल बचाने के चक्कर में लोडर को उकासा मार्ग की तरफ मोड़ दिया, जिससे लोडर पलट गया। हादसे में उसमें सवार रमेश, सिद्धार्थ, रामश्री, देवराज, हरिशचंद्र, सहित करीब दस लोग घायल हो गए।

# फसलों की सुरक्षा कवच है फसल बीमा योजना, 31 जुलाई तक कराएं फसलों का बीमा

**जौनपुर।** प्रकृति की मार से फसलों में होने वाली क्षति से किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बचाएगी। जनपद में खरीफ की सात फसलों का बीमा किया जा रहा है, इसके लिए किसानों को दो प्रतिशत मामूली प्रीमियम देना होगा। बीमा की जिम्मेदारी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को सौंपी गई है। पहले कर्ज से उगाई गई फसलों का खुद बीमा हो जाता था, किंतु अब योजना को ऐच्छिक कर दी गई है। कृषकों के लिए 31 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गई है।

प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के नुकसान होने पर किसानों के आर्थिक क्षति की भरपाई करने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू किया है। जनपद में खरीफ की धान, मक्का, उर्द, बाजरा, ज्वार, तिल और अरहर की फसल का बीमा किया जाएगा, इसके लिए किसानों को प्रीमियम का मात्र दो प्रतिशत का भुगतान करना होगा, बाकी धनराशि सरकार द्वारा दी जाएगी।

ग्राम पंचायत स्तर पर बीमा का लाभ - अधिसूचित क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण फसल की बुवाई न कर पाने, असफल बुवाई की स्थिति फसल की बुवाई से कटाई के समयावधि में प्राकृतिक आपदाओं सूखा, बाढ़, जल प्लावन, ओला, भूस्खलन,आकाशी बिजली से आग, तूफान चक्रवात, रोगों, कीटों आदि से खड़ी फसल नष्ट होने पर बीमा का लाभ मिलता है।

व्यक्तिगत फसल बीमा का लाभ - ओलावृष्टि, भूस्खलन,जल प्लावन तथा फसल की कटाई के बाद आगामी 14 दिनों तक खेत में सूखने के लिए रखी गई फसल की क्षति पर बीमा का लाभ मिलेगा। किसानों को क्षति के 72 घंटे के अंदर संबंधित बैंक,बीमा कंपनी, कृषि विभाग को सूचना देना होगा। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में शामिल न होने वाले ऋणी किसानों को संबंधित बैंकों में लिखित सूचना देना होगा अन्यथा उनके खाते से प्रीमियम कटौती कर योजना से जोड़ दिया जाएगा। गैर ऋणी कृषक सीएसी से अपनी फसलों का बीमा करा सकते है, उन्होंने बताया कि वर्षात कम होने से उत्पादन घटना स्वाभाविक है ऐसे में अधिक से अधिक किसान अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराए ताकि नुकसान की भरपाई फसलबीमा योजनान्तर्गत हो सकें।

फसल तथा बीमित राशि हे0 इस प्रकार निर्धारित है। धान 79800, कृषक अंश 1596 रु0, मक्का, 35000, कृषक अंश 700 रु0, बाजरा, 31900, कृषक अंश 638 रु0, ज्वार, 58000, कृषक अंश 1160 रु0, उर्द, 71900, कृषक अंश 1438 रु0, अरहर, 85500, कृषक अंश 1710 रु0, तिल, 23100, कृषक अंश 462 रु0 है।

# आरक्षित लेन में घुसी पुलिस बोलेरो कार आक्रोशित कांवड़ियों ने की तोड़फोड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में कांवड़ियों का गुस्सा एक बार फिर फूट पड़ा। सोमवार को दुहाई मेट्रो स्टेशन के पास पुलिस लिखी एक कार कांवड़ियों के लिए आरक्षित की गई लेन में प्रवेश कर गयी। जिससे गुस्साए कांवड़ियों ने कार में तोड़फोड़ कर दी । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह मामले को शांत किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार समेत चालक को हिरासत में ले लिया है।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना मधुबन बापुधाम थाना क्षेत्र के दुहाई मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार को एक बोलेरो कार ने एक कांवडिये को टक्कर मार दी। जिसके बाद आक्रोशित होकर कांवडियों ने गाडत्र में तोड-फोड कर दी गई । सूचना पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते



हुए मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझा कर वापस भेजा गया । उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल में यह तथ्य प्रकाश में आया कि गाड़ी को अवनीश त्यागी नामक चालक चला रहा था । जिसके द्वारा कांवडियों के लिए आरक्षित लेन में अनाधिकृत रुप से प्रवेश किया गया । चालक तथा गाड़ी दोनों को कब्जे में ले लिया गया है । चालक द्वारा यह गाड़ी हाइड्रिल विजिलेंस के लिए चलाई जाती है । पूछताछ एवं साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है ।

# रामेश्वर महादेव, त्रिलोचन महादेव, गौरी शंकर महादेव मंदिरों में उमड़ें शिवभक्त

**जौनपुर।** आज सावन का दूसरा सोमवार है। शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ रविवार देर शाम से ही उमड़ी है। हर तरफ शिवभक्त हर-हर महादेव के नारे लगाते देखे गए है। सिरकोनी क्षेत्र के राजेपुर रामेश्वर महादेव मंदिर में ढाई बजे रात से ही भक्तों की लाइन लग गयी है। पूजा अर्चना कर रहे लोग भगवान शिव की भक्ति में डूबे हुए दिखे। सावन के महीने में हर कोई भगवान शिव की आराधना में लगा हुआ है। सावन के दूसरे सोमवार को पवित्र माह में ज़िलें के प्रमुख ऐतिहासिक शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ा हुआ है।

बड़ी संख्या में कांवरियों की टोली त्रिलोचन महादेव के दर्शन करने के बाद बाबा विश्वनाथ, बैजनाथ के लिए रवाना हुई। वहीं कुछ कांवरियों ने त्रिलोचन महादेव पर जलाभिषेक किया। ज़िलें के ग्रामीण इलाक़ों में



स्थित त्रिलोचन महादेव, साईं नाथ महादेव, करशूलनाथ महादेव, गौरी शंकर महादेव सुजानगंज, घसीटानाथ महादेव, सिरकोनी के राजेपुर रामेश्वर महादेव, गोमतेश्वर महादेव केराकत, दियावां नाथ महादेव, भोला शंकर महादेव, शहर के पांचों शिवालय जागेश्वर नाथ आदि शिवालयों में दुग्ध व जल से अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। ज़िलें में प्रवाहित आदि गंगा गोमती के अलावा काशी व प्रयागराज से मोक्षदायिनी मां गंगा का जल लेकर रोजाना व खास तौर पर सोमवार को शिवभक्त जलाभिषेक के लिए शिवालयों पर पहुंचें। हर तरफ आस्था का जनसैलाब दिखाई पड़ा। हजारों की संख्या में कांवरियों की टोली बाबा विश्वनाथ और देवघर जाते दिखे।

जलालपुर के त्रिलोचन महादेव मंदिर में दर्शनार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। कांवड़ भरने वाले लोगों के लिए अलग रास्ते बनाए गए हैं, कांवड़ियों को धूप न लगे इसके लिए टीन शेड भी लगाए गए हैं, सुरक्षा व्यवस्था को भी लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। वहीं क्षेत्राधिकारी केराकत प्रतिमा वर्मा व थाना प्रभारी जलालपुर मनोज सिंह अपने हमराहियों के साथ लगातार मंदिर परिसर में चक्रमण कर रहे हैं।

वहीं सुजानगंज के ऐतिहासिक शक्तिपीठ गौरी शंकर महादेव मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को चाक चौबंद की व्यवस्था के साथ जलाभिषेक किया गया है। मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए प्रशासन सक्रिय रहा। क्षेत्राधिकारी बदलापुर ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 2 अतिरिक्त थानाध्यक्ष, 15 सब इंस्पेक्टर, 70 हेड कॉन्स्टेबल व कांस्टेबल, 20 महिला आरक्षी, दो महिला दरोगा, डेढ़ सेक्शन पीएसी, फायर टेंडर वायरलेस, आच्छादित कंट्रोल रूम, ट्रैफिक पुलिस आदि की व्यस्थाएं की गई है।

# विकास भवन शाखा की नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन किया गया



**जौनपुर।** यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की जौनपुर क्षेत्र के विकास भवन में स्थित विकास भवन शाखा की नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन किया गया। परिसर का उद्घ् घाटन मुख्य विकास अधिकारी श्री साई सीलम तेजा के करकमलों द्वारा किया गया। नवीनीकृत परिसर के उद्घ् घाटन में मुख्य अतिथि के साथ श्री शैलेन्द्र कुमार क्षेत्र प्रमुख यूनियन बैंक जौनपुर, अग्रणी जिला प्रबंधक शकर चन्द्र सामंत, उप क्षेत्र प्रमुख सुबोध कुमार विकास भवन के शाखा प्रबंधक रोहित चन्द्र सहित विकास भवन के सभी गणमान्य ग्राहक उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षु चिकित्सकों का मानदेय बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मेडिकल कालेजों और चिकित्सा संस्थानों पर ड्यूटी दे रहे एमबीबीएस प्रशिक्षु चिकित्सकों ने मानदेय बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन किया। गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ, मेरठ, आगरा में प्रदर्शन कर रहे प्रशिक्षु चिकित्सकों ने प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य शिक्षा विभाग के मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मानदेय बढ़ाने पर निर्णय लेने का आग्रह किया।लखनऊ में राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के एबीबीएस प्रशिक्षु चिकित्सकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे विवेक और उनके साथियों ने कहा कि प्रशिक्षु के नाते उन्हें बारह हजार रुपये का मानदेय मिलता है। उनकी मांग है, यह मानदेय बढ़ाकर तीस हजार रुपये किया जाये। जिससे प्रशिक्षु की अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

आज आयुर्विज्ञान संस्थान में मरीजों से पर्चा से लेकर दवाओं तक हर जगहों पर रुपये लिये जा रहे हैं। ऐसे में मरीजों की जिम्मेदारी प्रशिक्षु चिकित्सक बखूबी निभाते है। वहीं एबीवीपी का भी प्रतिनिधिमण्डल प्रशिक्षु चिकित्सकों की इस मांग को लेकर ब्रजेश पाठक से मिल चुका है। एबीवीपी के प्रान्त सह मंत्री डा. रोहित सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षु चिकित्सकों को दिया जाने वाला भत्ता काफी कम है।

# केशव प्रसाद ने सपा के पीडीए को बताया धोखा

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा का मानसून सत्र प्रारंभ होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए को धोखा करार दिया है।

वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद के इस हमले का नव नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने पलटवार किया है।

दरअसल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नेता प्रतिपक्ष समेत नये बनाए गए सपा के विधानसभा के पदाधिकारियों को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को नये पदाधिकारियों को लेकर पिछड़ों, दलित व अल्पसंख्यक (पीडीए) को लेकर आड़े हाथों लिया है।

उन्होंने नये पदाधिकारियों में पिछड़ों और दलितों की शामिल न किए जाने पर अखिलेश के पीडीए दावों को धोखा बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि सपा अध्यक्ष ने पिछड़ों–दलितों को धोखा दिया है। सपा का पीडीए का मतलब धोखा है।

उपमुख्यमंत्री के सोशल मीडिया एक्स पर इस पोस्ट के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए गए माता प्रसाद पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि आप (केशव प्रसाद मौर्य) घबराइए नहीं, हम पीडीए की लड़ाई लड़ते रहेंगे। सदन में माता प्रसाद पांडेय ने समस्याओं पर चर्चा की बात कही

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आज से प्रारंभ हुए विधानसभा मानसून सत्र को लेकर कहा कि मैं विधानसभा में इस सरकार द्वारा उपेक्षित, वंचित लोगों के मुद्दों को उठाने की पूरी कोशिश करूंगा। हम सभी मुद्दों को उठाएंगे चाहे वह बिजली का मामला हो, कानून व्यवस्था का मामला हो या शासन का। हमने अनुरोध किया था कि सत्र को पांच दिन और बढ़ाया जाए। अब सरकार तय करती है कि सदन कितने दिन का होगा।

लेकिन हम इसे आगे भी जारी रखने की कोशिश करेंगे ताकि सभी समस्याओं पर चर्चा हो सके।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर कैम्पस जौनपुर में रोजगार मेला




**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में 31 जुलाई 2024 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैम्पस में किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी शैक्षिक योग्यताः- हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेंगी। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें।

जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया की रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आई0डी0प्रूफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करें। सेवायोजन वेब पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in के माध्यम से पंजीकरण कर अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# कोचिंग संस्थानों में जिला प्रशासन ने की छापेमारी

## आधा दर्जन कोचिंग में नहीं पूरे मिले सुरक्षा के मानक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** दिल्ली के कोचिंग हादसे में तीन छात्रों की मौत के बाद प्रयागराज में जिला प्रशासन ने कोचिंग संस्थानों में छापेमारी की है। छापेमारी में आधा दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थान में सुरक्षा के मानक पूरा न होने से इन कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है।

देश की राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर की एक कोचिंग में हुए हादसे में तीन छात्रों की मौत ने कोचिंग संस्थानों को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है। हादसा सामने आने के बाद यूपी के प्रतियोगी परीक्षाओं के हब कहे जाने वाले प्रयागराज की कोचिंग संस्थानों में भी हड़कंप मच गया। जिला प्रशासन के आदेश पर अग्नि शमन पुलिस ने शहरी क्षेत्र से लेकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की कोचिंग्स में ताबड़तोड़ छापेमारी की है



जिसमें आधा दर्जन कोचिंग में कामों वेश वही स्थितियां मिली है जो दिल्ली की हादसे वाली कोचिंग में मिली थी। चीफ फायर ऑफिसर आर के पांडे का कहना है कि अग्नि शमन विभाग की तरफ से 12 घंटे में 30 कोचिंग संस्थानों में औचक छापेमारी की गई। इनमें अनअकैडमी, संस्कृति आई ए एस, लक्ष्य नर्सिंग कोचिंग, पार्थ एजुकेशन, टीजीटी पीजीटी कोचिंग , साकेत आईएएस, सुपर क्लाइमैक्स कोचिंग, एंजल एकेडमी और न्यू डिजिटल लाइब्रेरी शामिल हैं।

चीफ फायर ऑफिसर के मुताबिक आधा दर्जन से अधिक कोचिंग में नेशनल बिल्डिंग कोड कानून के तहत कोचिंग को पालन करने के लिए बनाए गए मानक पूरे नहीं पाए गए। इन सभी को नोटिस जारी कर दिया गया है।

चीफ फायर ऑफिसर प्रयागराज आर के पांडे के मुताबिक प्रयागराज में 211 कोचिंग संस्थान रजिस्टर्ड है । ग़ौरतलब है कि नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के मुताबिक सभी कोचिंग संस्थानों के लिए यह अनिवार्य है कि हर क्लास रूम में आने जाने के दो गेट होने चाहिए, हर क्लास रूम में फायर एक्टिंगशर होना चाहिए । बेसमेंट के क्लास रूम में स्प्रिंकल का होना जरूरी है। सभी मंजिलों के लिए आग से बचाव के लिए पानी की व्यवस्था भी आवश्यक है । एक मंजिल के लिए 5 हजार लीटर की क्षमता वाला ओवर हेड टैंक भी जरूरी है।

ज्यादातर कोचिंग किराए की बिल्डिंग में चलने की वजह से मानकों की अनदेखी की जाती है।

### जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा की दूसरी बैठक हुई आयोजित

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा की पांचवी बैठक एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की दूसरी बैठक कलेक्टेऊट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें जनपद में संचालित स्कूली वाहनों पर विशेष जोर दिया गया। उक्त बैठक में सभी को निर्देशित किया गया कि कोई भी स्कूली वाहन बिना फिटनेस के मार्ग पर संचालित न किया गया, जिस पर नन्द कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुलतानपुर द्वारा यह अवगत कराया गया कि जनपद सुलतानपुर में कुल 1068 स्कूली वाहन पंजीकृत है, सभी वाहनों की जांच अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया, जिसमें से 51 वाहन जो 15 वर्ष से अधिक की पायी गयी, जिसका पंजीयन निलम्बित कर दिया गया एवं 260 वाहनों को अनफिट पाया गया सभी 260 वाहन स्वामियों को नोटिस प्रेषित कर फिटनेस कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

# हेपेटाइटिस के सभी पहलुओं पर रेलवे हॉस्पिटल में हुआ आवश्यक विमर्श

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सेंट्रल हॉस्पिटल, नॉर्थ सेंट्रल रेलवे, प्रयागराज में 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका 2024 का विषय ÷यह कार्रवाई का समय है ÷।

इस सेमिनार में डॉ. रोहित कुमार ने वायरल हेपेटाइटिस के वैश्विक और स्थानीय प्रभावों पर गहराई से प्रकाश डाला। इसे मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एस.के. हांडू, मुख्य मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. एस.पी. शर्मा, डॉ. कल्पना मिश्रा, एसीएचडी (प्रशासन), और डॉ. रीना अग्रवाल, एसीएमएस/ पीआरवाईजे के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जिससे हेपेटाइटिस की समझ और जागरूकता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।

डॉ. कुमार ने यकृत की महत्वपूर्ण भूमिकाओं और हेपेटाइटिस के विभिन्न स्रोतों जैसे कि वायरस और अल्कोहल से होने वाली बीमारियों पर जोर दिया, जिसमें पांच मुख्य प्रकारों÷ ए, बी, सी, डी और ई की पहचान की




गई। उन्होंने भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के साथ जुड़ी चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला और 2030 तक इस बीमारी को खत्म करने के लिए राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के लक्ष्यों पर बल दिया।

सेमिनार की सफलता में आवश्यक स्टाफ सदस्यों जैसे कि राज कुमार, मुख्य फार्मासिस्ट, मुख्य मैट्रॉन मोडेस्टा, मैट्रॉन सीता और सुमंती और स्वास्थ्य शिक्षक श्रवण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिन्होंने कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने में मदद की। कार्यक्रम का समापन डॉ. कुमार के एक मजबूत आह्वान के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने नए संक्रमणों को रोकने, शीघ्र निदान सुनिश्चित करने और प्रभावी उपचार प्रदान करने के लिए सामूहिक प्रयास की वकालत की।

डॉ. हांडू, डॉ. शर्मा, डॉ. मिश्रा, डॉ. अग्रवाल और सहायक कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों के कारण, यह सेमिनार स्थानीय और वैश्विक स्तर पर हेपेटाइटिस से लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रगति करने में सफल रहा।

# कोल को अनुसूचित जनजाति व निषाद को अनुसूचित जाति का दर्जा मिले - उज्ज्वल

## जमुनापार बुंदेलखंड क्षेत्र घोषित हो नैनी का औद्योगिक स्वरूप बहाल हो




**प्रयागराज।** सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने आज लोकसभा में बजट पर चर्चा में बोलते हुए कहा कि कोल जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिले क्योंकि बगल के राज्य मध्यप्रदेश में मिला है और बिंद ,निषाद, मल्लाह आदि 17 जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा मिले क्योंकि इनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है।

यह जानकारी देते हुए सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने बजट को कुर्सी बचाओ बजट कहा कि यह बजट सिर्फ दोस्तों को खुश करना वाला है। इसमें शिक्षा पर बजट घटा कर सरकार ने मंशा जाहिर कर दिया कि वो आमलोगों को शिक्षित नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि किसानों को एम एस पी की गारंटी नहीं दे रहे हैं। नवजवानों के लिए कुछ भी नहीं है। अबतक के इतिहास का सबसे खराब दिशाहीन बजट हैं। सांसद ने सदन में मांग किया कि जमुनापार को बुंदेलखंड क्षेत्र धोषित कर विशेष पैकेज दिया जाय जिससे बिजली और पेयजल के साथ नैनी के औधोगिक स्वरूप को पुनर्वास मिले। सांसद ने प्रयागराज मे खराब स्वास्थ्य सुविधा के सुधार के लिए एम्स की स्थापना की मांग किया और कहा कि प्रयागराज के साथ सौतेला व्यवहार न किया जाय यह शहर पांच पांच प्रधानमंत्री के साथ एक से बढ़ कर एक कवि और शायर देने वाला शहर हैं।

# सनातन धर्म में नारी शक्ति रत्न का स्वरूप है- सतानंद जी महाराज

## महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का किया गया निर्माण

**प्रयागराज।** कर्तव्य पथ परिवार के तत्वाधान में आयोजित में मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका मुट्ठीगंज में श्री शिव महापुराण की कथा के षष्ठम दिवस पर कथा का रसपान कराते हुए सतानंद महाराज ने कहा कि राजा दक्ष प्रजापति के यज्ञ में भगवान शिव का अपमान होने पर माता सती ने अपनी आहुति दे दी और भगवान शिव ने क्रोध में आकर वीरभद्र को राजा दक्ष का अंत का आदेश दिया।

उन्होंने बताया कि वीरभद्र ने यज्ञशाला पहुंचकर राजा दक्ष का अंत कर दिया। सभी देवताओं की विनती की जिस पर भगवान भोलेनाथ राजा ने दक्ष को बकरे का शीश लगाकर राजा दक्ष को पुनर्जीवित किया और उसका अहंकार तोड़ा। महादेव माता सती का पार्थिव शरीर को लेकर वे करुद्ध हो गए। भगवान विष्णु ने माता सती के बावन टुकड़े किए जो जो जहां गिरा वह



शक्तिपीठ स्थल बन गया।

व्यास जी ने कहा कि सृष्टि की संचालन के लिए माता सती ने दूसरा अवतार पार्वती के रूप में हिमालय महाराज के लिए जन्म लिया और माता पार्वती ने भगवान शिव से विवाह के लिए बरसों तपस्या की। उस समय ताडकासुर का आतंक चारों ओर व्याप्त था और शिव के प्रथम पुत्र के द्वारा उसका संहार होना था क्योंकि ब्रह्मा ने उसे वरदान दिया था। इसलिए और पार्वती का विवाह होना अत्यंत आवश्यक था। देवताओं के प्रयास से भगवान शिव पार्वती का विवाह हुआ और उनके प्रथम पुत्र कार्तिकेय जी के द्वारा ताड़कासुर का वध हुआ।

व्यास जी ने माता पार्वती जी का चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि माता पार्वती नारी शक्ति का स्वरूप है और उनके बिना सृष्टि कल्पना हो ही नहीं सकती। यही कारण है हमारे सनातन धर्म में नारी शक्ति रत्न के स्वरूप है नारी शक्ति को देवी माना जाता है।

कथा के मुख्य यजमान सपना आर्या, राजेश केसरवानी, सतीश चंद्र केसरवानी रहे। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया की कथा के पूर्व महा रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया।

आज की कथा की आरती में पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, कुमार नारायण, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, राजेंद्र प्रसाद केसरवानी, मोहित केसरवानी, साधना चतुर्वेदी, उर्मिला केसरवानी , शैलेंद्र गुप्ता, सांई बाबा, पिंटू कुमार, अजय अग्रहरि,आशा केसरवानी, उषा केसरवानी, धीरेंद्र चतुर्वेदी, कमलेश कुमार, सुशील जैन आदि सैकड़ों भक्तगण रहे।

### सियाणी में कन्या भ्रूण हत्या पर विशेष भव्य नाटिका का हुआ आयोजन

**सियाणी ।** जैन श्री संघ सियाणी व विचक्षण चातुर्मास कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को साध्वी अम्रतांजना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 04 की पावन निश्रा में बेटी बचाओ बेटी पढाओं पर विशेष भव्य नाटिका का मंचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विचक्षण चातुर्मास कमेटी के संयोजक भूरचन्द सियाणी व सहसंयोजक घेवरचन्द सियाणी ने बताया कि सियाणी गांव में चातुर्मास के दौरान सोमवार को जैन धर्मशाला सियाणी में चातुर्मास हेतु विराजमान परम पूज्या विचक्षण मणि गुरुमैया सुरंजना श्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वी अम्रतांजना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 04 की पावन निश्रा में प्रातः 09.00 बजे साध्वीजी का प्रवचन एवं इसके साथ साथ बेटी बचाओ बेटी पढाओं पर आधारित विशेष नाटय मंचन कन्या भूर्ण हत्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# पासपोर्ट का नवीनीकरण नागरिकों का मौलिक अधिकार- हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पासपोर्ट का नवीनीकरण नागरिकों का मौलिक अधिकार है। आपराधिक मुकदमा लंबित होने के आधार पर पासपोर्ट के नवीनीकरण से इन्कार नहीं किया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति नंदप्रभा शुक्ला की एकल पीठ ने आगरा निवासी नौसेना अधिकारी विश्वेंद्र सिंह की ओर से दाखिल याचिका स्वीकार करते हुए दिया है। याची ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगरा (सीजेएम)के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मजिस्ट्रेट ने आपराधिक मुकदमा लंबित के दौरान पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए से मांगी गई अनुमति देने से इन्कार कर दिया था। मामला आगरा के न्यू आगरा थाना क्षेत्र का है। याची नौसेना में अधिकारी के पद पर कार्यरत है। 21 दिसंबर 2023 को मुंबई के ठाणे रेलवे

**➪आपराधिक मुकदमा लंबित रहते नवीनीकरण संभव**

स्टेशन से उसका सामान चोरी हो गया, जिसमें कई दस्तावेजों संग पासपोर्ट भी था। याची ने 16 जनवरी को फिर से पासपोर्ट जारी करने के लिए आवेदन किया था। 30 जनवरी 2024 को याची को पासपोर्ट कार्यालय से सूचना दी गई कि न्यू आगरा थाने की ओर से दोबारा पासपोर्ट जारी करने की संस्तुति नहीं की गई है।थाने की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक याची के खिलाफ थाने में छेड़खानी का मामला वर्ष अप्रैल 2021 में दर्ज हुआ था। विवेचना के बाद आरोप पत्र भी सीजेएम की अदालत में दाखिल किया जा चुका है। लिहाजा, याची ने आपराधिक मुकदमा लंबित रहते हुए सीजेएम की अदालत में पासपोर्ट जारी की अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की अर्जी दी थी। इसे सीजेएम ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए अनापत्ति जारी करने का क्षेत्राधिकार नहीं है। याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए दलील दी कि वह नौसेना में अधिकारी है। बिना पासपोर्ट के वह अपनी नौकरी नहीं कर सकता। सीजेएम की अदालत में लंबित आपराधिक मुकदमा लंबे समय तक चलेगा। ऐसे में नवीनीकृत पासपोर्ट जारी करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाना अति-आवश्यक है।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि विदेश मंत्रालय की 1993 की अधिसूचना के मुताबिक आपराधिक कार्यवाही लंबित रहने के दौरान नागरिकों को पासपोर्ट जारी किया जा सकता है, बशर्ते वह विदेश यात्रा के लिए न्यायालय की अनुमति प्राप्त करें। मौजूदा मामले में याची पर लगाए गए आरोप जघन्य या गंभीर प्रकृति के नहीं हैं और वह जमानत पर है। मिली जमानत की शर्तों में ऐसी कोई बात नहीं है कि वह विदेश यात्रा नहीं कर सकता।कोर्ट ने सशर्त याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट में याची को यह सिद्ध करना होगा कि चोरी हुआ उसका पासपोर्ट बरामद नहीं हुआ है। साथ ही याची को यह हलफनामा देना होगा कि विदेश यात्रा से पूर्व वह ट्रायल कोर्ट से अनुमति लेगा और हर तारीख पर अदालत में हाजिर रहेगा। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए सीजेएम का आदेश रद्द कर दिया। साथ ही पासपोर्ट प्राधिकारी को याची के आवेदन पर नए सिरे से विचार करने का आदेश दिया है।

### समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में समीक्षा के दौरान स्वच्छ भारत मिशन , फागिंग का कार्य,सुकर पालकों को जागरूक करने के अभियान की प्रगति आदि के संबंध में प्रगति समीक्षा की गई। संचारी रोग अभियान में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्य की मॉनिटरिंग ड्ब्ल्युह व यूनिसेफ द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग में अंतर आने पर जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य में प्रगति लाए तथा किए गए कार्य को पोर्टल पर अपडेट करें,जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न हो ।

# प्रयागराज के शाहबाज़ भी खेलेंगे काशी रुद्रा टीम से

## सुधांशु, कार्तिक और कामिल में जुड़े लीग से

**प्रयागराज।** यूपी टी-20 क्रिकेट लीग में गत विजेता काशी रुद्रा टीम से प्रयागराज के मोहम्मद शाहबाज़ भी खेलते दिखेंगे। हालांकि यूपीसीए में वह प्रतापगढ़ से और एसीए लीग में फाफामऊ क्लब से रजिस्टर्ड खिलाड़ी हैं। इसके अलावा कानपुर सुपर जॉइंट में चुने गए सुधांशु सोनकर भी एसीए लीग में फाफामऊ क्लब से पंजीकृत हैं।शहर के गद्दोपुर फाफामऊ निवासी अब्दुल गफ्फार के पुत्र मोहम्मद शाहबाज़ को काशी रुद्रा टीम ने उनकी बेस प्राइस 2.50 लाख में खरीदा। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में एनआईएस प्रशिक्षक और इन दिनों ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में उपक्रीड़ाधिकारी के पद पर कार्यरत अमित पाल से क्रिकेट का गुर सीखने वाले शाहबाज़ ने कई साल एसीए लीग में विभिन्न टीमों ने अपना जौहर



मोहम्मद शाहबाज़ | सुधांशु सोनकर | कार्तिक यादव

दिखाया। स्टेडियम में प्रशिक्षण बंद होने के बाद शाहबाज़ ने प्रतापगढ़ से यूपीसीए में अपना रजिस्ट्रेशन कराया। वर्तमान में यह कानपुर में अभ्यास करते हैं। बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज शाहबाज़ दाहिने हाथ के माध्यम तेज गेंदबाज भी हैं।

इसी तरह फाफामऊ क्लब के सुधांशु सोनकर को कानपुर की टीम ने 2.50 लाख बेस प्राइस पर खरीदा। सुधांशु फाफामऊ मैदान पर गौरव पाठक के निर्देशन में अभ्यास करते हैं। इसके अलावा देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब में रामचंद्र प्रजापति की देखरेख में अभ्यास करने वाले कार्तिक यादव (5.20 लाख) को नोएडा किंग्स ने खरीदा। लखनऊ फाल्कंस के कामिल खान (2.60 लाख) भी प्रयागराज के रहने वाले हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई आयोजित



**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा की उपस्थिति में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र पर पंजीकृत लाभार्थियों के पोषण ट्रैकर पर वजन फीड किए जाने की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से शत-प्रतिशत लाभार्थियों का वजन फीड किये जाने हेतु समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया। हाट कुक्ड मील की समीक्षा में पाया गया कि जनपद के 298 नान को-लोकेटेड आंगनवाडी केन्द्र हैं, जिनमें ग्राम पंचायत/नगर पालिका/नगर पंचायत के सहयोग से बर्तन क्रय किया जाना है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायत को बर्तन तथा ईंधन (गैस कनेक्शन) क्रय किये जाने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गये।

जिला कार्यक्रम अधिकारी रवीश्वर कुमार राव द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 118 आंगनवाड़ी केन्द्र तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 119 आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा समयान्तर्गत निर्माण पूर्ण कराये जाने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया। पोषण पुनर्वास केन्द्र की समीक्षा में पाया गया कि माह जून, 2024 में 18 बच्चे भर्ती हुए।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा समस्त बाल विकास परियोजना अधिकरियों को विशेष अभियान चलाकर सैम-मैम का चिन्हांकन कराये जाने के निर्देश दिए गये तथा चिन्हित सैम-मैम बच्चों के प्रबंधन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा गृह भ्रमण के दौरान परामर्श दिए जाने के निर्देश दिए गये। सी0एम0 डैशबोर्ड पर पोषण अभियान की प्रगति संतोषजनक न होने के कारण जिलाधिकारी महोदया द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सैम-मैम बच्चों के पोषण स्तर में सुधार कराते हुए वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों पर शत-प्रतिशत बच्चों का डाटा ई-कवच पर फीड कराये जाने के निर्देश दिए गये।

# पत्रकार की गिरफ्तारी पर इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कानपुर में पत्रकार अवनीश दीक्षित पर बिना जांच किए ही डकैती सहित विभिन्न धाराओं में अभियोग दर्ज कर जेल भेजने के विरोध में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब की कौशाम्बी इकाई द्वारा राज्यपाल एवम मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया,जिसमे संगठन के तमाम सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के महामंत्री अशोक केसरवानी के नेतृत्व में तमाम सदस्यों के साथ पत्रकार अवनीश दीक्षित पर बिना जांच किए एफ्आईआर दर्ज करने



और जेल भेजने के विरोध में प्रदर्शन कर एडीएम अरुण कुमार गोंड को मुख्यमंत्री एवम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में पत्रकार पर दर्ज एफ्आईआर को निरस्त करने एवम सक्षम अधिकारी से जांच के बाद ही कार्यवाई करने की मांग की गई है। इस मौके पर ओमिनश तिवारी, इरफान, जिया रिजवी, अशोक केसरवानी, प्रसिद्ध मिश्रा, अरविन्द तिवारी, नितिन अग्रहरि शादाब आदि लोग मौजूद रहें।

# अंडर-12 क्रिकेट में वीबीपीएस बनी विजेता



**प्रयागराज।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने फरहत अली क्लब को 15 रन से हराकर सेंट पीटर्स कप अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर खेले गए मैच में प्रीवियस ने 21 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन (कार्तिकेय सिंह 63, अमन द्विवेदी 42, आकाश शुक्ला 23, मधुबन 3/34, अक़दस अली 2/39) बनाकर फरहत अली क्लब को 21 ओवर में तीन विकेट पर 140 रन (शादान अब्बास रिजवी 55, उद्गम श्रीवास्तव 39, तन्मय यादव 2/20) पर सीमित किया। विजेता टीम को डॉ. धारवेंद्र त्रिपाठी ने पुरस्कार वितरित किए। कार्तिकेय सिंह को मैन ऑफ द मैच, आयुष्मान को बेस्ट बॉलर, सक्षम को बेस्ट फील्डर और आकाश शुक्ला को बेस्ट बैटर एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। कार्यक्रम का संचालन विजय त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर संजय पाल, श्यामू भारतीय, विवेक सिंह, राघवेंद्र मिश्र, शिशिर मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# लापता पिता की तलाश में बेटी ने रखा 50 हजार का इनाम

## कहा– कोई मेरे पापा को तलाश दो

**प्रयागराज।** पिछले 6 महीने से अपने लापता विमल तिवारी की तलाश तो पुलिस करने से रही, लेकिन पिता की तलाश कर रही बेटी ने अभी भी हार नही मानी है। बेटी श्रेया ने अपने पिता की तलाश के लिए 50 हजार का इनाम भी रख दिया है। बेटी ने खोजने वाले को 50 हजार रुपये इनाम के तौर पर देने का फैसला लिया है।मालूम हो कि लोकसेवा आयोग चौराहे के पास एक अपार्टमेंट में रहने वाले मिमल तिवारी एलआईसी में अधिकारी है। वह बीते 19 जनवरी से लापता है। पत्नी चेतना के मुताबिक 19 जनवरी की शाम उनके पति के मोबाइल पर उनके साथ काम करने वाले कर्मचारी धर्मेंद्र निषाद ने कई बार फोन किया। इसके बाद वह घर से यह कहकर निकले कि धर्मेंद्र का फोन है, मिलकर आता हूं। जब विमल घर नहीं लौटे तो घरवाले परेशान हो गये और धर्मेंद्र को फोन करना शुरू कर दिया। जिसके बाद धर्मेंद्र और संजय ने बताया कि विमल अभी उनके होटल से घर के लिए निकले है। जबकि वह झूठ बोल रहे थे। इसके बाद से लगातार खोजबीन की जा रही है। 6 महीने बीतने के बाद भी कुछ पता नही चल सका है। पत्नी चेतना ने बताया कि इस मामले में सिविल लाइंस थाने में 23 जनवरी को केस दर्ज कराया गया था। इस मामले में धर्मेंद्र निषाद और संजय श्रीवास्तव के करीबियों ने कई बार धमकियां भी दी। पत्नी ने मांग किया है कि इस मामले में जो दोषी है उनका नार्को या ब्रेन मैपिंग टेस्ट कराया जाए।

# स्कूली वाहनों के विरूद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

**सुलतानपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जनपद सुलतानपुर में ओवरलोड वाहनों, स्कूली वाहनों एवं अनाधिकृत संचालन वाहनों को रोकने हेतु आज दिनांक 29.07.2024 को विश्वजीत प्रताप सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अयोध्या के नेतृत्व में जनपद सुलतानपुर में नन्द कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुलतानपुर, द्वारा स्कूली वाहनों के विरूद्ध संघन चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान के तहत 42 स्कूली वाहनों को चेक किया गया, जिसमें 05 वाहनों को अनफिट पाते हुए उस पर चालान/निरूद्ध की कार्यवाही भी की गयी। साथ ही सभी वाहन स्वामियों से बिना फिटनेस, बिना परमिट बिना इन्शारेन्स के वाहन को मार्ग पर संचालित न करने की हिदायत दी गयी साथ ही जनपद वासियों से अपील की गयी कि वे अपने वाहन का फिटनेस कराने के उपरान्त ही वाहन का संचालन करें।